

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 5 अगस्त 2024 । वर्ष – 66 । अंक –111 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का विरोध करेगा 'इंडिया' : आरिफ मसूद पृष्ठ 2

■ जाति सरकार पूछेगी : अपमानित करने वाले तो सदियों से पूछ रहे हैं!
■ आरक्षण में उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में छिपा संभावित ... पृष्ठ 6

■ इजरायली हमले में 15 फिलिस्तीनियों की मौत
■ अमेरिकी सेना ने हौथी मिसाइल लॉन्चर को किया नष्ट पृष्ठ 7

लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे, कांस्य के लिए ली जी जिया से खेलेंगे पृष्ठ 8

# मुख्यमंत्री निवास में बिखरी हरेली तिहार की छटा

## लगी कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी, किसानों को अनुदान पर 1600 ट्रेक्टर दिए जाने का लक्ष्य



**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रायपुर स्थित निवास कार्यालय में धूम-धाम से हरेली तिहार मनाया गया। निवास परिसर को बड़े ही सुन्दर ढंग से सजाया गया। यहां मेले-मड़ई जैसा नजारा देखने को मिला। पारंपरिक लोक यंत्रों के साथ सुंदर नाचा का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के पहले पर्व हरेली पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी धर्मपत्नि श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ गौरी-गणेश पूजा कर भगवान शिव का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाले नांगर, रापा, कुदाल व कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा वहां लगायी गयी उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अनुदान पर 23 किसानों को टेऊक्टर और हार्वेस्टर की चाबी और अन्य कृषि उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण देव, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री निवास में ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा। कहीं सुंदर वस्त्रों में सजे राऊत नाचा कर रहे कलाकारों की रंगत है तो कहीं आदिवासी कलाकार अपने पारंपरिक लोक नृत्य करते नजर आए। छत्तीसगढ़ का अद्भुत ग्रामीण लैंडस्केप अपनी सम्पूर्ण सांस्कृतिक सुंदरता में यहां दिखायी दिया। अलग अलग तरह की धुनों में छत्तीसगढ़ी संगीत का माधुर्य अपने चरम पर रहा। मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व के अवसर पर कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस लोक पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ के किसानों को उन्नत कृषि यंत्र की सौगात भी दी। किसानों को कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत 20 टेऊक्टर एवं एक

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### छत्तीसगढ़ी पकवान से महका मुख्यमंत्री निवास

मुख्यमंत्री निवास छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा। हरेली तिहार में आने वाले मेहमानों के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पिड़िया, अनरसा, खाजा, करी लड्डू, मुठिया, गुलगुला भजिया, चीला-फरा, बरा जैसे स्वादिष्ट पकवान बनाए गए थे, जिसका मेहमानों ने लुत्फ उठाया।

### मलखंभ का रोमांचक प्रदर्शन

मलखंभ के युवाओं ने आज हरेली पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में रोमांचक प्रदर्शन किया। मलखंभ शारीरिक फुर्ती के साथ मनोरंजन का भी अनोखा खेल है। जब इन खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया तो लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली।

### राउत नाचा और गेड़ी धूम

इस अवसर पर लोक कलाकारों ने राउत नाचा, करमा नृत्य, बस्तरिया नृत्य और गेड़ी चढ़कर नृत्य की प्रस्तुति दी। राउत नाचा के कलाकारों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

**हरेली त्यौहार के दिन मिली बड़ी सौगात**

# 535 चिकित्सा अधिकारियों की हुई संविदा नियुक्ति

**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हरेली तिहार के दिन राज्य के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य में 535 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

■ **स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर जारी हुआ पदस्थापना आदेश**

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा चिकित्सा स्नातक एमबीबीएस पाठ्यक्रम 2018 बैच के चिकित्सा स्नातकों को निष्पादित अनुबंध अनुसार दो वर्ष की संविदा सेवा का अवसर दिया गया है। इन चिकित्सा अधिकारियों में बालोद जिले में 22, बेमेतरा में 10, धमतरी में 6, दुर्ग में 55, गरियाबंद में 6, कबीरधाम में 20, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 8, महासमुंद में 34 चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गयी है। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 3, रायपुर में 42, राजनांदगांव में 22, बलौदाबाजार-भाटापारा में 3, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 15, बिलासपुर में 22, जांजगीर-चांपा में 12, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही में 4, कोरबा में 32, मुंगेली में 3, रायगढ़ में 42, सक्ती में 1 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। इसी प्रकार बस्तर में 17, बीजापुर में 5, दंतेवाड़ा में 13, कांकेर में 19, कोण्डागांव में 7, नारायणपुर में 1, सुकमा में 11, बलरामपुर में 19, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 16, जशपुर में 21, कोरिया में 6, सूरजपुर में 6 तथा सरगुजा जिले में 32 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

## सार संक्षेप

### अडाणी को मुंबई बेचना चाहते हैं शिंदे: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने रविवार को धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में लूट का आरोप लगाते हुए राज्य की महायुति सरकार पर हमला बोला है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट और पुनर्वास के नाम पर संबंधित बिल्डरों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुंबई के 20 प्रमुख भूखंड दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट एक लूटमार योजना है। धारावी के लोगों को पहले घर दो, उसके बाद बात करो। उन्होंने कहा, वह (शिंदे) अडाणी को मुंबई बेचना चाहते हैं। लेकिन, हम ऐसा होने नहीं देंगे।

### केरल की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा माना जाना चाहिए : राज्यपाल

**मथुरा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एक दिवसीय दौरे पर रविवार को मथुरा आए हुए हैं। यहां एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि केरल में आई प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय त्रासदी माना जाना चाहिए। राज्यपाल ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते कहा, वायनाड की घटना बहुत ही दुखद और हृदय विदारक है। जहां भूस्खलन हुआ है, वहां एक तरफ पुल गिरा, तो दूसरी तरफ नदी ने अपना रास्ता बदल लिया। नदी के रास्ता बदलने के कारण जो मौतें हुई हैं, अभी सिर्फ उनकी गिनती हुई है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायल पर की रॉकेट्स की बौछार

**बेरूत।** मध्य पूर्व में स्थिति और भी ज्यादा तनावपूर्ण हो गई है। ईरान और उसके सहयोगियों ने हमास के राजनीतिक नेता की हत्या का जवाब देने की तैयारी कर ली है। हत्या का आरोप इजरायल पर लगाया गया है। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर रॉकेटों की बौछार की है। अब पूरे क्षेत्र में युद्ध की आशंका बढ़ गई है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के सहयोगी अमेरिका ने कहा कि वह इस क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेजेगा, जबकि पश्चिमी सरकारों ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने की अपील की है।

### ईडी ने राशन घोटाले में पूर्व मंत्री के खिलाफ जांच शुरू की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल राशन वितरण मामले में पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इस समय वह न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी के संज्ञान में आया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक से जुड़ी एक कॉर्पोरेट इकाई के बैंक खातों में 6.50 करोड़ रुपए से अधिक जमा किए गए।

**कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चेताया**

# राहुल को गिरफ्तार करने की गलती मत करना



■ **देश की जनता भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक देगी**

**नई दिल्ली**, 4 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने भारतीय जनता पार्टी को चेतावनी दी है कि यदि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को गिरफ्तार किया गया तो देश की जनता उसके (भाजपा) ताबूत में आखिरी कील ठोक देगी। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस बारे में अगर सोचता भी है तो यह भाजपा की बड़ी गलती होगी, इसलिए श्री गांधी को गिरफ्तार करने के बारे में कभी सोचना भी नहीं। श्री सिंघवी ने ट्वीट कर कहा 'यदि ईडी राहुल गांधी को गिरफ्तार करने के बारे में सोचता भी है, तो देश की जनता भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक देगी। इस बारे में कभी मत सोचना. कभी भी नहीं..' श्री गांधी ने भी ईडी से पूछताछ की आशंका जताते हुए ट्वीट कर कहा था कि सरकार विपक्ष और देश के खिलाफ 'चक्रव्यूह' बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बना रही है। उन्होंने ट्वीट कर कहा 'जाहिर है कि टू इन वन को मेरा चक्रव्यूह वाला भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। मैं बांहें फैलाकर इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरे पास।' इस बीच कांग्रेस नेता तथा लोकसभा में पार्टी के व्हिप मणिक्कम टैगोर ने स्थगन प्रस्ताव देकर सरकार से ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग पर चर्चा करने की मांग की है।

# 2029 में भी मोदी ही आएंगे : शाह

**चंडीगढ़**, 4 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ में 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चत करने की परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,'मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है, लेकिन आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेन्द्र मोदी जी आएंगे।' उन्होंने कहा,'विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव में उससे ज्यादा सीट जीती हैं।'

## ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में भारत



**पेरिस।** भारत ने ग्रेट-ब्रिटेन को पेरिस ओलंपिक की हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में रविवार को शूटआउट में 4-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। शूट आउट में भारत ने अपने चार निशाने साधे, जबकि ग्रेट-ब्रिटेन दो निशाने ही लगा पाया।

# कोरबा एक्सप्रेस में लगी आग

## मचा हड़कम्प, टली बड़ी दुर्घटना



**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कोरबा से विशाखापट्टनम पहुंची कोरबा एक्सप्रेस (18517) ट्रेन की बोगियों में रविवार को अचानक से भीषण आग लग गई. यह ट्रेन कोरबा से तिरुमाला जा रही थी. जब ट्रेन स्टेशन पर रूकी तो तब आग लगने की यह घटना स्टेशन के चौथे नंबर के प्लेटफॉर्म पर हुई. आग लगने की इस घटना में तीन एसी बोगियां पूरी तरह जल गई हैं। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

रेलवे अधिकारियों ने शुरू में पाया कि यह दुर्घटना बी7 बोगी के शौचालय में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई. नतीजतन, बी7 बोगी पूरी तरह जल गई, जबकि बी6 और एम1 बोगियां आंशिक रूप से जल गई हैं। गनीमत यह रही कि घटना के समय ट्रेन में कोई यात्री नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई. रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# मप्र के सागर में दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत

**सागर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर में रविवार को भीषण हादसा हो गया। भागवत कथा के दौरान शिवलिंग का निर्माण कर रहे लोगों पर दीवार गिर गई, हादसे में नौ बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं।

■ **शिवलिंग बनाते समय भरभराकर गिरी दीवार, कई लोग घायल**



शाहपुर के हरदौल मंदिर में सावन महीने में शिवलिंग निर्माण और भागवत कथा का आयोजन चल रहा हैं। इसके शामिल होने के लिए सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण शिवलिंग बनाने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे भी आए हुए थे। बच्चे एक जगह बैठकर शिवलिंग बना रहे थे, इस दौरान मंदिर परिसर के पास स्थित एक मकान की करीब पचास साल पुरानी कच्ची दीवार भराभरा कर गिर गई। यह दीवार बच्चों के ऊपर गिरी, जिससे नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत दीवार का मलबे हटाने का कार्य शुरू किया और फिर एक-एक कर उसके नीचे दबे बच्चों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद लोग घायलों को लेकर शाहपुर अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां एक भी डॉक्टर नहीं मिला। ऐसे में

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बस-कार में टक्कर, 7 की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस एक कार से टकरा गई। हादसे के समय बस में 60 लोग सवार थे और कार में तीन लोग थे। हादसे में कार में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। वहीं, बस में बैठे चार लोगों की जान गई है। एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने बताया, रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की रात करीब 12:30 बजे एक कार से टक्कर हो गई। बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई और करीब 20-25 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार 3 लोगों की भी मौत हो गई। कुल 7 लोगों की मौत हुई है। कार के साथ टक्कर के बाद बस 50 फीट नीचे गिर गई।




**बदलाव** वक्फ बोर्ड के अधिकारों पर लगाम लगाने की तैयारी

# एनडीए सरकार मौजूदा वक्फ अधिनियम में करेगी संशोधन

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। देश में लंबे समय से वक्फ बोर्ड की असीमित अधिकारों को कम करने की मांग को लेकर एनडीए सरकार एक नया फैसला लेने को तैयार है। नरेंद्र मोदी की सरकार वक्फ बोर्ड एक्ट को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लेने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार मौजूदा वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।**

*जिसके जरिए संपत्तियों को 'वक्फ परिसंपत्तियों' के रूप में हस्तांतरित करने को प्रतिबंधित करने और वक्फ बोर्ड की व्यापक शक्तियों पर नियंत्रण करने का लक्ष्य है। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट ने शुक्रवार को इस अधिनियम में लगभग 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है, इसमें प्रस्तावित बदलाव वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को 'वक्फ संपत्ति' के रूप में नामित करने की शक्ति को सीमित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।*

***संसद में पेश किया जाएगा बिल*** *–इस बिल को संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि अगर यह पारित हो जाता है, यह भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और हस्तांतरण में एक बड़े बदलाव को दर्शाएगा, जिसके जरिए अन्य इस्लामी देशों में वक्फ बोर्ड के पास जो ताकत है उसके हिसाब से यह काम कर पाएगा। दुनिया के किसी भी देश में वक्फ बोर्ड के पास इतनी व्यापक शक्तियां नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस विधेयक को अक्टूबर में होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पेश किया जाना तय किया गया है। वक्फ बोर्ड के असीमित*

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## संपादकीय

# फ्लाई ऐश वाहनों में जीपीएस से होगा लाभ

*छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में बिजली संयंत्र हैं जिनसे हजारों मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इनमें कई संयंत्र छग सरकार के हैं तो अनेक केन्द्र सरकार के। निजी तौर पर भी बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। कोयले की राज्य में बहुतायत के कारण स्थापित प्लांट प्रदेश के लिये तो विद्युत उत्पादन करते ही हैं, बाहरी राज्यों को भी बिजली बेची जाती है। इसके कारण राजस्व आय की प्राप्ति होती है। इस राशि का उपयोग राज्य के विकास के लिये होता है। देश भर में ताप बिजलीघरों का दुष्परिणाम उससे निकलने वाली राखड़ के चलते है, उसी तरह पूरे प्रदेश में जहां भी पॉवर प्लांट चल रहे हैं उसके आस-पास तो इस फ्लाई ऐश की समस्या है ही, ये संयंत्र जितनी राखड़ रोज निकाल रहे हैं, उसके निष्पादन की बड़ी समस्या है। इसके निपटान के दृष्टिकोण से फ्लाई ऐश से ईंटें बनाने वालों को निकलने वाली राखड़ मुफ्त में दी जाती है। जहां भी पॉवर प्लांट कार्यरत हैं, उनके समीप बनने वाले सभी तरह के निर्माणों में राखड़ ईंटों के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया है। बन्द की गयी सुरंगों को भरने के लिये भी इसका इस्तेमाल करना सुझाया गया है। हालांकि कुछ बंद हो चुकी खदानों को इससे भरने को लेकर वाद व मतभेद हैं। बिजली संयंत्रों के लिये राखड़ को उपयोगकर्ताओं के दरवाजों तक पहुंचाना नियमत: अनिवार्य कर दिया गया है।*

*समस्या यहीं से शुरू होती है क्योंकि कई बार उपयोगकर्ता संयंत्रों से दूर होते हैं जिससे प्रबन्धन के लिये परिवहन का खर्च बढ़ जाता है। इसलिये बहुत से संयंत्र कुछ दूरी पर यह राखड़ फिंकवा देते हैं। इससे वहां रहने वालों को बड़ी दिक्कतें होती हैं। कई गांवों ने इस बाबत शिकायत भी की है। संयंत्र के आसपास रहने वाले लोग कंपनी के अधिकारियों से निवेदन करते हैं कि ऐसा न हो लेकिन यह सिलसिला रूकता नहीं।*

*प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शक्रवार को राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के साथ इस विषय पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राखड़ ढोने वाले वाहनों पर जीपीएस और जियो टैगिंग हो। इससे उपयोग करने वाले वाहनों की लोकेशन का पता चलता रहे। यह भी पता चलेगा कि ये वाहन निर्धारित स्थानों तक जाकर राखड़ डम्प करते हैं या कहीं भी फेंक कर चले आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकारियों को पूरे मनोयोग एवं समर्पण भाव से काम करना होगा। राज्य के कम से कम दो शहर- रायपुर व कोरबा बहुत ही ज्यादा औद्योगिक प्रदूषण के शिकार हैं। इसलिये ज़रूरी है कि मंडल के काम-काज को भी सुधारा जाये। जब तक मंडल अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक प्रदूषण को खत्म करना बहुत मुश्किल होगा।*

## उल्टा पुल्टा

सुरेश (दोस्त से)- दुनिया के सबसे बड़े और घातक हथियार क्या हो सकते हैं।
राजू ने दिमाग पर जोर देते हुए कहा। पहला- बीवी की आंसू और दूसरा- पड़ोसन की स्माइल।

# एम्स में अब आसान होगा दिल की बीमारी का इलाज

## मरीजों को मिलेगी एडवांस्ड कार्डियक कैथ लैब की सुविधा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 4 अगस्त को आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव आ रहे हैं। इस दौरान वे एम्स के दूसरे एडवांस्ड कैथलैब का उद्घाटन करेंगे। इस लैब के शुरू होने से मरीजों के साथ ही डीएम कॉर्डियोलॉजी के चिकित्सा छात्रों को ट्रेनिंग में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा मंत्री ट्रॉमा व आपातकालीन विभाग का भी अवलोकन करेंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटायर्ड) ने बताया कि राज्यमंत्री के दौरे को देखते हुए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।




वे यहां दोपहर 3 बजे आएंगे। अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के अलावा वे चिकित्सा विद्यार्थियों की सुविधाओं आदि के लिए चर्चा करेंगे। श्री जिंदल ने कहा कि एम्स के हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) विभाग में अब तक एक कैथलैब में ही मरीजों को एंजियोग्रॉफी व एंजियोप्लास्टी आदि की सुविधा मिलती थी। इमरजेंसी को छोड़ दें, तो यहां हर सप्ताह लगभग 25 से 30 एंजियो होते हैं। अब नये एडवांस्ड कैथलैब की सुविधा उपलब्ध होने से इसकी संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इस कैथलैब की तैयारी पिछले दो साल से चल रही थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सत्यजीत सिंह ने कहा कि इस लैब में रेडिएशन एक्सपोजर पर अच्छा काम हुआ है। इससे मरीजों के साथ ही चिकित्सकों पर भी रेडिएशन का खतरा अपेक्षाकृत कम रहेगा।

### मशीन में होगी ये एडवांस्ड सुविधा

कार्डियक कैथलैब में आधुनिक कोरोनरी थ्रीडी ओसीटी के अलावा आईएफआर, एफएफआर के साथ ही थ्रीडी टाकली रिक्रिएट सॉफ्टवेयर की सुविधा भी रहेगी। एम्स में इससे पहले के कैथलेब भी आधुनिक हैं। अभी दूसरे लैब में हृदयरोग में आ रही नई चुनौतियों का सामना करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी : साय




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से अब तक प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की जरूरत है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के मरीजों को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर में एक निजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जरूरतमंद मरीजों को पांच लाख तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को इलाज कराने के लिए वे अपने सार्वजनिक जीवन के आरंभ से ही सक्रिय रहे हैं। सांसद विधायक और केन्द्रीय राज्य मंत्री रहते हुए उन्होंने अनेक मरीजों का इलाज कराया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के माध्यम से इलाज के लिए राशि स्वीकृत होने पर सात दिन के अंदर संबंधित अस्पताल को राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से आग्रह किया कि आने वाले समय में जरूरतमंद मरीजों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत इलाज के लिए इस अस्पताल में भी भेजा जाएगा। विधायक मोती लाल साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही से हुई थी नवजात की मौत

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के उरला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 जुलाई को नवजात शिशु की मौत हुई थी, वही इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर पूनम सरकार के खिलाफ इलाज में लापरवाही से मौत के तहत धारा 106 का केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि महिला डॉक्टर ने प्रसव के दौरान लापरवाही बरती।

बताया जा रहा है कि गर्भवती महिला में एनीमिक का लक्षण होने के बाद भी प्रसव के पहले उसका ब्लड टेस्ट नहीं कराया। कोई दवा




■ डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज

भी नहीं दी। बच्चे का सिर बाहर आ गया था, लेकिन डॉक्टर ने किसी भी नर्सिंग स्टाफ को मदद के लिए नहीं बुलाया। क्योंकि महिला डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच विवाद था। वह अकेले ही प्रसव का प्रयास करती रही इससे बच्चा मां के गर्भ में ही फंस गया और उसकी मौत हो गई।

नवजात की मौत के बाद परिजनों ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही की शिकायत की। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए कमेटी बनाई गई थी

# जयपुर व रांची के लिए दिसंबर तक मिल सकती है विमान सेवा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। इस महीने 16 अगस्त से प्रयागराज व अगले महीने 23 सितंबर से रायपुर से हैदराबाद की उड़ान की सौगात मिलने के बाद इस वर्ष दिसंबर तक रायपुर से जयपुर व रांची उड़ान भी मिल सकती है। इसके लिए ट्रैवल्स संचालकों ने विमानन कंपनी को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि रायपुर से इन शहरों के लिए काफी ट्रैफिक मिलेगा और लगातार यात्रियों की मांग बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि विमानन कंपनी भी इन क्षेत्रों के लिए फ्लाइट शुरू करने नई फ्लाइट देख रही है।

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि काफी समय से रायपुर से जयपुर उड़ान की मांग की जा रही है। विमानन कंपनी द्वारा तो शेड्यूल भी तय कर लिया गया है, लेकिन फ्लाइट न होने के कारण अभी तक यह उड़ान शुरू नहीं हो सकी है। जयपुर, रायपुर से राजकोट, रायपुर से रांची उड़ान शुरू करने के लिए विमानन कंपनी को पत्र भी लिखा गया है। पिछले दिनों उनके विमानन कंपनी के प्रतिनिधि भी आए हुए थे, उस दौरान उ कंपनी के प्रतिनिधियों के सामने यह मांगे रखी गईं थी।

**रायपुर विमानतल में चौथा एयरोब्रिज जल्द**

रायपुर विमानतल में जल्द ही चौथा एयरोब्रिज भी शुरू करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि इन दिनों रायपुर विमानतल से हवाई यात्रियों की आवाजाही में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए चौथा एयरोब्रिज शुरू करने का भी प्रस्ताव है।

# माउंटेन मैन 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंची चोटी पर फहराएंगे तिरंगा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। प्रदेश के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे है। ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को में 15 अगस्त को तिरंगा फहराएंगे। माउंटेन मेन राहुल गुप्ता ने आज खेल मंत्री से मुलाकात कर आगामी अभियान के लिए आशीर्वाद लिया। राहुल, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को (7,310 फिट) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में सातवाँ व सबसे छोटी चोटी है।



राहुल गुप्ता आगामी 15 अगस्त को पीक फतह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (अधिकतम -10 डिग्री) तापमान तक मे ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 23 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा करेंगे। राहुल गुप्ता अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन में एक्सपर्ट है। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति हैं। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों को फ़तह करना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता श्माउंटेन मेन ने वर्ष 2015 से शुरू किया था।

राहुल गुप्ता छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही है जिन्होंने दुनिया की सर्वोच्च चोटी माउंट एवेरेस्ट (8848 मीटर) फतह किया है। इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जनक के रूप में भी जाना जाता है। राज्य के प्रथम प्रोफेशनल पर्वतारोही है जो कि मूल निवासी अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले है।राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय 14 पहाड़ों पर पर्वतारोहण दल का नेतृत्व किए है। पर्वतारोही राहुल गुप्ता ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के पर्वतारोहण संस्थान जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) से ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) ली है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में उनका पिछले 12 सालों का अनुभव रहा है।

# छत्तीसगढ़ में 7 राज्यों के 24 ठग गिरोह दे रहे साइबर ठगी को अंजाम

## सेक्सटॉर्शन और केवायसी के नाम पर बनाते हैं शिकार

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। राजधानी सहित पूरे छत्तीसगढ़ में साइबर अपराध के लगातार मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसमें ऑनलाइन ठगी के साथ.साथ ब्लैकमेलिंग और रुपये ऐंठने के दूसरे तरीके भी शामिल हैं। ठगों ने इतने तरीके निकाल लिए हैं कि कोई न कोई शिकार बन ही जाता है। इन्हीं कारणों से प्रदेश में पांच अलग.अलग रेंज में साइबर थाने खोले गए हैं ताकि साइबर क्राइम से जुड़े मामलों पर अलग से नजर रखी जा सके। साइबर क्राइम से जुड़े मामलों की एक रिपोर्ट तैयार की गई है जिसमें अलग.अलग राज्यों के गिरोह का ब्यौरा तैयार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में सात राज्यों के करीब दो दर्जन से ज्यादा ठग गिरोहों ने लोगों को शिकार बनाया है।

झारखंड से शुरू हुए ऑनलाइन ठगी के तरीकों के बाद अब दिल्ली.एनसीआर हरियाणा राजस्थान उत्तरप्रदेश बिहार और पश्चिम से बंगाल में भी ठगों के गिरोह सक्रिय हैं। ये फोन से या फिर ऑनलाइन तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बढ़ती वारदात को देखते हुए साइबर क्राइम को लेकर पोर्टल भी बनाया गया है। इसपर जाकर साइबर क्राइम की शिकायत की जा के सकती है। वहीं हेल्पलाइन का नंबर 1930 भी जारी किया गया है।

**देश में 10 राज्यों में तीन दर्जन गांव और शहर**

केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश के 10 राज्यों में तीन दर्जन से ज्यादा गांव और शहर ऐसे हैं जो साइबर क्राइम का गढ़ बन गए हैं। दिल्ली से लेकर आंध्र प्रदेश और गुजरात से लेकर असम तक गिरोह हैं। झारखंड के जामताड़ा को ही साइबर क्राइम का गढ़ माना जाता था लेकिन अब देश में एक दो नहीं बल्कि जामताड़ा जैसे तीन दर्जन से ज्यादा ठगी के केंद्र बन गए हैं।

**छत्तीसगढ़ में अंजाम देने वाले ये हैं ठगी के गढ़**

झारखंड जामताड़ा और देवघर से ऑनलाइन ठगी की शुरुआत से हुई थी। राजस्थान भरतपुर में सेक्सटॉर्शन और आर्मी के नाम पर ठगी की घटनाएं हुईं। हरियाणा मेवात में इंटरनेट मीडिया के जरिए ठगी के केस बढ़ते जा रहे हैं। उत्तरप्रदेश मथुरा में सेक्सटॉर्शन और इंटरनेट मीडिया से जुड़े गिरोह सक्रिय हैं। दिल्ली. इंश्योरेंस ऑनलाइन जॉब कॉल सेंटरए नाइजीरियन फ्रॉड के गिरोह। बिहार बांका बेगूसराय जमुई नवादा नालंदा गया में केबीसी के नाम पर ठगी। पश्चिम बंगाल आसनसोल.दुर्गापुर में सिम क्लोनिंग जामताड़ा गिरोह की गतिविधियां।

अलग-अलग राज्यों के गिरोह वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीमें लगातार ऐसे इलाकों में दबिश देते रहती है। शेयर मार्केट और अन्य आनलाइन ठगी के जरिए लोगों को ठग रहे हैं।

-**संजय सिंह** डीएसपी

# एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा 5 अगस्त सोमवार को संध्या 4 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीप तल सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आहुत की है. उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने दी है।

# अब तेलीबांधा ड्राइव होगा मरीन ड्राइव का नाम!

## साहू समाज ने सीएम से की नाम बदलने की मांग



■ मुख्यमंत्री ने दिया गंभीरता से विचार कर कार्यवाही का आश्वासन

■ साहू समाज के हरेली उत्सव-सम्मान समारोह में हुए शामिल

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज हरेली तिहार के पवित्र दिन तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और साहू समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां नागर, गैती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साय ने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छतीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू सहित साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान साहू समाज ने मरीन ड्राइव का नाम परिवर्तन कर तेलीबांधा ड्राइव करने तथा दोनों ओर भव्य गेट बनाने और चौक का नाम भक्त माता कर्मा के नाम पर करने की माँग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस आयोजन के लिए साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज हरेली के पावन पर्व पर सुबह से ही पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि की मन्नत माँगी है। उन्होंने कहा कि तेलीबांधा तालाब रायपुर शहर की शान है और साहू समाज की माँग पर गंभीरता से विचार किया जाकर इसके नामकरण के लिए जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय को साहू समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम का तैल्य चित्र और राम चरित मानस की प्रति भेंट की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री साय को स्मृति चिन्ह के रूप में रुद्राक्ष के वृक्ष के साथ शाल श्री फल भेंट किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ का पहले तिहार है और इसी से आगे प्रदेश में तिहार उत्सवों की लंबी श्रृंखला चलती है। उन्होंने सभी को हरेली तिहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरेली एक समृद्ध परंपरा के तिहार है, किसानों का तिहार है, प्रकृति से जुड़ने का तिहार है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को इस पावन त्यौहार की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साहू समाज का मेहमान बताते हुए कहा कि हरेली के पावन अवसर को भक्तिभाव से मनाने की परंपरा हमारे बुजुर्गों ने बनाई है। हरेली खेती किसानी, गौ माता, प्रकृति को सहेजने का उत्सव है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को भी इस त्यौहार का महत्व बताने का आह्वान सामाजिक बंधुओं से किया। तोखन साहू ने साहू समाज से पहली बार किसी व्यक्ति को केंद्रीय मंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी ज्ञापित लिया। रायपुर जिला साहू समाज ने तोखन साहू को रुद्राक्ष का वृक्ष भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में साहू समाज के प्रतिभागियों ने गीत गायन और नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया। साहू समाज ने यहाँ गेड़ी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में दो जुड़वा बहनों प्रमिला और पार्वती द्वारा दी गई शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति ने सभी मन मोह लिया।

# हरेली तिहार के बहाने भूपेश ने दिखाई ताकत

## कांग्रेस की सरकार गेम चेंजर थी साय सरकार नेम चेंजर : बघेल

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी के सरकारी आवास में हरेली तिहार का आयोजन के बहाने ताकत दिखाई इस दौरान पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे,मो,अकबर, देवेंद्र यादव,आकाश शर्मा के अलावा काफी संख्या में उनके सर्मथक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे उनके सरकारी आवास को छत्तीसगढ़ के संस्कृति के रूप में सजाया गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहपरिवार हरेली पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कृषि कार्य में उपयोग किए जाने वाले औजार, हल, रापा कुदाली की पूजा किया गया परंपरा अनुसार बैल की पूजा कर उन्हें लोंदी खिलाया गया। हरेली पूजन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुआ प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायको ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रदेश भर से लोग शामिल हुए इस दौरान भूपेश बघेल को खुमरी और हल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। भूपेश बघेल गेडी चढ़े एवं भंवरा चलाये।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने



कहा कि कांग्रेस की सरकार गेम चेंजर थी भाजपा की सरकार नेम चेंजर है कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा रही है। गोठनों में ताला लगा दिया गया है और पशुधन को बांग्लादेश सऊदी अरब पाकिस्तान भेजने के लिए नियम बना दिए हैं। ग्राम पंचायत को अधिकार है कि गोठान में लगे ताला को खोलकर पशुधन को वहां रखें। यह उनके अधिकार क्षेत्र का मामला है उन्हें कोई नहीं रोक सकता। गोठन को बंद करने का दुष्परिणाम है पशुधन की मौत दुर्घटना में हो रही है रोका छेका का कार्यक्रम को बंद कर दिया गया है। महिला स्वसहायता समूह को पूर्व की तरह गोठानों का संचालन करना चाहिए गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेचना चाहिए इससे किसानों को भी लाभ होगा और महिला स्वसहायता समूह को भी आर्थिक लाभ होगा। पशुधन को भी संरक्षण मिलेगा। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पर तंज सकते हुए कहा कि गेड़ी नहीं चढ़ पाए कम से कम दो लोगों को पकड़ कर फोटो तो खींचा लेते।

# हरेली की धूम, मंत्रियों ने राऊत नाचा में लिया हिस्सा



**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। युवा तथा बुजुर्ग समवेत रूप से राऊत नाचा में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों ही पीढ़ियां अपनी परंपरा को बढ़ा रही हैं। राऊत नाचा के लोकगीत हमारे लोक समाज की बुद्धिमत्ता, उत्सवप्रेम और सहज मनोरंजन के प्रति उसके आकर्षण दिखाते हैं। हर लोकगीत अपने समय की मेधा को हमारे समक्ष रखता है। इन लोककलाओं को बढ़ावा देकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार इन लोकगीतों में छिपे अपने समय के दस्तावेजों और लोगों की सोच को भी सहेजने का काम कर रही है।

**किसानों को अनुदान पर 1600 ट्रैक्टर दिए जाने का लक्ष्य**

सीएम विष्णु देव साय का रायपुर स्थित निवास कार्यालय में धूम-धाम से हरेली तिहार मनाया जा रहा है। निवास परिसर को बड़े ही सुन्दर ढंग से सजाया गया है। यहां मेले-मड़ई जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। पारंपरिक लोक यंत्रों के साथ सुंदर नाचा का आयोजन हो रहा है। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल है। मुख्यमंत्री निवास में ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा है। कहीं सुंदर वस्त्रों में सजे राऊत नाचा कर रहे कलाकारों की रंगत है तो कहीं आदिवासी कलाकार अपने पारंपरिक लोक नृत्य करते नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ का अद्भुत ग्रामीण लैंडस्केप अपनी सम्पूर्ण सांस्कृतिक सुंदरता में यहां दिखायी दे रहा है। अलग अलग तरह की धुनों में छत्तीसगढ़ी संगीत का माधुर्य अपने चरम पर है।

मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व के अवसर पर कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस लोक पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ के किसानों को उन्नत कृषि यंत्र की सौगात भी देंगे। किसानों को कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत 20 ट्रैक्टर एवं एक हारर्वेस्टर का वितरण भी किया जाएगा। कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत राज्य के 1600 किसानों को ट्रैक्टर दिए जाने का लक्ष्य है। सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कृषकों को ट्रैक्टर 50 प्रतिशत अनुदान पर तथा अन्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत अनुदान पर प्रदाय किया जाएगा।

# लगातार बारिश के बीच स्वर्णप्राशन के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में उमड़ी भीड़



- **1370 बच्चों का कराया गया स्वर्णप्राशन**
- **राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0-16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन**

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। दिन भर लगातार बारिश और झड़ी के बीच आज स्वर्णप्राशन के लिए अभिभावक बड़ी संख्या में बच्चों को लेकर रायपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय पहुंचे। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए यहां आज 1370 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802 और 8 जुलाई को 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

# शॉर्ट सर्किट से पीएचई विभाग के दफ्तर में लगी आग



**गरियाबंद**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में देवभोग रोड स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के दफ्तर में रविवार शाम 7=15 को अचानक शार्ट सर्किट होने सेआग लग गई। रविवार होने की वजह से दफ्तर बंद था। वही एक कर्मचारी ने इसकी सूचना एसडीएम महाराणा को दी। जिसके बाद एसडीएम महाराणा ने तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड के मदद से आग में काबू पाया गया। आग से किसी प्रकार की जान मान की हानि नहीं हुई बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर विभाग के कमांडेड पुष्पराज ने बताया कि समय रहते आग में काबू पा लिया गया। पीएचई विभाग के ई पंकज जैन ने बताया कि आग दफ्तर के बाहर मीटर में आग लगी थी, काबू ला लिए है। दफ्तर पूरी तरह सुरक्षित है।

# दक्षिण विस उपचुनाव की तैयारी में जुटा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ



**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में अब चुनावी हलचल शुरू हो गई है भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने तो दक्षिण विधानसभा सीट के चुनाव को लेकर अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में एक बैठक आहूत की गई जिसमें बड़ी संख्या में जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले आगामी उपचुनाव में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा दक्षिण विधानसभा के सभी वार्डों में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे साथ ही जनव प्रचार को लेकर विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया जाएगा। बैठक में उपस्थित जिले एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारीयो ने भाजपा को लाखों वोटो से जीतने के लिए कार्य योजना बनाई। इसके अलावा रायपुर शहर जिले में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सघन वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। बारिश के मौसम को देखते हुए शहर में बीमारियां तेजी से अपने पैर पसार रही है जिसके चलते झुग्गी बस्तियों के वाशिंदों के लिए एक वृहद चिकित्सा शिविर के आयोजन की भी योजना बनाई गई। बैठक में आभार प्रदर्शन घनश्याम रक्सेल ने किया इस कार्यक्रम में जिला संयोजक राजेश गुप्ता बिहारी होतवानी,घनश्याम रक्सेल, रविंद्र सिंह, संजय साहू, महेंद्र तिलवार,संजू निषाद, अश्विन प्रभाकर, हुरदादीप, सीताराम सोनी आदि उपस्थित थे।

# हरेली के टोना जादू भय से पृथक महामाया मंदिर में जनकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक



**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। आज छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के पर्व में लोग जादू टोना घरों में नीम पत्ती लगाना आदि से भयभीत रहते हैं। इस भय से मुक्ति हेतु आज प्राचीन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में महा रुद्राभिषेक न्यास समिति द्वारा संपन्न कराया गया ?। न्यास समिति के सदस्य पं विजय कुमार झा ने बताया है कि रुद्राभिषेक में समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा, सचिव व्यास नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय शंकर अग्रवाल, मंदिर व्यवस्थापक दुर्गा प्रसाद पाठक, वरिष्ठ सदस्य ललित तिवारी, शेखर दुबे, कृपाराम यदु, उपेंद्र शुक्ला, सत्यनारायण अग्रवाल, सूरज फुटान, कुंजलाल यदु आदि ने जन-कल्याण हेतु रुद्राभिषेक महा आरती एवं प्रसादी का वितरण किया। मंदिर के प्रमुख पुजारी श्रीकांत पांडे एवं पंडित मनोज शुक्ला ने पूजन कार्य संपन्न कराया ?

## सार-संक्षेप

### पं. रविशंकर शुक्ल विवि कर्मचारी संघ का चुनाव कराने श्रवण सिंह ठाकुर को बनाया निर्वाचन अधिकारी



**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आमसभा 31 जुलाई 2024 को संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर के संघ के कार्यों एवं दीर्घ अनुभवों को देखते हुए सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें एक माह के भीतर गुप्त मतदान प्रणाली से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया।

आम सभा में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने पर ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की जो भी दायित्व जिसे भी मिले उसे हंसकर स्वीकार करें। जिस विश्वास से कर्मचारियों ने यह दायित्व मुझे दिया है उसे बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव एक माह के भीतर करा दिया जाएगा।

# चुनाव के पहले नगरी निकाय शिविर में पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा

## त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के दिए निर्देश

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। रायपुर, भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा एवं निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने कल नगर निगम के जोन 2 के वार्ड 6 में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिये, दुर्गा पंडाल मैदान को बजरी डालकर व्यवस्थित करने कहा गया है। छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार नगरीय निकाय चुनाव के पहले नगर निगम रायपुर के वार्डो में लगाये जा रहे शिविर के तहत जोन 2 के वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के क्षेत्र में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान त्रिमूर्ति नगर में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर लगाया गया है। वहां पहुंचकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सभी शासकीय विभागों के स्टालों में पहुंचकर निरीक्षण किया। वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी राधेश्याम विभार, एमआईसी सदस्य सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद गोपाल सोना एवं जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी विभार के अनुरोध पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को वार्ड 6 के त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में सुलभ शौचालय का निर्माण एवं जनउपयोग हेतु नये सामुदायिक भवन का निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर तत्काल स्वीकृति लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिये। विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद के अनुरोध पर दुर्गा पंडाल मैदान में बजरी डालकर उपयोग हेतु सुव्यवस्थित करने कहा है। विधायक ने जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर में राशन कार्ड केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट से संबंधित जनसमस्याओं से अवगत कराकर उसका त्वरित समाधान कराने का आव्हान नागरिको से किया है।



## मुलाकात



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से राज्यपाल रमेन डेका ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल रमेन डेका की धर्मपत्नी श्रीमती रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थीं।

## निधन

### मयंक देवांगन



**राजनांदगांव**, 4 अगस्त। ननि के पूर्व एल्डरमैन मोतीपुर निवासी झमन देवांगन के बड़े पुत्र एवं मनोज, नरेंद्र एवं विक्की देवांगन के बड़े भतीजे मयंक देवांगन का आज 4 अगस्त को 32 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 5 अगस्त को उनके निज निवास मोतीपुर राजनंदगांव से मोतीपुर शमशान घाट के लिए प्रातः 11 बजे निकलेगी।

### पन्नालाल उमरे



**दुर्ग**, 4 जुलाई। कसारीडीह आजाद चौक उमरे बाड़ा निवासी पन्नालाल उमरे (77) का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अतीस उमरे व प्रकाश उमरे के पिता थे।

### प्रमिला काकडे



**रायपुर**, 4 अगस्त। कैलाशपुरी निवासी श्रीमती प्मिला काकडे (सेवानिवृत्त प्धान अध्यापिका) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे विनायक राव काकडे की धर्मपत्नी, दत्तात्रेय (दत्तु) काकडे की माता थी एवं जिनकी अंतिम यात्रा 5 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान कैलाशपुरी से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# डिप्टी सीएम अरुण साव का भांजा हादसे का शिकार

## रानीदहरा वॉटरफाल में डूबा तुषार साहू तलाश जारी

**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। कवर्धा जिले के मशहूर पर्यटन स्थल रानीदहरा झरने में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां घूमने पहुंचे कुछ युवकों में से एक युवक रानीदहरा झरने में नहाने के दौरान लापता हो गया। लापता युवक का नाम तुषार साहू बताया जा रहा है। वह प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का भांजा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस घटना की सूचना दिए जाने के बाद भी तत्काल मौके पर न ही पुलिस पहुंची और न ही एनडीआरएफ की टीम। फिलहाल बोड़ला पुलिस गोताखोरों की मदद से तुषार साहू की तलाश में जुटी हुई है।

### हर्षोल्लास के साथ हरेली त्योहार मनाया गया

**पलारी**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली पर्व रविवार को अँचल मे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।गौरतलब है कि हरेली त्योहार कृषि सँबधित त्योहार है जिसे धुमधाम मनाया गया, किसानो को इस दिन बेसब्री से इँतजार रहता है।प्रत्येक घरो मे त्योहार को मनाने के किसानों ने कृषि कार्य को बँद कर दिया और मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं तथा कृषि औजारो जैसे हल, फावड़ा, कुदाली,टँगिया आदि को पानी मे अच्छे साफ कर उसकी पूजा अर्चना की और चीला रोटी का भोग लगाया इसके अतिरिक्त घरो मे छत्तीसगढीया व्यजन बनाए गए वही बच्चो और जवानो गेड़ी का आनँद लिया महिलाएं विभिन्न खेलो के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन किया।

# यूजीसी नेट परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितम्बर तक

**रायपुर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। यूजीसी नैशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जून 24 एग्जाम की नई तारीखों की घोषणा कर दी गई है। ये एग्जाम अब 21 अगस्त से 4 सितबर तक चलेंगे। इससे पहले 18 जून को हुआ एग्जाम गड़बड़ी की आशंका के चलते कैंसल कर दिया गया था। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नई तारीखों की घोषणा कर दी है। छात्रों के एग्जाम सेंटर कौन से शहर में होंगे इसकी जानकारी एग्जाम से दस दिन पहले यानी 11 अगस्त तक एनटीए की वेबसाइट के जरिए दी जाएगी। यह परीक्षा सीबीटी मोड में होगी। यूनिवर्सिटी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर की नियुक्ति और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए यह परीक्षा होती है। देश की यूनिवर्सिटीज और हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूटस में पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए अब यूजीसी नेट स्कोर के आधार पर दाखिला होता है। यह परीक्षा 83 विषयों के लिए होगी। एनटीए ने एग्जाम का सब्जेक्ट वाइज शेडयूल वेबसाइट पर जारी किया है और कौन से विषय की परीक्षा कब होगी इसकी जानकारी दी गई है। 21 अगस्त से होने वाले यूजीसी नेट एग्जाम 24 केवल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में ही होंगे। दो शिफ्ट में एग्जाम होगा। सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 बजे की शिफ्ट होगी। 18 जून को रह हुआ एग्जाम पेन एंड पेपर मोड में हुआ था लेकिन अब एनटीए फिर से सीबीटी मोड में लौटा है। एनटीए के ज्यादातर एग्जाम अब सीबीटी मोड में ही ही रहे हैं। 21 अगस्त को पहली शिफ्ट में इंग्लिश,जापानी लैंग्वेज,परफॉर्मिंग आर्ट, हास,ड्रामा,थियेटर,इलेक्ट्रॉनिक साइस का एग्जाम होगा और इसी दिन दूसरी शिफ्ट में इंग्लिश, डोगरी भाषा, स्पेनिशए रशियन,पर्शियन रामेत दूसरे विषयों का एग्जाम होगा। इसी तरह से 22, 23, 26, 28, 29, 30 अगस्त को अलग अलग विषयों के एग्जाम होंगे। 2,3 और 4 सितंबर को भी एग्जाम की डेट्स तय की गई हैं। यूजीसी को गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा के संबंध में कुछ इनपुट प्राप्त हुए। इन इनपुट्स से प्रथम दृष्टया परीक्षा में कुछ गड़बड़ी के संकेत मिल रहे थे जिसके बाद परीक्षा कैंसल कर दी गई और नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का फैसला लिया गया था। अब परीक्षा की नई डेट्स घोषित कर दी गई है। 18 जून को हुई परीक्षा ओएमआर मोड ;पेन एड पेपर पैटर्न में हुई थी। पिछले कई सालों से यह परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में ही रही थी। जून की परीक्षा के लिए 11.21 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था और 9.05 लाख कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी।

# गोंदवारा रेलवे फाटक पर युवक ने की खुदकुशी, मचा हड़कंप



**रायपुर**, 4 अगस्त। राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। गोंदवारा रेलवे फाटक पर एक युवक ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी घटना स्थल पर पहुंची और फूट.फुटकर रोने लगी इस घटना के बाद से चारों तरफसनसनी फैली हुई है और आसपास के लोग घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वही इस घटना की जानकरी पुलिस को दे दी गई है। जहा पुलिस जाँच में जुट गई है।

## फिल्म 'खेल खेल में' के जरिए फिल्मों में वापसी करेंगे फरदीन खान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान फिल्म खेल खेल में के जरिये फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। फरदीन खान ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी से वापसी की थी। फरदीन की अब फिल्म 'खेल खेल में' रिलीज होने जा रही है। फरदीन खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं आप सभी के साथ 'खेल खेल में' का ट्रेलर शेयर करते हुए बेहद एक्साइटेड हूं! ये पल मेरे लिए बहुत ही इमोशनल है क्योंकि ये 14 सालों में मेरी पहली थियेट्रिकल रिलीज है। बड़े पर्दे पर वापसी करना पुरानी यादों, उत्साह और कृतज्ञता से भरा एक सफर रहा है। इस फिल्म पर काम करना अलग एक्सपीरियंस रहा है। 'दूल्हा मिल गया' फिल्म की बहुत सारी यादें ताजा हो गईं, जो किस्मत से मेरी आखिरी सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भी थी।

## अपने दूसरे बच्चे के स्वागत की तैयारी कर रहीं हैं अभिनेत्री प्रणिता सुभाष



**मुंबई,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री प्रणिता सुभाष अपने दूसरे बच्चे का परिवार में स्वागत करने जा रही हैं। वह सी-सेक्शन डिलीवरी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रणिता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी गर्भावस्था के दौरान सामने आए लक्षणों के बारे में बताते हुए अपने पति नितिन राजू के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है। कैप्शन में उन्होंने लिखा कि रातों की नींद हराम होना, हार्मोनल परिवर्तन, एसिड रिफ्लक्स, पेल्विक दर्द और सी-सेक्शन की तैयारी। सी-सेक्शन एक सिजेरियन प्रक्रिया है जिसमें नॉर्मल डिलीवरी न करके बच्चे को जन्म देने के लिए सर्जरी की जाती है। प्रणिता ने मई 2021 में राजू से शादी की और एक साल बाद अपनी पहली संतान - एक बेटी - को जन्म दिया। प्रणिता ने कन्नड़, तेलुगु, तमिल, हिंदी और मलयालम फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2010 में कन्नड़ फिल्म 'पोरकी' से शुरुआत की थी। इसमें उनके साथ दर्शन भी थे। इसके बाद उन्हें सिद्धार्थ अभिनीत तेलुगु फिल्म 'बावा' में देखा गया। वह अरुलनिथि-स्टारर 'उधयन' नामक एक तमिल फिल्म में भी दिखीं।

# महिलाओं में आम होती जा रही हैं हड्डियों व जोड़ों की समस्याएं

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। हर साल 4 अगस्त को राष्ट्रीय अस्थि एवं जोड़ दिवस मनाया जाता है। इस पर विशेषज्ञों ने कहा है कि हड्डियों और जोड़ों की समस्याएं महिलाओं में आम होती जा रही है। ऐसे में विशेषज्ञ पुरुषों और महिलाओं में इसके अलग-अलग कारण और प्रभावों के बारे में बात करते है। उनका तर्क है कि स्थिति के अनुकूल उपचार को महत्व दिए जाने की आवश्यकता होती है।

पुरुषों में खेलों में अधिक भागीदारी, व्यवसायिक खतरे, खराब आहार और धूम्रपान जैसे कारण हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं पैदा करते है। जबकि महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तन, ऑटोइम्यून डिजीज और कैल्शियम और विटामिन डी का कम सेवन इसके पीछे का कारण है। इस कारण उपचार के दौरान स्थिति के अनुरूप ट्रीटमेंट देना जरूरी हो जाता है यानि सबकी बॉडी अलग होती है उसके मुताबिक ही उपचार किया जाना चाहिए।

रूबी हॉल क्लिनिक के ऑर्थोपैडिक डॉ. अप्रमेय जोशी ने बताया कि पुरुष खेल से संबंधित चोटों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, लेकिन महिलाओं को दीर्घकालिक परिणामों के साथ पुरानी दर्द की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दोनों में ही हड्डियों और जोड़ों की सेहत अलग होती है तो समस्याएं भी अलग ही होती हैं। पुरुषों को गंभीर चोट लग सकती हैं, जबकि महिलाओं को अक्सर हार्मोनल बदलावों के कारण होने वाली पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इन असमानताओं को समझना प्रभावी उपचार विकल्पों को डिजाइन करने के लिए महत्वपूर्ण है जो प्रत्येक की जरूरतों के अनुरूप हैं। हड्डियों और जोड़ों की सेहत को समझ कर उपचार किया जाना चाहिए, इससे परिणाम बेहतर आते हैं।

हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी विटामिन डी की कमी के कारण भारतीयों में खास तौर पर रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस का खतरा ज्यादा होता है। गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए कमजोरी या हड्डियों में दर्द के पहले लक्षण दिखने पर ही डॉक्टर से मदद लेना जरूरी है। जोड़ों की समस्याओं को रोकने के लिए विटामिन डी और विटामिन बी12 का का उचित स्तर सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है।

सीके बिड़ला अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के प्रमुख कंसल्टेंट डॉ. देबाशीष चंदा ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक भारत के 70-90 प्रतिशत लोगों में विटामिन डी की कमी होती है, ये हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। रजोनिवृत्ति के बाद 50 वर्ष से अधिक आयु की 3 में से 1 महिला ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होती है। ज्यादातर महिलाएं रजोनिवृत्ति के बाद ही ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी समस्या का सामना करती है। ऐसे परिणामों को रोकने के लिए विटामिन डी (आदर्श रूप से 80 और 90 के बीच) और विटामिन बी12 का उच्च स्तर बनाए रखने की जरूरत है।

राष्ट्रीय अस्थि एवं जोड़ दिवस-



- 70-90 प्रतिशत लोगों में विटामिन डी की कमी
- रजोनिवृत्ति के बाद 3 में से 1 महिला ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित

# आदिवासियों में रची-बसी है गोदना संस्कृति



- धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक तथ्यों से भी जुड़ी गोदना संस्कृति

**बिलासपुर,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में प्राचीन गोदना संस्कृति यहां के आदिवासियों में आदिकाल से रची-बसी है और यह संस्कृति न केवल लोकरुचि का परिचायक है बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक तथ्यों से भी जुड़ी हुई है।

गोदना शब्द का शाब्दिक अर्थ चुभाना है। शरीर में सुई चुभोकर उसमें काले या नीले रंग का लेप लगाकर कई तरह की आकृतियों को आकार दिया जाता है। गोदना को अंग्रेजी में टैटू भी कहते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गोदना को एक्यूपंचर के रूप में भी समझा जा सकता है। एक्यूपंचर पद्धति से शरीर के न्यूरो हार्मोनल सिस्टम को क्रियाशील किया जाता है। आदिवासी समुदाय के लोगों की धारणा है कि गोदना न केवल खूबसूरती का एक अंग है बल्कि वात रोग, चोट अथवा अन्य किसी प्रकार के दर्द से राहत भी मिलता है।

छत्तीसगढ़ में बस्तर और सरगुजा आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। गोदना संस्कृति बस्तर, सरगुजा, कांकेर, कवर्धा (अब कबीरधाम) और जशपुर जिलों की जनजातीय संस्कृति से जुड़ी हुई है। बस्तर अंचल की अबुझमाडियां दण्डामी माडियां, मुरिया, दोरला, परजा, घुरुवा जनजाति की महिलाओं में गोदना गुदवाने का रिवाज पारम्परिक है। यहां की जनजातियों में लड़कियों का विवाह पूर्व गोदना गुदवाने की प्रथा है। इसी प्रकार सरगुजा अंचल की जनजातियां सम्पूर्ण शरीर में गोदना गुदवाती हैं। सभी अंगों के गोदना के अलग-अलग नाम और उसका महत्व होते हैं।

छत्तीसगढ की संस्कृति एवं पुरातत्व निदेशालय की ओर से राज्य की सांस्कृतिक विरासतों के संकलित दस्तावेजों के मुताबिक राज्य में गोदना संस्कृति के मुख्य परिचायक रमरमिहा संप्रदाय के लोगों में आदिम गोदना प्रथा से बिलकुल विपरीत रामनामी गोदना प्रचलित है। महानदी के तटवर्ती ग्रामों में निवासरत इस सम्प्रदाय के लोगों की आबादी शिवरीनारायण, रायगढ़, सारंगढ, चन्द्रपुर, मालखरौदा, बिलाइगढ़, कसडोल, चांपा-जांजगीर और बलौदाबाजार के ग्रामीण अंचलों में है। इन्हें रामनमिहा और रामनामी भी कहा जाता है। रामनामी गोदना महिला और पुरुष दोंनों ही शरीर के प्रत्येक अंगों में राम-राम गुदवाते हैं। इस सम्प्रदाय के लोग भगवान श्री राम को निर्गुण रुप में मानते हैं। शिवरीनारायण का माघी मेला रामनामी सम्प्रदाय का प्रसिद्ध मेला है।

रामनामी गोदना के संबंध में रमरमिहा जाति के लोगों की मान्यता है कि मरने के बाद स्वर्ग में भक्त के रुप में भगवान पहचान लेते हैं। इनकी मान्यता है कि शरीर में राम का नाम लिखना राम का हस्ताक्षर है।

दूसरी तरफ बदलते जमाने और वैश्विक उदारीकरण के इस दौर में आदिवासियों की यह प्रथा धीरे-धीरे लुप्तप्राय होती जा रही है। नई पीढ़ी के लोग इस प्रथा को स्वीकार नहीं कर रहे हें। आधुनिक पीढ़ी के लोगों का मानना है कि शरीर में गोदना गुदवाने से इसकी सुन्दरता बिगड़ जाती है।

## स्तनपान सप्ताह दिवस

# 'मां को व्यायाम से दूर रहना चाहिए' मिथक या सच!

- स्तनपान कराने में माताओं को अपने अपनों की मदद की जरूरत



**नई दिल्ली,** 4 (एजेंसियां)। स्तनपान को लेकर कई तरह के भ्रम हैं। कुछ ऐसे जो पीढ़ी दर पीढ़ी ट्रांसफर हो रहे हैं तो कुछ किसी के निजी अनुभव के आधार पर। कई मिथ यानि मिथक है जो तथ्य से कोसों दूर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो तथ्य और कल्पना के बीच महीन सी लकीर है जिसे समझना जरूरी है।

हर साल विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम अलग होती है। यह थीम, वर्ल्ड अलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन (डब्ल्यूएबीए) चुनती है। ब्रेस्ट फीडिंग वीक 2024 का थीम, 'क्लोजिंग द गैप- ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल' है। यानि इसे लेकर लोग इतना जागरूक हों कि मांओं को कहीं भी बच्चे को फीड कराने में दिक्कत न आए। इसके लिए उसका परिवार, समाज, सहयोगी सबका सहयोग मिले। जहां परिवार और समाज की बात आती है तो कुछ अनुभव भी साझा किए जाने लगते हैं। मसलन मांओं को कहा जाता है सादा खाओ, व्यायाम से बिलकुल दूर रहो, बच्चे को दूध पिलाना तो बहुत आसान काम है और भी बहुत कुछ। लेकिन आखिर महिला रोग विशेषज्ञ और डब्ल्यूएचओ क्या सोचता है? क्या इसमें सत्यता है या कोरी कल्पना को आधार बनाकर हम आगे बढ़ रहे हैं। सीके बिड़ला अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख सलाहकार डॉ. तृप्ति रहेजा ने बताया कि नौकरीपेशा या आधुनिक महिलाओं को फिगर की सबसे ज्यादा फिक्र होती है तो क्या वाकई डील डौल पर असर पड़ता है? डॉ. कहती हैं ऐसा बिलकुल नहीं है। शारीरिक बदलाव उम्र की वजह से आते हैं। बदलाव आनुवांशिकी (जेनेटिक्स), और हार्मोनल परिवर्तनों की वजह से आते हैं। इसका ब्रेस्ट फीडिंग से कोई मतलब नहीं।

दूसरा मिथक वह है जो दादी नानी के जमाने से चला आ रहा है। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि स्तनपान आसान काम है। डब्ल्यूएचओ का मानना है ये आसान काम नहीं। शुरू में परेशानियां आती हैं। स्तनपान कराने में माताओं और शिशुओं दोनों के लिए समय और अभ्यास की आवश्यकता होती है। स्तनपान कराने में भी समय लगता है, इसलिए माताओं को अपने अपनों की मदद की जरूरत होती है।

डॉ. रहेजा उस मिथक को भी गलत बताती हैं जो व्यायाम को लेकर है। कहती हैं बिलकुल गलत सोच है कि लैक्टेटिंग मदर को एक्सरसाइज नहीं करना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी यही मानता है। कहता है कि इसके कोई प्रमाण नहीं मिले हैं कि व्यायाम करने वाली मांओं के दूध की क्वालिटी पर असर पड़ता है।

क्या स्तनपान के लिए एक सख्त दिनचर्या का पालन करना आवश्यक है? जैसे ये खाना वो न खाना, या आप कॉफी नहीं पी सकते। इस पर स्त्री रोग विशेषज्ञ कहती हैं नहीं ये भी सच से कोसों दूर वाली बात है। बच्चे की मांग के अनुसार स्तनपान कराना सबसे अच्छा है, सख्त दिनचर्या की आवश्यकता नहीं है।

# सलमान खान के शो 'बिग बॉस' में नहीं जाना चाहते अर्जुन बिजलानी



**मुंबई,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। लोकप्रिय टेलीविजन स्टार अर्जुन बिजलानी ने कहा है कि मैं जैसा हूं वैसा ही बने रहना चाहता हूं। इसी वजह से मैं बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले विवादास्पद रियलिटी शो 'बिग बॉस' में भाग नहीं लेना चाहता। बिग बॉस में सिद्धार्थ शुक्ला, अली गोनी, करण कुंद्रा और अंकिता लोखंडे जैसे टेलीविजन के लोकप्रिय चेहरे देखे जा चुके हैं। मगर फिर भी अर्जुन बिजलानी ने इससे दूर रहने का फैसला किया है। इस बारे में उन्होंने कहा कि इस तरह के शो एक व्यक्ति की अति संवेदनशीलता और नकारात्मकता को सामने लाते हैं।

उन्होंने इसके पीछे के कारण बताए। कहा कि जैसा रियलिटी शो में दिखाया जाता है, आपको यहां विभिन्न परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। यहां विभिन्न तरह की परिस्थितियां आपकी अति संवेदनशीलता और नकारात्मकता को सामने लाती हैं।

# जस्टिन बीबर के घर आएगा नन्हा मेहमान

## तस्वीरों में बेबी बॉय आने के संकेत दिए



**लॉस एंजेलिस,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी पॉपस्टार जस्टिन बीबर और उनकी मॉडल पत्नी हैली ने सोशल मीडिया पर नई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में फैंस ने उनके घर बेबी बॉय आने के संकेत खोज लिए हैं और उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। जस्टिन ने इंस्टाग्राम पर एक फोटोशूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, लोगों का ध्यान दो तस्वीरों पर गया, जिसमें कपल एक लाइट के सामने खड़ा नजर आ रहा है, जिस पर नीले रंग की छटा भी है। तस्वीरों में जस्टिन खाकी शॉर्ट्स और फेडोरा के साथ काली शर्ट में बेहद खूबसूरत नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी लाल रंग की ड्रेस में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं। बधाई संदेशों से कमेंट सेक्शन भरा पड़ा है। हालांकि, कई यूजर्स ने बच्चे के जेंडर के बारे में भी बात की। एक ने कहा, मुझे लगता है कि यह लड़का होगा। दूसरे ने लिखा, बैकग्राउंड में नीला रंग इसका मतलब है कि यह लड़का होगा। बधाई हो बच्चे भगवान की ओर से उपहार हैं! जीसस दुनिया के भगवान और उद्धारकर्ता हैं! उनसे प्यार करें और उन पर विश्वास करें! दुनिया बहुत दुष्ट है, हमें उसकी ज़रूरत है! उसने कहा कि जस्टिन हमेशा से मेरी बेटी का पसंदीदा कलाकार रहा है! उसने भगवान के बारे में गाना शुरू कर दिया है, मेरा दिल धड़क रहा है! इसे जारी रखो जस्टिन, तुम्हारे पास इसके लिए मंच है और वह तुम्हें खुशी से आशीर्वाद देगा! पिछले महीने ही, जस्टिन ने उन्हें और हैली को दिखाते हुए एक मार्मिक वीडियो साझा किया था। क्लिप में, 'बेबी' हिटमेकर अपनी पत्नी के पीछे खड़े हुए, प्यार से उसके खिलते हुए बेबी बंप को पकड़े हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि वह धीरे से अपने पेट को सहला रही थी।

## जन्मदिवस विशेष

# खुशमिजाज किशोर कुमार थे उसूल पाबंद भी, पीएम तक को किया नाराज

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। किशोर कुमार हरफनमौला कलाकार का नाम था। एक ऐसे शख्स जो अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते थे। अपने पीछे गायकी की समृद्ध विरासत छोड़ गए। उनकी गायकी कमाल थी तो योडलिंग कमाल। इस कलाकार को ताउम्र किसी से डर नहीं लगा। देश की पीएम इंदिरा गांधी तक को न कहने की हिम्मत दिखाई लेकिन इसी कलाकार को लता दीदी की एक बात डराती थी!



किशोर कुमार ने खुद कहा था कि वह लता मंगेशकर की एक आदत से असहज महसूस करते हैं और ये आदत थी स्वर कोकिला का अनुशासन। एक किस्सा खुद किशोर कुमार ने साझा किया था। उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य हुआ जब लता ने लंदन में मेरे साथ स्टेज शो करने के लिए हामी भरी। मैं रोमांचित था, लेकिन मुझे एक बात की चिंता थी - उनका अनुशासन।

वह बिना रिहर्सल के कभी स्टेज पर नहीं जाती थी और मैं चीजों को बेहद सामान्य तरीके से लेता हूं। मंच पर हमें पांच डुएट गीत गाने थे। समस्या तब खड़ी हुई जब स्टेज पर जाने का समय आया। हम तय नहीं कर पा रहे थे कि पहले कौन जाएगा? मैंने सुझाव दिया कि लता पहले गाएं क्योंकि वह मेरी सीनियर हैं। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय वह मेरा परिचय कराने के लिए स्टेज पर चली गईं। उसने मेरी बहुत प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि मैं उन्हें दा कहती हूं क्योंकि वो मुझसे उम्र में बड़े हैं। मैं उनसे एक महीने और 24 दिन बड़ी हूं! इसके बाद हमने तीन शो किए।

लता और किशोर ने कई बेजोड़ गीत गाए। दोनों की आवाज में अलग सी रवानगी थी। बॉन्डिंग अच्छी थी शायद यही एक वजह रही कि किशोर दा ने आखिरी इंटरव्यू भी लता दीदी को दिया। लता ने एक रिपोर्टर बनकर उनसे बात की। इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। जिसमें से एक मजेदार किस्सा दोनों की पहली मुलाकात से जुड़ा था। किशोर दा ने बताया था कि कैसे दोनों ने ट्रेन और टांगे में एक साथ सफर किया। फिर दोनों एक ही जगह पहुंचे और वह था बॉम्बे टॉकीज। लता सोचती रहीं कि किशोर कुमार उन्हें फॉलो कर रहे हैं लेकिन कुछ देर बाद ही पर्दा उठाया खेमचंद प्रकाश ने। उन्होंने फॉर्मल इंट्रोडक्शन कराया और इसके बाद दोनों खूब हंसे। किशोर दा जितने हंसमुख और मजाकिया थे उतने ही आदर्शों को लेकर अटल रहने वाले भी। एक दौर (1982-87) था जब सब अमिताभ बच्चन के पीछे कतारबद्ध थे लेकिन इस महान गायक ने राजेश खन्ना का साथ नहीं छोड़ा। काका जी की 91 फिल्मों में अपनी आवाज दी। भारत में जब आपातकाल लगा था तब भी किशोर कुमार ने सत्ता के आगे झुकने से इनकार कर दिया। सीधा पंगा केंद्र से लिया।

# प्लॉस्टिक प्रदूषण से समुद्र में बन रहीं हैं प्लॉस्टिक की चट्टानें

- प्लास्टिक में बिस्फेनॉल-ए रसायन के अलावा पैलेडियम, क्रोमियम व कैडमियम जैसे धातुएं शामिल
- अदृश्य प्लॉस्टिक कण समुद्री सीप के टिस्यू में पहुंचकर ले रहा ट्यूमर का रूप



**प्रयागराज,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। खुली आंखों से न दिखने वाले माइक्रान एवं नैनो साइज में प्लॉस्टिक के अदृश्य कण रक्तप्रवाह के माध्यम से मनुष्य के शरीर में पहुंचकर कैंसर जैसी घातक बीमारी को जन्म दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर ये प्रदूषण समुद्र में बन रहे प्लॉस्टिग्लोमरेट (प्लॉस्टिक चट्टान) समुद्री जीवों और वनस्पतियों के लिए भी घातक साबित हो रहे हैं।

पद्मश्री पुरस्कृत एक्वाकल्चर वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि सिंगल यूज प्लॉस्टिक को प्रतिबंधित करना ही बड़ा कदम मानना पर्याप्त नहीं है, इसकी वास्तविक विभीषिका से हमें परिचित होना पड़ेगा। प्लॉस्टिक में बिस्फेनॉल-ए (बीपीए) रसायन के अलावा पैलेडियम, क्रोमियम और कैडमियम जैसे धातुएं शामिल हैं जो मानव शरीर में पहुंचकर कैंसर को जन्म दे सकता है। उन्होंने बताया कि प्लॉस्टिक प्रदूषण वैश्विक समस्या है। यह हमारे समुद्रों और प्राकृतिक दुनिया का दम घोंट रहा है। अदृश्य प्लॉस्टिक कण समुद्री सीप के टिस्यू में पहुंचकर ट्यूमर का रूप ले रहा है। इसके घातक परिणामों को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए पूरी विश्व के लोगों को इसके उपयोग से दूरी बनाने और सरकार को इसपर रोक लगाने के निर्णय को लेकर कारगर कदम उठाना होगा।

डॉ. सोनकर ने बताया कि देश में पहली बार अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में समुद्री जल की नियमित निगरानी के दौरान वर्ष 2023 में समुद्री जीवविज्ञानियों की एक टीम को एवीस द्वीप पर चट्टान का एक टुकड़ा मिला जिसकी पहचान 'प्लास्टिग्लोमरेट (प्लॉस्टिक कण, रेत और अन्य सामग्रियों से बनी एक चट्टान) के रूप में की गई। भारत में इस तरह की यह पहली खोज थी। संभव है इस तरह की चट्टानें पहले भी रही हों लेकिन उसकी पहचान नहीं की जा सकी। वैज्ञानिको ने कामिलो बीच, हवाई, इंडोनेशिया, अमेरिका, पुर्तगाल, कनाडा और पेरू में प्लॉस्टिग्लोमरेट्स पाए जाने की पुष्टि की है। डॉ. सोनकर ने बताया कि दुनिया में बढ़ता प्लॉस्टिक कचरा अनगिनत समस्याओं की कारण बन रहा है। भारत में भी यह समस्या मौजूदा समय में विकराल रूप ले चुका है। सालाना 12 मिलियन टन प्लॉस्टिक कचरा समुद्र में पहुंच रहा है। भूमि पर अनुचित तरीके से फेंका गया प्लॉस्टिक कचरा माइक्रॉन साइज में टूट कर आसानी से हमारे महासागरों सहित अन्य जल स्रोतों तक पहुंच रहा है। अदृश्य प्लॉस्टिक कण समुद्र के अंदर शैवाल में शामिल होकर जल जीवों के रक्त में पहुंच चुका है, शैवाल जलीय जीवों के भोजन श्रृंखला का पहला पायदान है, इस प्रकार मनुष्य सहित हर जीव के रक्त में इसका कण पहुंचना स्वाभाविक है। एक्वाकल्चर वैज्ञानिक ने बताया कि वर्ष 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आधार पर अनुमान लगाया है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 9.4 मिलियन टन प्लॉस्टिक कचरा उत्पन्न होता है, (जो प्रतिदिन 26,000 टन कचरे के बराबर है) जिसमें से लगभग 5.6 मिलियन टन प्लॉस्टिक कचरे का ही पुनर्चक्रण किया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में पायरोक्लास्टिक चट्टानों का पाया जाना इस बात का सबूत है कि इंसानों द्वारा फैलाया गया प्लॉस्टिक कचरा भूवैज्ञानिक चक्र को भी प्रभावित कर रहा है। अध्ययन में अब तक छह प्लॉस्टिग्लोमरेट्, नौ पायरोप्लॉस्टिक और एक प्लॉस्टिक्रस्ट चट्टान मिले है। स्पेक्ट्रोस्कोपी ने पुष्टि की है कि ये चट्टानें पॉलीएथिलीन टेरिफ्थेलेट (पीईटी), पॉलीप्रोपाइलीन, पॉलीविनाइल क्लोराइड, पॉलीएमाइड और विभिन्न घनत्व वाले पॉलीइथिलीन जैसी प्लास्टिक सामग्री से बने हैं।

रायपुर, सोमवार 5 अगस्त 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# विश्व शांति को फिर खतरा

मध्य-पूर्व में एक बड़े युद्ध की आहट सुनाई दे रही है। इज़रायल के खिलाफ ईरान ने हमले की न केवल चेतावनी दे दी है बल्कि खुद इज़रायल भी इससे बचाव की तैयारियां कर रहा है। माना जा रहा है कि 12-13 अगस्त तक यह आक्रमण हो सकता है; और जैसा कि कहा जा रहा है, यह भीषण होगा। इस लड़ाई के लिये दोनों पक्षों की होती लामबन्दी से भी इसकी कल्पना की जा सकती है। अगर इसे समय रहते न रोका गया तो बड़ी तबाही की सम्भावना से इंकार नहीं किया सकता। हमास के राजनैतिक प्रमुख इस्माईल हानिया और हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फाउद शुकर की हत्या से इज़रायल के विरूद्ध और ईरान का साथ देने के लिये लेबनान, यमन, सीरिया और जॉर्डन आ गये हैं। ईरान ने सीरिया से इज़रायल पर ड्रोन हमले की तैयारी की है। जॉर्डन तथा लेबनान के कई आतंकी संगठन भी इस लड़ाई में ईरान का साथ देने के लिये मोर्चाबन्दी कर रहे हैं। शुक्रवार को जब हानिया को क़तर की राजधानी दोहा में दफ़नाया गया तो क़तर तथा फिलिस्तीनी संगठनों के कई बड़े नेता और कमांडर उपस्थित थे जिन्होंने इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का मंसूबा ज़ाहिर किया।

फिलीस्तीन समर्थक इस्लामिक देशों की एकजुटता को देखकर इज़रायल ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उसने अपने नागरिकों को बचाव सम्बन्धी सभी उपाय करने हेतु आगाह किया है। नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने बम शेल्टरों को साफ़ रखें ताकि हमला होने की स्थिति में डेढ़ मिनटों में वे उनमें पहुंचकर खुद को सुरक्षित कर लें। उनसे पानी, खाद्य सामग्रियां, आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने को कहा गया है। साथ ही उन्हें बैटरियों वाले टॉर्च खरीदकर रखने को भी कहा गया।

ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बाघेरी ने कहा है कि पिछले 10 महीनों से इज़रायल द्वारा गज़ा पट्टी में जो नरसंहार किया गया है और विनाश फैलाया है उसके मद्देनज़र उसे रोकना अब नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा न हुआ तो न सिर्फ पश्चिम एशिया बल्कि विश्व की शांति खतरे में पड़ जायेगी। फाउद शुकर की मौत से नाराज़ हिज़बुल्लाह ने इज़रायल पर कई मिसाइलें दागी थीं जिसे इज़रायल ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। इससे साफ है कि ईरान एवं समर्थक देशों में इज़रायल के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है जिसे नज़रंदाज़ नहीं किया जाना चाहिये। इस नाराज़गी, लड़ाई की तैयारियों एवं दोनों पक्षों की लामबन्दी को देखते हुए शांति के अंतरराष्ट्रीय प्रयास किये जाने अब बेहद ज़रूरी हो गये हैं। समय रहते ऐसा न किया गया तो लड़ाई छिड़ जाने पर उसे बड़े विनाश एवं नरसंहार के पहले रोकना कठिन हो जायेगा। इज़रायल की नाराज़गी तुर्किये के प्रति भी देखने को मिली है जिसने हानिया की मौत पर अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया था। यह उसका ईरान के प्रति समर्थन का तरीका माना गया है।

हानिया की मौत के लिये इज़रायल की सीक्रेट सर्विस मोसाद को जिम्मेदार माना जा रहा है जिसने प्रमुख लोगों की सुरक्षा के लिये तैनात ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के दो एजेंटों को इस काम के लिये कथित तौर पर सुपारी दी थी। इस हत्या के कारण ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजिश्कियन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें अपने ही देशवासियों के सामने शर्मिंदगी हो रही है। हालांकि हानिया की मौत के लिये जिम्मेदार मानते हुए पजिश्कियन ने दो दर्जन से ज्यादा आईआरजीसी तथा सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को गिरफ्तार कराया है। हानिया की हत्या जिस गेस्ट हाऊस में हुई थी, उसके कई अधिकारियों की भी गिरफ्तारी कर पजिश्कियन बतलाना चाह रहे हैं कि हानिया की हत्या को उन्होंने गम्भीरता से लिया है। इस लिहाज़ से भी उनके लिये ज़रूरी है कि वह इज़रायल पर बड़ा आक्रमण करें क्योंकि ईरान व उसकी जनता मान कर चल रही है कि फाउद व हानिया की हत्याओं के पीछे इज़रायल का ही हाथ है। वैसे खुद इज़रायल फाउद की हत्या की जिम्मेदारी तो लेता है लेकिन हानिया की मौत की जिम्मेदारी को लेकर न वह इंकार करता है और न ही उसने स्वीकारा है।

हालांकि ईरान यदि यह आक्रमण करता है तो पजिश्कियन की समस्या ऐसे बढ़ेगी कि उन्होंने यह चुनाव इसी वादे पर जीता था कि वे पश्चिमी देशों के साथ ईरान के सम्बन्ध सुधारेंगे। साफ है कि इज़रायल पर आक्रमण की घोषणा से वे ऐसा करने में नाकाम साबित हो गये हैं क्योंकि पश्चिमी देश इज़रायल के साथ हैं। साफ है कि पहले की ही तरह अमेरिका, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि इज़रायल का साथ देंगे। हालांकि अमेरिका की भूमिका पर अलग-अलग तरह की बातें की जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मेरीलैंड एयरबेस पर पत्रकारों को जानकारी दी कि 'उन्होंने इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू से फोन पर कहा है कि उनके पास युद्ध विराम का मौका है और इस दिशा में उन्हें आगे बढ़ना चाहिये।' दूसरी तरफ यह भी कहा जाता है कि अमेरिका के सैन्य मुख्यालय में इस सम्भावित युद्ध को लेकर विचार चल रहा है। इस आशय की खबरों की पुष्टि नहीं हुई है कि अमेरिका इन दोनों देशों की लड़ाई होने पर इज़रायल की मदद के लिये अपनी सेना भेजेगा। उसके समुद्री बेड़े भी भेजे जाने की बात चली थी। यह अवसर तकरीबन एक वर्ष पहले भी आया था लेकिन अमेरिकी प्रशासन इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि उसे अपने सैनिक उतारने की ज़रूरत नहीं है। वह अब क्या कदम उठाता है, यह देखना होगा। विश्व शांति के लिये इस लड़ाई को टाला जाना चाहिये।

# जाति सरकार पूछेगी : अपमानित करने वाले तो सदियों से पूछ रहे हैं!

जाति क्यों नहीं पूछ सकते? शादी में जाति सम्मेलनों में बिल्कुल पूछ सकते हैं। वंशावली भी मांग सकते हैं। लेकिन बस में, ट्रेन में संसद में बिल्कुल नहीं पूछ सकते।

सरकार अगर मानती है कि जाति के आधार पर अन्याय हुआ है तो वह जाति पूछ सकती है। यह मालूम करने के लिए किस-किस के साथ अन्याय हुआ है कब से हो रहा है और अब उसे क्या सुविधाएं देकर दूसरों के बराबर लाया जा सकता है?

बिहार में ऐसा अभी पिछले साल ही किया गया। भाजपा सहित सभी दलों की मंजूरी के बाद। मगर उसी बिहार में व्यक्तिगत हैसियत से किसी से कह के देख लीजिए कि 'जिनकी जात का पता नहीं'! आपको मालूम पड़ जाएगा कि इस गाली का क्या मतलब होता है! अनुराग ठाकुर वहां किसी दलित टोले, पासवान टोले, कुर्मी टोले, यादव टोले, मांझी केवट टोले कहीं भी किसी गांव में जरा कह के देखें जिसकी जात का पता नहीं!

भाजपा के नेता, मीडिया, भक्त सब बड़ी मासूमियत से कह रहे हैं कि राहुल जब सबकी जाति मालूम करने की बात कर रहे हैं तो उनकी पूछने में क्या हर्ज है?

बिल्कुल नहीं! एकदम कोई हर्ज नहीं! अभी संसद का सत्र चल रहा है। सोमवार को ही प्रधानमंत्री सदन में घोषणा कर दें। जाति गणना होगी। और सरकारी कर्मचारी को भेज दें राहुल के यहां। वे जाति गणना का फार्म भरेंगे। मांगी हुई जानकारी देंगे साथ ही जनगणना भी करवा लें। विवाहित, अविवाहित, परितक्यत, शिक्षा सब जानकारी देंगे।

मगर आप गाली नहीं दे सकते। किसी को भी नहीं। जरा गांव में पूछिए जाकर। जिसकी जात का पता नहीं उसका मतलब क्या है? उसका मतलब है जिसकी कोई औकात नहीं!

गांव में यह गाली की तरह इस्तेमाल होता है कि जिसकी जात का पता नहीं वह हमसे बात कर रहा है। मतलब हमसे बात करने का हक कुल गौत्र वाले को ही है। जात का पता नहीं बाप का पता नहीं यह कमजोर को दी जाने वाली देश की सबसे पुरानी और बड़ी गाली हैं। अपमानित करने के उद्देश्य से, श्रेष्ठता भाव से, अहंकार से दी जाती है।

मगर जो पूरी तरह डि कास्ट (जातीय श्रेष्ठता बोध से मुक्त) हो चुका हो वह इसके जवाब में क्या कहता है? वह कहता है मुझे मालूम है जो भी इस देश में गरीब कमजोर दलित पिछड़े आदिवासी की बात करेगा उसे गालियां खाना पड़ेंगी। और मैं अपने कमजोर भाइयों के लिए खुशी से यह गालियां खाने को तैयार हूं।

राहुल ने बहुत सही कहा। और यहां याद आ गया तो एक बात और बता दें। हम 2004 से जब राहुल पहला चुनाव लड़ने अमेठी गए थे तब से उन्हें लगातार कवर कर रहे हैं। उससे पहले भी कभी-कभी कुछ लिखा। जाने कितनी बार उनका नाम लिखा होगा। टीवी रेडियो पर बोला होगा। ज्यादातर राहुल ही। और हम ही नहीं दूसरे पत्रकार भी उन्हें राहुल लिखते हैं। आमने सामने संबोधित करने में भी राहुल ही। अभी खुद राहुल ने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि



शकील अख्तर

> राहुल इसी के खिलाफ लड़ रहे हैं और उनकी इस बड़ी लड़ाई से ध्यान हटाने के लिए ही उन पर ही हमला किया जा रहा है। अभी हमले और बढ़ाए जाएंगे। मगर एक बात वह नहीं समझ रहे कि जो आदमी बीस साल के लगातार हमलों के बाद भी आज डटा हुआ हो क्या वह अपने ऊपर होने वाले किसी हमले के डर से चुप बैठ जाएगा। वह कोई आडवानी, उमा भारती, तोगड़िया, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार हैं कि डराओगे तो डर जाएगा।

जब वे कारपेन्टरों से मिल रहे थे तो विश्वकर्मा ने कहा राहुल! उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष चिल्लाने लगा कि राहुल या राहुल जी। राहुल ने बेमन से कहा कि ठीक है राहुल जी।

मगर इससे क्या समझ में आया कि बातचीत में आदमी अपने लिए किए संबोधन को उसी रूप में बताता है जैसा सुनना चाहता है। जैसे बहुत सारे लोग खुद ही अपने सरनेम के साथ जी लगाकर बोलते हैं कि उसने हमसे कहा फलाने जी।

आफिसों में कुछ खुद के साथ सर लगाकर अपने साथ हुई बात को बताते हैं। मतलब राहुल को आमतौर पर न राहुल गांधी बोला जाता है और न राहुल अपने नाम के साथ लगाए जी को सुनते हैं। वे केवल राहुल हैं। चाहें तो मजाक में कह सकते थे दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कि-

'पूछो मेरी जाति, शक्ति हो तो, मेरे भुजबल से,
मेरे रोम रोम में अंकित है मेरा इतिहास!'

अर्थात मुझे जानना है, मुकाबला करना है तो जनता में आइये। रात-दिन मेरी आलोचना करके, चरित्रहनन करके, ट्रोल करके न मुझे जान सकते हो न मेरे गौरवशाली इतिहास को।

झूठ का ऐसा परनाला बहा रखा है कि राहुल के परिवार पर ही सवाल उठा रखे हैं। और कम पढ़े-लिखे ठस बुद्धि के लोग ही नहीं, पढ़े-लिखे भी उन झूठे व्हाट्स एप मैसेजों को आगे बढ़ाते रहते हैं।

राहुल का धीरज और सहनशीलता कमाल की है। ऐसी ऐतिहासिक चरित्रों में ही दिखती है। राम के साथ क्या-क्या नहीं किया गया। मगर सिर्फ एक बार को छोड़कर वे कहीं क्रोध में नहीं दिखते। केवल तभी जब कहते हैं गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब...!

रामधारी सिंह दिनकर जिन्होंने रश्मि रथी में कर्ण का इतिहास लिखा है। लेकिन सवाल पूछने वालों से यह भी कहा है कि-

मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का वीरों का
धनुष छोड़कर और गोत्र होता है क्या रणधीरों का?

लोकतंत्र में उसी धनुष का मतलब कमजोर की आवाज उठाना हो जाता है। लेकिन दिनकर राहुल के ग्रेट ग्रैंड फादर जवाहर लाल नेहरू पर लिखकर इस परिवार पर हमेशा छाए रहे खतरे का इतिहास बता चुके हैं। गांधीजी की हत्या के बाद उन्होंने लिखा था-

'समर शेष है अभी मनुज भक्षी हुंकार रहे हैं
गांधी का पी रुधिर जवाहर पर फुंकार रहे हैं
समर शेष है, अहंकार इनका हरना बाकी है।'

वही अहंकार बाकी है। जो पूरी निर्लज्जता से उस नेहरू के वंशज से कह रहा है जिसके पिता, दादी देश के लिए शहीद हो गए कि इनकी जात का पता नहीं।

नहीं है! सही में नहीं है। किसी को नहीं है। नाम राहुल है। हिन्दू। जाति हिन्दुस्तानी। डिकास्ट हमने लिखा ना। बहुत मुश्किल काम है हमारे यहां।

डिक्लास (अपनी आर्थिक स्थिति को भूलकर गरीबी समझने की कोशिश) होते हैं। कुछ हद तक। मगर डिकास्ट होने वाले तो गिनती के लोग होंगे। जो कथित ऊंची जाति में विश्वास नहीं करते और कथित छोटी जाति को हीन नहीं मानते।

राहुल का उद्देश्य बड़ा है। इसलिए उसे असफल करने के लिए खुद प्रधानमंत्री मोदी ने अनुराग को शाबाशी दी। गाली को मजाक बताते हुए उनका वीडियो रिलीज किया और कहा कि सुनें।

बिल्कुल सुनना चाहिए देश के उन सब लोगों को सुनना चाहिए जिनसे सदियों से जात पूछी गई। यहां तक कि छोटी-मोटी चोरी के मामले में भी जाति घुसा दी गई। जिनकी जात पता नहीं उनके लिए ही तो कहा जाता है चोरी ... च...री!

राहुल इसी के खिलाफ लड़ रहे हैं और उनकी इस बड़ी लड़ाई से ध्यान हटाने के लिए ही उन पर ही हमला किया जा रहा है। अभी हमले और बढ़ाए जाएंगे। मगर एक बात वह नहीं समझ रहे कि जो आदमी बीस साल के लगातार हमलों के बाद भी आज डटा हुआ हो क्या वह अपने ऊपर होने वाले किसी हमले के डर से चुप बैठ जाएगा। वह कोई आडवानी, उमा भारती, तोगड़िया, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार हैं कि डराओगे तो डर जाएगा।

यही तो समस्या है कि नेहरू-गांधी परिवार का वंशज डरता नहीं है। वह जनता के लिए गालियां खाने से लेकर अपनी एसपीजी की सुरक्षा छीन लेने, संसद सदस्यता खतम कर देने, मकान से निकाल दिए जाने, बीसीयों झूठे मुकदमे चलाए जाने, ईडी के छापों- किसी से नहीं डरता।

और वह क्या मोतीलाल नेहरू से लेकर आज तक कोई नहीं डरा। और इसका तो नारा ही है-'डरो मत!'

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# आरक्षण में उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में छिपा संभावित राजनीतिक मोड़

■ डॉ. ज्ञान पाठक

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 7-न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए समग्र कोटे के भीतर उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में भारतीय राजनीति को एक नयी दिशा में मोड़ने की क्षमता है, क्योंकि यह देश के लिए एक नयी संरचित (स्ट्रक्चर्ड) आरक्षण नीति का मार्ग प्रशस्त करता है, न केवल एससी के लिए, बल्कि अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए भी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 6:1 के बहुमत से माना कि राज्य सेवाओं में नियुक्तियों में कुछ अनुसूचित जातियों का 'अपर्याप्त प्रतिनिधित्व' अनुसूचित जाति के भीतर 'पिछड़ापन' साबित करने का एक प्रमुख संकेतक है। एससी के भीतर एक विशिष्ट उप-वर्गीकृत समूह के लिए आरक्षण देने के लिए राज्यों को एससी के भीतर सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना आवश्यक है।

छह न्यायाधीशों ने उप-वर्गीकरण को बरकरार रखा, जिसमें न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने असहमति जताई, जो इस मुद्दे की जटिलता का संकेत है जो फैसले को लागू करते समय कई ज्ञात और अज्ञात कारकों को सामने ला सकता है। फैसला तब आया है जब अदालत ने दो प्रमुख मुद्दों की जांच की, पहला-क्या इन्दर साहनी मुकदमे में दिये गये फैसले के तहत राज्य के लिए सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना जरूरी नहीं है, और दूसरा, क्या अनुसूचित जातियों के साथ पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता को साबित करना आवश्यक है?

> भारत को आने वाले महीनों में एक नये सामाजिक-राजनीतिक मोड़ की उम्मीद करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों को नयी रोशनी में संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिससे जमीनी स्तर पर भी एक नया सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन शुरू हो सकता है।

इस फैसले का आम तौर पर स्वागत किया गया है क्योंकि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि एसटी, एससी या ओबीसी के एक बड़े समूह में कुछ जातियां हैं जो अन्य की तुलना में अधिक पिछड़ी हैं। हम पहले से ही 'क्रीमीलेयर' मुद्दे से परिचित हैं, यह एक ऐसा शब्द है जो आरक्षण का आनंद लेने वाले समूहों के अपेक्षाकृत समृद्ध और बेहतर शिक्षित सदस्यों को संदर्भित करता है।

हालांकि, क्रीमीलेयर की अवधारणा वर्तमान में ओबीसी के लिए लागू है, जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लाभ से बाहर रखा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आरक्षण का लाभ ओबीसी के वास्तव में वंचित वर्गों को मिले। 8 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों को क्रीमीलेयर का हिस्सा माना जाता है। इस आय सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जाता है। ग्रुप ए और ग्रुप बी सेवाओं में उच्च रैंकिंग वाले अधिकारियों के बच्चों को भी 'क्रीमीलेयर' उम्मीदवार माना जाता है और इसलिए उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे पेशेवरों के बच्चे जिनकी आय और स्थिति अच्छी है, तथा जिनके परिवार निश्चित सीमा से अधिक कृषि भूमि के मालिक हैं, उन्हें भी क्रीमीलेयर में शामिल किया गया है और बाहर रखा गया है। वर्तमान संविधान पीठ के 7 में से 4 न्यायाधीशों ने मौजूदा फैसले में एससी और एसटी के बीच 'क्रीमीलेयर' को बाहर रखने की वकालत की। इसका मतलब है कि फैसले का असर वर्तमान में आरक्षण का लाभ उठा रहे सभी समूहों पर पड़ेगा।

इस फैसले ने समूह में अन्य जातियों की तुलना में 'अधिक पिछड़ेपन' के आधार पर वर्गीकृत एससी, एसटी और ओबीसी के भीतर उप-वर्गीकरण का द्वार खोल दिया है। सरकार को उप-वर्गीकरण के लिए केवल 'अपर्याप्त प्रतिनिधित्व' के आधार पर इसे साबित करना होगा। यह स्पष्ट किया गया कि राज्य को यह साबित करने के लिए वैसे आंकड़ों की आवश्यकता नहीं है कि पूरा वर्ग पिछड़ा है, लेकिन अगर वह उप-वर्गीकरण करना चाहता है तो उसे वर्ग के भीतर पिछड़ेपन में अंतर दिखाने के लिए आवश्यक आंकड़ा एकत्र करना होगा। एक अतिरिक्त स्पष्टीकरण यह है कि प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए कैडर को एक इकाई के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह जमीनी हकीकत को प्रदर्शित नहीं कर सकता है। इसलिए पिछड़े वर्गों के गुणवत्तापूर्ण प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए मात्रात्मक आंकड़े के बजाय प्रभावी या गुणात्मक आंकड़े पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व आधारित होना चाहिए।

इसलिए यह स्पष्ट है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मुख्य-कोटे के तहत उप-कोटा प्रदान करने के लिए उप-वर्गीकरण एक पेचीदा मुद्दा होने जा रहा है जो देश में उच्च सामाजिक और राजनीतिक गर्मी पैदा करेगा, क्योंकि वर्तमान में आरक्षण का लाभ उठा रही जातियां अपने बीच की अन्य पिछड़ी जातियों के पक्ष में इसे छोड़ने के लिए आसानी से तैयार नहीं होंगी।

अधिक पिछड़ी जातियां पहले से ही मांग कर रही हैं कि उन्हें उनके पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ समुदायों ने पहले ही आरक्षण के सभी लाभों को प्राप्त कर लिया है। एसटी, एससी और ओबीसी में अपेक्षाकृत समृद्ध जातियों के बच्चे सभी आरक्षित सीटों पर कब्जा कर लेते हैं, जबकि कम पिछड़ी जातियों के बच्चे पिछड़ जाते हैं क्योंकि उन्हें उनसे प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक प्रतिभा दिखाने के लिए शैक्षिक और अन्य आर्थिक अवसर नहीं मिलते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने सबसे वंचित जातियों के लिए एक नयी उम्मीद जगाई है, जो सामाजिक, कानूनी और राजनीतिक रूप से अपना दावा पेश करेंगे।

इस प्रकार, यह निर्णय देश में सामाजिक न्याय की एक अलग तरह की राजनीति को जन्म देगा, जिसका असर उन राजनीतिक दलों पर पड़ेगा जो 1980 के दशक के उत्तरार्ध से सामाजिक न्याय के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे राजनीतिक दलों को कुछ जातियों के बीच अपने समर्थन आधार के संबंध में अपने रुख को फिर से निर्धारित करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि उन पर अन्य कम पिछड़ी जातियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया गया है। इस पृष्ठभूमि में जाति जनगणना की मांग और भी मजबूत होगी, और राजनीतिक मोड़ की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियां इस मुद्दे पर कैसे और कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

जहां तक भाजपा का सवाल है, वह एससी, एसटी और ओबीसी के बीच हाशिए पर पड़ी जातियों और प्रमुख जातियों के बीच संभावित दरार से लाभ उठाना चाहेगी। आरएसएस-भाजपा कुनबा उप-कोटा के लिए नयी आकांक्षी जातियों के बीच जमीन हासिल करने की कोशिश करेगा, यह बताकर कि उनके 'सामाजिक न्याय' नेताओं और दलों ने उन्हें कैसे धोखा दिया है। दूसरी ओर, एनडीए के सहयोगी, जैसे कि जेडी(यू) और टीडीपी, भाजपा की तुलना में अपने सामाजिक न्याय कार्ड को तुलनात्मक रूप से बेहतर तरीके से खेलेंगे। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार, देश में संरचित कोटा व्यवस्था के लिए एक विधेयक पेश करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर सकती है, ताकि वंचित जातियों के बीच अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल कर सके, विशेषकर उनमें जो अब तक आरक्षण प्राप्त प्रमुख दबंग जातियों से पीछे हैं क्योंकि सामाजिक न्याय की राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता दबंगों को ही लाभ दिलाते रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कानून न लाने के लिए, जिसके तरह अपेक्षाकृत पिछड़ों में भी पिछड़ों को आरक्षण मिल सके, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आलोचना करना चाहेगी।

भारत को आने वाले महीनों में एक नये सामाजिक-राजनीतिक मोड़ की उम्मीद करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों को नयी रोशनी में संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिससे जमीनी स्तर पर भी एक नया सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन शुरू हो सकता है।

## आपके पत्र

### मुट्ठी भर लोगों को सुविधा करोड़ों को परेशानी

गत छह माह में सात रेल दुर्घटनाएं होना रेलवे की बदइंतजामी को दर्शाता है। कवच जैसे रक्षा उपकरणों का सभी ट्रेनों में नहीं लग पाना, और सरकारों का मूलभूत सुविधाओं सुरक्षातंत्र को नजरअंदाज करके वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनें चलाने पर भारी धनराशि खर्च करना, छोटे क्षेत्र के लोगों की जरूरत के मुताबिक लोकल ट्रेन और सभी ट्रेनों में लोकल डब्बे आवश्यकता के मुकाबले बहुत ही कम है तो सरकार को महानगरों और सामान्य नगरों के बीच इस बड़े पक्षपात को खत्म करके नई ट्रेनों का 50 फीसदी लाभ 80 फीसदी जनता को सुविधा देने में खर्च करना चाहिए और रेलवे का खर्चा भी इन हाई-फाई लग्जरी ट्रेनों पर सबसे ज्यादा हो रहा है। मुट्ठी भर लोगों की सुविधा देने के लिए करोड़ों लोगों को परेशानी भुगतना पड़ती है। यह कतई उचित नहीं है।

**- विभूति बुपक्या, खाचरोद मप्र**

### रोजगार को गांव तक पहुंचाने की जरूरत

12वीं तक विज्ञान विषय से पढ़ाई करने वाले छात्र घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण रोज़गार की तलाश करने लगा। लेकिने कहीं भी नौकरी नहीं मिली जिसके बाद मार्बल फैक्ट्री में मज़दूर के रूप में काम करना पड़ रहा है। रोज़गार की तलाश में कहीं भी जाता था तो मायूसी ही हाथ लगती थी इसलिए अब मैंने अपनी डिग्री के आधार पर रोज़गार की तलाश छोड़ कर मज़दूरी से ही जुड़ गया हूं। कम से कम इससे आमदनी तो हो रही है और मैं अपने परिवार को पालने में सक्षम तो हूं-यह कहना है 26 वर्षीय राजकंवर दौसा का, स्नातक पास राजकंवर राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव का रहने वाला है। यह गांव अजमेर से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। करीब 650 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग 100 घर हैं. जिनमें भील, रेगर और मुस्लिम परिवारों की संख्या अधिक है. इस गांव में रोज़गार सबसे बड़ा मुद्दा है। कुछ ही परिवार ऐसे हैं जो स्थायी रूप से रोज़गार से जुड़े हुए हैं।

गांव में लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी ज़ोर दिया जाता है इसलिए यहां सभी बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन पढ़-लिख कर रोज़गार के लिए भटकते नज़र आते हैं फिर वह या तो फैक्ट्रियों में काम करने लग जाते हैं या फिर किसी निजी संस्था में बहुत कम तनख्वाह पर काम करते हैं। वे कहते है कि गांव में स्वरोज़गार के विकल्प नहीं है इसीलिए युवा अपना रोज़गार शुरू करने के स्थान पर कहीं नौकरी करते हैं। यदि सरकार और संबंधित विभाग की ओर से गांव में ही स्वरोज़गार के विकल्प उपलब्ध कराये जाएं तो बहुत सारे युवा विशेषकर किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में बहुत सार्थक पहल होगी। अभी गांव की लड़कियां स्वरोज़गार के नाम पर कपड़े सिलाई करती हैं। लेकिन इससे उन्हें बहुत अधिक लाभ नहीं मिलता है। यदि उन्हें रोजगार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण दिए जाएं तो वह गांव में ही रहकर आर्थिक रूप से मज़बूत बन सकती हैं।

केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों की ओर से युवाओं को रोज़गार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। राजस्थान सरकार की ओर से मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से लोन दिया जाता है इसमें सब्सिडी भी उपलब्ध कराया जाता है।

**कृष्णा कुमारी मीणा, अजमेर राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### बुनियादी सवालों पर विमर्श क्यों नहीं?

*'हाल-हाल में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ अहम फैसले सुनाए हैं जिनके दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना जतलाई गई है। उम्मीद की गई है कि ये फैसले देश के सामाजिक जीवन में व्याप्त बहुविध विसंगतियों को दूर कर पाएंगे किन्तु क्या ये उम्मीदें सफल होंगी? दो फैसले अनुसूचित जाति-जनजाति की स्थिति को लेकर है। एक में राज्यों पर जिम्मेदारी छोड़ दी गई है कि वे पदोन्नति में आरक्षण दें या न दें। दूसरा अजा-जजा अत्याचार निवारण अधिनियम के बारे में है। हम समझना चाहेंगे कि क्या वंचित समाज पर क्रीमीलेयर जैसी अवधारणा वाकई लागू हो सकती है? क्या आज का भारतीय समाज सदियों से चली आ रही सवर्ण मानसिकता और उसके पूर्वाग्रहों से मुक्त हो चुका है? इन दोनों फैसलों का इस पृष्ठभूमि में परीक्षण किए बिना बात कैसे बनेगी?'*

**(देशबन्धु में 04 अक्टूबर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/10/blog-post.html

## गुरवाणी विचार

### सरब धरम में श्रेष्ठ धरम

भजो गोीविंज भूल मत जाहो
मानुष जनम का इही लाहो

जो इंसान संसार में आकर मानव जीवन पाकर भी प्रभु सिमरन बंदगी से हटकर सांसारिक मोह माया में गलतान हो रहे हैं उन्होंने तो ऐसा समझना चाहिए कि हीरे जैसा मानव जीवन जो मिला है वह कौड़ियों के भाव व्यर्थ ही गवां रहे हैं। संसार रत्नों की खान है हमें तो अपनी दृष्टि से इन रत्नों को चुनना है।

मत विच रतन जवाहर माणिक, जे इक गरकी सिख।
सुनी प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी कर नौ निधियां।।

और अठारह सिधियों की प्राप्ति की जा सकती है पर इन्हें पाना कोई आसान काम नहीं है। प्रभु परमात्मा की विशेष कृपा होने पर ही हमें नाम रस की प्राप्ति हो सकती है। एक क्षण भी अगर हमारा प्रभु बंदगी में मन लग जाए तो हमारा कल्याण हो सकता है पर इस एक क्षण की प्राप्ति के लिए भी सदियां बीत जाती है हमें कई जन्म लेने पड़ सकते हैं। प्रभु परमात्मा की विशेष कृपा होने पर ही हमारा मन सिमरन बंदगी में रम पाता है। हमारा काम है मन से निरंतर प्रभु बंदगी करते रहें। कभी न कभी तो प्रभु परमात्मा की हम नजरें इनायत होंगी और जब उसकी नजर हम पर पड़ गई तो हमारा मन भी उसकी सिमरन भक्ति में लग जाएगा। बिना प्रभु प्राप्ति के सारा जगत सिवाय झूठ के पसारे के और कुछ भी नहीं है। हर इंसान इस झूठे लोभ प्रपंच में फंस कर अपना अमूल्य मानव जीवन व्यर्थ ही गवां रहा है। खाना शरीर के लिए जरूरी है पर उतना ही खाना चाहिए जितने से हमारा जीवन सुचारू रूप से चले पर इंसान लालच में पड़ कर स्वादों के अधीन होकर जरूरत से ज्यादा अन्न का सेवन करते रहते हैं और पदार्थों के गुलाम बनकर शरीर को भी बीमार कर लेते हैं। इसलिए इस प्रकार की मृग तृष्णा में हमें नहीं पड़ना चाहिए। जरूरत से ज्यादा लोभ करने के कारण हम अपने मन को भी रोगी बना लेते हैं। अत: हमें चाहिए कि संतोषी जीवन व्यतीत करें। ज्यादा लोभ में फंसकर अपना जीवन व्यर्थ न गवां दें। प्रभु बंदगी करते रहने पर ही हमें संतोष धन की प्राप्ति हो पाएगी और हम पर प्रभु बंदगी कर ही अपनी जीवन नौका को सुचारू रूप से खेकर प्रभु के सच्चे दरबार में उजले मुख से जा पाएंगे इसलिए हमें समझाया गया है कि-

सरब धरम में श्रेष्ठ धरम।
हरि का नाम जप निरमल करम।।

हमारा इस संसार में आकर केवल एक सूत्रीय कार्य होना चाहिए। प्रभु सिमरन बंदगी करते रहें और तभी अपना लोक-परलोक सुहेला बना सकते हैं। अपनी नेक कमाई से जरूरतमंदों की सेवा करते रहें।

हलति सुख पलति सुख सिमरनो।
निच नाम हरि का लीजे।।

**इंदरसिह आहुजा**

## अफगानिस्तान में सड़क हादसा, दो वाहनों की टक्कर में 9 लोगों की मौत

**काबुल,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में ये हादसा हुआ। एक स्थानीय अधिकारी ने हादसे की पुष्टि की है। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी शमसुद्दीन मोहम्मदी के अनुसार, सड़क हादसा शनिवार दोपहर को खान-ए-चारबाग जिले में हुआ। यहां दो वाहनों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की वजह क्या है ये स्पष्ट नहीं हो पाई और इसे लेकर जांच चल रही है।

# देश विदेश

# इजरायली हमले में 15 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। गाजा शहर में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और दर्जनों अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली जेट ने गाजा शहर के उत्तर में शेख रादवान में एक स्कूल पर मिसाइल से हमला किया। यहां विस्थापित लोग रह रहे थे। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के मुताबिक, बमबारी में 15 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए, और पीड़ितों की संख्या बढ़ने की संभावना है।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायल रक्षा बलों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण परिसर को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए किया जा रहा था और जिसे पहले गाजा शहर में एक स्कूल के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।

बयान में कहा गया है कि परिसर का इस्तेमाल हमास आतंकवादियों के लिए छिपने की जगह के रूप में किया जा रहा था, और इस परिसर के अंदर इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमले की योजना बनाई गई थी।

- पीड़ितों की संख्या और बढ़ने की संभावना
- फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 39,550 हो गई

इसमें कहा गया है कि बुनियादी ढांचे के भीतर से काम करके, नागरिक आबादी और संस्थानों का अपने आतंकवादी गतिविधियों के लिए मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर हमास अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है।

इसके अलावा, हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 39,550 हो गई है, जबकि 91,280 अन्य घायल हुए हैं।

### हमास ने नया प्रमुख चुनने के लिए शुरू किया परामर्श

**गाजा।** हमास ने कहा कि आंदोलन के लिए नया प्रमुख चुनने के लिए उसके नेतृत्व और सलाहकार संस्थानों में व्यापक सलाह मशवरा शुरू हो गया है। हमास ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पिछले दशकों में इसके कई नेताओं की हत्याएं देखी गईं। लेकिन समूह ने आंदोलन के नियमों के अनुसार उनके लिए विकल्प चुनने में जल्दबाजी की। बयान में कहा गया है कि आंदोलन के कार्यकारी संस्थान और इसकी मुख्य सलाहकार संस्था शूरा अपना काम जारी रख रही है और यह अपने परामर्श के पूरा होने के बाद उसके परिणामों की घोषणा करेगी। हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हानिया की बुधवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान में उस समय हत्या कर दी गई, जब वह ईरान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे।



### हमास प्रमुख को शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल से मारा गया : ईरान

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या लगभग 7 किलोग्राम वजनी वॉरहेड से भरे शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल से की गई। आईआरजीसी ने अपने तीसरे बयान में ईरानी राजधानी तेहरान में कथित इजरायली हमले में हनीयेह की हत्या के बारे में कहा, जांच में पता चला है कि आतंकवादी कार्रवाई मेहमानों के रहने की जगह के बाहर से एक छोटी दूरी के प्रोजेक्टाइल (शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल) के माध्यम से की गई, जिसमें लगभग 7 किलोग्राम वजनी विस्फोटक भरा हुआ था, जिससे बहुत बड़ा धमाका हुआ। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि इस आतंकवादी हमले की योजना इजरायल ने बनाई थी। इसे अमेरिकी सरकार के सहयोग से अंजाम दिया गया था। आईआरजीसी ने कहा कि हानिया की हत्या का बदला निश्चित रूप से लिया जाएगा। दुस्साहसी और आतंकवादी इजरायल को इस अपराध के लिए उचित समय और स्थान पर निर्णायक जवाब मिलेगा। बता दें कि हमास प्रमुख इस्माइल हानिया को मंगलवार को ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। बुधवार तड़के तेहरान स्थित उनके आवास पर हमला कर उनकी और उनके बॉडीगार्ड की हत्या कर दी गई थी।



## सुडोकू 6637

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 5 अगस्त, 2024 श्रावण शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष -परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। व्यापार और नौकरी में आज संभलकर रहें।

वृषभ -आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। दोपहर के बाद झगड़े का वातावरण बना रहेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी।

मिथुन -आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

कर्क -आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे। आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें।

सिंह -आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

कन्या -आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों के लिए धन खर्च कर सकते हैं। प्रवास या पर्यटन भी होगा।

तुला -आज का दिन आप के लिए एकदम शुभ है। धार्मिक काम में मन लगेगा और देव-दर्शन का लाभ मिलेंगे। विविध क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनरशिप के काम सफल रहेंगे। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है।

धनु -किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें।

मकर -आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। भागीदारी से लाभ होगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा। व्यापार में भी आपको लाभ होगा।

कुंभ -आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। व्यापार करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ बने रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। माता-पिता का आशीर्वाद साथ रहेगा।

मीन -किसी बात की अशांति रहेगी। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च आएगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं होगा। दोपहर के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा। काम में यश कीर्ति मिलेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अमेरिकी सेना ने हौथी मिसाइल लॉन्चर को किया नष्ट

**सना,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यमन के हौथी-नियंत्रित क्षेत्र में ईरान समर्थित हौथी मिसाइल लॉन्चर को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा गया कि इन हथियारों को अमेरिकी और उसके सहयोगी बलों तथा क्षेत्र में व्यापारी जहाजों के लिए खतरा माना गया था, इसलिए इन्हें नष्ट करने का निर्णय लिया गया। ये कार्रवाई नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने तथा अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए की गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हौथी समूह ने अभी तक अपने मीडिया आउटलेट्स पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने एक्स पर बताया कि उसे यमन के अदन से 170 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की रिपोर्ट मिली है। व्यापारिक जहाज ने एक छोटा विस्फोट दूसरे जहाज के पास देखा। जहाज के मालिक ने पुष्टि की कि कोई नुकसान नहीं हुआ है और सभी चालक दल सुरक्षित बताए गए हैं। जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।



■ हौथी समूह ने अपने हमलों को और बढ़ा दिया

पिछले वर्ष नवंबर से हौथी समूह गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके लाल सागर और अदन की खाड़ी में इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन की नौसेना ने हौथी समूह को रोकने के लिए उनके सैन्य ठिकानों पर हमला किया, लेकिन इसके बजाय हौथी समूह ने अपने हमलों को और बढ़ा दिया और अब वे अमेरिकी और ब्रिटिश नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों पर भी हमला करने लगे।

## दक्षिण कोरिया में भीषण गर्मी का प्रकोप, 11 की मौत

**सियोल,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में इस वर्ष गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार की ओर से रविवार को जारी किए आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई।

कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी के हवाले से बताया कि 20 मई को सरकार की ओर से गर्मी से संबंधित बीमारियों के लिए निगरानी प्रणाली शुरू की गई थी। शनिवार तक गर्मी से संबंधित कारणों से 11 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। शुक्रवार और रविवार को पांच मौतें दर्ज की गईं। इसमें 80 वर्षीय एक महिला भी शामिल है, जो शनिवार को दक्षिण जिओला प्रांत के ग्वांगजू में ग्यूम्हो-डोंग में एक अपार्टमेंट के पास खेत में काम करते समय बेहोश हो गई थी। दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के मिरयांग में 60 वर्षीय एक अन्य महिला खेत में काम करते समय बेहोश हो गई। बाद में उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। एजेंसी का दावा है कि पिछले सप्ताह सोमवार से शुक्रवार के बीच देश भर के 507 अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के 386 रोगियों का इलाज किया गया। मानसून का सीजन खत्म होने के बाद पिछले सप्ताह से ही देश में भीषण गर्मी पड़ रही है। देश के कई हिस्सों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है।

## वर्ग पहेली 6637

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बांयें से दायें:-**

१. एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी बोली बहुत मधुर होती है

३. विरोधी, दूसरे पक्ष का, प्रतिद्वंद्वी

५. उंचाई (उर्दू)

६. वृद्धिकारक

७. पैरों के निशान, नक्शेकदम

८. सारथि, घोड़े हांकने वाला

१३. सहसा, अचानक

१५. पराजित, जिस पर किसी ने विजय पा ली

१६. अप्रिय (उर्दू)

१७. मौन, शब्द रहित

१८. वर्षा, बरसात

२०. खानाबदोश

२२. अंधेरा कुआं, नरक (उर्दू)

२३. मामूली, आम

**ऊपर से नीचे:-**

१. पहेली, किसी वस्तु का ऐसा अनोखा वर्णन जिसके आधार पर उसका अर्थ बूझने में, उत्तर देने सोचना पड़े

२. जुलाहा

३. उजाला करने वाला, प्रकाश करने वाला

४. पहचान का

५. निमंत्रण

९. धीरे से हथेली का आघात करना

१०. एक राक्षस

११. राजा

१२. हाथों की लकीर

१४. नामुमकिन

१७. कमल

१९. गति, वेग (उर्दू)

२०. पहर, तीन घंटे का समय

२१. पृथ्वी, भूमि

### वर्ग पहेली-6636

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ स्वा | र | ■ | ■ | ३ क | ष्ट | ४ प्र | द |
| नु | ■ | धी | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | ति | ■ |
| ६ दा | स्ता | न | ■ | जा | ■ | ७ त | ला | श | ना |
| र | ■ | ८ ता | ९ ज | म | ह | ल | ■ | त | ■ |
| ■ | १० भ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ आं | ■ | १२ अं |
| १३ घु | ड़ | दौ | ड़ | ■ | १४ क्ष | ■ | १५ ख | प | त |
| ■ | क | ■ | १६ ना | जा | य | ज | ■ | ■ | र |
| १७ से | ना | नी | ■ | ■ | रो | ■ | १८ प्र | १९ वी | ण |
| ह | ■ | ■ | २० दि | वं | ग | २१ त | ■ | रा | ■ |
| २२ त | ब | दी | ल | ■ | ■ | २३ म | हा | न | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मुख्यमंत्री निवास में बिखरी ...**

हारर्वेस्टर का वितरण भी किया गया। कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत राज्य के 1600 किसानों को टेऊक्टर दिए जाने का लक्ष्य है। सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कृषकों को ट्रेक्टर 50 फीसदी अनुदान पर तथा अन्य वर्ग के कृषकों को 40 फीसदी अनुदान पर प्रदाय किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरी प्रतिबद्धता और सच्चे मन से प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं, फलस्वरूप ईश्वर का आशीर्वाद भी मिल रहा है। प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते छह माह में साय के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए बड़े काम किए गए है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक श्रीमती लता उसेंडी, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, गजेन्द्र यादव, खुशवंत साहेब अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मप्र के सागर में...**

लोगों ने नाराजगी जाहिर की। लोगों बताया कि यहां जो डाक्टर हैं, वे कभी-कभार ही अस्पताल आते हैं और दस्तखत करके चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि जब बच्चों को अस्पताल में लाया गया तो मलहम पट्टी करने वाला भी मौजूद नहीं था।

**आर्थिक मदद का किया ऐलान**

हादसे को लेकर सीएम मोहन यादव ने दुख जताया। उन्होंने एक्स कर लिखा इस घटना से मन व्यथित है। भगवान से करबद्ध प्रार्थना है कि दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करें। हादसे में घायल अन्य बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। जिन परिवारों ने मासूम बच्चों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 -4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

**एनडीए सरकार मौजूदा वक्फ ...**

अधिकारों में इस विधेयक के जरिए परिवर्तन के साथ, सरकार का लक्ष्य मौजूदा वक्फ अधिनियम के कई प्रावधानों को निरस्त करना है। वास्तव में, सरकार का इस विधेयक के जरिए प्रथम लक्ष्य वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर अंकुश लगाना है, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने में ताकत देती है।

अभी जो वक्फ बोर्ड अधिनियम मौजूद है उसमें लगभग 40 संशोधन प्रस्तावित हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों की मानें, यदि विधेयक पारित होता है, तो वक्फ बोर्डों द्वारा किए गए सभी दावों को अनिवार्य और पारदर्शी सत्यापन की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, धारा 9 और 14 में संशोधन के जरिए महिलाओं के प्रतिनिधित्व को वक्फ बोर्डों की संरचना और संचालन में शामिल किया जाएगा। विवादों के समाधान के लिए बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों का नए सिरे से सत्यापन किया जाएगा। इन संशोधनों के जरिए मुख्य रूस से वक्फ बोर्ड के असीमित अधिकारों के द्वारा हो रहे दुरुपयोग पर रोक लगाना है।

## आज का इतिहास

1775 – तत्कालीन बंगाल के महाराजा नंदकुमार को कलकत्ता (अब कोलकाता) में फांसी दी गयी।

1874 – जापान ने इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की।

1914 – क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान तटस्थ रहने की घोषणा की।

1915 – प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया।

1921 – अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।

1945 – अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया।

1949 – इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत हुई।

1975 – बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का जन्म।

1991 – न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

2010 – कश्मीर के लेह में बादल फटने के बाद आयी बाढ़ में 115 लोगों की मौत हुई।

2011 – केप केनवरल एयर फोर्स स्टेशन से बृहस्पति के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पहले सौर ऊर्जा संचालित अंतरिक्ष यान जूनो का प्रक्षेपण किया गया।

2016 – ब्राजील में रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में 31वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल शुरू हुए।

2018 – उत्तर प्रदेश के मुगल सराय जंक्शन का नाम बदलकर दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन किया गया।

2019 – जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 तथा अनुच्छेद 35-ए के प्रावधानों को निरस्त किया गया।

**मामला** *ट्रंप ने पुतिन पर लगाया कैदियों की अदला-बदली पर बड़ी डील का आरोप, बोले*

# सौदे में अमेरिकी प्रशासन से हुई भयानक गलतियां

**वाशिंगटन,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों के साथ कैदियों की अदला-बदली पर एक बड़ा समझौता किया है। अमेरिका, रूस, जर्मनी और अन्य पश्चिमी देशों ने गुरुवार को 24 कैदियों की अदला-बदली के लिए एक समझौता किया है, जो शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला बदली समझौतों में से एक है। श्री ट्रंप ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक अभियान कार्यक्रम में कहा कि वैसे, मैं व्लादिमीर पुतिन को एक और बड़ा सौदा करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

साथ ही उन्होंने कैदियों की अदला-बदली की परिस्थितियों पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि इस सौदे में वर्तमान अमेरिकी प्रशासन की ओर से भयानक गलतियां है।

इससे पहले श्री ट्रंप ने यह समझौता करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन के प्रशासन की आलोचना की और इसके तथ्यों और रूस को नकद भुगतान की संभावना के बारे में सवाल पूछे। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने गुरुवार को पुष्टि की कि कई नाटो देशों में हिरासत में लिए गए आठ रूसी घर लौट आए हैं। उन्हें लेकर एक विमान गुरुवार देर रात अंकारा से मॉस्को के वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां श्री पुतिन ने उनका स्वागत किया।



■ शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली समझौता हुई

### ईरान मध्य पूर्व में संघर्ष को कम करेगा : बाईडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन को उम्मीद है कि हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव के बीच ईरान मध्य पूर्व में संघर्ष को कम करेगा। जब बाईडेन से ईरान के रवैये को लेकर सवाल किया गया, जैसा कि व्हाइट हाउस पूल ने उद्धृत किया है, उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी उम्मीद है। मुझे नहीं पता। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने बुधवार को अपने राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया की तेहरान में उनके आवास पर एक इजरायली हमले के परिणामस्वरूप मौत की सूचना दी। जहां वह नए ईरानी राष्ट्रपति के उद्घाटन में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। आंदोलन ने हानिया की मौत के लिए इज़रायल और अमेरिका को दोषी ठहराया और कहा कि हमला अनुत्तरित नहीं रहेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने तेहरान में हानिया की हत्या के जवाब में इज़रायल पर सीधे हमले का आदेश दिया है।

## दुनिया को जानें

### युवावस्था में खराब स्वास्थ्य का कारण बन सकता है बचपन का मोटापा

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल बच्चों में ज्यादातर मोटापे जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। यह एक प्रमुख स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है क्योंकि यह बाद की जिंदगी में खराब स्वास्थ्य का कारण बन सकता है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा छोटी उम्र के समूह का है, इसलिए बचपन में मोटापा एक बढ़ती चिंता का विषय बनता जा रहा है, जो आगे चलकर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

विशेषज्ञों ने बचपन के मोटापे से जुड़े दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों और समय रहते इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया है। मोटापे के प्रबंधन और रोकथाम में स्कूल आधारित शिक्षा और स्वस्थ भोजन कार्यक्रम जैसी पहल महत्वपूर्ण है। जीवनशैली में बदलाव बेहद जरूरी है, ताकि आगे चलकर इससे होने वाले जोखिमों से बचा जा सके। अगर समय रहते इस पर काम नहीं किया गया तो आगे चलकर कई गंभीर बीमारियों में सर्जरी ही एक मात्र विकल्प रह जाती है।




# पेरिस ओलंपिक : हॉकी के सेमीफाइनल में भारत

## पेनल्टी शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। दीवार' गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के खासतौर पर शूटआउट में किए दो बेहतरीन बचावों की बदौलत अपने रशर अमित रोहिदास को बेवजह 17 वें मिनट में लाल कार्ड दिखा बाहर भेजे के बाद बाकी मैच दस खिलाड़ियों से खेलते हुए निर्धारित समय में एक- एक की बराबरी के

■ **रोहिदास को लाल कार्ड दिखाने के बाद दस खिलाड़ियों से खेलते हुए भी भारत जीता**

बाद भारत ने ब्रिटेन पर रविवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुष हॉकी के क्वॉर्टर फाइनल में शूटआउट में 4-2 से जीत के साथ लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में स्थान बना दिखाया की भगवान के घर देर है, पर अंधेर नहीं। भारत ने ब्रिटेन से ओलंपिक में अब तक नौ में 6 मैच जीते हैं जबकि तीन बार उसे हार झेलनी पड़ी है। 2024 में टोक्यो ओलंपिक में भारत ने ब्रिटेन को 3-1से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया था। भारत एफआईएच प्रो लीग में ब्रिटेन से चार मैचों में एक शूटआउट में जीत पाया था। भारत ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक के क्वॉर्टर फाइनल में दिलप्रीत, गुरजंट और हार्दिक सिंह के एक गोल से 3-1 से हराया। भारत ने ओलंपिक हॉकी में ब्रिटेन पर अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। रशर अमित रोहिदास को लाल कार्ड दिखा बाहर भेजे जाने के बावजूद भारत ने अपने गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के निर्धारित समय में पेनल्टी कॉर्नर सहित आधा दर्जन से ज्यादा बचावों के चलते निर्धारित समय में एक एक की बराबरी और फिर शूटआउट में उनके द्वारा कोनोर विलियम्स और फिल रोपर के तीसरे और चौथे प्रयास को नाकाम किए जाने की बदौलत ब्रिटेन पर पेरिस ओलंपिक के पहले क्वॉर्टर फाइनल में जीत दर्ज की। भारत की इस जीत में उसके चीफ कोच क्रेग फुल्टन की रोहिदास को विवादास्पद और गलत ढंग से लाल कार्ड दिखाकर बाहर किए जाने के बाद चतुर रणनीति का अहम योगदान रहा।भारत के चीफ कोच फुल्टन ने अपनी चतुर रणनीति से अपने समकक्ष ब्रिटेन के चीफ कोच पॉल रेविंगटन की रणनीति की बिसात पर मात दे दी। मैच में आखिरी 43 मिनट दस खिलाडियों से खेलते अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर 22 वें मिनट में दागे गोल से भारत ने 1-0 की बढ़त ली और ली मॉर्टेन के पांच मिनट बाद दागे मैदानी से ब्रिटेन ने एक-एक की बराबरी पा ली। रोहिदास के बाहर होने के बाद बदली रणनीति से खेलने वाली भारत की रक्षापंक्ति में गोलरक्षक श्रीजेश के साथ जर्मनप्रीत, सुमित, हरमनप्रीत सिंह और अनुभवी सेंटर हाफ मनप्रीत, विवेक सागर प्रसाद , हार्दिक के साथ राज कुमार पाल की पीछे आकर ब्रिटेन के हमलों को नाकाम करने अपने किले की चौकसी कर निर्धारित समय में उसे एक एक की बराबरी पर रोक कर मैच शूटआउट में खींच दिया। शूटआउट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और उत्तर प्रदेश के दोनों लड़कों ललित उपाध्याय और राज कुमार पाल ने शुरू के चारों प्रयास को गोल में बदल कर भारत को 4-2 से जीत दिलाई। ब्रिटेन के लिए शुरू के दो प्रयासों में जेम्स अलबरी और जैक वालेस ने गोल किए जबकि श्रीजेश ने अगले प्रयासों कोनोर विलियम्स और फिल रोपर के प्रयासों को रोक कर भारत को जीत दिला साबित किया की वह उसकी अभेद्य दीवार हैं।




पेरिस 2024

### इस बार मेडल का कलर जरूर बदलेगा : ललित की मां

**वाराणसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत ने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मैच निर्धारित समय में 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने शूटआउट में शानदार खेल दिखाते हुए ग्रेट ब्रिटेन को मात दी। शूटआउट में भारत के चार गोल में एक ललित कुमार उपाध्याय ने किया। ललित कुमार ने ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर को छकाने के लिए बिना किसी हड़बड़ाहट के बड़ा ही कलात्मक गोल किया। हॉकी टीम की शानदार जीत के ललित कुमार उपाध्याय के घर पर जश्न का माहौल है। ललित के घर पर भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भारत की जीत के बाद ललित उपाध्याय की मां की आंखों से खुशी के आंसू निकल रहे थे। ललित के घरवालों का कहना है कि इस बार मेडल का कलर जरूर बदलेगा, और भारतीय हॉकी टीम गोल्ड मेडल लेकर जरूर आएगी। ललित के भाई जतिन उपाध्याय ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि आज की जीत बहुत शानदार रही। जैसे हम आज जीते हैं, ऐसे ही सेमीफाइनल में भी जीत जाएं। अब लग रहा है कि मेडल का कलर बदलना चाहिए। ललित के पिता ने आईएएनएस से कहा कि यह दिल थामने वाला मैच था। जब हमारे एक खिलाड़ी को निकाल दिया गया तो हम निराश हो गए थे।

### भारत के खिलाफ लगातार तीसरे मैच में अंपायरों के फैसले विवादास्पद

भारत के अमित रोहिदास को मैच के 17 वें मिनट मे गेंद को लेकर आगे निकले लेकिन पीछे से विल कैलनन उन्हें रोकने की कोशिश इसमें उनकी स्टिक उनके मुंह पर और अंपायर ने उन्हें रेड कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर अंपायर का यह फैसला समझ से परे था क्योंकि पीछे से टैकल कैलनन ने की और इस पर फाउल उनके खिलाफ दिया जाना चाहिए था। यह लगातार तीसरा मैच जिसमें भारत को ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर घटिया अंपायरिंग कहिए शिकार होना पड़ा । भारत के खिलाफ लगातार तीसरे मैच में अंपायर के फैसले विवादास्पद रहे। घटिया फैसलों का शिकार पड़ा है एफआईएच को इस बाबत वाकई गंभीरता से सोचना होगा। सबसे पहले मौजूद चैंपियन बेल्जियम के खिलाफ खेल खत्म होपने से दो मिनट पहले मिले पृनल्टी भारत के कप्तान हरमनप्रीत के फ्लिक पर गेंद गोल रेखा पर फ्लोरेंट वान अबूल के पैर लगी लेकिन अंपायर ने इस पर महज फ्री हिट दी। मनदीप सिंह के पास पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के शुरू अभिषेक ने गेंद को गोल में डाल लेकिन ऑस्ट्रेलिया की रेफरल पर नकार दिया लेकिन यह एकदम सही गोल था और यह गोल हो जाता तो भारत 4-2 से आगे हो जाता।

### इस बार गोल्ड का सपना होगा पूराः युदविंदर सिंह

**नई दिल्ली।** पेनल्टी शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में हॉकी में मेडल जीतने की भारत की उम्मीद कायम है। इस मौके पर हरमनप्रीत के कोच युदविंदर सिंह टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत के कोच युदविंदर सिंह ने हॉकी की पूरी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने की बधाई दी। इस खुशी के मौके पर उन्होंने कहा कि अब हमें टीम से गोल्ड की उम्मीद है और यह सपना हमारी हॉकी टीम जरूर पूरा करेगी। हॉकी कोच युदविंदर सिंह ने कहा कि हम अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। श्रीजेश ने हर बार की तरह इस बार भी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को उन पर गर्व है। हम यही दुआ कर रहे हैं भारतीय हॉकी टीम फाइनल में जगह बनाए और गोल्ड जीते। मुझे हरमनप्रीत सिंह पर भी गर्व है, मैं उसे प्यार से अर्जुन बोलता हूं। ग्रेट-ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम के गोलकीपर श्रीजेश भावुक नजर आये। भारत ने शूट आउट में 4-2 से मैच जीता है। यह श्रीजेश का आखिरी ओलंपिक है। उन्होंने पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है और वो हर मुकाबले में अपनी पूरी जान झोंक रहे हैं।

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे, कांस्य के लिए ली जी जिया से खेलेंगे

**पेरिस,** 4 अगस्त (एजेंसियां) लक्ष्य सेन रविवार को पुरुष एकल सेमीफाइनल में डेनमार्क के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से 20-22, 14-21 से हार गए।

■ **फाइनल में एक्सेलसन का मुकाबला थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा**

सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में लक्ष्य का मुकाबला मलेशिया के ली जी जिया से होगा। जबकि फाइनल में एक्सेलसन का मुकाबला थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा। पहले गेम में लक्ष्य ने शुरुआत में ब्रेक तक 11-9 से बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि, दोनों खिलाड़ी लंबी, तीव्र रैलियों में लगे रहे, जिसमें कोर्ट में बहाव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसने कभी-कभी एक्सेलसन की सटीकता को बाधित कर दिया, जिससे लक्ष्य को प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिली। एक्सेलसेन की रणनीति भारतीय शटलर के स्मार्ट खेल के बावजूद लक्ष्य को शक्तिशाली स्मैश से लुभाने के इर्द-गिर्द घूमती रही। यहां तक कि 20-17 पर तीन अंकों से पिछड़ने के बाद, एक्सेलसेन ने वापसी की और पहला गेम 22-20 से जीत लिया।दूसरे गेम में लक्ष्य ने जल्द ही 7-0 की बढ़त बना ली, लेकिन अपने चैंपियन फॉर्म के अनुरूप एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए गेम को 10-10 से बराबर कर दिया। ब्रेक तक लक्ष्य 11-10 से आगे होने में कामयाब रहे। हालाँकि, एक्सेलसेन का अनुभव और लचीलापन सामने आया क्योंकि उन्होंने खेल के उत्तरार्ध में कई शक्तिशाली हमले किए। लक्ष्य, अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, हमले का सामना नहीं कर सके और गेम हाथ से निकल गया, और एक्सेलसन के पक्ष में 21-14 से समाप्त हुआ। एक्सेलसन की जीत ने उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक एकल फाइनल में स्थान दिला दिया, जहां उनका सामना थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा। विशेष रूप से, डेनिश उस्ताद ने अभी तक पेरिस में कोई गेम नहीं हारा है। लक्ष्य सेन के लिए, यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती है। सोमवार को कांस्य पदक मैच में उनका सामना मलेशिया के ली ज़ी जिया से होगा, जो उनके ओलंपिक अभियान को उच्च स्तर पर समाप्त करने का मौका है।




### माहेश्वरी, रायजा महिलाओं के स्कीट क्वालीफिकेशन में 14वें और 23वें स्थान पर रहीं

**चेटोरौक्स,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहीं और महिलाओं के स्कीट फाइनल के लिए कट-ऑफ से पीछे रह गईं, जिससे रविवार को पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन स्पर्धा में उनका अभियान समाप्त हो गया। मौजूदा एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता माहेश्वरी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे दौर के अंत तक मजबूत दावेदारी में थीं। उनके निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें फाइनल के लिए कट-ऑफ अंक तक पहुंचा दिया। फिर भी, आखिरी दौर का दबाव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। तीन महत्वपूर्ण चूकों के परिणामस्वरूप स्कोर 22/25 हो गया, जिससे उसका कुल स्कोर 118/125 रहा। इससे वह फाइनल में पहुंचने वाले शीर्ष छह निशानेबाजों के बाहर 14वें स्थान पर आ गईं। दूसरी ओर, रायज़ा की पहले दिन की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही। हालाँकि, उसने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया और बाद के राउंड में दृढ़ प्रयास के साथ शुरुआती कमी को पूरा किया। उसके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अंतर पूरी तरह से दूर करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## नवोदित मानव ठक्कर, अर्चना कामथ अपने पहले ओलंपिक में खेलने को लेकर रोमांचित

**पेरिस,** 4 अगस्त (आईएएनएस)। उभरते टेबल टेनिस सितारे मानव ठक्कर और अर्चना कामथ अपने पहले ओलंपिक में खेलने को लेकर रोमांचित हैं, और पेरिस खेलों में टीम स्पर्धा में अपने अनुभवी साथियों का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं। इतिहास में पहली बार, भारत ओलंपिक

■ **भारतीय महिला टीम आज राउंड-16 में रोमानिया से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम कल अपने शुरुआती मैच में चीन से भिड़ेगी**

में पुरुष और महिला टीम चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेगा। अगर भारत को शीर्ष टीमों के खिलाफ पंच करना है तो दोनों युवा खिलाड़ियों को अपनी पूर्णता से खेलना होगा। भारतीय महिला टीम सोमवार को राउंड-16 में रोमानिया से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम मंगलवार को अपने शुरुआती मैच में चीन से भिड़ेगी। अपनी आक्रामक खेल शैली के लिए माने जाने वाले 24 वर्षीय ठक्कर और कामथ उच्च दबाव वाली स्थितियों के आदी हैं। वे डब्ल्यूटीटी सर्किट पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और उन्होंने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अपनी टीमों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी ली है। पूर्व में अंडर-21 विश्व रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर रहे ठक्कर 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। ठक्कर ने एक साक्षात्कार के दौरान अल्टीमेट टेबल टेनिस को बताया, जब उनसे पूछा गया कि वह पुरुष टीम के सबसे युवा सदस्य के रूप में अपनी भूमिका को कैसे देखते हैं, मुझे कोई दबाव महसूस नहीं होता। मैं वास्तव में पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं। ठक्कर अचंत शरथ कमल, हरमीत देसाई और जी सत्यन के साथ पुरुष टीम का हिस्सा हैं। महिला टीम में मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, कामथ और अयहिका मुखर्जी शामिल हैं। ठक्कर के देसाई के साथ युगल खेलने की संभावना है, जबकि कामथ के बत्रा के साथ जोड़ी बनाने की उम्मीद है, जिनके साथ उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ महिला युगल विश्व रैंकिंग 4 है।



## लवलीना और निशांत मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में हारे

**पेरिस,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और पुरूष वर्ग निशांत देव को क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां हुये मुकाबले में लवलीना बोरगोहेन को महिलाओं के 75 किग्रा क्वार्टरफाइनल में चीन की ली कियान के खिलाफ स्प्लिट डिसीजन (4-1) से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना बनाम ली कियान मुकाबले के पहले राउंड में शुरुआत से ही दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे पर हावी रहे, लेकिन राउंड खत्म होने से पहले ली कियान ने अपने बेहतरीन जैब्स का इस्तेमाल करते हुए पहले राउंड को अपने नाम कर लिया। इसी तरह कियान ने दूसरे और तीसरे राउंड में भी जीत दर्ज की इस दौरान भारतीय मुक्केबाज लवलीना रक्षात्मक रही। जिसका फायदा ली कियान ने बखूबी उठाया और बड़ी आसानी से इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया। लवलीना बोरगोहेन ने इस सप्ताह की शुरुआत में नॉर्वे की सुन्निवा हॉफस्टेड के खिलाफ 5:0 की सर्वसम्मत जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। वहीं कल देर रात एक अन्य मुकाबले में निशांत देव पुरुषों के 71 किलो वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मेक्सिको के मार्को वर्डे के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। पर्दापण ओलंपिक में निशांत ने शुरुआती राउंड में अपने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और मार्को वर्डे के खिलाफ लगातार बेहतरीन पंचों का इस्तेमाल किया। दूसरी वरीयता प्राप्त मुक्केबाज मार्को वर्डे भारतीय मुक्केबाज के खिलाफ शुरुआत से ही रक्षात्मक रहे। तीसरे राउंड में मार्को वर्डे ने निशांत के खिलाफ बढ़त बना ली और अंत में निशांत देव को हार का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधवार को हुए एक करीबी मुकाबले में निशांत ने सातवीं वरीयता प्राप्त इक्वाडोर के मुक्केबाज को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।



## मेडल से चूके निशांत, हम जीत के करीब थे लेकिन कुछ फैसले हमारे हक में नहीं रहे : कोच

**पेरिस,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। 33वें ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 71 किलोग्राम बाउट के क्वार्टर

■ **निशांत की हार के बाद, विजेंदर सिंह ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं**

फाइनल में निशांत देव मैक्सिकन मार्को वर्डे के खिलाफ 1-4 से हारकर बाहर हो गए। जीत से भारत के लिए मेडल पक्का हो जाता, क्योंकि ओलंपिक मुक्केबाजी में हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को दो कांस्य पदक दिए जाते हैं। निशांत की हार के बाद, विजेंदर सिंह (2008 बीजिंग) ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं। पहले राउंड में बढ़त बनाने के बाद भी निशांत देव क्वार्टर फाइनल में मार्को वर्डे से 1:4 से हार गए। पहले ऐसा लग रहा था कि मैच उनके नियंत्रण में है, लेकिन जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, उनके मैक्सिकन प्रतिद्वंद्वी ने जोरदार वापसी की। साथ ही दूसरे राउंड में भाग्य और फैसला भी निशांत के पक्ष में नहीं था। निशांत देव के पर्सनल कोच सुरेंद्र ने कहा कि यह दिल तोड़ने वाली हार थी। हमारी नजर गोल्ड पर थी। हम इस मैच में आगे थे और निशांत ने शुरुआत भी अच्छी की थी। लेकिन भाग्य ने हमारा साथ नहीं दिया और कुछ फैसले भी हमारे पक्ष में नहीं थे और थोड़े गलत रहे। हालांकि, हम कोई विरोध या शिकायत दर्ज नहीं कराएंगे। नशांत ने पहले भी इस प्रतिद्वंद्वी को हराया है। उसने प्रैक्टिस बाउट में कई दिग्गजों को धूल चटाई है। इस मैच में भी निशांत आगे था। उसने पहले राउंड में शानदार शुरुआत की, जबकि दूसरे राउंड कांटे की टक्कर का था। फैसला उसके हक में नहीं आया। हालांकि तीसरे राउंड में मैक्सिकन प्रतिद्वंद्वी हावी था। निशांत अभी युवा है और अभी उसका सफर बहुत बाकी है। हमारा अगला लक्ष्य लॉस एंजेलिस है। निशांत की चुनौती खत्म होने के साथ ही पुरुष बॉक्सिंग में भारत की पिछले 16 सालों से चली आ रही मेडल की आस का भी अंत हो गया है।



## मारिन जैसा कोई भी खिलाड़ी नहीं : सिंधु

**पेरिस,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। घुटने की चोट के कारण महिला एकल सेमीफाइनल बैडमिंटन मैच चीन की हे बिंगजियाओ से हार का सामना करने वाली स्पेन की कैरोलिना मारिन को उनके शानदार खेल के लिए भारतीय टेनिस स्टार पीवी सिंधु ने भावुक संदेश दिया।

सुडोकू 6637 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी का 544 करोड़ रुपए वाला 'प्लान बी'!

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान जाने से साफ इनकार कर

■ **भारत अगर पाकिस्तान जाकर चैंपियंस ट्रॉफी नहीं खेलता है तो पीसीबी को होगा काफी नुकसान**

दिया है, जबकि पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को पाकिस्तान बुलाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। इन तमाम अटकलों को ध्यान में रखते हुए आईसीसी ने इस चुनौती से निपटने के लिए 544 करोड़ रुपए वाला प्लान बी तैयार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की तैयारी कितनी है? इस पर भी सस्पेंस बना हुआ है। बड़ी-बड़ी डींगे हांकने वाला पाकिस्तान हमेशा बातें तो बहुत बड़ी करता है लेकिन जमीनी स्तर की सच्चाई कुछ और होती है। भारत ने अगर पाकिस्तान जाकर चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से इनकार किया तो इससे पीसीबी को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे पहले एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में करवाने को लेकर भी काफी बवाल हुआ था और अंत में पीसीबी को काफी नुकसान उठाना पड़ा।चाहे पाकिस्तान हो या भारत, दोनों ही देश अपनी जिद्द पर अड़े हुए हैं। लेकिन आईसीसी ने कमर कस रखी है। उसकी तैयारी पूरी है। टीम इंडिया अगर चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं गई तो वैसे हालात से निपटने के लिए आईसीसी का 544 करोड़ रुपए वाला प्लान बी तैयार है। आईसीसी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यदि भारतीय टीम अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार करती है, तो आईसीसी उन सभी संभावनाओं के लिए तैयारी कर रहा है जो चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने कोलंबो में अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लगभग 65 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा के बजट को मंजूरी दी है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी को आयोजन के लिए मिली रकम में वो खर्च भी कवर है, जो भारत के टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाने से होगा।



## पदक तालिका

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 18 | 14 | 9 | 41 |
| 2. | अमेरिका | 14 | 25 | 25 | 64 |
| 3. | फ्रांस | 12 | 14 | 16 | 42 |
| 4. | ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| 5. | ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 11 | 14 | 35 |
| 55. | भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 1.17 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.95 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.61 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.41 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.32 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 4.63 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 4.17 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 3.92 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.97 प्रतिशत |
| एलटी | 2.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 70,840 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 86,500 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4100-4200 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4450-4550 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6600-6700 |
| दाल चना | 7600-7700 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 12500-12600 |
| मूंग दाल | 10300-10400 |
| अरहर दाल | 11400-11500 |

## आरबीआई की आगामी नीतिगत समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने की उम्मीद : सबनवीस

**नई दिल्ली**, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रीपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा

■ 6-8 अगस्त के बीच होगी एमपीसी बैठक
■ दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे शक्तिकान्त

है कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा। मौद्रिक नीति समिति भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5




2024 की बैठक के रुख में बदलाव या दर में कटौती की गुंजाइश नहीं लग रही : अदिति नायर

प्रतिशत (रीपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास आठ अगस्त (गुरुवार) को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा। मुद्रास्फीति आज भी 5.1 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है और आने वाले महीनों में इसमें संख्यात्मक रूप से कमी आएगी, लेकिन आधार प्रभाव के कारण यह अधिक बनी रहेगी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में उच्च वृद्धि, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 4.9 प्रतिशत की मुद्रास्फीति के साथ मिलकर यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में रुख बना रही है। उन्होंने कहा कि अगस्त, 2024 की बैठक में रुख में बदलाव या दर में कटौती की गुंजाइश नहीं लग रही है।

उन्होंने कहा कि अच्छे मॉनसून और वैश्विक या घरेलू झटकों की अनुपस्थिति में खाद्य मुद्रास्फीति अनुकूल हो जाती है, तो अक्टूबर, 2024 में रुख में बदलाव संभव है।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 667.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भारी कमी होने से 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर घटकर 667.4 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.2 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 586.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.3 अरब डॉलर कम होकर 57.7 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 50 लाख डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## सोनभद्र व चित्रकूट में पर्यटन सुविधाओं का होगा विकास

**नई दिल्ली**, 4 अगस्त (एजेंसियां)। प्राकृतिक और ऐतिहासिक संपदा से समृद्ध उत्तर प्रदेश के जिलों सोनभद्र व चित्रकूट में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

सोनभद्र जिले के मुख्यालय राबर्ट्सगंज में नया पर्टन भवन बनाया जाएगा जबकि चित्रकूट जिले के मइफा किले को पर्यटकों के लिए संवारा जाएगा। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमाएं लगती हैं और यहां सोन घाटी में प्रागैतिहास गुफा चित्रों के साथ ही कई वाटरफॉल आदि हैं। हाल ही में सोनभद्र में करोड़ों साल पुराने जीवाश्मों को सहेजे सलखन पार्क को धरोहर में शामिल करने के लिए विशेषज्ञों के एक दल ने भ्रमण किया है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तमाम प्रकार की परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश में पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना बनी थी। इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए योगी सरकार ने सोनभद्र



■ चित्रकूट के मइफा किले को पर्यटकों के लिए संवारा जाएगा

जिले के राबर्ट्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन की इमारत के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में यूपीपीसीएल को जिम्मा सौंपा गया है जिसने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों ही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। मानसून के अतिरिक्त रॉबर्ट्सगंज में नए पर्यटन भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपए की लागत से 18 महीनों में जबकि चित्रकूट के मड़फा किले में होने वाले विकास कार्यों को 76 लाख रुपए की लागत से 6 महीने की समय अवधि के अंदर पूरा किया जाएगा।

## जनपथ हथकरघा घाट में 'विरासत' प्रदर्शनी आयोजित

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। दसवें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उत्सव के अंतर्गत यहां जनपथ स्थित हथकरघा हाट में एक प्रदर्शनी 'विरासत' का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय, के तत्वावधान में राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनएचडीसी) कर रहा है और यह 16 अगस्त तक चलेगी।

कपड़ा मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि 'विरासत' श्रृंखला की 'विशेष हथकरघा प्रदर्शनी' पिछले वर्ष राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोहों की अगली कड़ी है। इस वर्ष 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस सात अगस्त को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का फोकस हथकरघा और हस्तशिल्प की गौरवशाली परंपरा पर है। यह हथकरघा बुनकरों और कारीगरों को बाजार भी उपलब्ध करवाता है और इससे जोड़ता है। प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में भारत के कुछ आकर्षक स्थलों के हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। प्रदर्शनी के दौरान, हथकरघा हाट में कई गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा, इसमें हथकरघा बुनकरों और कारीगरों के लिए 75 स्टॉल, जहां वे सीधे उत्पादों की खुदरा बिक्री कर सकेंगे, देश के उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों की क्यूरेटेड थीम डिस्प्ले, प्राकृतिक रंगों, कस्तूरी कपास, डिजाइन और निर्यात पर कार्यशालाएं, लाइव करघा प्रदर्शन, लोक नृत्य, स्वादिष्ट क्षेत्रीय व्यंजन आदि शामिल हैं।

## एफपीआई ने जुलाई में शेयरों में 32,365 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों की वजह से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 32,365 करोड़ रुपए का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इस महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों (1-2 अगस्त) को एफपीआई ने शेयरों से 1,027 करोड़ रुपए निकाले हैं।

बजट में इक्विटी निवेश पर पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद से एफपीआई प्रवाह में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। जियोजीत




अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बाद यह निश्चित है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती हो सकती है : वैभव पोरवाल

फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बाजारों से जुड़े घटनाक्रम अगस्त में एफपीआई की गतिविधियों का रुख तय करेंगे।

डेजर्व के सह-संस्थापक वैभव पोरवाल ने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती तथा कमजोर रोजगार के आंकड़ों के बाद यह निश्चित है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि कटौती कितनी होगी। अभी तक यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती संभव है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में शुद्ध रूप से शेयरों में 32,365 करोड़ रुपए डाले हैं। इससे पहले जून में राजनीतिक स्थिरता और बाजारों में तेज उछाल के बीच एफपीआई ने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपए का निवेश किया था।

## आरबीआई के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के एक बार फिर से मंदी की चपेट में आने की आशंका में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी गिरे घरेलू शेयर की अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे तथा पश्चिम एशिया में उत्पन्न तनाव पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 350.77 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 80981.95 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.15 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24717.70 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप जहां 31.44 अंक अर्थत 0.07 प्रतिशत फिसलकर सप्ताहांत पर 47675.23 अंक पर रहा वहीं स्मॉलकैप 334.94 अंक यानी 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 54629.29 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही की कमजोर आय और बढ़ा हुआ मूल्यांकन निवेशकों को आश्वस्त नहीं कर रहा है। धातु समूह पर कमजोर नतीजों का असर पड़ा तथा आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। पूंजीगत सामान और रियल एस्टेट क्षेत्र पर मुनाफावसूली का दबाव रहा जबकि ऑटो क्षेत्र को उम्मीद से कम




■ सेंसेक्स 0.43 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 80981.95 अंक पर
■ निफ्टी 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24717.70 अंक पर बंद

मासिक बिक्री आंकड़ों के कारण नुकसान उठाना पड़ा है।

वैश्विक स्तर पर आर्थिक वृद्धि में कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं, जो बढ़ते व्यापार तनाव, पश्चिम एशिया में संघर्ष और लगातार बढ़ती महंगाई के कारण और भी गंभीर हो गया है। बैंक ऑफ जापान (बीओजे) ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की, जिसका जापानी बाजार पर असर पड़ा है जबकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व कमजोर रोजगार आंकड़ों के कारण सितंबर में ब्याज दरों में कटौती पर विचार कर रहा है।

भविष्य में आरबीआई भी ऐसा ही कर सकता है लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में हाल की बढ़ोतरी चिंता का विषय है। चीन विकास में मंदी का सामना कर रहा है, जिससे आर्थिक गति को बहाल करने के लिए अतिरिक्त नीतिगत उपाय आवश्यक हो गए हैं।

शेयरों के प्रीमियम मूल्यांकन, पहली तिमाही के कमजोर नतीजे और वैश्विक बाजार में जारी सुदृढ़ीकरण के कारण अगले सप्ताह बाजार में मजबूती की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अगले सप्ताह 6 से 8 अगस्त को आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की होने वाली अगली द्विमासिक समीक्षा बैठक के निर्णयों पर बाजार की नजर रहेगी। हालांकि उम्मीद है कि आरबीआई नीतिगत दरों पर यथास्थिति बरकरार रखेगा।


इसके साथ ही अगले सप्ताह भारती एयरटेल, ओएनजीसी, सेल, एनएचपीसी, ओआईएल, बीईएमएल, टाटा पावर, टीवीएस मोटर, आयोकॉन, ल्यूपिन, अपोलो टायर, एमआरएफ और इरकॉन समेत कई दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन कारकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी जबकि सप्ताहांत पर भारी गिरावट रही। वैश्विक स्तर से मिले सकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर कैपिटल गुड्स, इंडस्ट्रियल्स, तेल एवं गैस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 23.12 अंक बढ़कर 81355.84 अंक और निफ्टी 1.25 अंक उठकर 24836.10 अंक पर रहा।

## सरकार का जैविक कृषि उपज के निर्यात पर जोर

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने भारतीय जैविक कृषि उपज का निर्यात बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया, जिसमें लेबलिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, लॉजिस्टिक्स, प्रमाणीकरण और परीक्षण शामिल हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में सचिव सुनील बर्थवाल ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित तीन दिवसीय जैविक, प्राकृतिक और बाजरा उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि हाल ही में बजट में गुणवत्ता जांच और खाद्य गुणवत्ता के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए आवंटन किया गया है, जिससे उद्योग को वैश्विक मानकों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रदर्शनी 'बीयोफाक इंडिया 2024, नैचुरल एक्सपो इंडिया एवं मिलेट्स इंडिया' का आयोजन न्यूर्नबर्ग मेस्से और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण- एपीडा ने किया है । यह प्रदर्शनी पांच अगस्त तक चलेगी। इसमें जैविक कृषि उपज बाजार के नवीनतम रुझानों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर श्री बर्थवाल ने 'भारतीय जैविक बाजार और निर्यात संवर्धन रणनीति का अध्ययन' पर एपीडा की रिपोर्ट का अनावरण भी किया।



इस रिपोर्ट में भारत के जैविक कृषि परिदृश्य, घरेलू रुझान और निर्यात के साथ-साथ मूल्य श्रृंखला में प्रमुख चुनौतियों का विस्तृत आकलन दिया किया गया है। न्यूर्नबर्ग मेस्से इंडिया की अध्यक्ष सोनिया पराशर ने बताया कि वर्ष 2023-24 में भारत का जैविक खाद्य निर्यात लगभग 49 अरब 48 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।

### सार संक्षेप

#### कृषि सम्मेलन में दुनिया भर के कृषि विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कृषि विज्ञान केंद्र में 32वां एग्रीकल्चर सम्मेलन चल रहा है। 65 साल बाद भारत में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना और कृषि में नए बदलाव लाना है। सम्मेलन में कई देशों की एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपना अनुभव शेयर किया। झेजियांग विश्वविद्यालय के पीएचडी के छात्र जेन लियू ने कहा कि मैं सम्मेलन में दुनिया भर के कई उत्कृष्ट शोधकर्ताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना चाहता हूं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करना चाहता हूं। मैं इंडिया गेट समेत भारत की शानदार इमारतों की वास्तुकला और सुंदरता को देखने समझने के लिए मौके पर जाना चाहता हूं।

#### अगले कुछ महीनों में लॉन्च होगी मारुति की इलेक्ट्रिक कार : भार्गव

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के अध्यक्ष आर. सी. भार्गव ने आज कहा कि कार्बन और ग्रीन हाउस उत्सर्जन तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कंपनी अगले कुछ महीनों में इलेक्ट्रिक कारें पेश करेगी। श्री भार्गव ने रविवार को जारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि कार उद्योग के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्य कार्बन और ग्रीन हाउस उत्सर्जन तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता को कम करना है। ऐसे में आर्थिक और सामाजिक परिवेश तथा देश में संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए, ग्राहकों को विभिन्न तकनीकों वाली तथा विभिन्न मूल्य स्तरों पर कारें प्रदान करना सर्वोत्तम रणनीति होगी। हम अगले कुछ महीनों में इलेक्ट्रिक कारें पेश करेंगे।

#### कृषि सम्मेलन में दुनिया भर के कृषि विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कृषि विज्ञान केंद्र में 32वां एग्रीकल्चर सम्मेलन चल रहा है। 65 साल बाद भारत में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना और कृषि में नए बदलाव लाना है। सम्मेलन में कई देशों की एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपना अनुभव शेयर किया। झेजियांग विश्वविद्यालय के पीएचडी के छात्र जेन लियू ने कहा कि मैं सम्मेलन में दुनिया भर के कई उत्कृष्ट शोधकर्ताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना चाहता हूं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करना चाहता हूं। मैं इंडिया गेट समेत भारत की शानदार इमारतों की वास्तुकला और सुंदरता को देखने समझने के लिए मौके पर जाना चाहता हूं।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 4 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में उड़द दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 35 रिंगिट गिरकर 4008 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.02 सेंट की गिरावट के साथ 41.90 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12344 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12160 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8833 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11166 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे।

## जुलाई में 1.3 फीसदी घटी बेरोजगारी दर

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में जुलाई महीने में बेरोजगारी दर में 1.3 फीसदी की गिरावट आई है। पिछले महीने जून में बेरोजगारी दर आठ महीने के उच्चतम स्तर नौ फीसदी से ज्यादा थी। उपभोक्ता पिरामिड घरेलू सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई में बेरोजगारी दर 1.3 फीसदी कम होकर 7.9 प्रतिशत पर आ गई। जून में यह 9.2 प्रतिशत पर थी।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा समय-समय पर आयोजित सर्वेक्षण में 1,78,000 परिवारों को सैंपल के तौर पर शामिल किया गया है। विशेषज्ञ बेरोजगारी दर में गिरावट का कारण बुआई के मौसम और श्रमिकों की नियुक्ति में प्रगति को मानते हैं।

सर्वे में शामिल सैंपल के आधार पर लगाए गए अनुमान के अनुसार, जुलाई में बेरोजगारों की संख्या घटकर 3.54 करोड़ रह गई। पिछले महीने जून में यह 4.14 करोड़ थी। जून के विपरीत, जुलाई में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 8.5 फीसदी पर पहुंच गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 7.5 फीसदी था।

जून में शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर 8.8 फीसदी रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 9.3



■ जून में 9.2 प्रतिशत पर थी बेरोजगारी दर
■ शहरों के मुकाबले गांवों में हालात बेहतर

फीसदी रही। इस प्रकार, इस अवधि में शहरी क्षेत्रों में 0.3 की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में गिरावट 1.8 फीसदी से ज्यादा थी। ये आंकड़े ग्रामीण संकट में कुछ राहत का संकेत दे सकती हैं, लेकिन इनसे सरकार को मदद मिलने की संभावना नहीं है, जो निजी क्षेत्र को अधिक लोगों को नियुक्त करने के लिए संघर्ष कर रही है। खासकर शहरी क्षेत्रों में उच्च बेरोजगारी के साथ जहां औपचारिक नौकरियां केंद्रित हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, बुआई आम तौर पर जून के आसपास शुरू होती है, लेकिन मॉनसून में देरी के कारण जुलाई में कृषि क्षेत्र में नियुक्तियों में बढ़ोतरी हुई। यह वह महीना भी है जब नए हाथ (नए कर्मचारी) संगठनों में शामिल होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि निजी क्षेत्र में नियुक्तियां आमतौर पर कैंपस प्लेसमेंट के बाद होती हैं।

नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स, जो नई नौकरी लिस्टिंग और रिक्रूटर्स से नौकरी से संबंधित खोजों को ट्रैक करता है, जुलाई में 2,877 पर पहुंच गया, जो पिछले महीने 2,582 था। बेरोजगारी दर श्रम बल में सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों में से बेरोजगार लोगों की संख्या को मापता है।

देश में पुरुषों की बेरोजगारी दर जून में 7.8 फीसदी से घटकर जुलाई में 7.1 फीसदी हो गई। महिलाओं के लिए, यह 18.6 फीसदी से गिरकर 13.2 फीसदी हो गया।

महिलाओं की बेरोजगारी दर में इस बड़ी गिरावट के बावजूद, उनकी बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक बनी हुई है। इसका एक कारण कुछ फैक्टरी गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी पर विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हो सकते हैं।

# वाटरपूफ्र लिफाफे में विदेश जाएगी छत्तीसगढ़ की राखियां

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भाई.बहन के अटूट प्रेम के बंधन का पर्व रक्षाबंधन इस बार 19 अगस्त को मनाया जाएगा डाक विभाग इस स्नेह से जुड़े पर्व को खास बनाने के लिए रंगीन डिजाइन में वाटर पुफ्र लिफाफे को 10 रुपए में उपलब्ध करवा रहा है यह व्यवस्था बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए की गई है ताकि सामान्य डाक या स्पीड पोस्ट के जरिए देश के दूसरे राज्योंए शहरों या यहां तक कि सात समंदर पार रहने वाले भाइयों को भेजी गई राखी गीली होने से बच सके रायपुर डिवीजन में 24 स्थानों पर पीली पेटियां भी लगाई गई हैं दूसरे राज्यों और देशों में रहने वाले भाइयों को राखी स्पीड पोस्ट करने वाली बहनें इसके लिए जीएसटी भी अदा कर रही हैं राजधानी के पचपेड़ी नाका चौक स्थित डाकघर में इस बार राखी के लिए विशेष तैयारी की गई है राखी बुक कराने के लिए डाकघर पहुंचने वाली महिलाओं को भीड़ से बचाने और केवल राखी लेकर पहुंचने पर उन्हें पेकिंग सहित स्पीड पोस्ट कराने की सुविधा देने के लिए खास इंतजाम किया है इस काम के लिए विभाग ने रायपुर मुख्य डाकघर में और ग्राउंड फ्लोर पर सीनियर सिटीजन के लिए काउंटर शुरू किया हैण् इनके द्वारा बुक कराए जाने वाले डाक को अभी विभाग ने पहली प्राथमिकता में रखा हैण् इसकी छटनी करके संबंधित राज्य और शहर ही नहीं बल्कि फॉरेन कंट्री के लिए स्पीड पोस्ट की जाने वाली राखियों को भी उसी दिन रवाना करने के लिए व्यवस्था की गई है




**डाक विभाग का तोहफा**

**स्पीड पोस्ट सहित जीएसटी चार्ज लगेगा:** लिफाफे के वजन के लिहाज से शुल्क भी तय किया गया है इसके साथ ही स्पीड पोस्ट सहित जीएसटी चार्ज भी राखी बुक कराने वाले लोग दे रहे हैं प्रवर अधीक्षक हरीश महावर ने बताया कि इस बार रायपुर डिवीजन में 24 जगह पीली पेटी लगाई गई है वहीं रायपुर में ही 8 जगह राखी पोस्ट करने के लिए पीले रंग की पेटी लगाई गई ह लोग जयस्तंभ चौक सदर बाजार स्वामी विवेकानंद आश्रम सुंदर नगरए रविग्राम ही नहीं बिरगांव पंडरी और रायपुर गंज डाकघर में लगाई गई पीली पेटी में सामान्य डाक से राखी भेज सकते हैं इसके अलावा महासमुंद धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद में 4.4 पीली पेटी लगी है इनमें सिर्फराखी ही पोस्ट की जा सकती है इसे रोज खोलने के बाद पोस्ट की गई राखी को समय पर पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई हैए इसकी छटनी भी अलग से करने की व्यवस्था है

## चुकाना होगा एयर सरचार्ज

एशिया के किसी भी देश में स्पीड पोस्ट से राखी भेजने के लिए 20 ग्राम वजन के लिफाफे पर 25 रुपए चार्ज देना होगा इसके साथ एयर सरचार्ज चार रुपए के साथ 45 रुपए जीएसटी यानी करीब 34 रुपए देने होंग वहीं 40 ग्राम का वजन होने पर करीब 49 व 60 ग्राम तक वजन होने पर 64 रुपए भुगतान करना होगा इसी तरह यूरोपिय कंट्री के लिए 20 ग्राम का 25 रुपए के अलावा 5 रुपए एयर चार्ज व करीब इतनी ही राशि जीएसटी की देनी होगी इसके अलावा वजन के लिहाज से शुल्क में इजाफा होगा साउथ अफ्रीका नार्थ अमेरिका के साथ आस्ट्रेलिया के लिए भी शुल्क में एयर सरचार्ज लगभग समान है वहीं यूएस के लिए सबसे ज्यादा 46 से 90 रुपए तक शुल्क देना होगा

# जर्जर हो चुकी पानी टंकी को नगर निगम ढहाया



**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जोन 9 क्षेत्र के तहत कचना हाईस्कूल परिसर में अत्यंत जर्जरए खतरनाक हो चुके अनुपयोगी पानी टंकी को निगम ने आज सुबह ढहा दिया। इसगे लगभग 2 किलो बारूद डायनामाइट का उपयोग किया गया

निगम का कहना है कि हाईस्कूल के बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओ स्टॉफसहित नागरिकों की जीवन सुरक्षा की दृष्टि से की गयी। स्कूल परिसर में अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक पानी टकी होने से अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी।

स्कूल प्रबंधन के अनुरोध पर निगम आयुक के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 की टीम ने आज ड्रिलिंग एंड ब्लास्टिंग इंजिनियर की मदद से ढहा दिया।

# महिला स्व सहायता समूहों को कर्ज देने वाली फायनेंस कंपनी के कर्मी ने 7.59 लाख का किया गबन

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। महिला स्व सहायता समूहों को कर्ज देने वाली फायनेंस कंपनी के कर्मी ने 7.59 लाख रूपए का गबन कर फरार हो गया। टिकरापारा पुलिस के अनुसार इलाके के संतोषी नगर में कर्मा धाम के पास वैक्टर फायनेंस कंपनी का आफिस है। जो बीते 3.4 वर्षों से संचालित है। यह फर्म महिला स्व सहायता समूहों और अन्य जरूरतमंद लोगों को 20.25 हजार तक छोटी छोटी रकम का कर्ज देती है। इस फर्म में कार्यरत कर्मी घनश्याम बनारसी कर्जदारों से हर माह प्राप्त किश्त जमा न कर गबन करता रहा। लोग 2.5 हजार रूपए जमा करते। वह इसे कंपनी के खाते में जमा नहीं करता रहा। यह सिलसिला सितंबर 21 से फरवरी 23 करीब दो वर्ष तक चलता रहा। कंपनी के प्रमुख तुषार गिलवर्ट ;33द्ध को इसकी भनक लगने का आभास होते घनशाम फरार हो गया। तुबर ने कल शाम टिकरापारा थाने में धारा 408 का मामला दर्ज करया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी छत्तीसगढ़ का ही निवासी है उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द पकड़ लिया जाएगा। चोरी एसबीआई कोलोनी टैगोर नगर निवासी विशाल बुधवानी की घर पर खड़ी एक्टीवा क सीजी 04 एलक्यू 0262 चोर ले भागे। विशाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एक्टिवा की कीमत 20 हजार रूपए आकी गई है।

# आदतन बदमाश जेल से छूटने के बाद चाकू लेकर लोगों को धमकाते गिरफ्तार

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। थाना टिकरापारा को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई की मठपुरैना ठाकुर देव मंदिर तालाब पार के पास एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया थाना प्रभारी टिकरापारा द्वारा संयुक्त टीम तैयार किया गया टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपी खीरसिधु नायक पिता शत्रुघन नायक उम्र 23 साल निवासी मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी ब्लाक नंबर 15 मकान नंबर 14 को पकड़कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



## 5 किलो गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

5 किलो ग्राम गांजा के साथ मध्यप्रदेश का अंतर्राज्यीय आरोपी अंकुर अग्रवाल गिरफ्तार थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत शहीद स्मारक पार्किंग स्थल के पास पाच किलो गांजे के साथ एक युवक अंकुर अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। उससे कुल 05 किलो 348 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसकी कुल कीमत लगभग 60,000 रूपये है। पुलिस की मुखबीर ने सूचना दी थी कि शहीद स्मारक पार्किंग स्थल पास एक युवक गांजा बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। इस पर मोके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मुखबीरन के बतायें हुलिए के युवक को पकड़ा और पूछताछ में उसने अपना नाम अंकुर अग्रवाल 37 साल निवासी शिव मंदिर के पास कृष्णापुरिया समारिया जनकगज ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर गांजा मिला। उसे 20 नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया। इसी तरह से सिविल लाईन पुलिस ने मोनू शर्मा 23 वर्ष भवानीपुर इलाहाबाद उत्तरप्रदेश हाल झंडा चौक मिश्रा बाड़ा पंडरी में गांजा बेचने की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

# राजधानी में लगातार बारिश जनजीवन प्रभावित





**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। 10 घण्टों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त ही गया है। मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर है वहीं रायपुर के निचली बस्तियां जलमय हो गई है। सड़कों में भी पानी भर गया। इससे शनिवार सुबह रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजधानी सहित प्रदेश में शनिवार को भी बादलों का डेरा रहा।

दोपहर शाम तक रुकरूक कर बारिश होती रहीं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टे के लिए जशपुर सूरजपुरए बलरामपुर गरिल्लापेद्रा और कोरबा जिले के लिए आरिज और सरगुजा बिलासपुर रायगढ़ रायपुर बलौदाबाजार महागद और दुर्ग राजनादगांव के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार रात से झामाद्धझम बारिश हो रही है। जिले में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 45 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में कमों की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे ज्यादा बारिश बालरामपुर के रघुनाथ नगर में 152.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन मेघ गर्जन के साथ कपात का भी तो अलर्ट जारी किया है।

# साईं रामचंद का रायपुर आगमन पर स्वागत

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जय शक्तिधाम समिति स्वामी हरिगिर महाराज धर्मशाला के पिठाधीश साईं राम चंद के रायपुर आगमन पर श्रद्धालुओ ने रायपुर रेल्वे स्टेशन एवं शक्तिधाम मंदिर में ज़ोरदार स्वागत किया। समिति के कोषाध्यक्ष सीए चेतन तारवानी ने बताया की स्वामी हरिगिर महाराज का 56वाँ वर्सी महोत्सव 17 से 19 अगस्त रायपुर तेलीबांधा स्थित स्वामी हरिगिर महाराज धर्मशाला में आयोजित होगा। वर्सी महोत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित होगा। जिसमें देश के अनेक शहरों से श्रद्धालू आएंगे।



**तीन दिवसीय 56वाँ वर्सी महोत्सव 17 अगस्त से**

पधा वर्सी महोत्सव की तैयारियों के वर्तमान पिठाधिश साईं रामचंद एवं मीना भाभी माँ विशेष रूप से रायपुर आए है। महोत्सव में शदाणी दरबार तीर्थ के पिठाधीश संत युधिस्ठिर लाल चक्रभाटा से साईं लाल दास साईं कृष्ण दास एवं देवपूरी दरबार से अम्मा मीरा देवी शिरकत करेंगे।जिनके सानिध्य में भजन कीर्तन एवं आशीर्वचन का लाभ मिलेगा तीनो दिन भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है।

# अवैध शराब के साथ दो युवक पकड़े गए





**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। अभियान कार्यवाही के दौरान ग्राम कुरा के बसन्त पाल पिता राम लाल पाल उम्र 53 वर्ष के कब्जे से 44 पौवा देशी मसाला मदिरा जप्त कर उस गिरफ्तार किया गया साथ ही मोटरसायकल को भी जप्त कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। इधर एक एक अन्य मामले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने व निजात अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से शराब रखकर बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई जिस पर आरोपी संजय धुव्र पिता स्वर्गीय राजकुमार धुव्र उम्र 28 वर्ष निवासी गणेशचौक छिरापारा भाठागांव थाना पुरानी बस्ती के पास से .30 पौवा मंदिरा मसाला 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रुपए जब्त किया.

# हर स्पीच कुछ अलग कहती है : तारवानी

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। सुहिणी सोच और साहू व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्पीच आर्ट में आज प्रभावी बोलने की कला के प्रशिक्षण कार्यशाला का तृतीय व अंतिम दिवस था। जिसमें प्रशिक्षक सी.ए. चेतन तारवानी ने लोगो को बताया स्पीच अलग-अलग प्रकार की होती है !जैसे किसी का परिचय देना ,स्वागत भाषण ,धन्यवाद ज्ञापन, श्रद्धांजलि , एंकरिंग करना।

**प्रभावी बोलने की कला वर्कशॉप का समापन**

एक्सपर्ट चेतन तरवानी ने बताया कि स्वागत भाषण में अतिथियों का नाम पुकारते समय अपर टू लोअर फार्मूले का इस्तेमाल करना चाहिए। किसी गेस्ट को मंच पर आमंत्रित करने से पहले उनकी खास चालिटी बतानी चाहिए। कार्यक्रम का मकसद जरूर बताना चाहिए और संस्था की उपलब्धि तथा डिमांड का भी उल्लेख करना चाहिए।धन्यवाद भाषण के वक्त भी अपर टू लोअर फार्मूले का ध्यान रखना चाहिए !श्रद्धांजलि भाषण देते वक्त कभी भी कोई कमी नहीं निकालनी चाहिए। जिससेआप कभी मिले ना हो उसके बारे में बोलने कहा जाए तो उनके बच्चों को आधार बनाते हुए शुरुआत करनी चाहिए ।हालांकि मेरी मुलाकात कभी बाउजी से नहीं हुई लेकिन उनके बेटे से मेरा परिचय रहा है और उनके संस्कार देखकर समझ जा सकता है कि वह कैसे व्यक्तित्व के धनी थे।



लोगों को बताया कि स्पीच के दौरान शारीरिक गतिविधियों पर भी ध्यान देना बहुत महत्व पर होता है ।इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठा के अध्यक्ष सूरज शाह ,शहर जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष रामबगस साहू ,और प्रोग्राम डायरेक्टर मनोज साहू ,राजेश साहू,तथा सुहिणी संस्था की मार्गदर्शिका श्रीमती मनीषा तरवानी अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी , आई पी पी करिश्मा कमलानी व सचिव पूनम बजाज भी शामिल थे।

# मुनि सुधाकर के सम्मेलन में उमड़े श्रद्धालु

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। मां के चरणों में स्वर्ग हैं। उनके पैरों के नीचे की मिट्टी स्वर्ग की मिट्टी के समान है। मां एक पूर्ण शब्द है, अकट्य गंथ हैं, ममता का महाकाव्य है। उपरोक्त विचार तेरापंथ महिला मंडल की ओर से समायोजित मां की ममता, मां की महिमा सेमिनार में उपस्थित विशाल जनमेदनी को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुधाकर ने जय समवसरण, टैगोर नगर स्थित लाल गंगा पटवा भवन में कहें।

मुनिश्री ने कहा कि मां ममता की मूरत है, समता की सूरत है, त्याग की प्रतिमूर्ति है। आकाश का कोई ओर-शोर नहीं है, वैसे ही मां की महिमा का अं ?त नहीं है, वह अपार है, अमाप्य है। मां एक विश्वविद्यालय है। विश्व के सभी ग्रंथ और धर्म में मां की महिमा गाई गई है। मां की ममता अद्भुत, अद्वितीय, अप्रतिम है। मां त्यागमयी, दयामयी, क्षमामयी, सत्यमयी और स्नेहमयी होती है।



**मां ही हमारे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश:** भावविभोर करने वाले भावों से मां की तुलना करते हुए मुनिश्री ने कहा कि सूर्य तो केवल प्रकाश करता है, लेकिन मां ने मुझे अंगुली पकड़ कर चलना सिखाया, चांद में तो दाग है, पर मेरी मां तो बेदाग है। समुद्र विशाल होते हुए भी उसका पानी खारा है, परन्तु मां का दूध तो अमृत से भी मीठा है। मां अक्षर दो शब्दों के मिश्रण से बना है ङ्क म यानी महावीर, मोहम्मद, अ यानी आदेश्वर, आदिनाथ। मां हमें जन्म देती है, लालन-पालन करती है, उद्धार करती हैं, इसलिए मां ही हमारे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश है।

**मां की महिमा का अंत नहीं है, वह अपार है, अमाप्य है**

**वृद्धों को आश्रम की नहींआश्रय की जरूरत :** सम्पूर्ण धर्म परिषद् को विशेष प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए मुनिश्री ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में ऋषि मुनि ने चार आश्रम की व्यवस्था की थी। यह वृद्धाश्रम कहां से आया पता नहीं। यह हमारी संस्कृति व संस्कार का शब्द नहीं है। वृद्धाश्रम आयात शब्द है। पाश्चात्य देशों से आया है। वृद्धों को आश्रम की नहीं, आश्रय की जरूरत है। वृद्धाश्रम देश की अस्मिता पर कलंक है। जो अपने माता-पिता की सेवा नहीं कर सकते उन्हें जीवन में कभी सुख, शांति, प्रसन्नता नसीब नहीं हो सकती। मुनिश्री नरेश कुमार ने नमस्कार महामंत्र पर आधारित गीत का संगान किया

सेमिनार में विशेष रूप से आईएएस किरण कौशल उपस्थित थीं ।उन्होंने मां विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में दुर्ग, भिलाई के अलावा रायपुर के आदिश्वर बहुमंडल, मल्ली महिला मंडल, बीकानेर जिला, वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, आनंद बहुमंडल, अर्पण सेवा समिति, वनबंधु महिला समिति, शीतल बहु मंडल, जिनकुशल बहु मंडल की सदस्य समेत डिग्री गर्ल्स कालेज की प्रोफेसर उषा किरण उपस्थित थीं। स्वागत वक्तव्य नेहा जैन, संचालन,आभार मधुर बच्छावत के साथ गौतम गोलछा ने अपनी भावनाएं समाज की ओर से व्यक्त की। सेमिनार के प्रायोजक रितु सुरेन्द्र चौरड़िया थे।

# धारदार चाकू के साथ बदमाश पकड़ाया

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में थाना टिकरापारा की पुलिस ने धारदार चाकू लेकर धमकाने वाले बदमाश को पुलिस पकड़ लिया हैं।

बताया गया कि प्रार्थिया श्रीमती निरोधा मंडल ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई 2 अगस्त की रात उनके पति अधिवक्ता अनिमेश मंडल अपने बच्चें को स्कूल लेने जा रहा था उसी दौरान जैन गर्ल्स हास्टल के पास नहर पारा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आने जाने वाले लोगो को गाली गुप्तार कर धक्कामुक्की कर रहा था जिसें प्रार्थिया के पति अपनी मोटर सायकल को रोक कर उस अज्ञात व्यक्ति को ऐसा करने से मना किया जिस पर अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थिया के पति के उपर हत्या करने के नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से उनके ऑख के नीचे मारकर चोंट पहुंचा दिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को अज्ञात आरोपी का पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया थाना प्रभारी टिकरापारा द्वारा संयुक्त टीम तैयार किया गया टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपी का लगातार पता तलाश कर मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से अज्ञात आरोपी का पहचान वासुदेव निषाद उर्फ छोटू निषाद पिता दयालू राम निषाद उम्र 26 साल निवासी नहरपार लक्ष्मी नगर थाना टिकरापारा रायपुर से पकडकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



# हरेली लेकर आता है हरियाली और समृद्धि का संदेश : टंकराम वर्मा

## पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी चाबी

**बलौदाबाजार,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजस्व एवं अपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा आज विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हरेली पर्व, पीएम आवास लाभार्थियों के गृह प्रवेश एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के पहली त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर अतिथियों के द्वारा कृषि औजारों की पारम्परिक रीति से पूजा- अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। मंत्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपी तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर के मेड़ पर पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री वर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम सकरी में नवीन पीडीएएस भवन की स्वीकृति एवं मानस भवन के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।



राजस्व मंत्री वर्मा ने हरेली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार है। हरेली जो किसानों सहित सभी के लिए हरियाली, खुशहाली और समृद्धि का सन्देश लाती है। किसान खेती-किसानी के कार्य से निवृत्त होकर अच्छी फसल की कामना के साथ कृषि औजारों और प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाली और खुशहाली बनी रहे इसी बात को ध्यान रखते हुए मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन के ध्येय वाक्य को हमारी सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में भारत के चहुमुंखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, जिसे तीसरे स्थान पर लाना है। प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के पक्के मकान के सपने पूरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बहुत कम समय में किये गए वायदों को पूरी की है।

### सकरी में पीडीएस भवन व मानस भवन की मिली स्वीकृति

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीना एक हजार दिया जा रहा है। स्व रोजगार उपलब्ध कराकर मातृशक्ति को सुदृढ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह के माध्यम से रेडी टू -ईट संचालन का काम दिया जाएगा। इसी प्रकार भूमिहीन कृषि मजदूरों को योजना के तहत 10 हजार रूपए सालाना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज सकरी ग्राम के 18 हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में अब तक 86 अमृत सरोवर पूर्ण हो चुका है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने तथा आजीविका के साधन के रूप में अमृत सरोवर विकसित किये जा रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार अमृत सरोवरों का शत- प्रतिशत निर्माण समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव की पहल पर चिरायु टीम ने लौटाई 66 मासूमों के चेहरे पर मुस्कान

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जन्म से बीमारी से जूझ रहे जशपुर जिला के 66 बच्चों के चेहरे पर मुस्कान चिरायु टीम ने लौटाई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार राज्य के हर नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर सभी के उत्तम स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिबद्ध है।



### शासकीय और निजी चिकित्सालयों में हुआ नि:शुल्क उपचार

जिला चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द कुमार रात्रे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर चिरायु योजना के तहत पैर की विकृति से जूझ रहे 1, होंठ और तालू की विकृति से जूझ रहे 14, मोतिया बिंद के 3, ह्दय रोग के 18 के साथ अन्य बीमारियो से जूझ रहे 25 पीड़ितों को निशुल्क आपरेशन करा उन्हें बीमारी से मुक्ति दिलाई गई है।

उल्लेखनीय है जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील के बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में जशपुर सहित पूरे प्रदेश से लोग अपनी समस्या और मांग लेकर पहुंचते हैं। बगिया प्रवास में रहने के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनदर्शन में शामिल हो कर लोगों कि समस्या सुनते हैं। सीएम कैम्प के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवा के साथ अन्य सरकारी सेवा और योजनाओं का लाभ उठाने में आ रही परेशानियों का समाधान मिलता है।

कैम्प कार्यालय ने प्रदेशवासियों की सुविधा के लिए 07764-250061, 07764-250062 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से भी सीएम कैंप जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा 16 तक

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए फसलों की बीमा कराने की तिथि को बढ़ाते हुए 16 अगस्त 2024 कर दिया गया है। भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के नामांकन के लिए कट ऑफ की तिथि को 16 अगस्त कर दिया है। जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रदेश के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफल्ली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वह बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ हैं। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया कर प्रीमियम की राशि योजना प्रावधानानुसार अंतरित (राजसात) किया जाएगा। इसके संबंध में देशव्यापी हेल्पलाईन नंबर 14447 एवं +91-18004190344 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कृषक निर्धारित अंतिम तिथि अपने फसलों का बीमा कराकर पावती अवश्य कर ले। बीमा हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है एवं ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र, एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

# स्वतंत्र भारत का क्रांतिकारी निर्णय है तीन नए कानूनों पर अमल : अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री आंजनेय विश्वविद्यालय में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में हुए शामिल

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री अरुण साव आज रायपुर के नरदहा में आंजनेय विश्वविद्यालय द्वारा 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' (Decoding the Challenges of IndiaÓs new Criminal Laws) विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर अमल भारत सरकार का क्रांतिकारी निर्णय है। यह लोगों को त्वरित न्याय दिलाने और देश की न्यायिक व्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़ा कदम है। पुराने कानूनों में सुधार की जरूरत काफी लंबे समय से महसूस की जा रही थी, पर इन्हें बदलने देश के किसी भी सरकार ने हिम्मत और हौसला नहीं दिखाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्र भारत का क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए 1 जुलाई 2024 से नए कानूनों को देश में लागू कराया है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कॉन्फ्रेंस में उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विगत 2 अगस्त से प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए कानूनी विशेषज्ञों, न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' पर तीन दिनों तक मंथन किया। साव ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' जैसे सामयिक और प्रासंगिक विषय पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के आयोजन के लिए आंजनेय विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय की जरूरत, नागरिकों को जल्दी न्याय दिलाने, जांच और न्याय की प्रकिया में वैज्ञानिक तकनीकों, डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के प्रावधानों को शामिल करने तीन नए कानूनों को प्रभावशील किया गया है। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर देश की आजादी से काफी पहले बने पुराने और अप्रासंगिक औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव किया गया है। अंग्रेजों ने भारतीयों पर शासन करने और दंड देने के लिए पुराने कानून बनाए थे, जबकि नए कानूनों का उद्देश्य नागरिकों को न्याय दिलाना है।



कानूनी विशेषज्ञों, न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' पर तीन दिनों तक किया मंथन

श्री साव ने कहा कि नए कानूनों से आपराधिक मामलों की जांच और सुनवाई में तेजी आएगी। आधुनिक प्रावधानों के साथ साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुतीकरण में सुधार होगा। यह नया अधिनियम डिजिटल साक्ष्य और तकनीकी उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। तीनों नए कानूनों को नागरिकों की वर्तमान जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया गया है, जिससे न्याय प्रणाली जनता के लिए अधिक प्रासंगिक और उपयोगी होगी। ये कानून आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार लाने के साथ ही समाज में न्याय और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे साव ने आज विश्वविद्यालय परिसर में आंवला का पौधा भी लगाया।

आंजनेय विश्वविद्यालय के चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कार्यक्रम में कहा कि समय के साथ प्रचलित कानूनों में बदलाव जरूरी है। भारत सरकार ने भी जनहित और न्यायिक व्यवस्था को ज्यादा प्रभावी बनाने इनमें परिवर्तन किया है। एक विश्वविद्यालय होने के नाते लोगों को जागरूक करना और देश-दुनिया में हो रहे बदलावों से अवगत कराना हमारा दायित्व है। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। स्कॉलरशिप और वित्तीय सहायता (द्बह्रह्य) उपलब्ध कराकर हम आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को भी उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर सुमीत श्रीवास्तव, महानिदेशक डॉ. बी.सी. जैन, नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राहुल चौधरी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल तिवारी ने भी समापन समारोह को संबोधित किया। वाइस-चांसलर टी. रामाराव और तुषार चोपड़ा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन समिति की सचिव डॉ. रूपाली चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और शोधार्थी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# सिद्धेश्वर शिव मंदिर पलारी में आज महाआरती व जलाभिषेक



**पलारी/बलौदाबाजार,** 4 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के प्राचीन सुप्रसिद्ध बालसमुंद सिद्धेश्वर महादेव में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्धेश्वर युवा मंच के तत्वावधान में महाआरती व जलाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे दोपहर 2 बजे से सिद्धेश्वर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। पश्चात शाम 4 बजे राम के दीवाना मानस परिवार गायक टाकेश सिन्हा द्वारा भजन गायन किया जाएगा। तत्पश्चात शाम 6 बजे बालसमंद तट पर महाआरती किया जाएगा। उक्त जानकारी सिद्धेश्वर युवा मंच के सदस्य पिंटू वर्मा ने देते हुए इस महाआरती में नगर सहित आस पास के सभी माताओं, बहनों युवा साथियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पुण्य आयोजन के सहभागी बनने अपील किया है।

# प्रदेश में अब तक 666 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 665.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 04 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1487.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 307.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 536.4 मिमी, बलरामपुर में 833.6 मिमी, जशपुर में 502.0 मिमी, कोरिया में 544.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 560.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 596.6 मिमी, बलौदाबाजार में 737.8 मिमी, गरियाबंद में 644.7 मिमी, महासमुंद में 495.6 मिमी, धमतरी में 666.6 मिमी, बिलासपुर में 620.3 मिमी, मुंगेली में 667.5 मिमी, रायगढ़ में 540.7 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 336.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 594.9 मिमी, सक्ती 510.7 कोरबा में 774.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 577.2 मिमी, दुर्ग में 438.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 545.8 मिमी, राजनांदगांव में 740.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 846.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 510.7 मिमी, बालोद में 997.0 मिमी, बेमेतरा में 412.5 मिमी, बस्तर में 731.5 मिमी, कोण्डागांव में 738.4 मिमी, कांकेर में 954.9 मिमी, नारायणपुर में 849.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 869.1 मिमी और सुकमा जिले में 997.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# यूपीएससी-प्री 2024 उत्तीर्ण एससी-एसटी अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि देने आवेदन 6 तक

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए हेतु संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी,एससी) के पात्र अभ्यर्थियों से 6 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्ट्रर्ड डाक से भी उपरोक्त पते पर भेजा जा सकता है। पात्रता, शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन (https://tribal.cg.gov.in/) से डाउनलोड किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के एसटी,एससी वर्ग के युवाओं के सिविल सेवा के प्रति उनके परिश्रम के सम्मान में प्रोत्साहन स्वरूप संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान किया है।

शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)
शपथ पत्र – नाम सुधार / परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 6945430X पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR) टेकेंद कुमार (TEKENDRA KUMAR), पिता - श्री श्याम विश्वकर्मा (SHYAM VISHWAKARMA), निवासी - LIG – 2/2415, WARD NO -16 , HOUSING BOARD , NEAR LAL PANI TANKI , POST – INDUSTRIAL ESTATE BHILAI, TEHSIL – DURG, DIST – DURG, CHHATTISGARH – 490026 है, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।
(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR) टेकेंद कुमार (TEKENDRA KUMAR), पिता - श्री श्याम विश्वकर्मा (SHYAM VISHWAKARMA) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम श्याम कुमार (SHYAM KUMAR) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण एवं गलत है।
(स) यह कि मैं सेना के दस्तावेजों में अपने पिता का सही नाम – श्याम विश्वकर्मा (SHYAM VISHWAKARMA) दर्ज कराना चाहता हूँ जो कि भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर – 7958 9256 0242, पेन कार्ड नंबर – AKYPV7374G एवं छतीसगढ़ सरकार द्वारा जारी इंडियन यूनियन ड्राइविंग लाइसेंस नंबर – CG07 20190013810 के अनुसार सत्य एवं स्पष्ट हैं। (चूंकि मेरे पिता बहुत ही बुजुर्ग, और अशिक्षित होने के कारण मैं उपरोक्त दस्तावेज के अलावा कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकता हूँ अत: उपरोक्त दस्तावेज व शपथ पत्र को साक्ष्य मानकर नाम कि त्रुटी का सुधार किया जाएँ)
(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम - श्याम कुमार (SHYAM KUMAR) एवं उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम - श्याम विश्वकर्मा (SHYAM VISHWAKARMA) वह एक ही व्यक्ति (पुरूष) का नाम है जो मेरे पिता (FATHER) है और मुझ पर पूर्णत: आश्रित हैं।
(य) यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत: सही एवं सत्य हैं असत्य पाए जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथपत्र श्रीमान् शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
6945430X पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR)
टेकेंद कुमार (TEKENDRA KUMAR)

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
**ईशतहार**

रा.प्र.क / /ब/121/वर्ष 2023-24
धरसींवा, दिनांक 22/07/2024
ग्राम अछोली प.ह.नं. 28
रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा
तहसील धरसीवां जिला रायपुर ( छ.ग. )

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम साहू पिता स्व. परदेशीराम साहू निवासी गली नंबर 02 मोहल्ला पारस नगर शहर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम अछोली प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा, तहसील धरसीवां, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 375/18 रकबा 600 वर्गफुट भूमि आवेदक टीकाराम साहू पिता स्व. परदेशीराम साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त नही हुआ था। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नया ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/08/2024 तक स्वत अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील
तहसीलदार
धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )

न्यायालय तहसीलदार तहसील घरसीवा
जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
**ईशतहार**

रा.प्र.क्र./ /ब/121/2023-24
धरसींवा, दिनांक 22/07/2024
ग्राम अछोली प.ह.नं. 28
रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा
तहसील धरसीवां जिला रायपुर ( छ.ग. )

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका साहू पिता दशरथ साहू निवासी उरकुरा बस्ती रायपुर छ.ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम अछोली प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसीवां, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 375/16 रकबा 600 वर्गफुट भूमि आवेदक द्वारिका साहू पिता दशरथ साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुआ था। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नया ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका बाबत प्रस्तुत आवेदन के सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/08/2024 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
धरसींवा, जिला रायपुर ( छ.ग. )

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Rajendra D Fouzdar S/O Dwarka Das resident of E 1, sales tax colony, near public garden khamhardih shankar nagar Raipur c.g. have changed my old name Rajendra D Fouzdar S/O Dwarka Das, so in future I should be recognized by my new name that is Rajendra Fouzdar S/O Dwarka Das in all Government and other documents.

**RAJENDRA FOUZDAR**
E 1, SALES TAX COLONY,
NEAR PUBLIC GARDEN
KHAMHARDIH SHANKAR
NAGAR RAIPUR C.G.

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Divya R Fouzdar W/o Rajendra Fouzdar resident of E 1, sales tax colony, near public garden khamhardih shankar nagar Raipur c.g. have changed my old name Divya R Fouzdar W/o Rajendra Fouzdar, so in future I should be recognized by my new name that is Divya Fouzdar W/o Rajendra Fouzdar in all Government and other documents.

**DIVYA FOUZDAR**
E 1, SALES TAX COLONY,
NEAR PUBLIC GARDEN
KHAMHARDIH SHANKAR
NAGAR RAIPUR C.G.

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, FIROZE HUSSAIN S/O - afzal hussain khan resident of HOUSE NO 2/A STREET NO AVENUE C, SECTOR 1 BHILAI 1 , DISTT. DURG (C.G) 490001. have changed my old name FIROZE HUSSAIN S/O - afzal hussain khan, so in future I should be recognized by my new name that is firoze hussain khan S/O- afzal hussain khan in all Government and other documents.

**FIROZE HUSSAIN KHAN**
HOUSE NO 2/A STREET
NO AVENUE C, SECTOR 1
BHILAI 1 , DISTT. DURG
(C.G) 490001

शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)
शपथ पत्र – नाम सुधार / परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 15674831X पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR) दीपक कुमार साहू (DEEPAK KUMAR SAHU) पिता - श्री किशन लाल साहू (KISHAN LAL SAHU), निवासी - PLOT NO -148, SUNDER VIHAR COLONY , KURUD BHILAI , POST – INDUSTRIAL ESTATE BHILAI, TEHSIL – DURG, DIST – DURG, CHHATTISGARH– 490026 है, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। (ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR) दीपक कुमार साहू (DEEPAK KUMAR SAHU) पिता - श्री किशन लाल साहू (KISHAN LAL SAHU) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम किशन लाल (KISHAN LAL) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण एवं गलत है। (स) यह कि मैं सेना के दस्तावेजों में अपने पिता का सही नाम – किशन लाल साहू (KISHAN LAL SAHU) दर्ज कराना चाहता हूँ जो कि भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर – 6861 8266 6028, पेन कार्ड नंबर – BPGPS6421F एवं छतीसगढ़ सरकार द्वारा जारी इंडियन यूनियन ड्राइविंग लाइसेंस नंबर – CG07 19870002731 के अनुसार सत्य एवं स्पष्ट हैं। (चूंकि मेरे पिता बहुत ही बुजुर्ग, और अशिक्षित होने के कारण मैं उपरोक्त दस्तावेज के अलावा कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकता हूँ अत: उपरोक्त दस्तावेज व शपथ पत्र को साक्ष्य मानकर नाम कि त्रुटी का सुधार किया जाएँ) (द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम - किशन लाल (KISHAN LAL) एवं उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम - किशन लाल साहू (KISHAN LAL SAHU) वह एक ही व्यक्ति (पुरूष) का नाम है जो मेरे पिता (FATHER) है और मुझ पर पूर्णत: आश्रित हैं। (य) यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत: सही एवं सत्य हैं असत्य पाए जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथपत्र श्रीमान् शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
15674831X पूर्वसैनिक हवलदार (EX HAVILDAR)
दीपक कुमार साहू (DEEPAK KUMAR SAHU)

**आवश्यकता है**

साईं सदन एजुकेशन स्कूल शिक्षा महाविद्यालय बेन्द्री, रायपुर

महाविद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संचालित साईं सदन एजुकेशन स्कूल शिक्षा महाविद्यालय बेन्द्री, अभनपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. ) में डी.एल.एड. संकाय हेतु राज्य शासन ( SCERT) के नियमानुसार शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ व विभागाध्यक्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं-

दिनांक- 05.08.2024

| S.No. | DESIGNATION | POST | QUALIFICATION |
|---|---|---|---|
| 01 | HOD | 01 | P.G.55% M.Ed. 50% 5Year Experience in teacher education institute |
| 02 | Perspective in Education/ Foundation of Education | 01 | P.G. 55% M.Ed. 50% |
| 03 | Science | 01 | P.G. 55% M.Ed. 50% |
| 04 | Social Science | 01 | P.G. 55% M.Ed. 50% |
| 05. | Mathematics | 01 | P.G. 55% M.Ed. 50% |
| 06. | Language (Hindi & English) | 01 | P.G. 55% M.Ed. 50% |
| 07 | Fine Arts/Performing Arts | 01 | M.F.A. 50% |
| 08 | Health and Physical Education | 01 | M.P.Ed 50% |
| 09 | UDC/Office Superintendent | 01 | PG/Any Subject DCA/PGDCA |
| 10. | Computer Lab Assistant | 01 | BCA/B.tech/Computer Science |
| 11. | Library Science | 01 | B.lib |
| 12 | Comuter Operator cum Store keeper | 01 | DCA/PGDCA |

सांई सदन एजेुशन स्कूल शिक्षा महाविद्यालय बेन्द्री, अभनपुर, जिला- रायपर ( छ.ग. )
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से अनुमोदित एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध
( रामरतन गीता ट्रस्ट द्वारा संचालित )
E-mail.-ssesb8@gmail.com Ph : 7067353471



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्यपाल रमेन डेका ने गत दिवस सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट किया।

## पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने उमड़ा श्रद्धा-भक्ति का सैलाब

**कुरूद.** 4 अगस्त( देशबंधु) सावन महीने के पावन अवसर पर चारों ओर शिव जी भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है।मंदिरों में सुबह शाम भक्तों की भीड़ उमड़ रही है । बेल पत्र और पुष्पमाला लिए शिवभक्त गण श्रद्धा भक्ति में डुबकी लगा रहे है।विगत दिनों सीहोर के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के आव्हान पर नगर के घरों में पार्थिव शिवलिंग के निर्माण व अभिषेक के पूजन का आयोजन किया गया। पूजन का टीवी पर सीधे प्रसारण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने घर बैठे ही भगवान का अभिषेक किया।रातभर शिव भजन का दौर चला और प्रसाद का वितरण किया गया। शिवपुराण के मुताबिक पार्थिव शिवलिंग किसी पवित्र नदी या तालाब की मिट्टी से बनाना चाहिए। इसकी पूजा से उम्र, सुख और शांति में वृद्धि होती है। शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव शिवलिंग की पूजा से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है।

सनातन धर्म में श्रावण मास को भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माना गया है।शास्त्रीय मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना से जीवन में सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति तो होती ही है।सावन का सोमवार बहुत ही खास माना जाता है।ऐसा माना जाता है कि इस दिन जप, तप और ध्यान करना बहुत अच्छा होता है।सोमवार का दिन चंद्र ग्रह का होता है और चंद्रमा के नियंत्रक भगवान शिव होते हैं।इस दिन पूजा करने से न केवल चन्द्रमा बल्कि भगवान शिव की कृपा भी मिल जाती है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे भोरमदेव में कावड़ियों पर पुष्प वर्षा

**रायपुर,** 4 अगस्त ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 अगस्त, सोमवार को भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के बारे में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार सुबह 7 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से प्रस्थान करेंगे और लगभग 7-30 बजे भोरमदेव पहुंचेंगे। भोरमदेव में वह हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों, जो सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवजी का जल अभिषेक करने आए हैं, पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। उसके उपरांत भोरमदेव बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के किये कामना करेंगे।



■ श्री साय बूढ़ा महादेव में करेंगे दर्शन व अभिषेक

भोरमदेव में पुष्प वर्षा के उपरांत मुख्यमंत्री साय सुबह 8 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंचेंगे। वे 9 बजे तक भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्राचीन और प्रसिद्ध बूढ़ा महादेव मंदिर में पंचमुखी बूढ़ा महादेव का दर्शन, पूजन और अभिषेक करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर भोरमदेव और बूढ़ा महादेव मंदिर में विशेष रूप से हजारों की संख्या में कावड़िये अमरकंटक से नर्मदा जल लाकर शिवजी का अभिषेक करते हैं। यह परंपरा पिछले 25 से 30 वर्षों से जारी है और हर वर्ष कावड़ियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री श्री साय का इस वर्ष शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करना इस परंपरा को और अधिक विशेष बना रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भोरमदेव और कवर्धा दौरे के दौरान सुरक्षा और आयोजन की विशेष तैयारियाँ की गई हैं। पुलिस प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक इंतजाम करें ताकि कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से हो सके। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही, शिव भक्तों के लिए भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने धार्मिक अनुष्ठानों को पूरा कर सकें।

### छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक क्षण

यह आयोजन छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित होगा। पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ेगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं और संस्कृति को और भी सशक्त बनाएगा।

### छत्तीसगढ़ में बारिश का कहर

## कच्चा मकान गिरने से पति पत्नी की मौके पर मौत

**पेंड्रा,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। जिले में एक दर्दनाक हुआ है, यहां कच्चा मकान गिरने से पति-पत्नी की मलबे में दबकर मौत हो गई है। वहीं आठ साल के बच्चे को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बच्चा रात साढ़े 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मलबे में दबा रहा। जिसके बाद बच्चे को सुरक्षित जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां बच्चा सुरक्षित है। यह पूरा मामला पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के रामगढ़ गाव का है। जहां पर पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। वहीं देर रात पेण्ड्रा के रामगढ़ गांव में एक कच्चा मकान ढह गया। जिसके चलते घर में सो रहे पति दिनेश सिंह, पत्नी शारदा सिंह और उनका आठ साल का बच्चा प्रिंस दबा रहा। तीनों रात लगभग 10.30 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक दबे रहे घटना में पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। जबकि 8 साल के प्रिंस को आस-पास के ग्रामीणों ने सुरक्षित मलबे से बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत सामान्य है, घटना की सूचना पर पेण्ड्रा पुलिस मौक़े पर पहुचकर शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपने के साथ पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा देने की बात कही, साथ ही बच्चे के उचित इलाज की व्यवस्था भी करने को निर्देशित किया गया है।

■ घंटों मलबे में फसा रहा 8 साल का बच्चा

# पति पर बिना सबूत मारपीट, चारित्रिक आरोप को हाई कोर्ट ने माना क्रूरता

**बिलासपुर,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। तलाक के मामले में महिला ने बिना सबूत के अपने पति पर मारपीट और चारित्रिक आरोप लगाया. हाईकोर्ट ने इसे क्रूरता की श्रेणी में माना है. दोनों पक्षों को सुनने के बाद पत्नी द्वारा फैमिली कोर्ट से पारित तलाक की डिक्री के खिलाफ पेश याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है.

दरअसल, याचिकाकर्ता महिला नगर निगम में कार्यरत हैं. उसका विवाह 29 जनवरी 2003 को त्रिवेणी भवन बिलासपुर में हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ. पति उनसे 10 साल छोटा था, और पति प्राइवेट दुकान में काम करता था. शादी के बाद पत्नी का लगातार अपने मायके आना जाना लगा रहा, जिसकी वजह से पति से उसका विवाद होता था. इसी बीच 3 जून 2004 को एक बच्चे का जन्म हुआ. पति-पत्नी के बीच लड़ाई जारी रहा. कुछ दिनों बाद पत्नी अपने बच्चे को लेकर मायके चली गई.



■ तलाक के खिलाफ पत्नी की याचिका की खारिज

पति ने इस बीच बच्चे का मुंडन संस्कार के लिए द्वारका जाने कार्यक्रम तय किया, पत्नी ने इसके लिए सहमति दी. बाद में पति व ससुराल वालों की बिना बताए उनकी अनुपस्थिति में बच्चे का मुंडन संस्कार कर दिया. वर्ष 2012 पति अपनी पत्नी को लेने गया, लेकिन पत्नी ने उसके साथ रहने से इंकार कर दिया. इस पर पति ने तलाक की अर्जी परिवार न्यायालय में दी. परिवार न्यायालय ने इसे स्वीकार कर लिया.

इसके बाद पत्नी की ओर से हाईकोर्ट में अपील कर तलाक के फैसले को खारिज करने की मांग की गई. हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद परिवार न्ययालय के फैसले को बरकरार रखा है. मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि, महिला ने अपने पति पर मारपीट और चारित्रिक लांक्षन का जो आरोप लगाया है, वह मनगढंत है. और उक्त आरोप को प्रमाणित करने के लिए कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया है.

# भालू ने ग्रामीणों पर किया हमला

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। मरवाही वनमंडल के जंगलों में एक बार फिर भालू ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया है. भालू के इस हमले से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई. वहीं दी अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में बहरति कराया गया है. यह घटना मरवाही थाना क्षेत्र के सिवनी के पास बदरोड़ी पंचायत की है.



■ एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह हरियाली अमावस्या का त्यौहार मातम में बदल गया जब मादा भालू के हमले से एक युवक की मौत हो गई और अन्य दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जा रहा है कि सुबह छाब लाल (28 वर्ष) अपने दो अन्य ग्रामीण साथियों के साथ हरियाली अमावस्या त्योहार होने के कारण सभी अपने-अपने खेतों के लिए तेंदू की टहनी लेने बदरोड़ी के जंगलों के अंदर की ओर गए हुए थे.

इस दौरान उनका सामना जंगल में अपने बच्चों के साथ घूम रही एक मादा भालू से हुई. तीनों कुछ समझ पाते कि इससे पहले ही मादा भालू ने अचानक हमला कर दिया. तीनों गर्मिणो को भालू ने बुरी तरह से नोंच डाला, अचानक हुए हमले से कुछ ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई. भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल 28 वर्षीय युवक छाबलाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल हुए दो ग्रामीण घासीराम और संतलाल को 108 संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से मरवाही सीएचसी लाया गया. जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम घायलों के इलाज और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## सर्पदंश से मां और दूधमुंहे बच्चे की मौत

**कोरबा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड पाली में सर्पदंश से दो मौत हुई है। इस बरसात में सांप काटने से आधा दर्जन से अधिक मौतें हो चुकी है। शुक्रवार रात पाली थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर के आश्रित मोहल्ला मानिकपुर में एक दुधमुहे बच्चे और उसकी मां को सांप ने डस लिया जिससे मां-बच्चे दोनों की मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार ग्राम शिवपुर निवासी शनि बाई कोल 28 वर्ष और बेटा विनय कुमार रात में खाना खाकर कमरे में सो रहे थे। रात लगभग 2 बजे बेचैनी महसूस होने पर उसने परिजनों को उठाया तब उन्होंने देखा कि एक विषैले सांप ने उसे और मासूम बच्चे को काट लिया है। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया लेकिन उनकी प्राण रक्षा नहीं हो सकी। उपचार के दौरान कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई। चिकित्सक के अनुसार अस्पताल आने मे विलंब के कारण जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। विदित हो कि पाली ब्लॉक के वनांचल मे बरसात शुरु होने के साथ ही सर्प दंश की घटना बढ़ जाती है। एंटी स्नेक वेनम आदि जरूरी उपचार उपलब्ध होने के बावजूद अज्ञानता, अंधविश्वास आदि के कारण लोग बेमौत मारे जाते हैं। कईयों को सर्प दंश का समय पर पता ही नहीं चलता है, इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दो दिन पूर्व डोंगानाला में एक 15 वर्षीय बालिका को सर्प ने डस लिया था जिसका तुरन्त पता नहीं चला और कुछ देर बाद तबियत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### कुएं में डूबने व सर्पदंश से मौत

इसी तरह पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के सालिहाभाठा निवासी युवक राजकुमार सारथी पिता समारु सारथी 35 वर्ष की कुआ में डूबने से मौत हो गई। सर्पदंश से एक अन्य मृतक गरीदारी सिंह पिता रायसिंह 50 वर्ष निवासी कर्रानावापारा का रहने वाला था।

## एनआईए की छापेमारी में 2 नक्सली पकड़ाएं

**कांकेर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कांकेर जिले से दो नक्सलियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया है. एनआईए ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर जानकारी साझा की है. जिसमें बताया गया है कि ये गिरफ्तारी कुएमारी क्षेत्र समिति के दो सदस्यों की हुई है. गिरफ्तार माओवादियों का नाम आशु कोरसा और विनोद अवलम बताया जा रहा है.




■ सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश को किया नाकाम

एनआईए के अनुसार, दोनों नक्सली नेता सुरक्षा और आपूर्ति टीम के सदस्य थे और सुरक्षा बलों पर हमला करने की योजना बना रहे थे. इसके लिए वे हथियार और विस्फोटक लेकर जा रहे थे. दोनों की गिरफ्तारी मुंजालगोंदी इलाके में की गई. एनआईए की टीम ने जून महीने में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया था. दोनों नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने जगदलपुर स्थित विशेष न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया है.


### जिला अस्पताल से रेप का आरोपी फरार, मचा हड़कंप, खोजबीन जारी

**रायगढ़,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही हैं। यहां 376 का आरोपी सिटी कोतवाली पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया है। आरोपी को पुलिस जम्मू से पड़कर लाई थी। आरोपी का नाम नरेंद्र पटेल निवासी जांजगीर चांपा उम्र 37 वर्ष लगभग, आरोपी रायगढ़ जिला चिकित्सालय से मेडिकल के दौरान फरार हुआ है।

**NECC**

| 05.08.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 435 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 5.75 | 100 | 165 |

डिलीवरी 450 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# पहली बार सार्वजनिक हुई डीएमएफ के कार्यों की मंजूरी

**दंतेवाड़ा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका और सड़क कनेक्टिविटी सहित कई विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। यह पहली बार हुआ जब डीएमएफ से स्वीकृत कार्यो की जानकारी जिले में सार्वजनिक की गई। यह प्रशासन के पारदर्शी होने का बड़ा प्रमाण भी माना जा रहा है।

बैठक के तहत लिए गए निर्णय एवं अनुमोदन में जिला दन्तेवाड़ा के नगरपालिका एंव नगर पंचायतों का सौंदर्यीकरण कार्य, नगरीय क्षेत्र मे फुटपाथ का निर्माण कार्य, श्रद्धालुओं हेतु धर्मशाला भवन निर्माण, पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने ढोलकल, बारसूर, मलांगिर इत्यादि क्षेत्रों का विकास निर्माण कार्य, जिला अन्तर्गत संगीत महाविद्यालय की स्थापना कार्य, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप खेल अधोसंरचनात्मक जावंगा में विभिन्न अधोसरचना निर्माण, पुराना बस स्टेण्ड में जीविकोपार्जन हेतु रिडेवलपमेंट, ग्राम पंचायत पोन्दुम में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रमुख है।

बैठक में शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए बालमित्र एवं पढ़े दन्तेवाड़ा-लिखे दन्तेवाड़ा योजना की पहल की जा रही है। इसके तहत् जिले में बाल मित्र कार्यक्रम जिले के कुल 66 ग्राम पंचायतों में बच्चों की शिक्षा और समूह विकास को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन, जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से राशि 246.680 लाख स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस क्रम में पढ़े दन्तेवाड़ा-लिखे दन्तेवाड़ा अन्तर्गत संचालित प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से राशि 102.158 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। नवीन भवन निर्माण तथा मरम्मत योग्य भवनों का मरम्मत कार्य के लिए राशि 710.07 लाख की स्वीकृति, जिले के छात्रों की संगीत प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय में



प्रशिक्षित किये जाने हेतु राशि 2.185 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशियन डिप्लोमा कोर्स प्रशिक्षण हेतु राशि 31.99 लाख की स्वीकृति, एजुकेशन सिटी जावंगा के मरम्मत एवं शिक्षा के बेहतर विकास हेतु

- दंतेवाड़ा के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों स्वीकृत
- स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार और सड़क पर खर्च होगी राशि
- पर्यटन, संस्कृति और महिला बाल विकास के लिए नया लक्ष्य

एजुकेशन सिटी जावंगा में राशि- 494.43 लाख को स्वीकृत किया गया। बैठक के अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों में किरन्दुल में आस्था विद्या मंदिर के निर्माण हेतु राशि 3238.51 लाख, आस्था/छू-लो आसमान का संचालन हेतु राशि 782.55 लाख एवं लक्ष्य कोचिंग का संचालन हेतु राशि 6.60 लाख, युवोदय प्रशिक्षण एवं समता निर्माण हेतु राशि 2.537 लाख, घुड़सवारी खेल संबंधी प्रशिक्षण कार्य हेतु राशि 16.50 लाख स्वीकृति प्रदान की गई है।

यूनिवर्सल अण्डा वितरण जिले के अन्तर्गत सुपोषण के तहत् जिले के गर्भवती महिलाओं, नौनिहाल बच्चों के शारीरिक पोषण हेतु अण्डा वितरण कार्य को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय राशि 175.00 लाख, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत् वित्तीय राशि 492.155 लाख, एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत जिला दन्तेवाड़ा में बच्चो के बौद्धिक विकास हेतु 36 नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु राशि 139.63 लाख की स्वीकृति दी गयी।

इसके साथ ही जिले में सड़क मार्गों को बेहतर बनाने के लिए भी डीएमएफ योजनान्तर्गत 62 सड़के स्वीकृत की गई हैं। इसकी लागत राशि 987.23 लाख है, जिससे अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों की जनसंख्या लाभन्वित होगी। इसके अलावा 179 पुल-पुलिया निर्माण को स्वीकृत किया गया, जिसकी लागत राशि 1719.40 लाख है।

जिले के युवक-युवतियों को टैटू प्रशिक्षण देकर उन्हे लाभान्वित एवं रोजगार का अवसर दिया जा रहा है। इसके तहत जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से राशि 1.753 लाख, साथ ही तार बाड़ी फेंसिंग हेतु राशि 864 लाख, जेल से रिहा हुए बंदियों हेतु जीविकोपार्जन प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु राशि 25.51 लाख की स्वीकृति दी गई है। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इन समस्त अनुमोदित कार्यों और निर्णयों को मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, वनमण्डलाधिकारी सागर जाधव, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा सहित समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# डॉ. निराला ने सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के तैयारी हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली

**बिलाईगढ़**, 4 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने जिले के समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह अपने चिकित्सीय कार्य के अलावा अतिरिक्त समय निकालकर फील्ड भ्रमण कर मैदानी क्षेत्र में अपने कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग कर अपने कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



यह डॉ निराला ने सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के कार्य की तैयारी और रूपरेखा तैयार करने स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली जिला नोडल अधिकारी (आईडीएसपी) को प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल की समीक्षा कर मौसमी बीमारियों पर सतत निगरानी करने, जिला नोडल अधिकारी (एनवीबीडीसीपी) को वर्तमान समय में आरएफएस कार्य को फोकस करने पॉजिटिव केसेज में सोर्स रिडक्शन करने, जिला नोडल अधिकारी(आयुष्मान) को जिले के निजी नर्सिंग होम पर सतत निगरानी करने, भर्ती मरीजों से पूछताछ करने व अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही करने, जिला नोडल अधिकारी(मुख कार्यक्रम) को कोटपा अधिनियम के तहत लगातार चलानी कार्यवाही करने के निर्देश सहित समस्त जिला नोडल अधिकारियों को अपने कार्यक्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वही दूसरी पारी में जिले कार्यरत चिरायु टीम की समीक्षा में ग्रीष्म काल में आंगनवाड़ी के प्रथम चरण भ्रमण के बैकलॉग को तत्काल पूर्ण कर स्कूल के साथ-साथ सेकंड चरण के स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने, उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर केसेस को प्रेरित कर तत्काल चिकित्सा लाभ दिलाने के निर्देश दिए। 06/08/2024 को प्रदेश भर के स्कूलों में आयोजित होने वाले पालक शिक्षक बैठक में उपस्थित होकर बाल केंद्रित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में डॉ आर एल सिदार (बीएमओ सारंगढ़), डॉ एस के खूंटे(डीएनओ, पीसीपीएनडीटी), डॉ वैष्णव(बीएमओ बिलाईगढ़), डॉ संजय पटेल(बीएमओ बरमकेला), डॉ रूपेंद्र साहू(डीएनओ आयुष्मान), डीपीएम नंदलाल इजारदार, डॉ अनूप अग्रवाल(डीएनओ आरसीएच), डॉ भूषण खूंटे(डीटीओ), डॉ रितेश सेन(डीआईओ), डॉ रामजी शर्मा(डीएमओ), डॉ इंदु सोनवानी(डीएनओ,मुख स्वास्थ्य), डॉ खरे(डीएनओ चिरायु) सहित चिरायु टीम के समस्त डॉक्टर्स व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण संपन्न

**बिलाईगढ़,** 4 अगस्त (देशबंधु)। एससीईआरटी रायपुर (छत्तीसगढ)के परिपालन में अंग्रेजी प्रशिक्षण का उन्मुखीकरण कार्यक्रम विकास खंड कसडोल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जो तीन चरणों में पुरा हुआ जिसमें विकासखंड के प्रत्येक प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने के प्रति संकोच को दूर करने का प्रयास किया गया जिसमें सभी शिक्षको ने अपनी भागीदारी दिखाई और साथ ही अंग्रेजी बोलने जैसी कला को अपनी शाला में विद्यार्थी के साथ साझा करने का निर्णय भी लिया।



यह कार्य कार्यक्रम विकास खंड कसडोल के कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अतिरिक्त भवन में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे विकास खंड अधिकारी रमाकांत देवांगन, बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में नवीन कुमार वर्मा (सिमगा) राजेश पटेल (कसडोल) अजय कुमार ठाकुर (सिमगा)ने अपनी सफल सहभागिता दिखाई। एक प्रशिक्षक और सफल प्रबंधक के रूप में लोकनाथ केवडा जी का विशेष योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह मे रमाकांत देवांगन बी.ई.ओ.कसडोल और बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव द्वारा अपनी उद्बोधन मे सभी शिक्षकों,प्रशिक्षकों और इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोगी रहे सभी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और शिक्षकों के माँग के अनुसार इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वृहद रूप मे आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

# सभी साकार करें विकसित दंतेवाड़ा का सपना : सांसद



- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक
- केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा
- सड़क सुरक्षा की विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा

**दंतेवाड़ा**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास मूलक योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारी इन योजनाओं में तेजी से प्रगति लाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय एवं बेहतर तालमेल एवं सहयोग के साथ कार्य करें। सांसद ने कहा कि शासन की योजनाओं का संचालन जिले में समुचित ढंग से हो सके इसके लिए अधिकारीगण सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में महत्वपूर्ण केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), छ.ग. ग्रामीण सड़क योजना विकास अभिकरण (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना), छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा हुई।

बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यहां की महिलाओं तथा बच्चों के भोजन में अतिरिक्त रूप से यूनिवर्सल अंडा प्रत्येक केंद्र में प्रतिदिन प्रदान किए जा रहे हैं, जो कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने का बहुत अच्छा जरिया है।

इसके साथ ही सांसद श्री कश्यप ने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, सुपोषण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जितनी भी योजना है। उनको युद्ध स्तर पर क्रियान्वित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो सकें। हम सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हम सभी मिलकर जिले को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जायें।

जिला कार्यालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक के साथ-साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला सड़क सुरक्षा योजना विकसित, लाईसेस निलंबन की जानकारी, जिला चिकित्सालय में ट्रामा सेंटर की स्थापना, ब्लैक स्पॉट का चिहाकन एवं सुधार कार्य एवं सभी मुख्य मार्गो में यातायात संबंधित निर्देशात्मक, आदेशात्मक तथा सूचनात्मक बोर्ड पर चर्चा हुई। बैठक में विधायक चैतराम आटमी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित जनप्रतिनिधि और पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा तथा सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हत्या के पांच आरोपी साल भर बाद गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के किरन्दुल इलाके में हत्या के 5 आरोपियों को पुलिस ने लगभग साल भर बाद गिरफ्तार किया। पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

किरन्दुल थाने के कलेपाल स्कूल पारा में 53 वर्षीय लच्छु बारसे की हत्या 28 सितंबर 2023 की रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से की गई थी। किरन्दुल थाने में हत्या का अपराध दर्ज किया गया। एसपी गौरव राय के दिशा निर्देश पर इन दिनों लंबित मामलों की पड़ताल की जा रही है। इसी सिलसिले में करीब साल भर पुराने इस प्रकरण की फिर जांच शुरू हुई। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद पुलिस बड़े बेड़मा कुंजामपारा में दबिश देकर भीमा कुंजाम, प्रकाश कुंजाम, नरेन्द्र कुंजाम, देवी सिंह कुंजाम और सोना कुंजाम को हिरासत में लिया। इनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो इन्होंने लच्छु की हत्या की बात स्वीकार कर ली।



- कलेपाल में हुई थी ग्रामीण की हत्या
- मामूली विवाद के बाद आरोपियों ने की थी वारदात

आरोपियों ने बताया कि भीमा कुंजाम की अपनी पत्नी के साथ लड़ाई हुई थी। बेड़मा में इसे लेकर बैठक भी हुई थी। इसी बैठक में लच्छु बारसे ने भीमा के साथ मारपीट की। बार-बार धमकी भी भीमा को देता था। इसी से परेशान होकर भीमा ने अपने चार अन्य साथियों प्रकाश, नरेन्द्र, देवी और सोना के साथ मिलकर लच्छु की हत्या की योजना बनायी। पिछले साल 27 सितंबर को चारों साथियों के साथ बेड़मा से निकलकर पेंटा गांव में शराब पी। इसके बाद रात 11 बजे कलेपाल मेनरोड टिकनपाल चौक के पास आकर रूके और प्रकाश व नरेन्द्र ने लच्छू को उसके घर से बुलाया। भीमा ने लच्छु के गर्दन में डण्डे से वार किया। लच्छु बेहोश होकर गिर गया, इसके बाद प्रकाश ने अपने बैग से लोहे का बंडा निकाला और लच्छु के गर्दन पर वार कर दिया। लच्छु के गर्दन से खून बहने लगा और थोड़ी ही देर में उसकी मौत हो गयी।

इसके बाद भीमा, प्रकाश और नरेन्द्र एक मोटर सायकल में तथा सोना और देवी कुंजाम अलग मोटर सायकल में बड़े बेड़मा वापस घर आ गए। लच्छु बारसे की हत्या के मामले में धारा 34 आईपीसी जोड़ी गई और 2 अगस्त को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू के साथ एएसआई के. सीमाचलम, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक सोना ताती और बिसेलाल ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# गरियाबंद के आदिवासी कन्या आश्रम में न्योता भोजन आयोजित

## बच्चों को परोसा गया खीर, पूरी, सब्जी, पापड़ और सलाद

**गरियाबंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शासन द्वारा शुरू किए गए न्योता भोजन की अनुकरणीय पहल से अधिकारी कर्मचारी के साथ ही पालकगण भी प्रेरित हो रहे है और जन्मदिन सहित अन्य विशेष दिवस में स्कुलों में न्योता भोज का आयोजन कर रहे है। इसी तरह शनिवार को नगर के आदिवासी कन्या आश्रम गरियाबंद में अधीक्षक रामकुंवर ध्रुव ने अपनी पुत्री कुमारी योगी ध्रुव तथा पालक नरेंद्र कुमार ध्रुव ने अपने पुत्री कुमारी तृषा ध्रुव के जन्मदिन पर न्योता भोजन कराया। शिक्षा सत्र प्रारंभ के पश्चात पहली बार आयोजित न्योता भोज में बच्चो मे काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चो को मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक फल सेब, केला एवं मिठाई का वितरण किया गया। इसके अलावा खीर पूड़ी का वितरण कराया गया। शाला प्रबंधन समिति ने इस अनुकरणीय पहल की भूरी भूरी प्रशंता की। साथ ही बच्चों को बैग देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, संस्था के अधीक्षिका एवं प्रधान पाठक रामकुँवर ध्रुव, शिक्षिका सिवानी मिश्रा, ललिता ध्रुव, प्रमिला देवांगन, पालक कुलेश्वरी ध्रुव, नरेंद्र कुमार ध्रुव, आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष उमेदि कोर्राम, सुरेश पैकरा, नीलेश ध्रुव, लयन ध्रुव, मिना बाई, तनु सिंग, नोगेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे।



# विश्व कल्याण हेतु घर में किया पार्थिव शिवलिंग का पूजन



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबंधु)। नगर पंचायत तुमगांव में और पूरे भारत वर्ष में सावन की इस विशेष मास शिवरात्रि पर सभी महादेव की भक्तों ने पंडित आचार्य प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी ने अपने अपने घरों में पूरे विधि विधान से मन मे सच्ची श्रद्धा रख पार्थिव शिवलिंग बना कर पूजा अर्चना अभिषेक किया और विश्व कल्याण अपने समाज परिवार धन वैभव सुख समृद्धि शांति और मोक्ष के लिए महादेव का अभिषेक किया। उक्त जानकारी नगर पंचायत तुमगांव के जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने दी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### रोटरेक्ट और इनरव्हील क्लब...

मोहित दंडवानी, मीनू साहू, प्रतिक हेलीवाल, आसिफ खान, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष सरिता थॉमस, सचिव रेशमा चमड़िया, नूतन जैन, दीपिका सोनी, प्रियंका गुप्ता, शुशमा झा, अरुणा जोबनपुत्रा, रोटरी अध्यक्ष विवेक सोनी, श्रीनिवास राव मद्दी, कमलेश गोलछा, विवेक जैन, श्रीधर मद्दी, मनोज थॉमस, यातायात प्रभारी अभिजित सिंह भदोरिया,एवं अन्य उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब का शपथ...

वर्तमान अध्यक्ष विवेक सोनी ने विगत एवं वर्तमान वर्षों में की गई सेवा की गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव डॉक्टर मनोज थॉमस ने वर्ष भर किये गए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के प्रवीण कुमार ने कहा कि मानवता की सेवा ही हमारा धर्म होना चाहिए। सामाजिक क्षेत्र के जागरूकता मे अग्रणी भूमिका रहती है। स्वास्थ्य के लिए हो चाहे शिक्षा के लिए हो जागरूकता के साथ सेवा मे लगे रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन अमित जैन एवं आभार साइन वर्गीस ने किया।

### पाट जात्रा पूजा विधान...

अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान पूरी की जायेगी और 19 अक्टूबर को माई दन्तेश्वरी की विदाई के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

### जिले में पहली बार...

फांस, बंधन (लेसिंग) की जानकारी, प्राथमिक सहायता, कंपास रीडिंग, सोलह दिशाओं का ज्ञान, नक्शा पढ़ना, ड्रिल, योगा, बीपी- 6 व्यायाम, ध्वज की जानकारी, ध्वज के प्रकार, ध्वज शिष्टाचार, फंडामेंटल, आंदोलन का इतिहास, साहित्य की जानकारी, अनुमान लगाना, बिना बर्तन का भोजन बनाना, महिला सुरक्षा कानून की जानकारी, स्टाफ द वायलेंस, फ्री विंग मी, मोर्स कोड़, सीमा फोर, अनुमान लगाना, बूटे के चिन्ह, खोज के चिन्ह, सिटी के संकेत, हाथ के संकेत आदि प्रकार के तृतीय सोपान/स्काउट गाइड एवं निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण दिया गया एवं परीक्षा लिया गया। उपरोक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव के द्वारा दी गई।

# मुंशी प्रेमचंद भारतीय साहित्य के अमूल्य सर्जक : मीना पाणिग्राही

**महासमुंद** 4 अगस्त (देशबंधु)। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद भारतीय साहित्य के अमूल्य सर्जक थे। उनके साहित्य में भारत की कृषि,ग्रामीण व्यवस्था, नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण परिवेश की झलक के साथ भारतीय संस्कृति की अमूल्य छाप दिखती है। संगोष्ठी के दौरान छात्र अध्यापक जसवंत सिदार ने प्रेमचंद की उपनाम पर चर्चा, शीतल साय द्वारा बलिदान उपन्यास पर चर्चा, अमन लहरे द्वारा ईदगाह, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, निर्मला, सेवा सदन एवं प्रियंका यादव द्वारा पंच परमेश्वर पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी का समीक्षा करते हुये सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान द्वारा अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कर बताया गया। उन्होंने कहा कि आज के परिदृश्य में प्रेमचंद जी का साहित्य अत्यंत प्रासंगिक है। व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा ने विचार रखते हुये कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियां एवं उपन्यास पाठकों के लिये हृदय स्पर्शी के साथ साथ प्रेरणादायी है। साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन उनकी छोटी छोटी कहानियों का वर्णन करते हुये कहा कि ईंट, गारों एवं पत्थर से इतिहास नहीं बनता इतिहास होता है। व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं भारतीय साहित्य का अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक के सिंग व्याख्याता संतोष साहू, कमलेश पांडेय, दुर्गा सिन्हा, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील साहू, आकांक्षा, प्रदीप, राधा साहू, योगेन्द्र पांडे, मीना साहू, गरिमा राजपूत, तरुण चंद्राकर, अजय, उदित, हीरामन सहित छात्राध्यापक गण उपस्थित थे। संचालन छात्राध्यापक समृद्धि साहू, प्रियंका यादव एवं आभार प्रदर्शन ईश्वर चंद्राकर ने किया।



डाइट में मुंशी प्रेमचंद जयंती पर संगोष्ठी

# व्याख्याता दीप ने बच्चों को न्यौता भोज कराया



**सरायपाली**, 4 अगस्त (देशबंधु)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में शासकीय आदर्श बालक उच्च. माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में कार्यरत व्याख्याता घनश्याम दीप द्वारा अपने जन्मदिवस के पूर्व दिवस न्यौता भोज कराया जिससे विद्यालय में अध्ययनरत तीन? सौ से अधिक विद्यार्थी लाभांवित हुए। उक्त न्यौता भोज में आदर्श विद्यालय के प्राचार्य जे पी पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता आर के पटेल, व्याख्याता जोगी लाल पटेल,अरिह्ले सर, व्याख्यता प्रकाश कुमार ठेठवार, श्रीमती कुसुम देवांगन, श्रीमती तिलोत्तमा साहू, मनोज कुमार चौधरी, सुनील दास राजकुमार पटेल,श्रीमती जैमिनी पटेल श्रीमती अनीता साव आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल, व्याख्याता महेश नायक, प्रधान? पाठक आशा शर्मा धनपत सिदार, श्रीमती भारती सिदारनेतराम , शोभाराम भोई, प्रमोद प्रधान, रोहित मुन्ना, मोहितेश नायक, श्रीमती लता, श्रीमती मूंगा, श्रीमती सुभाषिनी, श्रीमती मंजू,घासी चौहान, केशव चौहान, श्रीमती अंजनी मुन्ना एवं समस्त कर्मचारी प्रधान पाठक आशा शर्मा के द्वारा विद्यालय तथा विद्यार्थियों की ओर से व्याख्याता घनश्याम दीप को साधुवाद ज्ञापित किया गया। उपरोक्त जानकारी लेख रंजन बी पात्रो ने दिया।

# साहब! ये विकलांग दम्पति है इन्हें पेंशन दो, टेंशन नहीं

**बीजापुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। गरीबी निराशा, दुख, दर्द लाती है। बच्चे शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाते। परिवार आर्थिक तंगी से जीवन जीने को मजबूर हो जाता है , एक तरफ सरकार द्वारा गरीब, असहाय लोगों के उत्थान के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण कई असहाय परिवार गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। अमीरों को तो सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल जाता है, किंतु गरीब अपने हक के लिए जिम्मेदारों की अनदेखी से लाचार रहता है। मजबूरन गरीब व पात्र व्यक्ति तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित हो जाता है। इसी प्रकार का एक मामला बीजापुर विकास खंड के तोयनार के मुर्रा पारा से आया जंहा के 49 साल के सुक्कू तांती जो कि जन्म से ही विकलांग है वन्ही उनकी पत्नी 34 साल की सरिता ताती भी बचपन से ही गूंगी बहरी है , दोनों पति पत्नी अपने दो बच्चों के साथ एक छोटी से झोपड़ी में रहते है , दोनों विकलांग होने के कारण कोई भी कार्य नही कर पा रहे है , स्थिति ऐसी है कि कभी कभी एक समय भूखा भी सोना पड़ता है , इन्हें अब तक सरकार से कोई भी राहत राशि नही मिली है न ही किसी योजना का लाभ मिला है।

**आधा दर्जन मुर्गी, मुर्गी पालन ही सहारा, बेच कर लाते है तेल, नमक, मसाला**

सुक्कू ने बताया कि उनके पास आय का कोई जरिया नही है उन्होंने 5- 6 मुर्गी पाल रखी है और मुर्गा बेच बेच कर ही तेल -नमक- मसाला खरीद कर लाते है और अपने परिवार का पोषण करते है।

**मानवता की हद को किया पार प्रशासन ने विकलांग दम्पति को मनरेगा में कराया काम, दो महीने बाद भी भुगतान नहीं**

सुक्कू एंव आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि सुक्कू की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण सरपंच - सचिव से कहा तो विकलांग पेंशन तो देना दूर की बात है मनरेगा के तहत बन रही सड़क में काम करने कहा , जिसके बाद विकलांग दम्पति ने मनरेगा की सड़क में मुरुमीकरण के दौरान 6 दिन काम किया जिसमे उनके साथ 11 साल के बेटे ने भी गोदी खोदी लेकिन आज पर्यंत उसका भी पैसा नही मिला।




**भारत सरकार ने जारी किया शत-प्रतिशत विकलांग का प्रमाण पत्र लेकिन जिला प्रशासन ने नही ली सुध**

एक पैर से विकलांग सुक्कू ताती एंव उनकी मुकि बधिर पत्नी को 2020 एंव 2021 में शत प्रतिशत विकलांग होने का भारत सरकार द्वारा कार्ड भी जारी किया गया लेकिन उसके बाद भी स्थानीय प्रशासन ने कभी सुध नही ली जिसके चलते आज पर्यंत दम्पत्ति को किसी भी तरह की शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पाया एंव बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है।

**गरीब -असहाय विकलांग दम्पत्ति को मनरेगा से कराया कार्य दो महीने बाद भी नहीं दिया मेहनताना**

**कहां गई सरकार की उज्वला योजना, सारे दावे हो रहे धरातल पर फैल**

सरकार दावा करती है कि उज्वला योजना में छत्तीसगढ़ में अब तक 36 लाख से अधिक गरीब परिवार की महिलाओं को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गए लेकिन ये दावे भी यंहा आकर झूठ नजर आते है खाद्य विभाग ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड तो जारी किया गया लेकिन आज पर्यन्त उज्जवला योजना के तहत नि:शुल्क रसोई गेस नही दी गई जिसके चलते आज भी मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी जलाकर खाना बनाते नजर आते है विकलांग दम्पति , सुक्कू ने बताया कि अब तो सोसायटी से केरोसिन भी नही मिलता है और बारिश में लकड़ी भी गीली होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**सरकार का स्लोगन मात्र फ्लेक्स तक ही सीमित- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

विकलांग दम्पत्ति की आर्थिक स्थिति ऐसी की 11 साल के बेटे के बाद 6 साल की बेटी भी शिक्षा से हो रही वंचित एक पैर से अपाहिज सुक्कू ताती ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब है सरकार से कोई लाभ नहीं मिल रहा है इसलिए ग्यारह साल बेटे को कभी स्कूल नही भेजा है वो मेरे काम मे हाथ बँटवाता है बेटी भी 6 साल की हो गई है उसके भविष्य को लेकर चिंतित हु क्या करूं इसलिए अब तक उसे भी स्कूल नही भेजा है।

**विधायक एवं जनप्रतिनिधि तोयनार आए और गए पर नहीं ली कभी सुध, फिर भी करता हूं मतदान**

सुक्कू ताती ने बताया कि कई बार क्षेत्रीय विधायक एंव जनप्रतिनिधियों के दौरा तोयनार हुआ है मुलाकात भी की लेकिन कभी उन्होंने मदद नही की आज भी बदहाली एंव तंगहाली का जीवन जीने को मजबूर हु लेकिन मतदाता सूची में नाम है हर बार मतदान जरूर करता हूं।

सरकार का दावा प्रधानमंत्री आवास योजनाञ्ज के तहत गरीबो को पक्के मकान लेकिन आज भी टूटी झोपड़ी एक कमरा उसी में विकलांग पति - पत्नी, बच्चों सहित मुर्गियों का बसेरा , भारी बारिश में रात भर दहशत कंही झोपड़ी ढह न जाए।

सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबो को पक्के मकान के दावे करती है लेकिन ये योजना भी यंहा औंधे मुंह गिरती नजर आई , सुक्कू आज भी टूटी झोपड़ी नुमा मकान में रहता है।

सुक्कू ने बताया कि एक छोटी सी झोपड़ी है जिसमे एक कमरा है , इसी कमरे में वो अपने बच्चों के साथ रहते है यन्हि सोते है उनके साथ उनकी मुर्गियां भी इसी छोटे है कमरे में रहती है , बारिश के चलते ऊपर से पानी टपकता है इसलिए झिल्ली लगा रखी है फिर भी ज्यादा बारिश में डर बने रहता है कि कंही झोपड़ी गिर न जाये और दबकर अनहोनी न हो जाए।

## कमेला में मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजन हेतु शिक्षक घर-घर जाकर कर रहे आमंत्रित



**कोण्डागांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागाव विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमेला में संकुल स्तरीय मेगा बैठक आयोजन व आयोजन को सफल बनाने हेतु शिक्षक घर-घर जाकर आमन्त्रित कर रहे हैं। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल केंद्र कमेला के संकुल समन्वयक गौतमराम पांडे ने मेगा बैठक के सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षक रूपरेखा तैयार कर आमंत्रण् पत्र बनाकर शिक्षक स्वयं पालकों तक पहुँचकर इस बैठक के लिए आमन्त्रित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकुल प्राचार्य होरीलाल चंद्रवंशी, प्रधान अध्यापक सुरिज् पोयाम, मदन कोर्राम, अमृत देवांगन, शिक्षक टिकेश्वर साहू व समस्त अन्य स्टाफ मिलकर तैयारी कर रहे हैं।

## जायसवाल निको के स्थापना दिवस पर वृहद वृक्षारोपण व भंडारा

**नारायणपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में आमदई लौह अयस्क खदान संचालित है जहां पर 3 अगस्त को कंपनी के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमेन श्री बसंत लाल साव बाबू जी का 91वां जन्मदिन एवं निको कंपनी का स्थापना दिवस मनाया । इसके पश्चात सभी ने मिलकर निको आमदई छोटे डोंगर माइंस में एक पेड़ बाबू जी के नाम से लगाया जहां पर सभी को मिठाई वितरण किया गया। कंपनी के उप महाप्रबंधक श्री एच.एन.झा ने बताया कि माइंस प्रबंधन द्वारा बाबू जी के जन्मदिवस एवं कंपनी के स्थापना दिवस पर जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले पंचायतों छोटेडोंगर, बड़गांव, गौरदण्ड, धनोरा, चमेली, राजपुर,रायनांर में ग्रामीणों को ठंड एवं मौसमी बिमारियों से बचने के लिए पांच सौ नग कम्बल एवं पांच सौ नग मच्छर दानी का वितरण किया गया साथ ही सभी के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे लगभग एक हजार लोगों ने शामिल होकर भोजन ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त माइंस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शासन की वृहद योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अधिकारीयों , मजदूरों एवं गांव वालों ने मिल कर लगभग तीन हजार उपयोगी एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे जिन्होंने सभी आयोजनों के लिए जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त किया।




## सुरभि कालोनी में श्रावण पर कांवड़ यात्रा

**दंतेवाड़ा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। सावन का पावन महिना भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ ही जलाभिषेक का खास महत्व रहता है।

दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में आज भगवान श्रीराम लिंगेश्वर महादेव की विशेष पूजा-अर्चना हुई। इस अवसर पर कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कालोनी वासियों के साथ ही शहर के शिव भक्त भी शामिल हुए। सबसे पहले शंखनी-डंकनी के संगम से कांवड़ के कलश में जल लिया गया। दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ियें डीजे की सुंदर भजन के साथ पैदल सुरभि कालोनी के श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान किये। इस दौरान हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे भी लगते रहे। कांवड़ यात्रा में कालोनी की महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



**संगम के पवित्र जल से भगवान महादेव का जलाभिषेक**

श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ के कलश में लाए शंकनी-डंकनी नदी के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया और विशेष पूजा तथा आरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया। दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में सभी प्रमुख पर्वो को एक साथ मनाने की शानदार परम्परा रही है। यहां का गणेशोत्सव पूरे शहर में विख्यात है। अब इसमें भगवान महादेव की सावन में होने वाली पूजा की परम्परा भी जुड़ गई है। हर सावन सोमवार पर यहां बड़ी आस्था के साथ श्रद्धालु जुटते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व भी यहां धूमधाम से मनाया गया था। श्रीराम लिंगेश्वर महादेव की स्थापना 22 जनवरी को इसी वर्ष किया गया था। इसी महत्वपूर्ण तिथि पर अयोध्या में भगवान श्रीराम लला, भव्य मंदिर में विराजित हुए।

## डॉ. बीसी रॉय ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप

**नारायणपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के फुटबॉल मैदान में डॉ बी सी रॉय ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अन्तर्गत 3 अगस्त को प्रथम चरण का सेमीफाइनल ओडिशा और चंडीगढ़ के बीच खेला गया जिसमें ओडिशा ने 2-0 से चंडीगढ़ को हराकर इस जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया जो कि 12 अगस्त को खेला जाएगा। मैच के दौरान प्रथम हाफ के निर्धारित समय के बाद अतिरिक्त समय में ओडिशा के कप्तान प्रेम द्वारा पहला गोल कर अपने टीम को आगे बढ़ाया। द्वितीय हाफ के 67वे मिनट पर नरेश कुमार द्वारा दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित किया और प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश करने में सफल हुआ। ओडिशा के कप्तान को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



- **चंडीगढ़ को हराकर ओड़िशा फाइनल में**
- **द्वितीय चरण में दिल्ली और महाराष्ट्र ने अपने मैच जीते**

फुटबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय चरण का पहला मैच सुबह 7 बजे दिल्ली और झारखंड के बीच खेला गया जिसमें दिल्ली ने झारखंड को 8-1 से हराकर अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। दिल्ली के गौरव कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया जिसने हैट्रिक गोल किया। द्वितीय चरण का दूसरा मैच शाम को 3 बजे से खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने गोआ को 3-2 से हरा दिया है। महाराष्ट्र के रियान परेरा को प्लयेर ऑफ द मैच घोषित किया जिसने द्वितीय गोल कर टीम को बढ़त दिलाया।

इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द महाराज,सह सचिव स्वामी अनुभवानंद महाराज, प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद जी, जिला फुटबाल संघ के सचिव अजीत मेनन, प्रकाश वर्मा, घनश्याम दास, राजेश राठौर, नरेश वर्मा, शत्रुघन यादव सहित आश्रम के साधुवृंद एवं ब्रह्मचारी वृंद, शिक्षक शिक्षिकायें एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## मड़ईभाटा राजागांव में बाल कैबिनेट का गठन किया गया

**कोण्डागांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला व विकासखंड कोंण्डागांव के संकुल केंद्र राजागांव प्राथमिक शाला मड़ईभाटा राजागांव में बाल कैबिनेट गठन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल कैबिनेट गठन करने का उद्देश्य है कि बच्चों में सृजनात्मक कौशल एवं कल्पना शीलता का विकास, किशोरावस्था में आते-आते कुछ कार्य को लेते हुए उसे अच्छे से पूरा करने की जिम्मेदारी लेना। विद्यार्थी शिक्षकों एवं समुदाय को आपस में मिलकर कार्य करने एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना, शालाओं में उपलब्ध संसाधनों को बेहतर उपयोग सुनिश्चित किए जाने हेतु टीम भावना के साथ आपस में मिलकर काम करने की आदत का विकास, अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं प्रदूषण से बचने हेतु प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग रोकते हुए उसे बेहतर उपयोग हेतु जागरूकता लाना इन सभी उद्देश्यों को ध्यान रखते हुए शाला के सभी कक्षाओं में पंजीकृत बच्चों में अलग-अलग जिम्मेदारी हेतु चुनाव संपन्न किया गया जिसमें से बहुमत के आधार पर योगेश कुमार कक्षा पांचवी को प्रधान मंत्री, दिव्या बघेल कक्षा चौथी को उप प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया गया। चुनाव उपरांत सभी मंत्रियों को तिलक गुलाल लगाकर फूल गुलदस्ते के साथ जोरदार स्वागत किया गया और सभी बच्चों हेतु न्यौता भोजन में मिष्ठान खिलाया गया। पद के अनुसार सभी मंत्रियों को उनके कार्य भार विभाग एवं उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। बाल कैबिनेट गठन की इस अवसर पर प्रधान अध्यापक लखनराम पोयाम, सहायक शिक्षक देवेश्री नाग, सहायक शिक्षक गेंदलाल नायक, अध्ययनरत बच्चों, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया।



## धमनी जंगल आय के साधन और सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनाने की आवश्यकता

**पलारी** 4 अगस्त ( देशबन्धु) विकास खंड पलारी से 15 किलोमीटर दूर स्थित धमनी गांव से लगा वन क्षेत्र विविध प्रजातियों से आच्छादित होकर सागौन बाहुल्य होकर विविध प्रकार से महत्वपूर्ण है। चित्रोत्पला महानदी में च्भीम बंधानज्ज विकास खंड पलारी के बाल समुद्र से सुरंग का होना रामायण काल से संबंधित च्अद्भुत जल श्रोतज्ज सीता कुंड के साथ साथ एक जमाने में सन् 1978 के दशक में विकास खंड पलारी के चौक में बड़ा विज्ञापन बोर्ड लगाया गया था कि प्राकृतिक सौंदर्य दर्शन, महानदी में नौकायन हेतु आईए! तब वनमंडल उत्तर रायपुर था मध्यप्रदेश स्टेट में होकर पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित किया गया था। तत्समय में पर्यटकों के लिए जंगल में चुल्हा बनवाया गया था। महानदी में 10 हार्सपावर के किर्लोस्कर मशीन पानी पंप से भव्य पौध नर्सरी था पपीता के पेड़ पानी क्यारी नाली के दोनों तरफ़ लगे थे।

## बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में बड़े बेन्दरी के छात्र बीरेंद्र यादव का नेशनल में चयन

**कोण्डागांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं 51 वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023-24 का आयोजन जगदलपुर में किया गया था। जहां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ी बेंदरी ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लहराया परचम। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेबेंदरी मे प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में एवं व्याख्याता अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्र बीरेंद्र यादव ने जगदलपुर में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत उपकथानक पर्यावरण के लिए जीवन शैली में प्लास्टिक से बायोफ्यूल निर्माण के ऊपर मॉडल प्रस्तुत कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



ज्ञात हो कि पूर्व में भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी के व्याख्याता अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में विज्ञान प्रदर्शनी के क्षेत्र में राज्य स्तर पर वर्ष 2018 में द्वितीय स्थान एवं वर्ष 2019 में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रथम स्थान एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। साथ ही वर्ष 2019 से इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष बड़े बेंद्री के आइडिया का चयन होता रहा है एवं इस वर्ष जुलाई में राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया था। विद्यालय के विद्यार्थियों का विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला, इंस्पायर अवार्ड मानक, कबाड़ से जुगाड़, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिलता है। उक्त उपलब्धि के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र बीरेंद्र यादव एवं मार्गदर्शन शिक्षक अंकित गुप्ता को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

## किसानों और वैज्ञानिकों ने मनाई हरेली

**छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक त्यौहार की धूम**



**दंतेवाड़ा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा में निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस. एस. टुटेजा के निर्देशानुसार व केन्द्र प्रमुख डिप्रोशन बंजारा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के प्रथम पारम्परिक तिहार हरेली का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर केन्द्र में किसानों के साथ गौ पूजन व कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना की गयी। केन्द्र प्रमुख श्री बंजारा ने क्षेत्र के किसानों को हरेली तिहार की शुभकामनायें देते हुये कहा कि यह किसानों का प्रमुख त्योहार है। हरेली तिहार में प्रकृति की पूजा की जाती है। हरेली के समय पूरी धरती हरियाली से आच्छादित हो जाती है और किसान रोपाई-बियासी जैसे कृषि कार्यों से निवृत्त हो जाते हैं। इस दिन किसान अपने गौवंश और कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्र के समस्त वैज्ञानिक, कर्मचारी व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राज्य स्तर पर बस्तर का प्रतिनिधित्व करेंगे मड़ानार के गतकाज

**कोण्डागांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली 24 वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिय जारी खेल कैलेण्डर अनुसार जेडी संजीव श्रीवास्तव संयुक्त संचालक क्षेत्रीय खेल मुख्यालय संभाग बस्तर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के मार्गदर्शन में कोंडागांव विकास नगर स्टेडियम में आयु वर्ग 17 और 19 वर्ष बालक-बालिका गतका खेल का आयोजन किया गया। जिसमें कोंडागांव जिला और जलवायु परिवर्तन विभाग एवं वन मंत्री केदार कश्यप के विधान सभा क्षेत्र मड़ानार विद्यालय से 17 वर्ष में 11 बालक व 8 बालिका, 19 वर्ष में 11 बालक व 9 बालिका कुल 39 गतकाज राज्य स्तर के लिए चयनित हुए हैं। सभी चयनित खिलाड़ी 22 से 25 अगस्त को सरगुजा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।



**मड़ानार का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन**

शिक्षा के साथ मड़ानार के बच्चों ने प्रशिक्षक शिवचरण साहू के मार्गदर्शन में योग, तैराकी, सिलम्बम और गतका में पिछले 7 सालों में 300 से अधिक खिलाड़ी राज्य स्तर और 13 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य के साथ कोंडागांव जिले को गौरवान्वित किए हैं।

**उल्टा पुल्टा**

सुरेश (दोस्त से)- दुनिया के सबसे बड़े और घातक हथियार क्या हो सकते हैं।
राजू ने दिमाग पर जोर देते हुए कहा। पहला- बीवी की आंसू और दूसरा- पड़ोसन की स्माइल।

## संपादकीय

### फ्लाई ऐश वाहनों में जीपीएस से होगा लाभ

*छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में बिजली संयंत्र हैं जिनसे हजारों मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इनमें कई संयंत्र छग सरकार के हैं तो अनेक केन्द्र सरकार के। निजी तौर पर भी बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। कोयले की राज्य में बहुतायत के कारण स्थापित प्लांट प्रदेश के लिये तो विद्युत उत्पादन करते ही हैं, बाहरी राज्यों को भी बिजली बेची जाती है। इसके कारण राजस्व आय की प्राप्ति होती है। इस राशि का उपयोग राज्य के विकास के लिये होता है। देश भर में ताप बिजलीघरों का दुष्परिणाम उससे निकलने वाली राखड़ के चलते है, उसी तरह पूरे प्रदेश में जहां भी पॉवर प्लांट चल रहे हैं उसके आस-पास तो इस फ्लाई ऐश की समस्या है ही, ये संयंत्र जितनी राखड़ रोज निकाल रहे हैं, उसके निष्पादन की बड़ी समस्या है। इसके निपटान के दृष्टिकोण से फ्लाई ऐश से ईंटें बनाने वालों को निकलने वाली राखड़ मुफ्त में दी जाती है। जहां भी पॉवर प्लांट कार्यरत हैं, उनके समीप बनने वाले सभी तरह के निर्माणों में राखड़ ईंटों के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया है। बन्द की गयी सुरंगों को भरने के लिये भी इसका इस्तेमाल करना सुझाया गया है। हालांकि कुछ बंद हो चुकी खदानों को इससे भरने को लेकर वाद व मतभेद हैं। बिजली संयंत्रों के लिये राखड़ को उपयोगकर्ताओं के दरवाजों तक पहुंचाना नियमत: अनिवार्य कर दिया गया है।*

*समस्या यहीं से शुरू होती है क्योंकि कई बार उपयोगकर्ता संयंत्रों से दूर होते हैं जिससे प्रबन्धन के लिये परिवहन का खर्च बढ़ जाता है। इसलिये बहुत से संयंत्र कुछ दूरी पर यह राखड़ फिंकवा देते हैं। इससे वहां रहने वालों को बड़ी दिक्कतें होती हैं। कई गांवों ने इस बाबत शिकायत भी की है। संयंत्र के आसपास रहने वाले लोग कंपनी के अधिकारियों से निवेदन करते हैं कि ऐसा न हो लेकिन यह सिलसिला रूकता नहीं।*

*प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शक्रवार को राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के साथ इस विषय पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राखड़ ढोने वाले वाहनों पर जीपीएस और जियो टैगिंग हो। इससे उपयोग करने वाले वाहनों की लोकेशन का पता चलता रहे। यह भी पता चलेगा कि ये वाहन निर्धारित स्थानों तक जाकर राखड़ डम्प करते हैं या कहीं भी फेंक कर चले आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकारियों को पूरे मनोयोग एवं समर्पण भाव से काम करना होगा। राज्य के कम से कम दो शहर- रायपुर व कोरबा बहुत ही ज्यादा औद्योगिक प्रदूषण के शिकार हैं। इसलिये ज़रूरी है कि मंडल के काम-काज को भी सुधारा जाये। जब तक मंडल अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक प्रदूषण को खत्म करना बहुत मुश्किल होगा।*

# एम्स में अब आसान होगा दिल की बीमारी का इलाज

## मरीजों को मिलेगी एडवांस्ड कार्डियक कैथ लैब की सुविधा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 4 अगस्त को आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव आ रहे हैं। इस दौरान वे एम्स के दूसरे एडवांस्ड कैथलैब का उद्घाटन करेंगे। इस लैब के शुरू होने से मरीजों के साथ ही डीएम कॉर्डियोलॉजी के चिकित्सा छात्रों को ट्रेनिंग में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा मंत्री ट्रॉमा व आपातकालीन विभाग का भी अवलोकन करेंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटायर्ड) ने बताया कि राज्यमंत्री के दौरे को देखते हुए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।




वे यहां दोपहर 3 बजे आएंगे। अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के अलावा वे चिकित्सा विद्यार्थियों की सुविधाओं आदि के लिए चर्चा करेंगे। श्री जिंदल ने कहा कि एम्स के हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) विभाग में अब तक एक कैथलैब में ही मरीजों को एंजियोग्रॉफी व एंजियोप्लास्टी आदि की सुविधा मिलती थी। इमरजेंसी को छोड़ दें, तो यहां हर सप्ताह लगभग 25 से 30 एंजियो होते हैं। अब नये एडवांस्ड कैथलैब की सुविधा उपलब्ध होने से इसकी संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इस कैथलैब की तैयारी पिछले दो साल से चल रही थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सत्यजीत सिंह ने कहा कि इस लैब में रेडिएशन एक्सपोजर पर अच्छा काम हुआ है। इससे मरीजों के साथ ही चिकित्सकों पर भी रेडिएशन का खतरा अपेक्षाकृत कम रहेगा।

### मशीन में होगी ये एडवांस्ड सुविधा

कार्डियक कैथलैब में आधुनिक कोरोनरी थ्रीडी ओसीटी के अलावा आईएफआर, एफएफआर के साथ ही थ्रीडी टाकली रिक्रिएट सॉफ्टवेयर की सुविधा भी रहेगी। एम्स में इससे पहले के कैथलेब भी आधुनिक हैं। अभी दूसरे लैब में हृदयरोग में आ रही नई चुनौतियों का सामना करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी : साय




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से अब तक प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की जरूरत है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के मरीजों को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर में एक निजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जरूरतमंद मरीजों को पांच लाख तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को इलाज कराने के लिए वे अपने सार्वजनिक जीवन के आरंभ से ही सक्रिय रहे हैं। सांसद विधायक और केन्द्रीय राज्य मंत्री रहते हुए उन्होंने अनेक मरीजों का इलाज कराया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के माध्यम से इलाज के लिए राशि स्वीकृत होने पर सात दिन के अंदर संबंधित अस्पताल को राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से आग्रह किया कि आने वाले समय में जरूरतमंद मरीजों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत इलाज के लिए इस अस्पताल में भी भेजा जाएगा। विधायक मोती लाल साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही से हुई थी नवजात की मौत

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के उरला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 जुलाई को नवजात शिशु की मौत हुई थी, वही इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर पूनम सरकार के खिलाफ इलाज में लापरवाही से मौत के तहत धारा 106 का केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि महिला डॉक्टर ने प्रसव के दौरान लापरवाही बरती।

बताया जा रहा है कि गर्भवती महिला में एनीमिक का लक्षण होने के बाद भी प्रसव के पहले उसका ब्लड टेस्ट नहीं कराया। कोई दवा भी नहीं दी। बच्चे का सिर बाहर आ गया था, लेकिन डॉक्टर ने किसी भी नर्सिंग स्टाफ को मदद के लिए नहीं बुलाया। क्योंकि महिला डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच विवाद था। वह अकेले ही प्रसव का प्रयास करती रही इससे बच्चा मां के गर्भ में ही फंस गया और उसकी मौत हो गई।




■ डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज

नवजात की मौत के बाद परिजनों ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही की शिकायत की। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए कमेटी बनाई गई थी

## जयपुर व रांची के लिए दिसंबर तक मिल सकती है विमान सेवा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। इस महीने 16 अगस्त से प्रयागराज व अगले महीने 23 सितंबर से रायपुर से हैदराबाद की उड़ान की सौगात मिलने के बाद इस वर्ष दिसंबर तक रायपुर से जयपुर व रांची उड़ान भी मिल सकती है। इसके लिए ट्रैवल्स संचालकों ने विमानन कंपनी को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि रायपुर से इन शहरों के लिए काफी ट्रैफिक मिलेगा और लगातार यात्रियों की मांग बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि विमानन कंपनी भी इन क्षेत्रों के लिए फ्लाइट शुरू करने नई फ्लाइट देख रही है।

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि काफी समय से रायपुर से जयपुर उड़ान की मांग की जा रही है। विमानन कंपनी द्वारा तो शेड्यूल भी तय कर लिया गया है, लेकिन फ्लाइट न होने के कारण अभी तक यह उड़ान शुरू नहीं हो सकी है। जयपुर, रायपुर से राजकोट, रायपुर से रांची उड़ान शुरू करने के लिए विमानन कंपनी को पत्र भी लिखा गया है। पिछले दिनों उनके विमानन कंपनी के प्रतिनिधि भी आए हुए थे, उस दौरान उ कंपनी के प्रतिनिधियों के सामने यह मांगे रखी गईं थी।

**रायपुर विमानतल में चौथा एयरोब्रिज जल्द**

रायपुर विमानतल में जल्द ही चौथा एयरोब्रिज भी शुरू करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि इन दिनों रायपुर विमानतल से हवाई यात्रियों की आवाजाही में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए चौथा एयरोब्रिज शुरू करने का भी प्रस्ताव है।

## माउंटेन मैन 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंची चोटी पर फहराएंगे तिरंगा

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। प्रदेश के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे है। ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को में 15 अगस्त को तिरंगा फहराएंगे। माउंटेन मेन राहुल गुप्ता ने आज खेल मंत्री से मुलाकात कर आगामी अभियान के लिए आशीर्वाद लिया। राहुल, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को (7,310 फिट) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में सातवाँ व सबसे छोटी चोटी है।



राहुल गुप्ता आगामी 15 अगस्त को पीक फतह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (अधिकतम -10 डिग्री) तापमान तक मे ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 23 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा करेंगे। राहुल गुप्ता अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन में एक्सपर्ट है। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति हैं। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों को फ़तह करना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता श्माउंटेन मेन ने वर्ष 2015 से शुरू किया था।

राहुल गुप्ता छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही है जिन्होंने दुनिया की सर्वोच्च चोटी माउंट एवेरेस्ट (8848 मीटर) फतह किया है। इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जनक के रूप में भी जाना जाता है। राज्य के प्रथम प्रोफेशनल पर्वतारोही है जो कि मूल निवासी अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले है।राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय 14 पहाड़ों पर पर्वतारोहण दल का नेतृत्व किए है। पर्वतारोही राहुल गुप्ता ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के पर्वतारोहण संस्थान जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) से ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) ली है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में उनका पिछले 12 सालों का अनुभव रहा है।

## छत्तीसगढ़ में 7 राज्यों के 24 ठग गिरोह दे रहे साइबर ठगी को अंजाम

### सेक्सटॉर्शन और केवायसी के नाम पर बनाते हैं शिकार

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। राजधानी सहित पूरे छत्तीसगढ़ में साइबर अपराध के लगातार मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसमें ऑनलाइन ठगी के साथ.साथ ब्लैकमेलिंग और रुपये ऐंठने के दूसरे तरीके भी शामिल हैं। ठगों ने इतने तरीके निकाल लिए हैं कि कोई न कोई शिकार बन ही जाता है। इन्हीं कारणों से प्रदेश में पांच अलग.अलग रेंज में साइबर थाने खोले गए हैं ताकि साइबर क्राइम से जुड़े मामलों पर अलग से नजर रखी जा सके। साइबर क्राइम से जुड़े मामलों की एक रिपोर्ट तैयार की गई है जिसमें अलग.अलग राज्यों के गिरोह का ब्यौरा तैयार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में सात राज्यों के करीब दो दर्जन से ज्यादा ठग गिरोहों ने लोगों को शिकार बनाया है।

झारखंड से शुरू हुए ऑनलाइन ठगी के तरीकों के बाद अब दिल्ली.एनसीआर हरियाणा राजस्थान उत्तरप्रदेश बिहार और पश्चिम से बंगाल में भी ठगों के गिरोह सक्रिय हैं। ये फोन से या फिर ऑनलाइन तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बढ़ती वारदात को देखते हुए साइबर क्राइम को लेकर पोर्टल भी बनाया गया है। इसपर जाकर साइबर क्राइम की शिकायत की जा के सकती है। वहीं हेल्पलाइन का नंबर 1930 भी जारी किया गया है।

**देश में 10 राज्यों में तीन दर्जन गांव और शहर**

केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश के 10 राज्यों में तीन दर्जन से ज्यादा गांव और शहर ऐसे हैं जो साइबर क्राइम का गढ़ बन गए हैं। दिल्ली से लेकर आंध्र प्रदेश और गुजरात से लेकर असम तक गिरोह हैं। झारखंड के जामताड़ा को ही साइबर क्राइम का गढ़ माना जाता था लेकिन अब देश में एक दो नहीं बल्कि जामताड़ा जैसे तीन दर्जन से ज्यादा ठगी के केंद्र बन गए हैं।

**छत्तीसगढ़ में अंजाम देने वाले ये हैं ठगी के गढ़**

झारखंड जामताड़ा और देवघर से ऑनलाइन ठगी की शुरुआत से हुई थी। राजस्थान भरतपुर में सेक्सटॉर्शन और आर्मी के नाम पर ठगी की घटनाएं हुईं। हरियाणा मेवात में इंटरनेट मीडिया के जरिए ठगी के केस बढ़ते जा रहे हैं। उत्तरप्रदेश मथुरा में सेक्सटॉर्शन और इंटरनेट मीडिया से जुड़े गिरोह सक्रिय हैं। दिल्ली. इंश्योरेंस ऑनलाइन जॉब कॉल सेंटरए नाइजीरियन फ्रॉड के गिरोह। बिहार बांका बेगूसराय जमुई नवादा नालंदा गया में केबीसी के नाम पर ठगी। पश्चिम बंगाल आसनसोल.दुर्गापुर में सिम क्लोनिंग जामताड़ा गिरोह की गतिविधियां।

अलग-अलग राज्यों के गिरोह वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीमें लगातार ऐसे इलाकों में दबिश देते रहती है। शेयर मार्केट और अन्य आनलाइन ठगी के जरिए लोगों को ठग रहे हैं।

**-संजय सिंह** डीएसपी

## एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा 5 अगस्त सोमवार को संध्या 4 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीप तल सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आहुत की है. उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने दी है।

## अब तेलीबांधा ड्राइव होगा मरीन ड्राइव का नाम!

### साहू समाज ने सीएम से की नाम बदलने की मांग




■ मुख्यमंत्री ने दिया गंभीरता से विचार कर कार्यवाही का आश्वासन

■ साहू समाज के हरेली उत्सव-सम्मान समारोह में हुए शामिल

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज हरेली तिहार के पवित्र दिन तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और साहू समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां नागर, गैती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साय ने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू सहित साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान साहू समाज ने मरीन ड्राइव का नाम परिवर्तन कर तेलीबांधा ड्राइव करने तथा दोनों ओर भव्य गेट बनाने और चौक का नाम भक्त माता कर्मा के नाम पर करने की माँग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस आयोजन के लिए साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज हरेली के पावन पर्व पर सुबह से ही पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि की मन्नत माँगी है। उन्होंने कहा कि तेलीबांधा तालाब रायपुर शहर की शान है और साहू समाज की माँग पर गंभीरता से विचार किया जाकर इसके नामकरण के लिए जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय को साहू समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम का तैल्य चित्र और राम चरित मानस की प्रति भेंट की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री साय को स्मृति चिन्ह के रूप में रुद्राक्ष के वृक्ष के साथ शाल श्री फल भेंट किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ का पहले तिहार है और इसी से आगे प्रदेश में तिहार उत्सवों की लंबी श्रृंखला चलती है। उन्होंने सभी को हरेली तिहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरेली एक समृद्ध परंपरा के तिहार है, किसानों का तिहार है, प्रकृति से जुड़ने का तिहार है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को इस पावन त्यौहार की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साहू समाज का मेहमान बताते हुए कहा कि हरेली के पावन अवसर को भक्तिभाव से मनाने की परंपरा हमारे बुजुर्गों ने बनाई है। हरेली खेती किसानी, गौ माता, प्रकृति को सहेजने का उत्सव है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को भी इस त्यौहार का महत्व बताने का आह्वान सामाजिक बंधुओं से किया। तोखन साहू ने साहू समाज से पहली बार किसी व्यक्ति को केंद्रीय मंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी ज्ञापित लिया। रायपुर जिला साहू समाज ने तोखन साहू को रुद्राक्ष का वृक्ष भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में साहू समाज के प्रतिभागियों ने गीत गायन और नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया। साहू समाज ने यहाँ गेड़ी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में दो जुड़वा बहनों प्रमिला और पार्वती द्वारा दी गई शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति ने सभी मन मोह लिया।

## हरेली तिहार के बहाने भूपेश ने दिखाई ताकत

### कांग्रेस की सरकार गेम चेंजर थी साय सरकार नेम चेंजर : बघेल

**रायपुर**, 4 अगस्त(देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी के सरकारी आवास में हरेली तिहार का आयोजन के बहाने ताकत दिखाई ।इस दौरान पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे,मो,अकबर, देवेंद्र यादव,आकाश शर्मा के अलावा काफी संख्या में उनके सर्मथक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।उनके सरकारी आवास को छत्तीसगढ़ के संस्कृति के रूप में सजाया गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहपरिवार हरेली पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कृषि कार्य में उपयोग किए जाने वाले औजार, हल, रापा कुदाली की पूजा किया गया परंपरा अनुसार बैल की पूजा कर उन्हें लोंदी खिलाया गया। हरेली पूजन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुआ प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायको ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रदेश भर से लोग शामिल हुए इस दौरान भूपेश बघेल को खुमरी और हल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। भूपेश बघेल गेडी चढ़े एवं भंवरा चलाये।



इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार गेम चेंजर थी भाजपा की सरकार नेम चेंजर है कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा रही है। गोठनों में ताला लगा दिया गया है और पशुधन को बांग्लादेश सऊदी अरब पाकिस्तान भेजने के लिए नियम बना दिए हैं। ग्राम पंचायत को अधिकार है कि गोठान में लगे ताला को खोलकर पशुधन को वहां रखें। यह उनके अधिकार क्षेत्र का मामला है उन्हें कोई नहीं रोक सकता। गोठन को बंद करने का दुष्परिणाम है पशुधन की मौत दुर्घटना में हो रही है रोका छेका का कार्यक्रम को बंद कर दिया गया है। महिला स्वसहायता समूह को पूर्व की तरह गोठानों का संचालन करना चाहिए गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेचना चाहिए इससे किसानों को भी लाभ होगा और महिला स्वसहायता समूह को भी आर्थिक लाभ होगा। पशुधन को भी संरक्षण मिलेगा। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पर तंज सकते हुए कहा कि गेड़ी नहीं चढ़ पाए कम से कम दो लोगों को पकड़ कर फोटो तो खींचा लेते।

# हरेली की धूम, मंत्रियों ने राऊत नाचा में लिया हिस्सा



**रायपुर,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। युवा तथा बुजुर्ग समवेत रूप से राऊत नाचा में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों ही पीढ़ियां अपनी परंपरा को बढ़ा रही हैं। राऊत नाचा के लोकगीत हमारे लोक समाज की बुद्धिमत्ता, उत्सवप्रेम और सहज मनोरंजन के प्रति उसके आकर्षण दिखाते हैं। हर लोकगीत अपने समय की मेधा को हमारे समक्ष रखता है। इन लोककलाओं को बढ़ावा देकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार इन लोकगीतों में छिपे अपने समय के दस्तावेजों और लोगों की सोच को भी सहेजने का काम कर रही है।

**किसानों को अनुदान पर 1600 ट्रैक्टर दिए जाने का लक्ष्य**

सीएम विष्णु देव साय का रायपुर स्थित निवास कार्यालय में धूम-धाम से हरेली तिहार मनाया जा रहा है। निवास परिसर को बड़े ही सुन्दर ढंग से सजाया गया है। यहां मेले-मड़ई जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। पारंपरिक लोक यंत्रों के साथ सुंदर नाचा का आयोजन हो रहा है। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल है। मुख्यमंत्री निवास में ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा है। कहीं सुंदर वस्त्रों में सजे राऊत नाचा कर रहे कलाकारों की रंगत है तो कहीं आदिवासी कलाकार अपने पारंपरिक लोक नृत्य करते नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ का अद्भुत ग्रामीण लैंडस्केप अपनी सम्पूर्ण सांस्कृतिक सुंदरता में यहां दिखायी दे रहा है। अलग अलग तरह की धुनों में छत्तीसगढ़ी संगीत का माधुर्य अपने चरम पर है।

मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व के अवसर पर कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस लोक पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ के किसानों को उन्नत कृषि यंत्र की सौगात भी देंगे। किसानों को कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत 20 ट्रैक्टर एवं एक हारवेंस्टर का वितरण भी किया जाएगा। कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत राज्य के 1600 किसानों को ट्रैक्टर दिए जाने का लक्ष्य है। सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कृषकों को ट्रैक्टर 50 प्रतिशत अनुदान पर तथा अन्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत अनुदान पर प्रदाय किया जाएगा।

# लगातार बारिश के बीच स्वर्णप्राशन के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में उमड़ी भीड़



**रायपुर,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। दिन भर लगातार बारिश और झड़ी के बीच आज स्वर्णप्राशन के लिए अभिभावक बड़ी संख्या में बच्चों को लेकर रायपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय पहुंचे। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए यहां आज 1370 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802 और 8 जुलाई को 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

- **1370 बच्चों का कराया गया स्वर्णप्राशन**
- **राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0-16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन**

# शॉर्ट सर्किट से पीएचई विभाग के दफ्तर में लगी आग



**गरियाबंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में देवभोग रोड स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के दफ्तर में रविवार शाम 7=15 को अचानक शार्ट सर्किट होने सेआग लग गई। रविवार होने की वजह से दफ्तर बंद था। वही एक कर्मचारी ने इसकी सूचना एसडीएम महाराणा को दी। जिसके बाद एसडीएम महाराणा ने तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड के मदद से आग में काबू पाया गया। आग से किसी प्रकार की जान मान की हानि नहीं हुई बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर विभाग के कमांडेड पुष्पराज ने बताया कि समय रहते आग में काबू पा लिया गया। पीएचई विभाग के ई पंकज जैन ने बताया कि आग दफ्तर के बाहर मीटर में आग लगी थी, काबू ला लिए है। दफ्तर पूरी तरह सुरक्षित है।

# दक्षिण विस उपचुनाव की तैयारी में जुटा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में अब चुनावी हलचल शुरू हो गई है भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने तो दक्षिण विधानसभा सीट के चुनाव को लेकर अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में एक बैठक आहूत की गई जिसमें बड़ी संख्या में जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले आगामी उपचुनाव में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा दक्षिण विधानसभा के सभी वार्डों में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे साथ ही जनव प्रचार को लेकर विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया जाएगा। बैठक में उपस्थित जिले एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारीयो ने भाजपा को लाखों वोटो से जीतने के लिए कार्य योजना बनाई। इसके अलावा रायपुर शहर जिले में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सघन वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। बारिश के मौसम को देखते हुए शहर में बीमारियां तेजी से अपने पैर पसार रही है जिसके चलते झुग्गी बस्तियों के वाशिंदों के लिए एक वृहद चिकित्सा शिविर के आयोजन की भी योजना बनाई गई। बैठक में आभार प्रदर्शन घनश्याम रक्सेल ने किया इस कार्यक्रम में जिला संयोजक राजेश गुप्ता बिहारी होतवानी,घनश्याम रक्सेल, रविंद्र सिंह, संजय साहू, महेंद्र तिलवार,संजू निषाद, अश्विन प्रभाकर, हुरदादीप, सीताराम सोनी आदि उपस्थित थे।

# हरेली के टोना जादू भय से पृथक महामाया मंदिर में जनकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक



**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। आज छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के पर्व में लोग जादू टोना घरों में नीम पत्ती लगाना आदि से भयभीत रहते हैं। इस भय से मुक्ति हेतु आज प्राचीन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में महा रुद्राभिषेक न्यास समिति द्वारा संपन्न कराया गया ?। न्यास समिति के सदस्य पं विजय कुमार झा ने बताया है कि रुद्राभिषेक में समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा, सचिव व्यास नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय शंकर अग्रवाल, मंदिर व्यवस्थापक दुर्गा प्रसाद पाठक, वरिष्ठ सदस्य ललित तिवारी, शेखर दुबे, कृपाराम यदु, उपेंद्र शुक्ला, सत्यनारायण अग्रवाल, सूरज फुटान, कुंजलाल यदु आदि ने जन-कल्याण हेतु रुद्राभिषेक महा आरती एवं प्रसादी का वितरण किया। मंदिर के प्रमुख पुजारी श्रीकांत पांडे एवं पंडित मनोज शुक्ला ने पूजन कार्य संपन्न कराया ?

## सार-संक्षेप

### पं. रविशंकर शुक्ल विवि कर्मचारी संघ का चुनाव कराने श्रवण सिंह ठाकुर को बनाया निर्वाचन अधिकारी



**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आमसभा 31 जुलाई 2024 को संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर के संघ के कार्यों एवं दीर्घ अनुभवों को देखते हुए सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें एक माह के भीतर गुप्त मतदान प्रणाली से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया।

आम सभा में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने पर ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की जो भी दायित्व जिसे भी मिले उसे हंसकर स्वीकार करें। जिस विश्वास से कर्मचारियों ने यह दायित्व मुझे दिया है उसे बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव एक माह के भीतर करा दिया जाएगा।

# चुनाव के पहले नगरी निकाय शिविर में पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा

## त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के दिए निर्देश

**रायपुर,** 4 अगस्त(देशबन्धु)। रायपुर, भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा एवं निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने कल नगर निगम के जोन 2 के वार्ड 6 में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिये, दुर्गा पंडाल मैदान को बजरी डालकर व्यवस्थित करने कहा गया है। छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार नगरीय निकाय चुनाव के पहले नगर निगम रायपुर के वार्डो में लगाये जा रहे शिविर के तहत जोन 2 के वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के क्षेत्र में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान त्रिमूर्ति नगर में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर लगाया गया है। वहां पहुंचकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सभी शासकीय विभागों के स्टालों में पहुंचकर निरीक्षण किया। वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी राधेश्याम विभार, एमआईसी सदस्य सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद गोपाल सोना एवं जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी विभार के अनुरोध पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को वार्ड 6 के त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में सुलभ शौचालय का निर्माण एवं जनउपयोग हेतु नये सामुदायिक भवन का निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर तत्काल स्वीकृति लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिये। विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद के अनुरोध पर दुर्गा पंडाल मैदान में बजरी डालकर उपयोग हेतु सुव्यवस्थित करने कहा है। विधायक ने जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर में राशन कार्ड केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट से संबंधित जनसमस्याओं से अवगत कराकर उसका त्वरित समाधान कराने का आव्हान नागरिको से किया है।



## मुलाकात



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से राज्यपाल रमेन डेका ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल रमेन डेका की धर्मपत्नी श्रीमती रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थीं।

## निधन

### मयंक देवांगन



**राजनांदगांव,** 4 अगस्त। ननि के पूर्व एल्डरमैन मोतीपुर निवासी झमन देवांगन के बड़े पुत्र एवं मनोज, नरेंद्र एवं विक्की देवांगन के बड़े भतीजे मयंक देवांगन का आज 4 अगस्त को 32 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 5 अगस्त को उनके निज निवास मोतीपुर राजनंदगांव से मोतीपुर शमशान घाट के लिए प्रातः 11 बजे निकलेगी।

### पन्नालाल उमरे



**दुर्ग,** 4 जुलाई। कसारीडीह आजाद चौक उमरे बाड़ा निवासी पन्नालाल उमरे (77) का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अतीस उमरे व प्रकाश उमरे के पिता थे।

### प्रमिला काकडे



**रायपुर,** 4 अगस्त। कैलाशपुरी निवासी श्रीमती प्रमिला काकडे (सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापिका) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे विनायक राव काकडे की धर्मपत्नी, दत्तात्रेय (दत्तु) काकडे की माता थी एवं जिनकी अंतिम यात्रा 5 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान कैलाशपुरी से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# डिप्टी सीएम अरुण साव का भांजा हादसे का शिकार

## रानीदहरा वॉटरफाल में डूबा तुषार साहू तलाश जारी

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। कवर्धा जिले के मशहूर पर्यटन स्थल रानीदहरा झरने में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां घूमने पहुंचे कुछ युवकों में से एक युवक रानीदहरा झरने में नहाने के दौरान लापता हो गया। लापता युवक का नाम तुषार साहू बताया जा रहा है। वह प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का भांजा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस घटना की सूचना दिए जाने के बाद भी तत्काल मौके पर न ही पुलिस पहुंची और न ही एनडीआरएफ की टीम। फिलहाल बोड़ला पुलिस गोताखोरों की मदद से तुषार साहू की तलाश में जुटी हुई है।

## हर्षोल्लास के साथ हरेली त्योहार मनाया गया

**पलारी,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली पर्व रविवार को अँचल मे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।गौरतलब है कि हरेली त्योहार कृषि सँबधित त्योहार है जिसे धुमधाम मनाया गया, किसानो को इस दिन बेसब्री से इँतजार रहता है।प्रत्येक घरो मे त्योहार को मनाने के किसानों ने कृषि कार्य को बँद कर दिया और मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं तथा कृषि औजारो जैसे हल, फावड़ा, कुदाली,टँगिया आदि को पानी मे अच्छे साफ कर उसकी पूजा अर्चना की और चीला रोटी का भोग लगाया इसके अतिरिक्त घरो मे छत्तीसगढीया व्यजन बनाए गए वही बच्चो और जवानो गेड़ी का आनँद लिया महिलाएं विभिन्न खेलो के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन किया।

# यूजीसी नेट परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितम्बर तक

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। यूजीसी नैशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जून 24 एग्जाम की नई तारीखों की घोषणा कर दी गई है। ये एग्जाम अब 21 अगस्त से 4 सितबर तक चलेंगे। इससे पहले 18 जून को हुआ एग्जाम गड़बड़ी की आशंका के चलते कैंसल कर दिया गया था। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नई तारीखों की घोषणा कर दी है। छात्रों के एग्जाम सेंटर कौन से शहर में होंगे इसकी जानकारी एग्जाम से दस दिन पहले यानी 11 अगस्त तक एनटीए की वेबसाइट के जरिए दी जाएगी। यह परीक्षा सीबीटी मोड में होगी। यूनिवर्सिटी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर की नियुक्ति और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए यह परीक्षा होती है। देश की यूनिवर्सिटीज और हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूटस में पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए अब यूजीसी नेट स्कोर के आधार पर दाखिला होता है। यह परीक्षा 83 विषयों के लिए होगी। एनटीए ने एग्जाम का सब्जेक्ट वाइज शेडयूल वेबसाइट पर जारी किया है और कौन से विषय की परीक्षा कब होगी इसकी जानकारी दी गई है। 21 अगस्त से होने वाले यूजीसी नेट एग्जाम 24 केवल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में ही होंगे। दो शिफ्ट में एग्जाम होगा। सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 बजे की शिफ्ट होगी। 18 जून को रह हुआ एग्जाम पेन एंड पेपर मोड में हुआ था लेकिन अब एनटीए फ्रि से सीबीटी मोड में लौटा है। एनटीए के ज्यादातर एग्जाम अब सीबीटी मोड में ही ही रहे हैं। 21 अगस्त को पहली शिफ्ट में इंग्लिश,जापानी लैंग्वेज,परफॉर्मिंग आर्ट, हास,ड्रामा,थियेटर,इलेक्ट्रॉनिक साइस का एग्जाम होगा और इसी दिन दूसरी शिफ्ट में इंग्लिश, डोगरी भाषा, स्पेनिशए रशियन,पर्शियन रामेत दूसरे विषयों का एग्जाम होगा। इसी तरह से 22, 23, 26, 28, 29, 30 अगस्त को अलग अलग विषयों के एग्जाम होंगे। 2,3 और 4 सितंबर को भी एग्जाम की डेट्स तय की गई हैं। यूजीसी को गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा के संबंध में कुछ इनपुट प्राप्त हुए। इन इनपुट्स से प्रथम दृष्टया परीक्षा में कुछ गड़बड़ी के संकेत मिल रहे थे जिसके बाद परीक्षा कैसल कर दी गई और नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का फैसला लिया गया था। अब परीक्षा की नई डेट्स घोषित कर दी गई है। 18 जून को हुई परीक्षा ओएमआर मोड ;पेन एड पेपर पैटर्न में हुई थी। पिछले कई सालों से यह परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में ही रही थी। जून की परीक्षा के लिए 11.21 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था और 9.05 लाख कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी।


# गोंदवारा रेलवे फाटक पर युवक ने की खुदकुशी, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 4 अगस्त। राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। गोंदवारा रेलवे फाटक पर एक युवक ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी घटना स्थल पर पहुंची और फूट.फुटकर रोने लगी इस घटना के बाद से चारों तरफसनसनी फैली हुई है और आसपास के लोग घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वही इस घटना की जानकरी पुलिस को दे दी गई है। जहा पुलिस जाँच में जुट गई है।

# वाटरप्रूफ लिफाफे में विदेश जाएगी छत्तीसगढ़ की राखियां

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भाई.बहन के अटूट प्रेम के बंधन का पर्व रक्षाबंधन इस बार 19 अगस्त को मनाया जाएगा डाक विभाग इस स्नेह से जुड़े पर्व को खास बनाने के लिए रंगीन डिजाइन में वाटर पुफ्र लिफाफे को 10 रुपए में उपलब्ध करवा रहा है यह व्यवस्था बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए की गई है ताकि सामान्य डाक या स्पीड पोस्ट के जरिए देश के दूसरे राज्योंए शहरों या यहां तक कि सात समंदर पार रहने वाले भाइयों को भेजी गई राखी गीली होने से बच सके रायपुर डिवीजन में 24 स्थानों पर पीली पेटियां भी लगाई गई हैं दूसरे राज्यों और देशों में रहने वाले भाइयों को राखी स्पीड पोस्ट करने वाली बहनें इसके लिए जीएसटी भी अदा कर रही हैं राजधानी के पचपेड़ी नाका चौक स्थित डाकघर में इस बार राखी के लिए विशेष तैयारी की गई है राखी बुक कराने के लिए डाकघर पहुंचने वाली महिलाओं को भीड़ से बचाने और केवल राखी लेकर पहुंचने पर उन्हें पेकिंग सहित स्पीड पोस्ट कराने की सुविधा देने के लिए खास इंतजाम किया है इस काम के लिए विभाग ने रायपुर मुख्य डाकघर में और ग्राउंड फ्लोर पर सीनियर सिटीजन के लिए काउंटर शुरू किया हैण् इनके द्वारा बुक कराए जाने वाले डाक को अभी विभाग ने पहली प्राथमिकता में रखा हैण् इसकी छटनी करके संबंधित राज्य और शहर ही नहीं बल्कि फॉरेन कंट्री के लिए स्पीड पोस्ट की जाने वाली राखियों को भी उसी दिन रवाना करने के लिए व्यवस्था की गई है




डाक विभाग का तोहफा

**स्पीड पोस्ट सहित जीएसटी चार्ज लगेगा:** लिफाफे के वजन के लिहाज से शुल्क भी तय किया गया है इसके साथ ही स्पीड पोस्ट सहित जीएसटी चार्ज भी राखी बुक कराने वाले लोग दे रहे हैं प्रवर अधीक्षक हरीश महावर ने बताया कि इस बार रायपुर डिवीजन में 24 जगह पीली पेटी लगाई गई है वहीं रायपुर में ही 8 जगह राखी पोस्ट करने के लिए पीले रंग की पेटी लगाई गई ह लोग जयस्तंभ चौक सदर बाजार स्वामी विवेकानंद आश्रम सुंदर नगरए रविग्राम ही नहीं बिरगांव पंडरी और रायपुर गंज डाकघर में लगाई गई पीली पेटी में सामान्य डाक से राखी भेज सकते हैं इसके अलावा महासमुंद धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद में 4.4 पीली पेटी लगी है इनमें सिर्फ राखी ही पोस्ट की जा सकती है इसे रोज खोलने के बाद पोस्ट की गई राखी को समय पर पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई हैए इसकी छटनी भी अलग से करने की व्यवस्था है

## चुकाना होगा एयर सरचार्ज

एशिया के किसी भी देश में स्पीड पोस्ट से राखी भेजने के लिए 20 ग्राम वजन के लिफाफे पर 25 रुपए चार्ज देना होगा इसके साथ एयर सरचार्ज चार रुपए के साथ 45 रुपए जीएसटी यानी करीब 34 रुपए देने होंग वहीं 40 ग्राम का वजन होने पर करीब 49 व 60 ग्राम तक वजन होने पर 64 रुपए भुगतान करना होगा इसी तरह यूरोपिय कंट्री के लिए 20 ग्राम का 25 रुपए के अलावा 5 रुपए एयर चार्ज व करीब इतनी ही राशि जीएसटी की देनी होगी इसके अलावा वजन के लिहाज से शुल्क में इजाफा होगा साउथ अफ्रीका नार्थ अमेरिका के साथ आस्ट्रेलिया के लिए भी शुल्क में एयर सरचार्ज लगभग समान है वहीं यूएस के लिए सबसे ज्यादा 46 से 90 रुपए तक शुल्क देना होगा

# जर्जर हो चुकी पानी टंकी को नगर निगम ढहाया



**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जोन 9 क्षेत्र के तहत कचना हाईस्कूल परिसर में अत्यंत जर्जरए खतरनाक हो चुके अनुपयोगी पानी टंकी को निगम ने आज सुबह ढहा दिया। इसगे लगभग 2 किलो बारूद डायनामाइट का उपयोग किया गया

निगम का कहना है कि हाईस्कूल के बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओ स्टॉफसहित नागरिकों की जीवन सुरक्षा की दृष्टि से की गयी। स्कूल परिसर में अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक पानी टकी होने से अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी।

स्कूल प्रबंधन के अनुरोध पर निगम आयुक के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 की टीम ने आज ड्रिलिंग एंड ब्लास्टिंग इंजिनियर की मदद से ढहा दिया।

# महिला स्व सहायता समूहों को कर्ज देने वाली फायनेंस कंपनी के कर्मी ने 7.59 लाख का किया गबन

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। महिला स्व सहायता समूहों को कर्ज देने वाली फायनेंस कंपनी के कर्मी ने 7.59 लाख रूपए का गबन कर फरार हो गया। टिकरापारा पुलिस के अनुसार इलाके के संतोषी नगर में कर्मा धाम के पास वैक्टर फायनेंस कंपनी का आफिस है। जो बीते 3.4 वर्षों से संचालित है। यह फर्म महिला स्व सहायता समूहों और अन्य जरूरतमंद लोगों को 20.25 हजार तक छोटी छोटी रकम का कर्ज देती है। इस फर्म में कार्यरत कर्मी घनश्याम बनारसी कर्जदारों से हर माह प्राप्त किश्त जमा न कर गबन करता रहा। लोग 2.5 हजार रूपए जमा करते। वह इसे कंपनी के खाते में जमा नहीं करता रहा। यह सिलसिला सितंबर 21 से फरवरी 23 करीब दो वर्ष तक चलता रहा। कंपनी के प्रमुख तुषार गिलवर्ट ;33द्ध को इसकी भनक लगने का आभास होते घनशाम फरार हो गया। तुबर ने कल शाम टिकरापारा थाने में धारा 408 का मामला दर्ज करया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी छत्तीसगढ़ का ही निवासी है उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द पकड़ लिया जाएगा। चोरी एसबीआई कोलोनी टैगोर नगर निवासी विशाल बुधवानी की घर पर खड़ी एक्टीवा क सीजी 04 एलक्यू 0262 चोर ले भागे। विशाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एक्टिवा की कीमत 20 हजार रूपए आकी गई है।

# आदतन बदमाश जेल से छूटने के बाद चाकू लेकर लोगों को धमकाते गिरफ्तार

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। थाना टिकरापारा को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई की मठपुरैना ठाकुर देव मंदिर तालाब पार के पास एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया थाना प्रभारी टिकरापारा द्वारा संयुक्त टीम तैयार किया गया टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपी खीरसिधु नायक पिता शत्रुघन नायक उम्र 23 साल निवासी मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी ब्लाक नंबर 15 मकान नंबर 14 को पकड़कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



## 5 किलो गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

5 किलो ग्राम गांजा के साथ मध्यप्रदेश का अंतर्राज्यीय आरोपी अंकुर अग्रवाल गिरफ्तार थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत शहीद स्मारक पार्किंग स्थल के पास पाच किलो गांजे के साथ एक युवक अंकुर अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। उससे कुल 05 किलो 348 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसकी कुल कीमत लगभग 60,000 रूपये है। पुलिस की मुखबीर ने सूचना दी थी कि शहीद स्मारक पार्किंग स्थल पास एक युवक गांजा बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। इस पर मोके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मुखबीरन के बतायें हुलिए के युवक को पकड़ा और पूछताछ में उसने अपना नाम अंकुर अग्रवाल 37 साल निवासी शिव मंदिर के पास कृष्णापुरिया समारिया जनकगज ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर गांजा मिला। उसे 20 नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया। इसी तरह से सिविल लाईन पुलिस ने मोनू शर्मा 23 वर्ष भवानीपुर इलाहाबाद उत्तरप्रदेश हाल झंडा चौक मिश्रा बाड़ा पंडरी में गांजा बेचने की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

# राजधानी में लगातार बारिश जनजीवन प्रभावित





**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। 10 घण्टों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त ही गया है। मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर है वहीं रायपुर के निचली बस्तियां जलमय हो गई है। सड़कों में भी पानी भर गया। इससे शनिवार सुबह रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजधानी सहित प्रदेश में शनिवार को भी बादलों का डेरा रहा।

दोपहर शाम तक रुकरूक कर बारिश होती रहीं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टे के लिए जशपुर सूरजपुरए बलरामपुर गरिल्लापेद्रा और कोरबा जिले के लिए आरिज और सरगुजा बिलासपुर रायगढ़ रायपुर बलौदाबाजार महागद और दुर्ग राजनादगांव के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार रात से झामाद्धझम बारिश हो रही है। जिले में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 45 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में कमों की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे ज्यादा बारिश बालरामपुर के रघुनाथ नगर में 152.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन मेघ गर्जन के साथ कपात का भी तो अलर्ट जारी किया है।

# साईं रामचंद का रायपुर आगमन पर स्वागत

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जय शक्तिधाम समिति स्वामी हरिगिर महाराज धर्मशाला के पिठाधीश साईं राम चंद के रायपुर आगमन पर श्रद्धालुओ ने रायपुर रेल्वे स्टेशन एवं शक्तिधाम मंदिर में ज़ोरदार स्वागत किया। समिति के कोषाध्यक्ष सीए चेतन तारवानी ने बताया की स्वामी हरिगिर महाराज का 56वाँ वर्सी महोत्सव 17 से 19 अगस्त रायपुर तेलीबांधा स्थित स्वामी हरिगिर महाराज धर्मशाला में आयोजित होगा। वर्सी महोत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित होगा। जिसमें देश के अनेक शहरों से श्रद्धालू आएंगे।



तीन दिवसीय 56वाँ वर्सी महोत्सव 17 अगस्त से

पधा वर्सी महोत्सव की तैयारियों के वर्तमान पिठाधिश साईं रामचंद एवं मीना भाभी माँ विशेष रूप से रायपुर आए है। महोत्सव में शदाणी दरबार तीर्थ के पिठाधीश संत युधिस्थिर लाल चक्रभाटा से साईं लाल दास साईं कृष्ण दास एवं देवपूरी दरबार से अम्मा मीरा देवी शिरकत करेंगे।जिनके सानिध्य में भजन कीर्तन एवं आशीर्वचन का लाभ मिलेगा तीनो दिन भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है।

# अवैध शराब के साथ दो युवक पकड़े गए





**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। अभियान कार्यवाही के दौरान ग्राम कुरा के बसन्त पाल पिता राम लाल पाल उम्र 53 वर्ष के कब्जे से 44 पौवा देशी मसाला मदिरा जप्त कर उस गिरफ्तार किया गया साथ ही मोटरसायकल को भी जप्त कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। इधर एक एक अन्य मामले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने व निजात अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से शराब रखकर बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जिस पर आरोपी संजय धुव्र पिता स्वर्गीय राजकुमार धुव्र उम्र 28 वर्ष निवासी गणेशचौक छिरापारा भाठागांव थाना पुरानी बस्ती के पास से .30 पौवा मंदिरा मसाला 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रुपए जब्त किया.

# हर स्पीच कुछ अलग कहती है : तारवानी

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। सुहिणी सोच और साहू व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्पीच आर्ट में आज प्रभावी बोलने की कला के प्रशिक्षण कार्यशाला का तृतीय व अंतिम दिवस था। जिसमें प्रशिक्षक सी.ए.

प्रभावी बोलने की कला वर्कशॉप का समापन

चेतन तारवानी ने लोगो को बताया स्पीच अलग-अलग प्रकार की होती है !जैसे किसी का परिचय देना, स्वागत भाषण, धन्यवाद ज्ञापन, श्रद्धांजलि, एंकरिंग करना।

एक्सपर्ट चेतन तरवानी ने बताया कि स्वागत भाषण में अतिथियों का नाम पुकारते समय अपर टू लोअर फार्मूले का इस्तेमाल करना चाहिए। किसी गेस्ट को मंच पर आमंत्रित करने से पहले उनकी खास चालिटी बतानी चाहिए। कार्यक्रम का मकसद जरूर बताना चाहिए और संस्था की उपलब्धि तथा डिमांड का भी उल्लेख करना चाहिए ।धन्यवाद भाषण के वक्त भी अपर टू लोअर फार्मूले का ध्यान रखना चाहिए !श्रद्धांजलि भाषण देते वक्त कभी भी कोई कमी नहीं निकालनी चाहिए। जिससेआप कभी मिले ना हो उसके बारे में बोलने कहा जाए तो उनके बच्चों को आधार बनाते हुए शुरुआत करनी चाहिए ।हालांकि मेरी मुलाकात कभी बाउजी से नहीं हुई लेकिन उनके बेटे से मेरा परिचय रहा है और उनके संस्कार देखकर समझ जा सकता है कि वह कैसे व्यक्तित्व के धनी थे ।



लोगों को बताया कि स्पीच के दौरान शारीरिक गतिविधियों पर भी ध्यान देना बहुत महत्व पर होता है ।इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठा के अध्यक्ष सूरज शाह, शहर जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष रामबगस साहू, और प्रोग्राम डायरेक्टर मनोज साहू, राजेश साहू, तथा सुहिणी संस्था की मार्गदर्शिका श्रीमती मनीषा तरवानी अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी, आई पी पी करिश्मा कमलानी व सचिव पूनम बजाज भी शामिल थे।

# मुनि सुधाकर के सम्मेलन में उमड़े श्रद्धालु

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। मां के चरणों में स्वर्ग हैं। उनके पैरों के नीचे की मिट्टी स्वर्ग की मिट्टी के समान है। मां एक पूर्ण शब्द है, अकट्य गंथ हैं, ममता का महाकाव्य है। उपरोक्त विचार तेरापंथ महिला मंडल की ओर से समायोजित मां की ममता, मां की महिमा सेमिनार में उपस्थित विशाल जनमेदनी को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुधाकर ने जय समवसरण, टैगोर नगर स्थित लाल गंगा पटवा भवन में कहें।

मुनिश्री ने कहा कि मां ममता की मूरत है, समता की सूरत है, त्याग की प्रतिमूर्ति है। आकाश का कोई ओर-शोर नहीं है, वैसे ही मां की महिमा का अं ?त नहीं है, वह अपार है, अमाप्य है। मां एक विश्वविद्यालय है। विश्व के सभी ग्रंथ और धर्म में मां की महिमा गाई गई है। मां की ममता अद्भुत, अद्वितीय, अप्रतिम है। मां त्यागमयी, दयामयी, क्षमामयी, सत्यमयी और स्नेहमयी होती है।

**मां ही हमारे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश:** भावविभोर करने वाले भावों से मां की तुलना करते हुए मुनिश्री ने कहा कि सूर्य तो केवल प्रकाश करता है, लेकिन मां ने मुझे अंगुली पकड़ कर चलना सिखाया, चांद में तो दाग है, पर मेरी मां तो बेदाग है। समुद्र विशाल होते हुए भी उसका पानी खारा है, परन्तु मां का दूध तो अमृत से भी मीठा है। मां अक्षर दो शब्दों के मिश्रण से बना है ङ्क म यानी महावीर, मोहम्मद, अ यानी आदेश्वर, आदिनाथ। मां हमें जन्म देती है, लालन-पालन करती है, उद्धार करती हैं, इसलिए मां ही हमारे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश है।



मां की महिमा का अंत नहीं है, वह अपार है, अमाप्य है

**वृद्धों को आश्रम की नहींआश्रय की जरूरत :** सम्पूर्ण धर्म परिषद् को विशेष प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए मुनिश्री ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में ऋषि मुनि ने चार आश्रम की व्यवस्था की थी। यह वृद्धाश्रम कहां से आया पता नहीं। यह हमारी संस्कृति व संस्कार का शब्द नहीं है। वृद्धाश्रम आयात शब्द है। पाश्चात्य देशों से आया है। वृद्धों को आश्रम की नहीं, आश्रय की जरूरत है। वृद्धाश्रम देश की अस्मिता पर कलंक है। जो अपने माता-पिता की सेवा नहीं कर सकते उन्हें जीवन में कभी सुख, शांति, प्रसन्नता नसीब नहीं हो सकती। मुनिश्री नरेश कुमार ने नमस्कार महामंत्र पर आधारित गीत का संगान किया

सेमिनार में विशेष रूप से आईएएस किरण कौशल उपस्थित थीं ।उन्होंने मां विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में दुर्ग, भिलाई के अलावा रायपुर के आदिश्वर बहुमंडल, मल्ली महिला मंडल, बीकानेर जिला, वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, आनंद बहुमंडल, अर्पण सेवा समिति, वनबंधु महिला समिति, शीतल बहु मंडल, जिनकुशल बहु मंडल की सदस्य समेत डिग्री गर्ल्स कालेज की प्रोफेसर उषा किरण उपस्थित थीं। स्वागत वक्तव्य नेहा जैन, संचालन, आभार मधुर बच्छावत के साथ गौतम गोलछा ने अपनी भावनाएं समाज की ओर से व्यक्त की। सेमिनार के प्रायोजक रितु सुरेन्द्र चौरड़िया थे।

# धारदार चाकू के साथ बदमाश पकड़ाया

**रायपुर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में थाना टिकरापारा की पुलिस ने धारदार चाकू लेकर धमकाने वाले बदमाश को पुलिस पकड़ लिया हैं ।

बताया गया कि प्रार्थिया श्रीमती निरोधा मंडल ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई 2 अगस्त की रात उनके पति अधिवक्ता अनिमेश मंडल अपने बच्चें को स्कूल लेने जा रहा था उसी दौरान जैन गर्ल्स हास्टल के पास नहर पारा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आने जाने वाले लोगो को गाली गुसार कर धक्कामुक्की कर रहा था जिसें प्रार्थिया के पति अपनी मोटर सायकल को रोक कर उस अज्ञात व्यक्ति को ऐसा करने से मना किया जिस पर अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थिया के पति के उपर हत्या करने के नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से उनके ऑख के नीचे मारकर चोंट पहुंचा दिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया । घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को अज्ञात आरोपी का पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया थाना प्रभारी टिकरापारा द्वारा संयुक्त टीम तैयार किया गया टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपी का लगातार पता तलाश कर मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से अज्ञात आरोपी का पहचान वासुदेव निषाद उर्फ छोटू निषाद पिता दयालू राम निषाद उम्र 26 साल निवासी नहरपार लक्ष्मी नगर थाना टिकरापारा रायपुर से पकडकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



उल्टा पुल्टा

सुरेश (दोस्त से)- दुनिया के सबसे बड़े और घातक हथियार क्या हो सकते हैं।
राजू ने दिमाग पर जोर देते हुए कहा। पहला- बीवी की आंसू और दूसरा- पड़ोसन की स्माइल।

## संपादकीय

## फ्लाई ऐश वाहनों में जीपीएस से होगा लाभ

*छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में बिजली संयंत्र हैं जिनसे हजारों मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इनमें कई संयंत्र छग सरकार के हैं तो अनेक केन्द्र सरकार के। निजी तौर पर भी बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। कोयले की राज्य में बहुतायत के कारण स्थापित प्लांट प्रदेश के लिये तो विद्युत उत्पादन करते ही हैं, बाहरी राज्यों को भी बिजली बेची जाती है। इसके कारण राजस्व आय की प्राप्ति होती है। इस राशि का उपयोग राज्य के विकास के लिये होता है। देश भर में ताप बिजलीघरों का दुष्परिणाम उससे निकलने वाली राखड़ के चलते है, उसी तरह पूरे प्रदेश में जहां भी पॉवर प्लांट चल रहे हैं उसके आस-पास तो इस फ्लाई ऐश की समस्या है ही, ये संयंत्र जितनी राखड़ रोज निकाल रहे हैं, उसके निष्पादन की बड़ी समस्या है। इसके निपटान के दृष्टिकोण से फ्लाई ऐश से ईंटें बनाने वालों को निकलने वाली राखड़ मुफ्त में दी जाती है। जहां भी पॉवर प्लांट कार्यरत हैं, उनके समीप बनने वाले सभी तरह के निर्माणों में राखड़ ईंटों के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया है। बन्द की गयी सुरंगों को भरने के लिये भी इसका इस्तेमाल करना सुझाया गया है। हालांकि कुछ बंद हो चुकी खदानों को इससे भरने को लेकर वाद व मतभेद हैं। बिजली संयंत्रों के लिये राखड़ को उपयोगकर्ताओं के दरवाजों तक पहुंचाना नियमत: अनिवार्य कर दिया गया है।*

*समस्या यहीं से शुरू होती है क्योंकि कई बार उपयोगकर्ता संयंत्रों से दूर होते हैं जिससे प्रबन्धन के लिये परिवहन का खर्च बढ़ जाता है। इसलिये बहुत से संयंत्र कुछ दूरी पर यह राखड़ फिंकवा देते हैं। इससे वहां रहने वालों को बड़ी दिक्कतें होती हैं। कई गांवों ने इस बाबत शिकायत भी की है। संयंत्र के आसपास रहने वाले लोग कंपनी के अधिकारियों से निवेदन करते हैं कि ऐसा न हो लेकिन यह सिलसिला रूकता नहीं।*

*प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शक्रवार को राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के साथ इस विषय पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राखड़ ढोने वाले वाहनों पर जीपीएस और जियो टैगिंग हो। इससे उपयोग करने वाले वाहनों की लोकेशन का पता चलता रहे। यह भी पता चलेगा कि ये वाहन निर्धारित स्थानों तक जाकर राखड़ डम्प करते हैं या कहीं भी फेंक कर चले आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकारियों को पूरे मनोयोग एवं समर्पण भाव से काम करना होगा। राज्य के कम से कम दो शहर- रायपुर व कोरबा बहुत ही ज्यादा औद्योगिक प्रदूषण के शिकार हैं। इसलिये ज़रूरी है कि मंडल के काम-काज को भी सुधारा जाये। जब तक मंडल अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक प्रदूषण को खत्म करना बहुत मुश्किल होगा।*

# सरकार बदलते ही पुलगांव गौठान आर्थिक संकट में

**गोबर खरीदी सहित, गौठान के उत्पादनों को बाजार मिलना भी बंद, तालाब, मुर्गीपालन से आमदनी अपर्याप्त**



**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में संचालित पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। राज्य शासन द्वारा सन् 20 में स्थापित किये गये इस गौठान को संचालित करने वाली महिला स्व सहायता समूह संस्था कल्याणम महिला स्व सहायता समूह को आर्थिक उपार्जन के लिये जो साधन सुविधाएं दी जाती थी उनकी आपूर्ति में विलंब हुआ फिर जैसे तैसे गाड़ी पटरी पर आने लगी तब सत्ता परिवर्तन होने से अब संचालक संस्था के सामने यह असमंजस की स्थिति बन गई है कि गौठान का भविष्य क्या होगा। इसे चलाने के लिये सरकार क्या नीति लागू करेगी अथवा बंद कर देगी। इस उहापोह के चलते स्व सहायता समिति के सदस्यगण तथा उसके सहयोगी भी इस पर धन लगाने में संकोच कर रहे है?

स्व सहायता समूह के प्रमुख कर्ताधर्ता गायत्री डोटे व देवाशीष घोष ने बताया कि संस्था कल्याणम महिला स्व सहायता समूह के साथ अनुबंध करते समय तय किया गया था कि महिला स्व सहायता समूह इसका संचालन करते हुए अपने संसाधनों को स्वयं जर्नरेट करेगी। होने वाली आय महिला स्व सहायता समूह की आय होगी। इसी आय से हमर गौठान का संचालन किया जायेगा। इसमें शासन की ओर से नगर निगम द्वारा गौठान से बनाई जाने वाली वस्तुएं अगरबत्ती धूप बत्ती, छेना (कंडा), फिनायल, खाद, गोबर पेंट, दीपक व गमले सहित जो भी वस्तुएं महिला स्व सहायता समूह बनायेगी उसे शासन प्रशासन द्वारा बाजार उपलब्ध कराया जायेगा।

**साढ़े चार सौ ज्यादा मवेशियों का भरण पोषण खतरे में**

पिछली भूपेश बघेल सरकार में किसी भी तरह इस अनुबंध पर अमल भी किया जाता रहा। समूह द्वारा गमले बनाने के लिये सांचे भी उपलब्ध कराये गये। इन गमलों को सी मार्ट में विक्रय हेतु रखा भी गया। अन्य वस्तुएं भी सी मार्ट में रखी गई। प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें सामानों की बिक्री भी हुई.। शुरूआत में दीपक सहित प्रत्येक वस्तुओं की बिक्री उत्साह वर्धक होती रही। फिर शासन ने स्व सहायता समूह को मत्स्य पालन व बतख पालन के लिये तालाब भी आबंटित किया। मुर्गीखाना खोलने के लिये मुर्गियां भी उपलब्ध कराई गई। इनसे गौठान को वित्तीय शक्ति आज भी मिल रही है मगर अन्य कारणों से ऋण का गड्डा इतना अधिक भर गया है कि उससे उतर पाने की कोई सूरत ही नजर नहीं आ रही है।

गौठान की देखरेख में लगे गायत्री डोटे व देवाशीष घोष का कहना है कि उन्हें गोबर खरीदी से प्रतिमाह 60 हजार रूपये मुर्गीपालन से 20 हजार रूपये मछली पालन से भी लगभग 20 हजार रूपये की मासिक आय जाती थी। अगस्त 23 तक यह हमर गौठान प्रदेश के नंबर 1 गौठान में शेष पृष्ठ 9 पर



## हरेली पर किया गया वृक्षारोपण

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शिव सिद्धि विनायक सेवा समिति विवेकानंद नगर दुर्ग के सभी सदस्यों व कालोनी वासियों द्वारा आज हरेली पर एक वृक्ष मां के नाम के तहत सघन वृक्षारोपण किया गया, महिलाओं द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई जो



माता तालाब पोटियाकला से जल लाकर गणपति चौक स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में स्थापित शिवलिंग में अर्पित की गई। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, कोषाध्यक्ष, मलखान सिंह लोधी, सचिव नारायण सिंहा, सदस्यगण महेन्द्र शर्मा, राजेश हरमुख, सुनील दुबे, एस.के.थापक, अमित सिंह, मीडिया प्रभारी घनश्याम सिंह ताम्रकार, अमित देवांगन, मनोज कुशवाहा, विपुल चंद्राकर, रवि जोशी, चाकोले सर, व अन्य लोगों की सहभागिता विशेष रहीं।

## विभाजन विभीषिका दिवस तथा तिरंगा यात्रा के लिये भाजपा ने बनाई समितियां

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने 11 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा के आयोजन हेतु समिति गठित करने के साथ ही 14 अगस्त को मनाये जाने वाले विभाजन विभिषिका दिवस के लिये अलग अलग समितियों का गठन किया है। जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के अनुमोदन पर आज इन तीनों समितियों की घोषणा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने की। विभाजन विभिषिका दिवस कार्यक्रम के संयोजक साजन जोसेफ बनाये गये है। सदस्यों के रूप में जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव, चंद्रप्रकाश मांडले, नरेश तेजवानी, रजनीश श्रीवास्तव बनाये गये। इसी तरह हर घर तिरंगा यात्रा के शेष पृष्ठ 9 पर

## किसानों के ज्यादती कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी : भूपेश

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास में दुर्ग बेमेतरा जिले के किसानों एवं गेल इंडिया लि. के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कहा है कि काम करना है तो किसानों के साथ सामंजस्य बैठाकर कार्य करें। किसानों के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू महापौर चरौदा भिलाई 3 निर्मल कोसरे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख ने भी संबोधित करते हुए गेल इंडिया कंपनी के अधिकारियों को किसान विरोधी रवैया



- गेल इंडिया व किसानों की बैठक में पूर्व सीएम की कड़ी चेतावनी
- दोनों पक्षों के बीच चार बिंदुओं पर बनी सहमति

अपनाने पर चेतावनी दी और कहा कि किसानों के धैर्य की परीक्षा न लें।

बैठक में किसान नेता रविप्रकाश ताम्रकार गेल इंडिया द्वारा गैस पाईप लाईन बिछाने जाने से किसानों के साथ किये जा रहे छल का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों द्वारा सहमति पत्र मुआवजे की राशि वाले कालम को खाली छोड़कर किसानों के हस्ताक्षर कराये गये है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के हितों को नजर अंदाज कर दमनपूर्वक पाईप लाईन बिछायी जा रही है। संदीप पटेल ने कंपनी पर आरोप लगाया कि उन्होने इस मामले में राजस्व मंत्री को भी सभी किसानों को मुआवजा भुगतान कर दिये जाने की गलत जानकारी दी गई है। बैठक में किसानों ने गेल इंडि या के अधिकारियों के सामने प्रश्नों की झड़ी लगा दी। अंत में किसानों एवं गेल इंडिया के बीच 5 मुद्दों पर सहमति बनी। शेष पृष्ठ 9 पर

# निगम के जनसमस्या निवारण शिविर में आज मिले 2 सौ आवेदनों में से 140 का मौके पर किया गया निराकरण

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत आज शहर के वार्ड क्र 8 तकिया पारा, वार्ड क्र 7 शिक्षक नगर एवं वार्ड क्र 9 गिरधारी नगर वार्ड के नागरिको के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंचे वार्डवासियों में से कुछ की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। वहीं कुछ समस्याओं को सूचीबद्ध कर उसके शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त किया गया। ज्ञात हो कि जन समस्या निवारण पखवाड़े में वार्ड के लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लोग अपनी समस्या लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिसे निगम प्रशासन के द्वारा निराकरण किया जा रहा है। जन समस्या निवारण पखवाड़ा में आज महापौर धीरज बाकलीवाल एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद विजेद्र भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता विनोद मांझी, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव समेत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है।



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्ग दर्शन में चल रहे जनसमस्या निवारण शिविर में लगभग 200 लोगों ने अलग.अलग मांग व शिकायत लेकर शिविर में पहुंचे। शिविर में 200 शिकायतों में 140 का निराकरण कर शेष 60 आवेदनों को निराकरण करने संबंधित विभाग को सौंपा गया। निगम के सभी 60 वार्डों में लगाये जा रहे शिविर जिसमें जनता के बीच अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

शिविर में जो समस्याएं मुख्य रूप से सामने आ रही है उनमें नल कनेक्शन, राशन काड, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्ट्रीट लाइट संबंधी, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलापूर्ति में लीकेज, साफसफाई, टूटी फूटी नालियों का निर्माण, सड़क जैसी जनता की समस्याएं सामने आ रही हैं।

## स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ की टीम चेन्नई रवाना

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ के नेतृत्व में श्रमण संघ के युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज के दर्शन सेवा हेतु वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ दुर्ग के 50 सदस्यों का दल आज चेन्नई के लिये रवाना हुआ। टीम का नेतृत्व टीकम छाजेड़ एवं गोलू गोलछा कर रहे है। श्रमण संघ के युवाचार्य महेन्द्र ऋषि के दर्शन वंदन एवं सेवा भक्ति करने के साथ ही श्रमण संघ की पूरी टीम के सदस्य प्रार्थना प्रवचन, सामयिक प्रतिश्रमण साधना का लाभ लेगा। इस टीम में महिलाएं भी शामिल है। ज्ञातव्य है कि युवाचार्य महेन्द्र ऋषि का



चातुर्मास 2022 में दुर्ग आनंद मधुकर भवन में ही हुआ था।

## साइंस कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं भावना प्रबंधन पर कार्यशाला



**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय में अंडर स्टेंडिंग मेंटल हेल्थ एवं इमोशनल इंटेलीजेंस विषय पर जिला प्रशासन तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग द्वारा संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम दुर्ग अरविंद एक्का थे। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की व्यक्तिगत रूचि से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्स नितिन श्रीवास्तव ने प्राध्यापकों को विभिन्न पीढ़ियों के विद्यार्थियों की समस्याओं एवं उन्हें होने वाले मानसिक तनावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी काफी रोचक तरीके से दी। इसके साथ ही उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों से उनके मानसिक तनावों के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित श्रोताओं से भी अनेक प्रश्न पूछे तथा समाधान भी बताया। उन्होंने श्रोताओं के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं की परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिज्ञासुओं की शंकाओं का समाधान भी किया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि दुर्ग संभागीय आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बहुत ही सरल तरीके से बताया कि वास्तव में दिमाग और शरीर के बीच सामंजस्य न होना ही तनाव है। इस तनाव को मेडिटेशन एवं योग के द्वारा सरलतापूर्वक मैनेज किया जा सकता है। क्षेत्रीय कार्यालय उच्चशिक्षा राजेश पाण्डेय ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत से प्रारंभ इस कार्यशाला के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो. एस.एन.झा ने कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में दुर्ग जिले के सभी शासकीय अशासकीय निजी महाविद्यालय के प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शेष पृष्ठ 9 पर

## कुम्हारी की विद्या चक्रधारी को मिला उद्योग श्री अवार्ड

**कुम्हारी**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित जय मां शीतला स्व सहायता समूह की सचिव विद्या चक्रधारी को उद्योग श्री अवार्ड प्रदान किया गया है। यह अवार्ड उन्हे शगुन फाउंडेशन तथा



छत्तीसगढ़ महिला मंच रायपुर द्वारा आयोजित होम डेकोर तथा लाईफ स्टाइल प्रोडक्ट की प्रदर्शनी के दौरान दिया गया। विद्या चक्रधारी विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी तथा मेले मे लगातार भाग लेकर अपना आजीविका संवर्धन कर रही है। वे अपने समूह की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों को भी मिट्टी बर्तन तथा अनाज के दानों से राखी बनाना भी सिखाती है।

## मुख्यमंत्री आज भोरमदेव मंदिर पहुंचेंगे

### हैलीकॉप्टर से करेंगे पदयात्री-कावड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत-अभिनंदन

**कवर्धा**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 5 अगस्त को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर आना प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय हैलीकॉप्टर से लगभग 7 बजे भोरमदेव पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश उपमुख्यमंत्री भी रहेंगे।

हैलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर पहुँच कर पवित्र सावन मास में पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन करेंगे। इसके बाद भोरमदेव बाबा का विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना करेंगे। पूजा अर्चना जलाभिषेक के बाद लगभग 8 से 8.30 बजे के आसपास मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री



सीधे कवर्धा स्थित ऐतिहासिक पँचमुखी बूढ़ा महादेव पहुँचे और यहां भी विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक पूजा-अर्चना करेंगे। सावन का पवित्र माह चल रहा है। इस पूरे माह कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कावड़िया पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारो की संख्या में आते है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भोरमदेव मंदिर प्रस्तावित आगमन की तैयारियों के सिलसिले में कलेक्टर श्री महोबे में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भोरमदेव मंदिर और बूढ़ा महादेव मंदिर पहुँच आवश्यक व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## लगातार हो रही बारिश से जिले के जलाशयों का बढ़ा जल स्तर

**बालोद**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में लगातार रिमझिम बारिश होने से बीते 24 घंटे में 110.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। सर्वाधिक डौंडीलोहारा ब्लाक में 21.7 मिलीमीटर और सबसे कम गुरुर ब्लॉक में 10.3 मिलीमीटर बारिश हुई है। बारिश से तांदुला जलाशय का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। अब तक साढ़े 33 फ़ीट जलभराव चुका है। 5 फ़ीट और जलभराव के बाद ओव्हारफ्लो हो जायेगा। जिले के अन्य खरखरा और गोंदली जलाशय में भी लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। लबालब भरे जलाशयों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जलाशयों में पहुंच रहे हैं। तांदुला के सेफ्टी वाल के पास पुलिस ने सुरक्षा के तौर पर बेरिकेट लगाया स्टापर लगाया है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सावन महोत्सव

**महिलाओं के हितों में भाजपा सरकार द्वारा चलाये जा रही अनेक योजनाएं : लक्ष्मी राजवाड़े**

**दुर्ग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सावन महोत्सव मेला काआयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं व रंगारंग कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े थी। इस अवसर पर श्रीमती राजवाड़े ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा महिलाओं के हित में उठाये जा रहे क्रांतिकारी कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महतारी





वंदन योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा तरह तरह की अफवाहे उड़ाई जा रही थी मगर आज भी उन्हें लगातार इस योजना की राशि दी जा रही है।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शीतल नायक, माया बेलचंदन, मीडिया प्रभारी आयुषी पाण्डेय, रजनी बघेल, राजेश्वरी वर्मा, पूजा चंद्राकर, रजनी रजक, ममता साहू, डॉ. मानसी गुलाटी भी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सावन क्लीन में प्रियंका जैन, कुर्सी दौड़ स्पर्धा में चुनी साहू, बोल पासिंग में संगीता यादव, फुगड़ी में शारदा यादव ने पुरस्कार जीता। महिलाओं ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये। कार्यक्रम में एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी महिलाओं को पौधारोपण के लिये पौधे भी दिये गये। कार्यक्रम का संचालन गायत्री वर्मा, एवं जयश्री राजपूत ने किया।

# हर क्षेत्र में महिलाओं को अहम भूमिका : डॉ. अरुणा

**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई महिला समाज ने आज 4 अगस्त को अपना 67वाँ स्थापना दिवस मनाया। यह समारोह सिविक सेंटर स्थित, महात्मा गाँधी कला मंदिर में आयोजित समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति डॉ अरुणा पाल्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पाल्टा ने कहा कि एक समय था जब महिलाएं केवल घरेलू काम काज और घरेलू जिम्मेदारियों तक ही सीमित रहती थीं, लेकिन अब चाहे वह ऑटो रिक्शा चालक हो या फायर फाइटर जैसी पुरुष प्रधान नौकरी महिलाएं हर तरह के क्षेत्रों में अग्रणी पदों पर कार्य कर रही हैं। आप झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई या अहिल्या देवी होलकर जैसी महिलाओं को याद कर लीजिए आपको ऐसी अनेकों महिलाएं मिलेंगी जिन्होंने समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। और अब हमारे देश के चंद्रयान परियोजना को ही देख लीजिए, जिस पर देश आज गर्व करता है। इस परियोजना में कई महिला वैज्ञानिकों ने प्रमुख पदों पर काम किया और इसे सफल बनाया है। पहले उच्च शिक्षा में महिलाएं केवल स्नातक की डिग्री हासिल करती थीं और फिर उनकी शादी कर दी जाती थी, लेकिन आज मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे विश्वविद्यालय के पिछले दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में अधिकांश विद्यार्थीए महिलाएं ही थीं। डॉ. अरुणा पल्टा ने कहा, वर्तमान समय में महिलाएं न केवल हर क्षेत्रों, प्रोफेशन और शिक्षा में भाग ले रही हैं बल्कि उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर रही हैं। हालाँकि, उनकी प्रगति के साथ, वर्तमान परिदृश्य भी बदल गया है। समाज अस्थिर हो रहा है क्योंकि महिलाओं पर पुरुषों की तुलना में चार गुना अधिक काम का बोझ है इसलिए पुरुषों को भी महिलाओं की जिम्मेदारियों का बोझ उठाना चाहिए और अपने जीवन और परिवार को सफलतापूर्वक चलाने के लिए एक.दूसरे का पूरक



बनना चाहिए। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही आज भिलाई महिला समाज इन उंचाईयों तक पहुँच पाया है। एकता, समर्थन, निष्ठा और विश्वास की शक्ति की नींव पर स्थापित यह मजबूत संगठन उन सभी महिलाओं की मेहनत का प्रतिफल है। जिन्होंने अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए इसको सशक्त बनाया है। समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिय, भिलाई महिला समाज प्रारम्भ से ही विभिन्न इकाईयों का संचालन करती आ रही है। जिसमें, स्टेशनरी इकाई, दस्ताना इकाई, मसाला केन्द्र, समृद्धि फ्यूल्स आदि शामिल है। भिलाई महिला समाज ने अपने पर आश्रित सभी सदस्य बहनों के वित्तीय प्रकरणों को हल करने का सदैव प्रयास किया है। इसमें संयुक्त सदस्यों के प्रतिभावान बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है और जरूरतमंद दिव्यांग सदस्यों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। भिलाई महिला समाज ने आज 67 वर्ष पूर्ण कर यह साबित कर दिया है, कि इतने लंबे समय तक किसी संगठन को सक्रिय बनाये रखनाए कठिन परिश्रम और दृढ़संकल्प से ही सम्भव हो सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि भिलाई महिला समाज आगे भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा। महिला समाज की महासचिव श्रीमती साधना गोयल ने विगत वर्षों में भिलाई महिला समाज द्वारा किये गए उत्तरोतर प्रगति और उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आप सबकी भागीदारी से ही सफलतापूर्वक सम्भव हुआ है। समारोह में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मोली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी, महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह.कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपान्विता पाल उपस्थित थीं। श्रेष्ठ क्लब का खिताब सेक्टर-8 क्लब को मिला। जिसे नलिनी श्रीवास्तव ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष नीरजा कुमारी ने आभार व्यक्त किया।

## मोटर सायकिल लूट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे शख्स से लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। शख्स को चाकू की नोक पर रोककर उसकी बाइक को लूटकर भाग गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद वैशाली नगर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया। नाबालिग आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक व चाकू बरामद किया है। तीनों नाबालिग आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार रमेश सिंह उरला बस्ती वार्ड न 58 मोहन नगर दुर्ग ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई की रात को वह अपनी मोटरसाइकिल हीरो डिलक्स से अहिवारा ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी कर 1 अगस्त की सुबह 4 बजे घर वापस आ रहा था। इस दौरान रास्ते में वैशाली नगर कॉलेज के पास तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका। धारदार चाकू दिखाकर बोले कि गाड़ी से उतरो। जैसे ही वह उतरा तो तीनों ने बाइक लेकर फरार हो गए। इस मामले में शिकायत पर धारा 309 (6), 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ममता अली शर्मा द्वारा तत्काल रात्रि बाइक पेट्रोलिंग में तैनात आरक्षक आवेश सिद्धिकी और आरक्षक नितेश पाण्डेय को आरोपी की पतासाजी में लगाया। आरक्षकों ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर 3 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में तीनों ने उक्त लूट की घटना को करना स्वीकार किया।

## विधायक 12 को निकालेंगे कांवड़ यात्रा



**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशब्धु)। हर साल की तरह इस वर्ष भी जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। 12 अगस्त को सुबह 6 बजे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शिवनाथ नदी में स्नान कर अपने कांवड़ में शिवनाथ नदी का जल भरकर हर हर महादेव का जयकारा करते हुए निकलेंगे। उनके साथ बाबा भोले नाथ के हजारों भक्तों विधायक श्री यादव के साथ कावड़ यात्रा निकालेंगे। शिवनाथ नदी से अपने कावड़ में जल भरकर भक्त पैदल-पैदल हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए देवबलोदा प्राचीन मंदिर पहुंचेगे। देव बलौदा के प्राचीन मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस भव्य आयोजन का नेवता सेवा वाहिनी जिले के सभी लोगों को दे रहे है। राजनीति से पूरी तरह से परे होकर सिर्फ बाबा भोलेनाथ की भक्तिमय इस धार्मिक आयोजन में सभी बाबा के भक्त के रूप में शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन में शामिल होने और भक्तों की सेवा और स्वागत के लिए शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धजीवी वर्ग सभी अपना वीडिया शेयर करके लोगों से अपील कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी को आमंत्रित करते हुए कि कहा कि शिवनाथ नदी से जल लेकर प्राचीन मंदिर देवबलोदा पहुंचेंगे। जहां सभी भक्त पूजा अर्चना करेंगे। सभी भिलाईवासियों से अनुरोध है कि इस यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं और शहर व प्रदेश के लिए शिवजी से कामना करें और सभी के जीवन में खुशहाली आएए यह भाव लेकर आगे बढ़े। हर साल की तरह इस साल भी विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। सभी कावड़ियों के लिए कावड़ और कलश की व्यवस्था रहिये। जिनके पास सुविधा है, वे अपने साथ कावड़ और ध्वज खुद भी लेकर आ सकते है।

## सामाजिक सुरक्षा एवं शिक्षा से होगा आदिवासी समुदाय सशक्त



**भिलाईनगर**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक सुरक्षा एवं शिक्षा से होगा आदिवासी समुदाय सशक्त। आदिवासी मातृशक्ति संगठन आदिवासी मातृशक्ति संगठन की बैठक मरोदा सेक्टर में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक क्षेत्र के हमारे आदिवासी परिवारों के साथ सामाजिक सुरक्षा, जागरूकता एवं शिक्षा के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। श्रीमती चन्द्रकला तारम ने स्व. आनंदी राम ठाकुर के स्मृति में बच्चों को कॉपी पेन बाटा। विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परघनिया ने कहा अपने संवैधानिक अधिकारों एवं सरकार की नीतियों को समझने के लिए जागरूकता जरूरी है। चंद्रभान सिंह ठाकुर ने देश भर में बढ़ते आदिवासी उत्पीड़न के मामल, जल, जंगल, जमीन की तबाही, निर्दोष आदिवासियों की मौत, जलते मणिपुर इन तमाम मुद्दों से आदिवासीयो की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। संगठन ने आदिवासी मण्डल के द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम मे शामिल होने आमंत्रण दिया। विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिहा, एम.आई.सी मेंबर चंद्रभान सिंह ठाकुर, प्रोफेसर हिना सिंह, अश्लेष मरावी, भुमिका ठाकुर, किर्ती ठाकुर, दिव्या नेताय, राजलक्ष्मी ठाकुर, बहुरा ठाकुर, कुमारी ठाकुर, दीपमाला नेताम, नीरा ठाकुर, मीनाक्षी मंडावी, डालिया ढाले, निर्मला चतुर्वेदी, कनकलता नाग, हिना सिंह, लोकेश्वरी ध्रुव दिनेश्वरी भुआर्य आदि उपस्थित रहे।

## सेक्टर-9 अस्पताल में त्वचा बैंक स्थापित




**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। हर साल भारत में लगभग 70 लाख जलने के मामले रिपोर्ट किए जाते हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत पीड़ित महिलाएं और बच्चे होते हैं। जब शरीर के 40 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में जलन होती है, तो व्यक्ति के जीवन को खतरा होता है। जिसे त्वचा प्रत्यारोपण के माध्यम से कम किया जा सकता है। त्वचा प्रत्यारोपण के लिए त्वचा व्यक्ति स्वयं से या दाताओं से प्राप्त की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से अधिक आयु का है, त्वचा दान कर सकता है, और त्वचा दान के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। मृत्यु के छह घंटे के भीतर त्वचा दान किया जा सकता है। हालांकि, एचआईवी पॉजिटिव, हेपेटाइटिस बी, सेप्टिसीमिया या त्वचा कैंसर वाले व्यक्ति त्वचा दान नहीं कर सकते हैं। त्वचा आमतौर पर पीठ, जांघों और पैरों से निकाली जाती है और संरक्षित की जाती है। संरक्षित त्वचा को पांच साल तक उपयोग किया जा सकता है। त्वचा दान के लिए रक्त समूह, ऊतक, या आयु मिलान की आवश्यकता नहीं होती है। सेक्टर.9 अस्पताल में एक त्वचा बैंक स्थापित किया गया है, और कोई भी त्वचा दान कर सकता है। नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग अंग दान के प्रति जागरूकता पैदा करने का अच्छा काम कर रही है। उक्त विचार डॉ. अजय गुप्ता ने व्यक्त किया है।

## जन समस्या निवारण शिविर में होगा समस्याओं का समाधान



**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई के सभी क्षेत्रों में जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए, जन समस्या निवारण शिविर विभिन्न वार्डों में लगाई जा रही है। जिसमें जनता के मूलभूत समस्याओं का समाधान त्वरित किया जा रहा है। प्रमुख रूप से नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पानी की समस्या, लाइट, सफाई की समस्या, जल भरा होने पर जल निकासी की समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना इत्यादि । सभी प्रकार की समस्याओं को लेकर नागरिक आ सकते हैं। नगर निगम का अधिकारी कर्मचारी आवश्यकता अनुसार त्वरित निराकरण करेंगे। विधायक रीकेश सेन, देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल ने शिविर का लाभ उठाएं। यह शिविर आपके वार्ड में लगाया जा रहा है। सुबह 10 बजे से लेकर 3 बजे तक सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## यूआरएम की समस्याओं को लेकर सीटू ने सौंपा ज्ञापन

**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। यूआरएम में सुरक्षा, कैंटीन, रेस्टरूम, वॉशरूम, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्या को लेकर सीटू की विभागीय समिति मुख्य महाप्रबंधक अनीष सेनगुप्ता से मिली और समस्याओं को हल करने की दिशा में पहल करने की बात कही। इस पर मुख्य महाप्रबंधक ने बिंदुवार तरीके से



समस्याओं को हल करने को लेकर सहमति जताई। सीटू की तरफ से अरविंद भारती, सुदामा महिलांगे , अर्जुन श्रीवास, नारायण कुर्रे, उदय कुमार, ललित कुमार, विकास कुमार, राजीव कुमार, चंद्रभान शामिल हुए वहीं प्रबंधन की तरफ से महाप्रबंधक देवेंद्र नाथ बेहरा उपस्थित थे। सीटू की टीम ने कहा कि फिनिशिंग एरिया में रेल वेल्डिंग लाइन के बाजू में रेल के टुकड़े से भरे ट्रक बिना डाला बंद किया आते जाते हैं। लगभग एक ढेड़ फीट की जगह के बाद छोटी केंटीन है, वही फर्नेस एरिया में लोको वैगन आते जाते समय जगह बहुत कम रहता है इन दोनों जगह पर हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। फर्नेस एरिया में गैस मॉनिटर से लेकर सभी हाइड्रोलिक सेलर में एग्जास्ट कूलर काम नहीं करने, सभी हाइड्रोलिक सेलरों में एवं कूलिंग बेड एरिया में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने सहित कई सुरक्षा संबंधित मुद्दों को प्रबंधन के सामने पेश किया गया। इस पर मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि ट्रैकों के डाला पूरी तरह से बंद करने तथा फर्नेस के पास रेल मूवमेंट के समय लगातार स्पीकर से आवाज देने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही साथ अनुभागीय अधिकारियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर नियमित बैठक करते रहने पर सहमति जताई गई। सीटू की टीम ने चर्चा के दौरान कहा कि मेंन कैंटीन में चाय नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की गुणवत्ता में और सुधार की आवश्यकता है, साथ ही साथ साइड कैंटीन को भी सर्व सुविधा युक्त बनाई जाये। इस पर मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि कैंटीन इंचार्ज के साथ जल्दी मीटिंग करवा कर इस पूरी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। टाइल्स लगने का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। एक हफ्ता के अंदर खाने की गुणवत्ता पर भी सुधार हो जाएगा। सीटू ने यूनिवर्सल रेल मिल के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के सामने से फिनिशिंग एरिया एवं मैकेनिकल स्टोर की तरफ जाने वाले सड़क के संधारण करने एवं फिनिशिंग एरिया में गाड़ी पार्किंग के लिए बाइक स्टैंड का मामला उठाया। इस पर मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि बजट नहीं होने के कारण अब तक यह सड़क नहीं बन पाया। सीटू का कहना है कि इस विषय पर उच्च प्रबंधन को पत्र देगा। इसके साथ गाड़ी पार्किंग व्यवस्था के लिए उन्होंने कहा कि जहां बता देंगे वहां पार्किंग करने की व्यवस्था कर देंग। यू आर एम के फिनिशिंग एरिया में पुलपिट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विश्राम करने हेतु रेस्ट रूम बनाने की मांग की गई ।

## लीज अनुबंध को लेकर ज्ञानचंद ने लिखा पत्र

**भिलाईनगर**, 4 अगस्त (देशबन्धु) ।डायरेक्टर इंचार्ज भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई से स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने पुनः अनुरोध किया है कि लीज नवीनीकरण के प्रकरण को नगर सेवा विभाग के अधिकारी का पत्र लिखने का सिलसिला जारी है. उच्च स्तर पर चर्चा के बाद भी रिसाली मरोदा न्यू सिविक सेंटर सहित सामाजिक संस्थाओं को बेदखल करने का नोटिस भेज कर जो दबाव बनाया जा रहा है, इस पर नियंत्रित किया जाये, अन्यथा किसी दिन शहर का वातावरण आंदोलन का स्वरूप ले लेगा । ज्ञानचंद जैन ने अर्निबान दास गुप्ता डायरेक्टर इंचार्ज संयंत्र को एक सप्ताह पूर्व पत्र भेजा था और निवेदन किया था कि. नगर सेवा विभाग के अधिकारियों ने शहर के दुकानदारों को पत्र भेजने आरंभ किया है जो दुखद और निंदनीय है । ज्ञानचंद जैन ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण के 340 वी बैठक का उल्लेख करते हुए कहा है कि बोर्ड की गाइडलाइन में इस तरह का कोई आदेश नहीं है जिसको आधार बनाकर भिलाई इस्पात संयंत्र का स्थानीय प्रबंधन शहर के प्रभावित वर्ग को परेशान कर रहा हैं। श्री जैन ने कहा की लीज नवीनीकरण संयंत्र को हमारे साथ किए गए अनुबंध के मुताबिक ही करना होगा। किसी प्रभावित व्यक्ति की दुकान की भिलाई प्रबंधन ने लीज प्रकरण की आड़ में विद्युत कनेक्शन काटना निदनीय है। ज्ञानचंद जैन ने सभी सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं और व्यापारियों से अनुरोध किया है कि संयंत्र के पत्र का जवाब अनुबंध के मुताबिक कार्य करने के आदेश के साथ लौटा दे। कोई भी संस्था कोई भी व्यापारी किसी तरह से घबराएं नहीं क्षेत्र सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि हमारे साथ हैं ।

## संत नामदेव की पुण्यतिथि मनाई गई



**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। संत शिरोमणी नामदेव महाराज पुण्यतिथि गोपाल काला, हरिपाठ, भजन-कीर्तन का आयोजन सेक्टर.2 में किया गया। इस अवसर पर संत नामदेव महाराज की पूजा की गई। सुबह काकड़ आरती, मूर्ति पूजा या अभिषेक और श्रृंगार किया गया। 10.30 बजे संत सेवा समिति हरिपाठ मंडल सेक्टर 2 की सदस्यों ने हरिपाठ, अभंग भजन कीर्तन, दही हंडी लूट, मटकी फोड़ कार्यक्रम के साथ गोपाल काला का प्रसाद बनाया। एमके पाटील, श्री पांडे, कैलाश धाड़से एमके पाटिल, लीलाबाई, वानखेडे उषा क्षीरसागर, प्रांजली क्षीरसागर आदि ने हरिपाठ की प्रस्तुति दी। छोटे बाल गोपाल द्वारा दही हंडी तोड़ी गई। संत के संदेशों को बताया गया। आखिर में महेश नामदेव, गोल्डी मधुर नामदेव, ललितपुर मध्य प्रदेश ने भक्तों को कैलेंडर बांटा। दोपहर में भंडारा कराया गया। भक्तों को गोपालकाला प्रसाद महाप्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम में प्रशांत क्षीरसागर, मुरली फुसे रूद्र क्षीरसागर, पीयूष क्षीरसागर, राजेश क्षीरसागर, संजय उरकुड़े, अनिल शिला उरकुड़े, लक्ष्मी जिलहारे, धीरज लोणारे सहित बड़ी संख्या में महाराष्ट्रीयन समाज के लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री संत शीरोमणि नामदेव महाराज उत्सव समाधि सोहला सेक्टर-2 में हुआ। आयोजन भगवान श्री कृष्ण को प्रिय गोपाल काला का प्रसाद आयोजन में प्रसाद का विशेष महत्व है। जिसमें पोहा, लही, दही, नारियाल, मिश्री, निंबू अनार, भुट्टा के दाने, निंबू, अचार, हरी मिर्ची, दही मीठा दही आदि का मिश्रित मिलाकर गोपाल कला का प्रसाद बनाया जाता है। भगवान ने संदेश दिया है अपने जीवन में भी अपने को सब मिलकर रहे गरीब हो या अमीर सब मिलकर बैठ के प्रसाद खाए प्रेम का संदेश दिया। संत श्री संत नामदेव महाराज भारत में भ्रमण कर पैदल चालकर भक्ति का संदेश प्रेम प्रसनता संदेश लोगों के प्रति समभाव उपदेश दिया मान्यता है की उनकी प्रेम भक्ति देखकर भगवान ने को 28 साक्षत दर्शन दिये।

## पुलिस ने कार सहित आरोपी को पकड़ा

**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई भट्टी पुलिस की ऑनलाईन महादेव सट्टा गैंमिग ऐप संचालित कर खिलवाने वाले आरोपी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की है। आरोपी को ऑनलाईन गैंमिंग के रेड्डी अन्ना पैनल नंबर 128 में रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा खिलाते पकड़ा गया । आरोपी के कब्जे से 1 नग आईफोन एवं 1 नग एंडराइड्र फोन बरामद किया गया है। जिसमें ऑनलाईन गैमिंग सट्टा के लाखो रूपये के हिसाब किताब मौजूद है। आरोपी के कब्जे से 2 नग मोबाईल, 5 नग एटीएम कार्ड, 5 नग सीम कार्ड, नगदी रकम 1043 रूपये, एक स्वीफ्ट डिजायर कार जुमला किमती 8.73 लाख रूपये की मशरूका बरामद किया गया है। थाना भिलाई भट्टी एवं एसीसीयू की संयुक्त कार्यवाही की है। नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शहर में महादेव ऑनलाइन सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी भिलाई भट्टी निरीक्षक प्रशांत मिश्रा व प्रभारी एसीसीयू निरीक्षक तपेश्वर नेताम के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में सूचना संकलन किया जा रहा था तथा संदेहियो पर सतत निगाह रखी जा रही थी । इसी दौरान आज पता चला कि हर्ष कुमार नाम का व्यक्ति स्वीफ्ट डिजायर कार में विवेकानंद गार्डन सेक्टर 1 भिलाई के पार्किंग में कार को खड़ी करके कार के अंदर बैठकर ऑनलाईन गैमिंग सट्टा का कारोबार मोबाईल फोन के माध्यम से कर रहा है, सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर विवेकानंद गार्डन के पास स्वीफ्ट डिजायर कार के अंदर बैठे हुये व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ किया गयाए जो कि प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करता रहा।

## राधा-रानी ग्रुप ने मनाया तीज महोत्सव




**भिलाईनगर,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा रानी ग्रुप नेहरू नगर भिलाई द्वारा राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर भिलाई में तीज महोत्सव का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। जिसमें राधा रानी ग्रुप की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर उपस्थिति दी। तीज कार्यक्रम में राधा रानी ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलो एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें तीज क्वीन, बेस्ट कपल, डांस, ड्रामा, हाउसी, का कार्यक्रम रखा गया। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को राधा रानी ग्रुप नेहरुनगर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उसके पश्चात विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था भी की गई। उक्त कार्यक्रम राधा रानी ग्रुप के पदाधिकारी उषा दिनोदिया, सुनीता अग्रवाल, राजकुमारी वर्मा, रूपा केजरीवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित राधा रानी ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि तीज महोत्सव में सभी महिलाएं एक साथ एकत्रित होकर अपने अनुभव साझा करती है। उन्होनें बताया कि उनके ग्रुप राधा-रानी ग्रुप समय समय पर सामाजिक कार्य भी करता है। गरीब व जरुरतमंदों की मदद करना, ऐसे बच्चे जो आर्थिक अभाव में शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी होती है, उन्हें कापी-किताब, स्कूल ड्रेस, सहित अन्य सामाग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाता है। राधा रानी ग्रुप की श्री ऊषा दिनोदिया, श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की गई।

# हरेली तिहार के अवसर पर जिले में हुआ वृहद वृक्षारोपण

## एक वृक्ष मेरी मां के नाम अभियान से जुड़कर हरेली तिहार में आवास योजना के लाभार्थियों ने किया वृक्षारोपण

**कवर्धा**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पहले पारंपरिक हरेली तिहार के अवसर पर च्च्एक पेड़ मां के नामज्ज अभियान के तहत कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास हितग्राहियों के आवास में वृहद वृक्षारोपण किया गया। घर-घर वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में आवास लाभार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधे की देखरेख कर इसे बड़ा करने का संकल्प लिया।



इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्र तक विभिन्न ग्राम पंचायतो में निर्मित प्रधानमंत्री आवास में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत ढोलबज्जा में किया गया जहां पर स्वीकृत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान जनमन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति आदेश पत्र का वितरण कर शुभकामनाएं देते हुए किस्त की राशि जारी की गई। हरेली तिहार के अवसर पर जिले के 500 हितग्राहियो को प्रथम, दुतीय, तृतीय एवं अंतिम किस्त सहित कुल 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में जारी किया गया। आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए नए आवास निर्माण एवं गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान अलग-अलग आवासों एवं ग्राम पंचायतो में 14500 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पहले पारंपरिक हरेली तिहार के शुभ अवसर पर जिले के आवास लाभार्थियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण करने की योजना बनाई गई थी जिससे कि इस वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। इसी क्रम में आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आवास लाभार्थियों के साथ मिलकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि आवास योजना के लाभार्थियों के आवासो में एक वृक्ष मेरी मां के नाम अभियान के तहत हरेली तिहार के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण कराया गया है। इस अभियान में प्रधानमंत्री आवास के सामने वृक्षारोपण लाभार्थियों द्वारा करते हुए वृक्ष के देख रेख करने का संकल्प लिया गया। इस तरह हजारों की तादाद में विभिन्न ग्राम पंचायतो में पौधारोपण सफलतापूर्वक किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं जिला व जनपद के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# हरेली पर्व मित्रता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर डौण्डी में वृक्षारोपण

**डौण्डी**, 4 जूलाई (देशबन्धु)। छतीसगढ़ के पारंपरिक हरियाली त्योहार के पावन अवसर एवं मित्रता-दिवस के शुभ बेला में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में डौण्डी-नवापारा के नवनिर्मित मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें नीम, बरगद, करंज, जामुन, पारिजात तथा अनय अनेक प्रजाति के असंख्य पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी ने कहा की खेती किसानी की तैयारियों के बीच धरती माता के अभिवादन का यह त्योहार है।साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का संदेश दिया। इस अवसर पर अनु सूचित जनजाति आयोग जिला अध्यक्ष शुभ सिंह कोरेटी पूर्व एलडरमेन व सांसद प्रतिनिधि राम नारायण धनकर ने सयुक्त रूप से कहा की हरेली त्योहार का सामाजिक महत्व भी बहुत अधिक है। इस दिन गांव के लोग मिलकर त्योहार मनाते है जिससे आपसी भाईचार और सामुदायिक भा्ना को बल मिलता है। साथ ही उन्होने कहा की पर्यावरण की सुरक्षा का एक मात्र उपाय वृक्षारोपण ही है।मनुष्य की दैनिक गतिविधियों से हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों का उत्पादन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिससे हम वृक्षारोपण के माध्यम से कम कर सकते है। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डौण्डी नगर पंचायत अध्यक्ष-सोमेश सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग बालोद जिलाअध्यक्ष-शुभसिंह कोरेटी, नगरपंचायत डौण्डी के पूर्व एल्डरमेन तथा कांकेर सांसद प्रतिनिधि-रामनारायण धनकर, पूर्व पार्षद/एल्डरमेन-शिवराम रणघाटी डौण्डी सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष-पुरूषोत्तम लाल सोनवानी, सरस्वती शिशु मंदिर कोषाध्यक्ष-अंकित तिवारी, सरस्वती शिशु मंदिर डौण्डी-सह व्यवस्थापक-शिवम दुबे, गोपाल गौशाला अवारीनाला-डौण्डी समिति के बाबूलाल वैष्णव, वरिष्ठ युवा समाजसेवी-ईश्वर चक्रधारी तथा प्रेमशुक्ला उपस्थित रहे।



- हरेली त्योहार खेती किसानी की तैयारियों साथ धरती माता का अभिवादन : नपाध्यक्ष सोरी
- पर्यावरण की सुरक्षा का एक मात्र उपाय वृक्षारोपण : धनकर, कोरेटी

# भूतेश्वरनाथ में भंडारे का आयोजन



**गरियाबंद**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। भोले शंकर युवा भंडारा समिति द्वारा रविवार को भूतेश्वरनाथ मंदिर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं और कावड़ियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं को पुलाव हलवा और चना की सब्जी खिलाई। ज्ञात हो कि सावन के प्रत्येक रविवार को समिति भंडारे का आयोजन करती है। यह लगातार चौथा वर्ष है। इस वर्ष भी भंडारे में अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। समिति के अध्यक्ष दीप सिन्हा ने कहा कि यहां दूर दराज से कावड़िया और श्रद्धालु आते है। भंडारे के माध्यम से उनकी सेवा का अवसर मिलता है। इस वर्ष हमने मेडीकल कीट की भी सुविधा उपलब्ध की गई थी। इस अवसर पर अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, रिकी गुप्ता, प्रकाश सोनी, अनुराग केला, विक्की सिन्हा, भानु राजपूत, प्रेमचंद देवांगन, तरुण यादव, भावेश सिन्हा, युगल शर्मा, हरीश ठक्कर, रोहन सिन्हा, प्राँजल ठाकुर, गौरव पटेल, लव पांडे कुश पांडे, अमित बखारिया, विकास साहू, सुलभ यादव, जितेंद्र यादव, सुनील यादव, क्षितिज गुप्ता, आदित्य यादव, आशु राजपूत, आशु कंसारी सहित अन्य युवाओ ने सहयोग प्रदान किया।

# स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण संपन्न

**बिलाईगढ़**, 4 अगस्त (देशबंधु)। एससीईआरटी रायपुर (छत्तीसगढ)के परिपालन में अंग्रेजी प्रशिक्षण का उन्मुखीकरण कार्यक्रम विकास खंड कसडोल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जो तीन चरणों में पुरा हुआ जिसमें विकासखंड के प्रत्येक प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने के प्रति संकोच को दूर करने का प्रयास किया गया जिसमें सभी शिक्षको ने अपनी भागीदारी दिखाई और साथ ही अंग्रेजी बोलने जैसी कला को अपनी शाला में विद्यार्थी के साथ साझा करने का निर्णय भी लिया।



यह कार्य कार्यक्रम विकास खंड कसडोल के कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अतिरिक्त भवन में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे विकास खंड अधिकारी रमाकांत देवांगन, बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में नवीन कुमार वर्मा (सिमगा) राजेश पटेल (कसडोल) अजय कुमार ठाकुर (सिमगा)ने अपनी सफल सहभागिता दिखाई। एक प्रशिक्षक और सफल प्रबंधक के रूप में लोकनाथ केवडा जी का विशेष योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह मे रमाकांत देवांगन बी.ई.ओ.कसडोल और बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव द्वारा अपनी उद्बोधन मे सभी शिक्षकों,प्रशिक्षकों और इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोगी रहे सभी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और शिक्षकों के माँग के अनुसार इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वृहद रूप मे आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

# हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे : ऋषभ सागर

**बालोद**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। संसार का सबसे समझदार प्राणी मनुष्य जिसे हर चीज की उपयोगिता मालूम है वो ये कैसे भूल जाता है कि वाणी का उपयोग कब, कहां और कैसे किया जाना चाहिए। संत ऋषभ सागरजी मसा ने अपने प्रवचन श्रृंखला च्च्हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे च्चको आगे बढ़ाते हुए वाणी च्चपर अपना उदबोधन दिए। उन्होंने अपना उद्बोधन एक गीत के माध्यम से जिसके भाव थे वाणी ऐसी हो कि जिसमे अमृत बरसे फिर सेमिलने को जिसे अंतर्मन तरसे। वाणी या शब्द की ताकत इतनी होती है कि वो जख्म भी दे सकता है और मलहम का काम भी कर सकता है। अशान्ति का कारण बन सकता है तो शान्ति भी स्थापित की जा सकती है। इसलिए बोलने से पहले सोचें। किसी व्यक्ति में बहुत सी अच्छाइयां हो किन्तु वाणी में कटुता हो तो उसकी सारी खूबियां ढंक जाती है। मधुर वचन सबको अच्छा लगता है ।अपने आनंद के लिए किसी का उपहास उड़ाना ,बदनाम करना, एक तरह की प्रताड़ना है ।उन्होंने कहा कि वैचारिक पतन की पहली सीढ़ी उपहास है ।आज के समय मे देखा जा रहा कि लोगों की संवेदनायें कम होती जा रही है जो कि मानवीय गुण है ।मशीनों में संवेदनायें नही होती, आत्मावलोकन करें कहीं हम भी तो वैसे नही ।शब्द जोड़ने और तोड़ने दोनो कार्य करती है ।दूरियाँ बढ़ने का कारण शब्द ही होते हैं ।संवेदनशील बनें,शब्द चोट न पंहुचाये इन बातों को आत्मसात करें ।अपनी कोई गलत आदत हो तो उनमें सुधार लाएं,सुधरने की कोई उम्र नही होती, जब जागे तब सबेरा ।संभवनाथ जैन मंदिर में 68 दिवसीय इक्तिसा जाप निरंतर चल रहा है।

# जिले में अब तक 412.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 04 अगस्त 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 412.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 532.7 मि.मी. तथा न्यूनतम 298.6 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 437.1 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 340 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 418.1 मि.मी., देवकर तहसील में 469 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 360.5 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 331.8 मि.मी. एवं साजा तहसील में 525 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## निधन

### मयंक देवांगन

**राजनांदगांव**, 4 अगस्त। ननि के पूर्व एल्डरमैन मोतीपुर निवासी झमन देवांगन के बड़े पुत्र एवं मनोज, नरेंद्र एवं विक्की देवांगन के बड़े भतीजे मयंक देवांगन का आज 4 अगस्त को 32 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 5 अगस्त को उनके निज निवास मोतीपुर राजनंदगांव से मोतीपुर शमशान घाट के लिए प्रात: 11 बजे निकलेगी।



### पन्नालाल उमरे

**दुर्ग**, 4 जुलाई। कसारीडीह आजाद चौक उमरे बाड़ा निवासी पन्नालाल उमरे (77) का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अतीस उमरे व प्रकाश उमरे के पिता थे।



# प्राचीन नगरी आरंग में एक शिवलिंग ऐसा, जिसकी पूजा तंत्र साधना में होती थी

**आरंग**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। शिवालियों की नगरी आरंग में एक शिवलिंग ऐसा है जिसकी पूजा पहले तंत्र साधना के लिए किया जाता था। जानकार बताते हैं कि इस प्रकार के शिवलिंग को धारा लिंग कहा जाता है। षोडश कोणीय वाले शिवलिंग देश भर में यदा-कदा ही दिखाई पड़ती है। वही आरंग के पंचमुखी महादेव में स्थापित एक शिवलिंग ऐसा है जिसमें 16 फलकें है।



यह शिवलिंग करीब ढाई फिट ऊंची और काफी बड़ा है ।इसी प्रकार के षोडश कोणीय वाले शिवलिंग सिरपुर में भी होने की जानकारी मिली है। पहले इस प्रकार के शिवलिंगों की उपासना तांत्रिक लोग तंत्र साधना के लिए किया करते थे। जानकार बताते हैं कि आरंग में इस प्रकार के शिवलिंग मिलने से सातवीं - आठवीं शताब्दी में यहां तांत्रिक क्रिया कलापों से संबंधित संप्रदाय अवश्य रहा होगा ।प्राचीन काल में शैव उपासक अलग-अलग संप्रदायों में विभक्त थे जैसे-पाशुपत संप्रदाय, कालामुख संप्रदाय, कापालिक संप्रदाय, वीरशैव या लिंगायत संप्रदाय एवं कश्मीरी शैव संप्रदाय ।वही शास्त्रों में शिव के पांच स्वरूपों का वर्णन किया गया है।

**पंचमुखी महादेव में है नगर का एक मात्र षोडश कोणीय शिवलिंग**

त्रिनेत्रधारी शिव के पांच मुख से ही पांच तत्व जल, वायु, अग्नि, आकाश, पृथ्वी की उत्पत्ति हुई है। इसलिए भगवान शिव के ये पांच मुख पंचतत्व माने गए हैं। जगत के कल्याण की कामना से भगवान सदाशिव के विभिन्न कल्पों में अनेक अवतार हुए। जिनमें उनके सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान अवतार प्रमुख हैं। शिव को संगीत, नृत्य और योग का प्रणेता माना जाता है ।वहीं नगर के विभिन्न शिवलिंगो की जानकारियों का संकलन व इतिहासकारों से अध्ययन कराया जा रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ हरेली त्योहार मनाया गया

**पलारी**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली पर्व रविवार को अँचल मे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया ।गौरतलब है कि हरेली त्योहार कृषि सँबधित त्योहार है जिसे धुमधाम मनाया गया, किसानो को इस दिन बेसब्री से इँतजार रहता है ।प्रत्येक घरो मे त्योहार को मनाने के किसानों ने कृषि कार्य को बँद कर दिया और मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं तथा कृषि औजारो जैसे हल, फावड़ा, कुदाली,टँगिया आदि को पानी मे अच्छे साफ कर उसकी पूजा अर्चना की और चीला रोटी का भोग लगाया इसके अतिरिक्त घरो मे छत्तीसगढीया व्यजन बनाए गए वही बच्चो और जवानो गेड़ी का आनँद लिया महिलाएं विभिन्न खेलो के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन किया।



**बेमेतरा**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आज दिनांक 04.08.24 को थाना साजा का आकस्मिक निरीक्षण दौरान थाना के मालखाना, रिकार्ड रूम,सीसीटीएनएस, मुंशी कक्ष तथा थाना परिसर का निरीक्षण किया गया । थाना के सभी विवेचको को लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान का त्वरित निराकरण करने आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने तथा थाना मे जब्त गांजा, शराब और वाहनों का नियमानुसार निराकरण करने निर्देशित किए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सरकार बदलते ही ...

था। उसके बाद चुनाव आचार संहिता लग जाने सहित अन्य ऐसे व्यवहारिक कारण बने की गौठान की आमदनी गिरती चली गई। गमले बिके नहीं, अन्य उत्पादन थोड़ा बहुत चलता रहा। फिर बारिश शुरू हो गई । जिसका भी गमला, अगरबत्ती, दीपक, सहित अन्य उत्पादनों पर असर पड़ता है। इसके बाद सरकार बदल गई और गोबर खरीदी एकदम से बंद हो गई। गोबर खरीदी से 60 हजार रूपये महिने की आमदनी का एकाएक बंद हो जाना संस्था के लिये काफी भारी पड़ गया।

मत्स्य पालन का काम आज भी चल रहा है मगर मछुआरों की दखलंदाजी बढ़ गई है। मछली का बीज डालने के बाद उत्पादन होने व उसके बिकने योग्य हो जाने में 6 से 8 माह का का समय लग जाता है। इधर गौठान में पल रहे मवेशियों को खाना खुराक उनकी देखरेख रोज की जरूरत है। गोबर खरीदी इत्यादि से जो रोजाना की आय होती थी वह बंद हो गई। इस तरह खर्चे बढ़ने के साथ आय घट जाने की समस्या बिकलाव होती चली गई। गमले बनाने के लिये लगभग 60 हजार के सांचे खरीदने, मुर्गियां खरीदने इत्यादि में भी काफी लागत तो लग गई मगर इतनी आमदनी नहीं हुई कि इनही के भरोसे गौठान चला लिया जायें। गौठान में नगर निगम द्वारा पकड़े जाने वाले मवेशी भी यहीं लाए जाते है। इस तरह यहां फिलहाल नियमित रूप से 450 गौधन है। जिनका भरणपोषण भी लगातार समस्या बनते जा रहा है।

श्री घोष ने बताया कि आज स्थिति असमंजस वाली बनी हुई कि गौठान को लेकर राज्य की मौजूदा सरकार की नीति क्या होगी। सरकार गौ-अभ्यारण की बात तो कर रही है मगर गौठान का स्वरूप क्या होगा इसकी कहीं चर्चा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोग यदि अपनी रिस्क पर और कर्ज लेकर लागत लगाते है और फिर सरकार गौठान किसी अन्य संस्था को दे दे तो हमारी पूंजी डूब जायेगी। कर्ज में पहले ही लदे हुए है। इसलिए सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए तभी कोई जोखिम लिया जा सकता है।

इधर गौठान में चारों तरफ जालियां भी असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दी गई है । भारी असुरक्षा है, तालाब से मछली चोरी हो जाती है। यहां पर पहले 11 कर्मचारी थे। वेतन न मिलने से 7 कर्मचारी ही बचे है। गायत्री डोटे और देवाशीष ने कहा है कि सबसे पहले मौजूदा सरकार अपनी गौठान नीति स्पष्ट करें। पूर्व सरकार की तरह गौठान में बनने वाले उत्पादनों को नियमित बाजार दें। यहां के उत्पादकों की सरकारी कार्यो में खरीदी हो जैसा की पिछली सरकार में व्यवस्था थी। गोबर खरीदी को लेकर भी योजना बनाई जाये ताकि गौठान स्वनिर्माण हो सकें।

### विभाजन विभीषिका दिवस...

संयोजक जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्दर कौशिक, तथा सदस्यों के रूप में विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, तथा दुर्ग भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष दिव्या कलिहारी को शामिल किया गया है।

### किसानों के ज्यादती ...

इन मुद्दों में फसल काटते तक पाईप लाईन बिछाने व अन्य कोई ऐसा कार्य नहीं होगा जिससे फसल को क्षति पहुंचे। किसानों के फसल नुकसान का 2 वर्षो का मुआवजा भुगतान अगस्त में ही किया जायेगा। कृषि भूमि की कीमत का बिक्रीछाट का 10 प्रतिशत का 4 गुना 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अधिसूचना जारी होने की तारीख से दिया जायेगा। किसानों के तार घेरा एवं अन्य नुकसान का गांव में उपस्थित होकर मुआवजा निर्धारण किया जायेगा। इसके अलावा जब तक मुआवजा भुगतान नहीं होगा काम शुरू नहीं होगा।

इस बैठक में किसानों की ओर से रविप्रकाश ताम्रकार, संदीप पाटिल, धमेन्द्र सोनी, तीरथ निषाद, कौशल निषाद, धमेन्द्र यादव, भावेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। गेल इंडिया की ओर से चीफ मैनेजर सौरभ सिंह, दीपक मौर्य उपस्थित थे।

### साइंस कॉलेज में ...

कार्यशाला के आयोजन में डॉ. अनुरूप अस्थाना, डॉ.अनिल कुमार, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. तरूण साहू, लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, डॉ मोतीराम साहू, डॉ. विकास स्वर्णकार, एव डॉ. ममता परगनिया, का योगदान रहा। संचालन डॉ. कु. सुमांजली देशमुख तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अनुपमा अस्थाना ने किया।

# संगीत नगरी में कृष्ण जन्माष्टमी व गोविन्दा महोत्सव की रहेगी धूम



**खैरागढ़**, 4 अगस्त (देशबन्धु)। यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गोविन्दा उत्सव धूम-धाम से मनाने के लिए तैयारी के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जिला व नगर महिला यादव समाज के महिला जिलाध्यक्ष आरती सूर्यकांत यादव व नगर महिला अध्यक्ष कंचन यादव के मार्गदर्शन में बांके बिहारी मंदिर गोलबाजार में बैठक रखी गई। बैठक में गोविन्दा उत्सव शोभायात्रा में भजन मंडली, झांकी, राऊत नाचा एवं कृष्ण भगवान की पालकी के साथ डीजे की धुन में भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी जिसमें समाज की महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर यादव समाज की महिलाओं के द्वारा मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। बैठक में महिला जिला अध्यक्ष आरती यादव, जिला उपाध्यक्ष गीता यादव, संरक्षक कुसुम यादव, जिला सदस्य अनुपमा यादव, मोनिका यादव, नगर अध्यक्ष कंचन यादव, उपाध्यक्ष सेवती यादव व लक्ष्मी यादव, ज्योति यादव, सदस्य उर्मिला यादव, मेहतरीन बाई, सारिकाबती, ममता, संगीता, सीमा, सूमन, नेहा, मधु, सुनिता, दीपाली, संतोषी, पूर्णिमा, शोभा, प्रीति, कुमारी यादव सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

# सहयोग संस्था का प्रयास और कार्य सराहनीय है: दीपेश साहू

■ सहयोग संस्था की सहयोग से हम सब मिलकर बेमेतरा को बनाएंगे ग्रीन सिटी



**बेमेतरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। आज एक पेंड़ माँ के नाम थीम पर बेमेतरा के वार्ड क्र.16 सिंघोरी मे स्थित मुक्तिधाम मे हरेली त्यौहार के पावन उपलक्ष्य पर नगर पालिका बेमेतरा की ओर से वृक्षारोपण रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए द्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कर जिले वासियो से वृहद रूप से वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया द्य इस दौरान नगर पालिका की ओर से समस्त अतिथियों का सील्ड भेटकर सम्मानित किया गया द्य वही बेमेतरा के सहयोगी संस्था को भी विधायक दीपेश साहू के हाथो सम्मानित किया गया द्य तत्पश्चात विधायक साहू नारियल फेक खेलकर हरेली तिहार का आनंद लिया द्य

इस दौरान विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण करने से पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी द्य इस पहल से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरियाली बढ़ाने महत्वपूर्ण कदम है द्यपौधारोपण से न सिर्फ केवल हवा की गुणवत्ता में सुधार आता है द्य बल्कि ध्वनि प्रदूषण को भी कम करने में सहायता मिलते हैं द्य इस दौरान कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू सहित उपस्थित समस्त नागरिक जनों ने छाया और फलदार पौधे भी लगाए द्य साहू ने कहा की लगातार बढ़ रही वनो की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है द्य और तापमान में वृद्धि हो रहा है द्यइसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जोड़कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी द्य और पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करने का सन्देश दिया था द्य विधायक दीपेश साहू ने एक पेंड़ माँ के नाम लगाकर माँ के याद को चिरस्थाई बनाए एवं धरती मां भी संवारे द्य उन्होंने ग्रीन सिटी बेमेतरा अभियान की तरह शहर वासियों से अपने-अपने क्षेत्र में अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में पौधा रोपण करने का आवाहन किया द्य साथ ही पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने की भी हिदायत दी द्य विधायक ने कहा कि दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है इसका एकमात्र है वन क्षेत्र में वृद्धि करनाद्य वनो की संख्या जितनी अधिक बढ़ेगी उतनी लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी द्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा की सहयोगी संस्था ने 24 वर्षों से अनवरत जो पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को लेकर जिस तरीके से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा उनका यह कार्य अविस्मरणी है द्य उनका यह प्रयास और कार्य सराहनीय योग्य है द्य मैं चाहता हूं कि हम सभी मिलकर सहयोगी संस्था का सहयोग करें द्य और आगामी वर्षों में बेमेतरा को एक ग्रीन सिटी मे बदले द्य जिससे बेमेतरा शहर का तापमान भी कम होगा और शुद्ध वातावरण भी नगरवासियो को मिलेगा द्य जो सिर्फ सहयोगी संस्था के बदौलत ही पूरी सकती है द्य हम और हमारी पूरी सरकार सहयोगी संस्था के साथ कंधे से कंधे मिलाकर कड़ी है जहां चाहेगी वहां बृहद रूप से वृक्षारोपण करेंगे और उनका सुरक्षा भी करेंगे।

इस मौके नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगतराम साहू उपाध्यक्ष पंचू साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू राजू देवांगन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय पार्षद प्रवीण नीलू राजपूत नीतू पार्षद कोठारी पार्षद सजनी यादव लक्ष्मी लहरे देवराम साहू पार्षद विकाश तम्बोली धर्मेंद्र साहू डॉ विनय साहू गौरव साहू राकेश मोहन शर्मा रोहित साहू पूर्व एल्डरमेन ओमकार साहू डॉ नरेश साहू कमलेश वर्मा राजीव तम्बोली तोरण राजपूत तुषार साहू प्रेमी मण्डल गिरवर साहू दूकलहा साहु टिकेश्वर साहू राकेश चौबे डोमन यादव टाके साहू ओमप्रकाश साहू.सहयोग के सदस्य रमन काबरा सुशील शर्मा रामा मोटवानी राजकुमार साहू डॉ लालाराम साहू संतोष चांडक संतोष चौहान संतोष विश्वकर्मानरेश साहू भगवती प्रसाद साहू गैद लाल साहू नलेश्वर साहू लक्ष्मीनारायण साहू शशि सचदेवा हसन कादरी राज सिन्हा संजू भूतडा गिरीश मिश्रा टोपेन्द्र सिँह लव सिन्हा सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# हरेली प्रकृति देवता को आभार ज्ञापित करने का पर्व है: बल्लु नोहर पाल



**थान खमरिया,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत बरगा में सरपंच मीना बल्लूपाल के नेतृत्व और महिला स्व सहायता समूह के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर पेड़ों का रोपण किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेड़ों के महत्व को समझाना और पर्यावरण को संरक्षित करने में योगदान देना था। सरपंच प्रतिनिधि बल्लूपाल ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं, और मिट्टी के क्षरण को रोकते हैं। इसके अलावा, पेड़ हमारे पर्यावरण को सुंदर और आकर्षक बनाते हैं।इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए गए, जैसे कि नीम, पीपल, और बरगद। ये पेड़ न केवल पर्यावरण को संरक्षित करते हैं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से लोग पेड़ों के महत्व को समझेंगे और पर्यावरण को संरक्षित करने में योगदान देंगे। हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच मीना पाल, प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल, गणेश तुरकाने, जलसु निर्मलकर, मानसिंह साहू, बिसाहू राम साहू, सीताराम साहू , पीलाराम पाल महिला स्व सहायता समूह से जानकी बाई, नन्दकुमारी ठाकुर, रूखमणी साहू, जागेश्वरी साहू, रानी निषाद, संतोषी यादव, भगवती यादव, गीता साहू ने भाग लिया।

# ग्रामीण सड़कों की स्थिति खराब, लोग परेशान

## मामला थानखम्हरिया बस स्टैण्ड से उमरावनगर मार्ग की

**थान खमरिया,** 4 अगस्त (देशबन्धु) ।ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति खराब होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री सड़क और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। लगातार बारिश के कारण सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।



लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन पानी गिरने के कारण काम को रोक दिया गया है। भाजपा सरकार द्वारा 1000 की आबादी वाले गांव को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा गया था, लेकिन सड़कों की हालत खराब होने से लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क बस स्टैंड से उमरावनगर मार्ग की मरम्मत 10 वर्ष से नहीं कराई गई है, जिसके कारण बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन दिक्कत हो रही है। सड़क का डामर उखड़ गया है, जिसके कारण सड़क की गिट्टी होल्डर बाहर आ गए हैं।

लोगों ने सड़क की जल्दसे जल्द बनाने की मांग की है, ताकि लोगों की आवाजाही बेहतर ढंग से हो सके।

# पार्षद ने घर-घर वितरण किये जनसमस्या निवारण आवेदन पत्र

**बेमेतरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर सुराज अभियान की शुरुवात हो गई है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 11 में कृषि उपज मंडी प्रांगण में दिनांक 06 अगस्त दिन मंगलवार कों आयोजित है। इस शिविर में जागरूकता लाने हेतु पार्षद नीतू कोठारी ने घर-घर जाकर जनसमस्या निवारण के आवेदन पत्रों का वितरण किया। नीतू कोठारी ने आवेदन पत्र वितरित करते हुये बताया कि प्रत्येक व्यक्ति पेयजल, सफाई, सड़क ,नाली,अनुज्ञा,पेंशन,नल कनेक्शन, अनापत्ति प्रमाण पत्र,जाति,निवासी,आय प्रमाण पत्र एवं राशनकार्ड सम्बंधित आवेदन कर सकता है। साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड,श्रम कार्ड,राशनकार्ड नवीनीकरण का निराकरण शिविर स्थल पर ही तत्काल किया जाएगा।





**बेमेतरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक परब के पहली तिहारी हरेली के शुभ अवसर पर बेमेतरा जिला के वार्ड नंबर 06 में यादव समाज लोगो के द्वारा सभी ग्रामवासियों के घर में लिम पेड़ का डाल लगाया गया और इस अवसर पर बच्चे और बड़ो ने गेड़ी चडकर त्योहार मनाया।

# भाजपा मंडल की विस्तृत कार्य समिति बैठक बाह्मण समाज में आयोजित

**दल्लीराजहरा,**4 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा मंडल में 30 जुलाई को ब्राह्मण समाज में विस्तृत कार्य समिति की बैठक रखी गई । कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित किया इसके पश्चात् वंदे मातरम सुरेंद्र बेहरा द्वारा एवं स्वागत गीत खुशबू साहू द्वारा गाया गया ।अतिथि स्वागत पश्चात प्रस्तावित उद्घाटन भाषण मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी द्वारा किया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इस बैठक का आयोजन किया गया था इसके बाद प्रदेश स्तर में उक्त बैठक का आयोजन किया गया था और जिला बैठक के पश्चात् मंडल स्तर पर उक्त बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें मोदी जी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवं उनके पिछले 10 वर्षों कार्यकाल में योजनाओं की क्रियान्वयन होने के कारण मोदी की गारंटी को लेकर एवं मोदी की भाजपा सरकार ने भारत को विश्व के सबसे शक्तिशाली देश की पंक्ति में खड़ा कर दिया। गरीब कल्याण के अनेक प्रकल चलते हुए राष्ट्र को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल किया अब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में अग्रसर है कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के दौरान देश को संभालने की बात है मुक्त में अरबों का टीका अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ लगातार मुफ्त में अनाज पहुंचाने या फिर गरीब परिवारों का 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाने हर नागरिक को शुद्ध पर जल पहुंचने आयुष्मान कार्ड से मुफ्त चिकित्सा समय सभी वंचित को सुविधा पहुंचाने की लोक कल्याणकारी मामले में इतिहास रचा है। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बधाई प्रस्ताव को कृष्णकांत पवार प्रदेश कार्य समिति द्वारा रखा गया जिसका समर्थन सुजीत झा एवं किरण सिन्हा द्वारा किया गया एवं राष्ट्र पति के अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं को प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर द्वारा रखा गया जिसका समर्थन महेंद्र पिपरे द्वारा किया गया । वहीं प्रदेश कार्य समिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव का उद्बोधन डॉ0 देवेंद्र माहला द्वारा किया गया जिसका समर्थन रामेश्वर साहू एवं सुरेश जायसवाल द्वारा किया गया ।इसके पश्चात स्थानीय नगरी निकाय चुनाव की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं कार्य योजनाओं को लेकर यज्ञदत्त शर्मा द्वारा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरे व आगामी निकायी चुनाव के लिए सार्थक भूमिका के साथ कार्य में लग जाने की भी बात कही है। शीतल नायक द्वारा बताया गया की जनता एवं कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से मोदी को प्रधानमंत्री बने के लिए हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी भोजराज नाग को दल्लीराजहरा मंडल के सभी 38 बूथों से 5200 बूथों से विजय बनाए एवं भारतीय जनता के प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के विस्तृत जानकारी बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन द्वारा किया गया । भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा भारतीय जनता पार्टी के बृहद कार्यक्रमों एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बहुत ही कम समय में भाजपा की सभी जनहित घोषणाओं की निरंतर पूरा किया जा रहा है। जिसमें महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, धन समर्थन मूल्य ?3100 में भुगतान एवं 21 चिंटल धान खरीदी की गई। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ रहा है। कार्यक्रम में सुदेश सिंग, सुरेश जायसवाल, राजेश दसोड़े राजु कुकरेजा, सन्तोष देवांगन, गोविन्द वाधवानी, पुरोबी वर्मा, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, एवं जिला युवा मोर्चा आदित्य पीपरे भी मंचस्थ थे ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा के कार्यकत्ताओं में संजीव सिंह, शंकर साहू, मुस्तबंटी चोपड़े, बाबी छतवाल, सौहद्रा ठाकुर, प्रमिला पारकर, टी ज्योति, ममता नेताम, ताम्रध्वज सुधाकर, हेमन्त गौतम, विजय भान, मंजीत कौर, नीलावती साहू, प्रवीण उईके, भूषण निर्मलकर, श्याम जायसवाल सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



■ आगामी निकायी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भरे उत्साह: भाजपा नेता

■ मुख्यमंत्री साय कम समय में भाजपा की घोषणाओं को पुरा करने में अग्रसर

# तेज रफ्तार गाड़ी चलाने पर लड़की ने टोका तो, युवक ने किया मारपीट

■ सीसीटीवी कैमरा में फुटेज वीडियो तेजी से हो रहा है वायरल

■ मामला खैरागढ़ बस स्टैण्ड का



**खैरागढ़,** 4 अगस्त (देशबंधु)। नगर के बस स्टैंड में एक लड़की के साथ एक लड़के ने जमकर मारपीट की है। लड़की को गालियां देते हुए पीटा, बाल पकड़कर खींचे और हाथ भी मोड़ दिया। इतना ही नहीं झगड़े के बीच में समझाइश देने पहुंचे युवक के साथ भी जोर जबरदस्ती की।

बताया जा रहा है कि लड़की ने उस लड़के को तेज रफ्तार गाड़ी चलाने से मना किया जिस पर युवक भड़क गया और लड़की के साथ मारपीट की। लड़की को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि स्थानीय निवासी लड़की अपने छोटे भाई के साथ बाइक पर किसी काम से खैरागढ़ बस स्टैंड पहुंची थी। आरोपी लड़के का नाम पवन चंद्राकर बताया जा रहा है। पूरी घटना दुकान में लगे ष्टष्टञ्जङ्क में कैद हो गई है। नाबालिग से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता और उसके भाई ने कहा कि थाने से महज एक किलोमीटर दूर मारपीट की गई है। गुंडा-बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं, खुलेआम मारपीट की जा रही है। उन्हें घर से निकलने में भी डर लगता है। नाबालिग लड़की की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है. थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बंजारे ने बताया कि आरोपी युवक की पता तलाश की जा रही है. वही सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की जा रही है. अभी आरोपी युवक पुलिस के गिरफ्त से बाहर है.

# सड़क पर दौड़ती हुई बस का अचानक ब्रेक हुआ फेल, बाल बाल बचे यात्रीगण

## ब्रेक फेल होने के कारण कुछ राहगीर व मोटर साइकिल को आई चोट

**खैरागढ़,** 4 अगस्त (देशबंधु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में 3 अगस्त शनिवार की दोपहर 3ः30 बजे के आसपास राजनांदगांव से कवर्धा जाने वाली धनदीप सिंह बाबा की बस खैरागढ़ के इतवारी बाजार स्थित महामाया मंदिर के पास पहुंची थी ठीक उसी समय अचानक बस का ब्रेक फेल हो जाने से ड्राइवर भी हड़बड़ा गया लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बस में सवार यात्रियों की जान बच गई सड़क में चलने वाले राहगीर व कुछ मोटर साइकिल को नुकसान पहुंचा है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस का ब्रेक फेल हो जाने से बड़ा हादसा टल गया वही इस हादसे में अपनी जान बचाने वाले कुछ लोगों को चोट आई है तथा मोटर साइकिल की भी छति हुई है.



# भगवतगीता श्री कृष्ण की अमरवाणी है:प्रमोद शास्त्री

**थान खमरिया,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। शहर से लगे हुए ग्राम गुवारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस प्रवचन करते हुए आचार्य पं.प्रमोद शास्त्री ने भागवत भूषण , मानस केशरी ने सर्वप्रथम 'हरियाली त्यौहार' की शुभकामना दी। फिर कहा कि संसार में अनेकों धर्म,समप्रदाय में अनेकों ग्रंथ है किंतु उन सबमें श्रेष्ठ ग्रंथ भगवान श्रीकृष्ण के मुखारवृंद से निसृत वाणी 'गीता' के रूप में विद्यमान है।



श्री शास्त्री ने गीता ग्रंथ पर मार्मिक प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें 18 अध्याय तथा 700 श्लोक है जिसमें से 542 श्लोक भगवान श्री कृष्ण ने तथा शेष 158 श्लोक अर्जुन,संजय,धृतराष्ट्र द्वारा कहे गए है।

भक्ति योग,ज्ञान योग ,कर्म योग की त्रिवेणी ही भागवत गीता है। साथ ही भगवान कृष्ण ने सभी अध्यायों को योग बना दिए है। प्रथम अध्याय में अर्जुन विषाद ग्रस्त हो जाता है कि युद्ध नहीं करूंगा। उसे अर्जुन विषाद योग बताया। विश्व में सबसे अधिक टीका गीता पर लिखे गए है। जिसमें शांकर भाषा, रामानुज भाष संस्कृत में तथा तत्वविवेचनी,साधक संजीवनी,ज्ञानेश्वरी टीकाएं प्रमुख है। छत्तीसगढ़ी भाषा में कुल 7 टीकाएं बन चुकी है। विश्व की सभी भाषाओं में गीता का अनुवाद भाषा टीका आदि। गीता मात्र हिंदुओं के लिए नही है अपितु सभी के लिए लाभप्रद है । बालगंगाधर तिलक,गांधी जी, विनोबा भावे आदि गीता के टीकाकार है। पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन अब्दुल कमाल तथा साहित्य मर्मज्ञ और प्रख्यात प्रधान मंत्री अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेई गीता ग्रंथ के मर्मज्ञ माने जाते है। इस प्रकार गीता का अध्ययन सबको करना चाहिए। भगवान के 1000 नामों को पढ़ते हुए तुलसी वर्षा की गई। पूर्णाहुति के बाद आयोजक सुशील मिश्रा ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बारगांव में धूमधाम से मनाया गया हरेली त्यौहार

**बेमेतरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार हरेली पर्व बारगांव में रविवार को मनाया गया। गांवों में किसानों द्वारा कृषि कार्य में उपयोग में आने वाले हल सहित अन्य औजारों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गई। इस दरमियान भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने अपने घर के पुस्तैनी किसानी औजार जैसे हल,( नागर ) फावड़ा, कुदाली (गैंती), हंसिया, एवं खेती किसानी के अन्य छोटे बड़े औजार को साफ सुथरा धोकर, गोबर से लिपे पुतेऔर रंगोली से सजे आंगन में रखकर पूजा किये।

हरियाली त्यौहार को लेकर बच्चों एवं किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों द्वारा लकड़ी से बने गेड़ी चढकर हरेली त्यौहार मनाया तो वहीं युवाओं ने नारियल फेंककर दांव लगाया।

### हरेली त्यौहार की मान्यताएं

हरेली त्यौहार को पारम्परिक एवं लोक पर्व माना जाता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार सुरक्षा के लिए घरों के बाहर नीम की पत्तियां लगाई जाती हैं। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पारंपरिक तरीके से लोग गेड़ी चढ़कर हरेली की खुशियां मनाते हैं। छत्तीसगढ़ में हरेली त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हरेली त्यौहार के दिन किसान अपनी खेती बाड़ी में काम आने वाली सभी औजार हल, फावड़ा, कुदाली और आधुनिक कृषि यंत्र जैसे ट्रेक्टर आदि को को नहलाकर पूजा की जाती है। बस्तर में यही त्यौहार अमूस तिहार के नाम से मनाया जाता है। हरेली उत्सव छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उत्सवों में से एक है। यह छत्तीसगढ़ का एक पुराना पारंपरिक त्योहार है जो हिन्दुओं के पवित्र महीने श्रावण व शुरुआत का प्रतीक है। हरेली त्योहार वास्तव में वर्ष के मॉनसून पर केंद्रि फसल का त्योहार है। हरेली



अमावस्या को कोई भी किसान अपने खेतों में कार्य नहीं करते हैं इस दिन खेती कार्य करना वर्जित है। हरेली त्यौहार को गेड़ी चढ़ने का त्योहार भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन लोग बांस की लकड़ी से गेड़ी बनाकर गेड़ी चढ़ते हैं , गेड़ी चढ़ने का आनंद ही अलग है लोग इस दिन गेड़ी चढ़कर आनंद उत्सव मनाते हैं।

### गाय बैल को खिलाते हैं लौंदी

हरेली के पर्व पर पर सभी किसान ग्रामीणजन अपने अपने घर के पुस्तैनी किसानी औजार जैसे हल,( नागर ) फावड़ा, कुदाली (गैंती), हंसिया, एवं खेती किसानी के अन्य छोटे बड़े औजार को साफ सुथरा धोकर, गोबर से लिपे पुतेऔर रंगोली से सजे आंगन में रखकर पूजा किये। इस बहाने किसानी कार्य में उपयोग लिए जाने वाले पशुओं को आराम मिल जाता है और औजारों की साफ-सफाई तथा मरम्मत का कार्य भी वर्ष भर के लिए पूर्ण हो जाता है। गाय बैलों को निरोगी बनाए रखने के लिए हरेली के दिन नमक और औषधियुक्त पौधों की पत्तियों को पीसकर च्ल्लौंदीज्ज बनाकर खिलाया गया। इससे पशुधन की रक्षा होती है।

### नीम पत्ती घर द्वार में लगाने की परंपरा

हरेली के पर्व में गांव -गांव घर -घर के द्वार पर नीम की टहनियां को टांगने का रिवाज है। इसके पीछे एक बड़ा कारण यही है कि बरसात के मौसम में विविध प्रकार की बीमारियां का जन्म और फैलाव होता है। ऐसी बीमारियों को जन्म देने वाले कीटाणु को मारने की ताकत नीम की पत्ती में होती है, यह पत्ती संक्रमण को रोकने और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है, अत: हरेली पर्व पर नीम की पत्तियां लगाने की प्रथा अत्यंत पुरानी है । इस दृष्टि से हरेली का त्योहार पेड़ पौधों की भी सुरक्षा और मानव जीवन में स्वच्छ पर्यावरण की उपादेयता को भी बताता है।

### चौखट पर कील ठोकने का रिवाज

हरेली पर्व के दिन घर -घर के बाहर दरवाजे के चौखट पर गांव के लोहार द्वारा कील ठोकने की भी प्रथा है। इसके पीछे एक बड़ा राज यही छुपा हुआ है कि वर्षा काल में बरसते बादल और बिजली गिरने का बड़ा खतरा होता है। ऐसी आकाशीय बिजली को लोहे से निर्मित वस्तुएं अपनी और खींच कर जमीन में समाहित कर देती हैं, जिससे जीव जंतुओं पर बिजली गिरने का खतरा कम हो जाता है। हालांकि आज के जमाने में अब अधिकांश घरों में लोहे से निर्मित खिड़की ग्रिल दरवाजे लगाने का प्रचलन है इसीलिए अब चौखट पर कील ठोकने की प्रथा भी लगभग समाप्त हो चली है,। ये पुरानी प्रथाएं रिवाज हमें बताते हैं कि वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हैं हमारी अधिकांश पारंपरिक प्रथाएं, जिन्हें हमारे अनपढ़ पुरखों ने अपने व्यावहारिक ज्ञान के बूते आजमाया है।

# विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मैराथन बैठक का असर,अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था सुधार की बड़ी शुरुआत

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार बनते ही जहां राजनांदगांव विधानसभा के विधायक डॉक्टर रमन सिंह मेडिकल कॉलेज को लेकर काफी चिंतित थे और उनकी चिंता वाजिब भी थी। सबसे बड़ी चुनौती राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था में सुधार। रायपुर में लंबी में बैठक लेने के पश्चात जब उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर चिंता जाहिर की उस चिंता का असर डॉक्टरो के पद स्थापना के पश्चात साफ हो गया है।जिले के मेडिकल कॉलेज को 14 नए एमबीबीएस डॉक्टर मिले हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद की जा रही है। इस उपलब्धि का श्रेय राजनांदगांव के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दिया जा रहा है।जनता ने डॉक्टर रमन सिंह के प्रयासों और नेतृत्व की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उनके अथक प्रयासों और सक्रिय भूमिका के कारण ही यह संभव हो पाया है कि मेडिकल कॉलेज में नए डॉक्टरों की नियुक्ति के आदेश जारी हो गए है। इन नए डॉक्टरों के आने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी और अनावश्यक रूप से निजी नर्सिंग होम और रेफर के मामले कम होंगे। इस खबर से नागरिकों में खुशी जाहिर की और डॉक्टर रमन सिंह के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह राजनांदगांव के लिए गर्व की बात है और उन्होंने जनता के सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वह इसी प्रकार जनसेवा के कार्य दुर्तगति से करते रहेंगे।

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की भी रही बड़ी भूमिका

राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी राजनंदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर काफी चिंतित रहे हैं कांग्रेस की सरकार में अव्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन भी किए, कुछ माह पूर्व भी उन्होंने मीडिया से रूबरू होकर बाकायदा नगर के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के सुझाव भी मांगे थे और कलमधारीयो ने बेहतर से बेहतर सुझाव देकर उन्हें समस्याओं से अवगत भी कराया था। चर्चा के दौरान उनकी मीमांसा मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की ओर दिशा सूचक दिखाई दी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरो कि आपूर्ति को लेकर कहीं ना कहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की भूमिका भी सकारात्मक रही है।

# भाजपा नेता सुमीत ने जताया विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह का आभार



भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने शहर को करोड़ों की उपलब्धियों के लिए राजनांदगांव के विधायक एवम छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और दिग्विजय स्टेडियम के लिए 35 करोड़ रुपए की राशि डा रमन सिंह जी के प्रयास से स्वीकृत हुआ है, साथ ही कृषि उपज मंडी की विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग 7 करोड़ के कार्य की स्वीकृति मिली है। शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए निगम को भी करोड़ों की राशि डा रमन सिंह के प्रयास से दिया गया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज की सबसे बड़ी समस्या चिकित्सक की कमी को दूर करते हुए यहां के मेडिकल कॉलेज में 14 एमबीबीएस चिकित्सको को नियुक्ति भी डा रमन सिंह के प्रयास से की गई है।

भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि पिछले 5 वर्ष कांग्रेस के शासनकाल में राजनांदगांव के विकास में रोक सा लग गया था, क्योंकि कांग्रेस की सरकार ने राजनांदगांव की विशेष उपेक्षा कर रखी थी। राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक एवम छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा रमन सिंह के विशेष प्रयास से भाजपा की सरकार बनने के बाद विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों की राशि की स्वीकृति राजनांदगांव को मिली है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 डॉक्टर मिलना बड़ी उपलब्धि :राजेंद्र गोलछा

भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव जो डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते 2014 में खुला है। वहां राज्य में 5 साल के कांग्रेस शासन काल में डॉक्टरों की भारी कमी हो गई थी। अब इस कमी को विधानसभा अध्यक्ष रहते क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने पूरी की है। उनके सतत प्रयासों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 एमबीबीएस डॉक्टरों की सौगात मिल गई है। जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश के इस बड़े सरकारी अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे न सिर्फ राजनंदगांव अपितु बालोद दुर्ग चौकी मोहला मानपुर खैरागढ़ छुई खदान गंडई और सीमावर्ती महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के भी मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरीज और उनके परिजनों को कांग्रेस शासन के इतने वर्षों में प्राइवेट अस्पतालों की तरफ रुख करने की मजबूरी हो गई थी। इससे उन्हें बड़ी परेशानी और धन हानि हुई है। डॉ. रमन सिंह द्वारा मेडिकल कॉलेज को विशिष्ट मशीनरी संसाधन उपलब्ध कराए जाने का सतत प्रयास जारी है इससे जनता को और ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी।



श्री गोलछा ने आगे कहा जिले के मेडिकल कॉलेज को 14 नए एमबीबीएस डॉक्टर मिले हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद है। इस उपलब्धि का श्रेय राजनांदगांव के यशस्वी विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दिया जा रहा है। उन्होंने ने कहां कि डॉ. रमन सिंह के कथक प्रयासों और नेतृत्व की सराहना की है। उनके अथक प्रयासों और सक्रिय भूमिका के कारण ही यह संभव हो पाया है कि मेडिकल कॉलेज में नए डॉक्टरों की नियुक्ति हो सकी है। इन नए डॉक्टरों के आने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। राजनांदगांव के लिए गर्व की बात है।श्री गोलछा ने राजनांदगांव में मेडिकल कालेज को 14 एमबीबीएस डाक्टर्स मिलने पर पुन: राजनांदगांव के यशस्वी विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 14 डॉक्टर, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का आभार: मोनू बहादुर

विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में राजधानी में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में एक कमेटी का गठन किया गया था जो मेडिकल कॉलेज की समुचित व्यवस्था हेतु रिपोर्ट देगी। इस बीच शनिवार की शाम स्वास्थ्य महकमे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 एमबीबीएस डॉक्टर्स दिए हैं। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए इस पहल के लिए विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।



भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने कहा कि, विपक्ष में रहते हुए पांच साल भाजपा और भाजयुमो ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए सड़क की लड़ाई लड़ी। जब 2023 में दोबारा जनता ने भाजपा के सुराज को चुना तो पहली प्राथमिकता के साथ मेडिकल कॉलेज को दोबारा पूरी ऊर्जा के साथ संचालित किए जाने के प्रयास शुरु हुए। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने व्यक्तिगत रुप से इस विषय को गंभीरता से लिया। उनके ही सुझाव पर व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल और जरुरत की समीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने यहां डॉक्टरों की कमी पर भी चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में नए डॉक्टरों की नियुक्ति की कवायद शुरु हो गई थी।

मोनू ने कहा कि, अविभाजित राजनांदगांव की जनता में इन नियुक्तियों से उत्साह है। मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं में पहले की अपेक्षा कई बेहतर सुधार हुए हैं। इन नए जूनियर रेसिडेंट डॉक्टरों की ज्वाईनिंग से भी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि, इस उल्लेखनीय पहल के लिए विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का जितना आभार व्यक्त किया जाए कम ही है।

# नेहा अवस्थी ने चिवनिंग स्कॉलरशिप पाकर शहर का नाम किया रौशन

■ नीति आयोग में भी किया गौरवान्वित करने वाला काम

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगांव , संस्कारधानी नगरी के नाम को दिल्ली से लेकर नेपाल और इंग्लैंड तक में पहुंचाने वाली शहर की बेटी नेहा अवस्थी ने उपलब्धियों की लंबी सूची तैयार कर दिखाई है । अपनी बोर्ड परीक्षा सफलता के बाद आर्किटेक्ट में इंजीनियरिंग कर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा । रामगढ़ के खंडहरों पर शोध कार्य कर उन्होंने अपने अध्ययन को सार्थक कर दिखाया । नीति आयोग में सेवाएं देते हुए उन्होंने अनेक प्रोजेक्ट में सकारात्मक भूमिका निभाई । चिवनिग स्कॉलरशिप प्राप्त कर उन्होंने देश में राजनांदगांव का परचम लहराया ।

नगर के प्रतिष्ठित अवस्थी परिवार की बेटी नेहा अवस्थी स्व.सुरेंद्रनाथ - शोभा अवस्थी की सुपौत्री एवं संजीव -ममता अवस्थी की पुत्री हैं । नेहा अवस्थी ने अपना अध्ययन पूरा करने के बाद सन 2021 में नीति आयोग में सेवाएं देना शुरू किया । हमसे चर्चा के दौरान नेहा ने बताया कि नीति आयोग में रहते हुए नेपाल में हिमालय की तबाही को बचाने के लिए 8 देशों के प्रतिनिधियों के साथ काम किया ।.यह अत्यंत गौरव का विषय है कि उस दल में नेहा भी थी , जिसने भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व किया । नीति आयोग में रहते हुए ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स में मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग अर्बन अफेयर्स के अंतर्गत दिल्ली के मास्टर प्लान के लिए पांच वर्षों तक काम किया । मास्टर प्लान का उक्त कार्य अभी प्रगति पर है जो 2041 तक चलेगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के 100 पिछड़े शहरों की नई बसाहट एवं साज - सज्जा के लिए च्च एक्सपेरिमेंटल सिटीज प्रोग्राम च्च की 100 करोड़ के बजट वाली स्कीम में भी भूमिका निभाई ।



अभी जुलाई के अंतिम सप्ताह में उन्होंने अपने एक बड़े लक्ष्य को साधने के बाद घर लौटने पर हमसे मुलाकात की । उन्होंने यू के सरकार की च्च चिवनीग स्कॉलरशिप च्च को हासिल कर इंग्लैंड में एक वर्ष तक च्च पब्लिक पॉलिसी च्च में मास्टर डिग्री प्राप्त की । सभी विषयों में एक्सीलेंट प्रदर्शन के साथ नेहा ने अपनी स्कूल की पढ़ाई को सार्थक कर दिखाया । नेहा ने चर्चा के दौरान बताया कि यू के सरकार की इस स्कॉलरशिप को पाने के लिए 192 देश के लोग आवेदन करते आ रहे हैं । भारतवर्ष से 44 लोग इंग्लैंड गए थे , जिसमें अर्बन प्लानिंग क्षेत्र से नेहा अकेली थी । यू के सरकार पिछले 40 वर्षों से स्कॉलरशिप देती आ रही है । इसमें पढ़ाई से लेकर खाने - पीने , रहने के साथ आने - जाने का मिलाकर 90 लाख से 1 करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी जाती है । इंग्लैंड में अध्ययन पूरा करने के उपरांत डिग्री सेरेमनी में च्च वोट ऑफ थैंक्स च्च के लिए उन्हें मिले अवसर को वे अपने जीवन का स्वर्णिम पल मानती हैं । पूरे विश्व से चुने हुए लोग ही इसके पात्र हो पाते हैं । नेहा का कहना है कि उनकी उपलब्धि में माता - पिता का विशेष योगदान रहा है । उन्हें हमेशा परिजनों से च्च मोटिवेशन च्च मिलता रहा है । विवाह के बाद उनके पति एवं ससुराल पक्ष का योगदान भी सराहनीय रहा है ।



**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौंजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह नंदी की मूर्ति भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को हरेली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## आज कमला कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह

राजनांदगांव, 4 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में दीक्षारंभ समारोह - 2024, 5 अगस्त सोमवार को प्रात: 11 बजे से महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित है। आयोजन प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा अनुरूप गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि - मान. श्री खूबचंद पारख, पूर्व उपाध्यक्ष छ.ग.शासन बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति, विशिष्ट अतिथि - मान. श्री राजेन्द्र गोलछा समाजसेवी, मान. श्री अतुल रायजादा समाजसेवी, मान. श्री कोमल सिंह राजपूत समाजसेवी राजनांदगांव होंगे। प्रमुख रूप से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्राओं का तिलक चंदन के साथ मान. मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों शुभाशीष से दीक्षारंभ संपन्न होगा।

# वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लिया जा रहा है लिपिक कार्य

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। वनविभाग अपने अनूठे कार्यों के लिए सुर्खियों में रहता है। हाल ही में एक नया मामला सामने आया है जिसमें वनविभाग के उप वन मंडल कार्यालय में वर्षों से चतुर्थ श्रेणी पद पर मोहम्मद सादीक कुरैशी को वनमण्डलाधिकारी के आदेश क्रमांक 361 दिनांक 27/07/2009 के स्पष्ट आदेश के बावजूद लिपिकीय कार्य लिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिन लिपिको से लिपिक का कार्य कराया जाना है उनसे विभाग दूरी बना रहा है और बड़ी बात यह है कि लिपिक पद पदस्थ लोगों के अधिकारों पर सीधे कुठाराघात है। यहां तक की जिले के कलेक्टर ने भी चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को यूनिफॉर्म पहनने की अनिवार्यता भी रखी हुई है । बावजूद इसके चतुर्थ श्रेणी कर्मियों में अनुशासन की अनदेखी की जा रही है विभाग प्रमुखों की भूमिका भी इस मामले को लेकर उदासीन है।



# डायरिया की शिकायत मिलते ही पीएचई विभाग की त्वरित कार्यवाही

### पीएचई विभाग की टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण कर पेयजल स्त्रोतों का लिया गया सैंपल

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगाँव विकासखंड के ग्राम - खपरीखुर्द में डायरिया की शिकायत मिलते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा गांव पहुंचकर वहाँ के पेयजल स्त्रोतों का सैंपल लिया गया। पूर्व में भी समय समय पर विभाग द्वारा पानी का सैंपल लिया जाता रहा है।



ग्राम में उल्टी-दस्त की खबर मिलते ही पीएचई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे एवं विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित टीम द्वारा पूरे गांव का भ्रमण कर वहाँ के स्त्रोतों के जल के नमूनों का सैंपल लिया गया तथा सभी सैंपल को संग्रहित कर उसे जाँच हेतु लैब भेजा गया। विभाग द्वारा सभी ग्रामीणों को अपने घर के साथ-साथ सामुदायिक स्कूल , भवन एवं हैंडपंप जैसे जगह पर भी स्वच्छता रखने संबंधी दिशा-निर्देश दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष बने घनश्याम साहू



**डोंगरगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी महासचिव विश्व दीपक राई , (1)संभाग अध्यक्ष छगन साहू, (2)संभाग अध्यक्ष मिर्ज़ा के मार्गदर्शन एवं राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष राम साहू के नेतृत्व व वरिष्ठ पत्रकार बाल कृष्ण सिंन्हा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी के विशेष उपस्थित में ब्लाक इकाई डोंगरगांव का गठन किया गया तो जिसमें वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम साहू दैनिक भास्कर एवं देशबन्धु को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया वहीं सचिव के रूप में महेन्द्र लेझारे को चुना गया है। इस नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने श्री साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नियुक्ति पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष राम साहू, एवं वरिष्ट पत्रकार गोविन्द गुप्ता, दिवाकर सोनी, राजा राणा टिकु देवांगन, टुम्मन साहु,, प्रकाश गुप्ता एवं ब्लाक के समस्त पत्रकार साथी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 अगस्त 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे।



मुख्यंत्री विष्णु देव साय 5 अगस्त को सुबह 10.30 बजे कबीरधाम जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेंगे। सुबह 11.5 बजे से दोपहर 12 बजे तक का समय क्लब हॉऊस सन सिटी राजनांदगांव के लिए आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री दोपहर 12.5 बजे पीटीएस राजनांदगांव से हेलीकाप्टर द्वारा जशपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में विशाल स्वास्थ्य शिविर 7 को

**सहसपुर लोहारा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर कबीरधाम के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज के मार्गदर्शन और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय खरसन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में दिनांक 07/08/2024 को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिले अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ, सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक उपस्थित रहेंगे ये पहली बार हो रहा है की सभी रोगों के विशेषज्ञ एक साथ परामर्श तथा स्वास्थ्य लाभ देने के लिए अपनी उपस्थित देंगे इसके साथ ही इसी दिन रक्तदान शिविर का भी आयोजन यहां किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय खरसन ने इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया की इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको की उपस्थिती रहेगी जो रोगियों को उचित परामर्श एवं उनका ईलाज करेंगे जिससे ग्रामीण अंचल के लोगो को बड़े अस्पतालो में जाकर महंगे ईलाज से उनको मुक्ति मिलेगी और उन्हें यहां वहां भटकना भी नहीं पड़ेगा । डॉ खरसन ने बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जिसका आयोजन हर महीने के 9 तारीख को होता है। 9 अगस्त को छुट्टी होने का कारण इसका आयोजन इस बार 8/8/24 दिन गुरुवार को किया जाएगा ।। डॉ खरसन ने आगे बताया की इस शिविर के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमला को निर्देशित किया गया है साथ ही अन्य माध्यमो से भी 7 अगस्त को होने वाले इस शिविर का प्रचार प्रसार किया जायेगा। डॉ खरसन ने लोगो से अपील की है की वो अपने आस पास के लोगो को बताये ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सके।




# प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो ने लगाया माँ के नाम एक पौधा

**सहसपुर लोहारा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश को हराभरा करने के लिए माँ के नाम एक पौधा लगाने का अभियान चलाया है। जिसे धरातल पर लागु करने का काम जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत करने जा रही है जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नायक द्वारा खुद ग्राम पंचायतो में पहुंचकर लोगो को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम पंचायत बिरनपुर कला के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो, मुख्यमंत्री आवास योजना, एवं महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को एक एक पौधा माँ के नाम से लगाने और उसको सुरक्षित रूप से बडा करने की अपील की और प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमति नीलम शुक्ला के साथ पौधा का रोपण माँ के नाम एक पौधा अभियान को आगे बढ़ाया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नायक ने लोगो से अपील की है की इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं स्वच्छ जलवायु दे सके इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि श्री वर्मा, तकनीकी सहायक सुमन एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी प्रकार से एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत ग्राम पंचायत सारी में वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सरपंच सुंदर पाटिल उपसरपंच टेन लाल साहू सचिव रवि प्रसाद शुक्ल ग्राम रोज सहायक सुगन यादव महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पौधा वितरण किया गया अपने अपने आवास में रोपड़ कर वृक्ष तैयार करने का शपथ लिया गया।



उल्टा पुल्टा

पत्नी- सुबह-सुबह बिस्तर से उठकर सीधे मेकअप करने लगी। तभी पति की आंख खुल गई।
पति- पगला गई हो क्या, सुबह-सुबह मेकअप।
पत्नी- चुपचाप लेटे रहो, मुझे अपना फोन खोलना है। फेस लॉक लगा दिया था और अब वह मुझे पहचान नहीं रहा है।

## संपादकीय

### फ्लाई ऐश वाहनों में जीपीएस से होगा लाभ

छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में बिजली संयंत्र हैं जिनसे हजारों मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इनमें कई संयंत्र छग सरकार के हैं तो अनेक केन्द्र सरकार के। निजी तौर पर भी बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। कोयले की राज्य में बहुतायत के कारण स्थापित प्लांट प्रदेश के लिये तो विद्युत उत्पादन करते ही हैं, बाहरी राज्यों को भी बिजली बेची जाती है। इसके कारण राजस्व आय की प्राप्ति होती है। इस राशि का उपयोग राज्य के विकास के लिये होता है। देश भर में ताप बिजलीघरों का दुष्परिणाम उससे निकलने वाली राखड़ के चलते है, उसी तरह पूरे प्रदेश में जहां भी पॉवर प्लांट चल रहे हैं उसके आस-पास तो इस फ्लाई ऐश की समस्या है ही, ये संयंत्र जितनी राखड़ रोज निकाल रहे हैं, उसके निष्पादन की बड़ी समस्या है। इसके निपटान के दृष्टिकोण से फ्लाई ऐश से ईंटें बनाने वालों को निकलने वाली राखड़ मुफ्त में दी जाती है। जहां भी पॉवर प्लांट कार्यरत हैं, उनके समीप बनने वाले सभी तरह के निर्माणों में राखड़ ईंटों के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया है। बन्द की गयी सुरंगों को भरने के लिये भी इसका इस्तेमाल करना सुझाया गया है। हालांकि कुछ बंद हो चुकी खदानों को इससे भरने को लेकर वाद व मतभेद हैं। बिजली संयंत्रों के लिये राखड़ को उपयोगकर्ताओं के दरवाजों तक पहुंचाना नियमत: अनिवार्य कर दिया गया है।

समस्या यहीं से शुरू होती है क्योंकि कई बार उपयोगकर्ता संयंत्रों से दूर होते हैं जिससे प्रबन्धन के लिये परिवहन का खर्च बढ़ जाता है। इसलिये बहुत से संयंत्र कुछ दूरी पर यह राखड़ फिंकवा देते हैं। इससे वहां रहने वालों को बड़ी दिक्कतें होती हैं। कई गांवों ने इस बाबत शिकायत भी की है। संयंत्र के आसपास रहने वाले लोग कंपनी के अधिकारियों से निवेदन करते हैं कि ऐसा न हो लेकिन यह सिलसिला रूकता नहीं।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शक्रवार को राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के साथ इस विषय पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राखड़ ढोने वाले वाहनों पर जीपीएस और जियो टैगिंग हो। इससे उपयोग करने वाले वाहनों की लोकेशन का पता चलता रहे। यह भी पता चलेगा कि ये वाहन निर्धारित स्थानों तक जाकर राखड़ डम्प करते हैं या कहीं भी फेंक कर चले आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकारियों को पूरे मनोयोग एवं समर्पण भाव से काम करना होगा। राज्य के कम से कम दो शहर- रायपुर व कोरबा बहुत ही ज्यादा औद्योगिक प्रदूषण के शिकार हैं। इसलिये ज़रूरी है कि मंडल के काम-काज को भी सुधारा जाये। जब तक मंडल अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक प्रदूषण को खत्म करना बहुत मुश्किल होगा।

# राजस्व मंत्री ने सकरी में पीएम आवास के हितग्राही को कराया गृह प्रवेश

## आंगन में लगाया कटहल और अमरुद के पौधे, अमृत सरोवर में मछली पालन की हुई शुरुआत

**बलौदाबाजार,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा रविवार को हरेली त्यौहार के पावन अवसर पर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सकरी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही गिरजा शंकर वर्मा के नवनिर्मित आवास का फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुंदर मकान बनाने पर गिरजाशंकर एवं उसके परिवार को शुभकामनायें दी। उन्होंने नवनिर्मित मकान के आंगन में कटहल और अमरुद के पेड़ लगाए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थे।

पेशे से राज मिस्त्री हितग्राही गिरजाशंकर ने बताया कि पहले कच्चा मकान में रहते थे जिसमें कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता था। पक्का मकान का सपना था लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसी बीच वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ। पहली किश्त मिलने पर मकान बनाना शुरू किया तीन किश्त में कुल एक लाख बीस हजार रुपये मिले। उन्होंने बताया कि कुछ अपना पैसा लगाकर घर को थोड़ा बड़ा बना लिया।



गिरजाशंकर ने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती बुद्धेश्वरी वर्मा को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रूपये मिल रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का भी लाभ मिला है। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम सकरी के अमृत सरोवर में जय माँ अन्नपूर्णा समूह की महिलाओं द्वारा मछली पालन की शुरुआत सरोवर में मछली छोड़कर किया। उन्होने मछली पालन को लाभ का व्यवसाय बताते हुए महिलाओं को बेहतर ढंग से मछली पालन करने कहा। महिलाओं ने बताया कि वे इस सरोवर में पहली बार मछली पालन करने जा रही है। मछली पालन विभाग द्वारा अभी 65-70 नग रोहु, कतला और मृगल मछली प्रतिकात्मक रूप से दिया गया है। कुछ दिन बाद विभाग द्वारा करीब 5000 मछली बीज (फिंगरलिंग) दिया जाएगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा. अजय राव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सरपंच श्रीमती पुरइन साहु, नरेश केशरवानी, आलोक अग्रवाल, रितेश श्रीवास्तव, योगेश वर्मा, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हरेली पर्व पर किसानों ने की कृषि यंत्रों की पूजा

**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण अमावस्या को मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली रविवार को अंचल में धूमधाम से मनया जा रहा है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्र में इस त्योहार का अपना अलग ही महत्व है। किसान खेती.किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते हैं और गांव के बच्चे, युवा गेड़ी का आनंद उठाते हैं। बता दें कि फसलों में किसी प्रकार की बीमारी न लग सके, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसानों द्वारा हरेली का त्योहार मनाया जाता है। हरेली यानि हरियाली का पर्व मुख्यतरू खेती.किसानी से जुड़ा त्योहार है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज किसानों ने नागर, गैंती, कुदाल, फावड़ा समेत कृषि काम में आने वाले औजारों की साफ सफाई कर पूजा की और अच्छी फसल की कामना के साथ बैल, गाय



और भैस को बीमारी से बचाने के लिए औषधियुक्त लोंदी खिलाई। बेलसोंडा के किसान सोहन यादव, गोपी यादव, गजानंद चंद्राकर, नेतराम चंद्राकर ने बताया कि हरेली तक किसान अपनी फसलों की बोआई और रोपाई पूर्ण कर लेते हैं और फसलों की रक्षा के लिए अपने खेत व फसल की धूप.दीप और अक्षत से पूजा भी करते हैं इस दिन लोग घर के मुख्य द्वार पर नीम के पत्ते लगाते हैं। मान्यता है कि इससे परिवार के लोगों की अनिष्ट से रक्षा होती है। हरेली चूंकि छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है। इसके मद्देनजर महिलाएं छत्तीसगढ़ के स्वादिष्ट व्यंजन गुड़ का चीला, ठेठरी, खुरमी और गुलगुला भजिया तैयार करती हैं। कृषि यंत्रों की पूजा के बाद किसान परिवार सहित इन व्यंजनों का स्वाद लेते हैं वहीं परंपरा अनुसार बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद उठाते हैं।

# हरेली त्यौहार पर कृषि यंत्रों की पूजाकर गांव के देवी-देवताओं से मांगी मन्नत



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। किसानों ने हरेली महापर्व रविवार को धुमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर किसान, युवा, बच्चे में खाशा उत्साह देखा गया। त्यौहार को लेकर सावन माह में सुबह से ही अमेरा, बिनौरी, रसौटा, कोसमंदी, केशला, छेरकापुर, कोनारी, कंजी, भरसेला, सकरी एवं अन्य गांव के किसानों में भारी उत्साह देखा गया। पूजा के पहले धोए गए कृषि यंत्र व औजार रविवार को सुबह से ही कृषि यंत्रों को पानी से धोकर साफसुधरा कर सुबह से पूजन की शुरूवात की गई। अपने घरो के आंगन में नांगर, रांपा, गैती, बोसला, टांगा, बिनहां, रेंदा, साबर को मिट्टी के बने चौरा पर स्थापित कर इस पर दिया जलाकर, सिंदुर लगाकर नांगर व अन्य औजारों का चावल के आटे से हाथ लगाया, साथ ही चिला रोटी चढ़ाया गया। छोटे और बड़े बच्चे बांस से बने गेड़ी का आनंद लेते नजर आ रहे थे। ग्राम कोसमंदी मे हरेली तिहार बड़े धूम धाम से मनाया गौ माता को लोंडी, दसमूड कांदा, कलहरी कांदा, गोंदल कांदा, केऊ कांदा, खिलाकर मनाया! गांव के राउत गोलू, नन्द कुमार यादव, प्यारे, तीज राम, नरोत्तम, लक्ष्मण, पूरन साहू, बसंत मिश्रा, जीवन साहू आदि लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय को किशोर देवांगन ने हरेली उत्सव की दी बधाई

**नवापारा-राजिम,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन आज 4 अगस्त को हरेली तिहार के अवसर पर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हरेली उत्सव में शामिल हुए और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर उन्हें छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली की बधाई दी। साथ ही कृषि औजारों व गेड़ी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। देवांगन ने बताया कि हरेली तिहार के दिन छत्तीसगढ़ के किसान भाई अपने-अपने कृषि औजारों व मवेशियों की पूजा-अर्चना कर अच्छी कृषि की कामना करते हैं। इससे छत्तीसगढ़ महतारी किसान भाइयों को आशीर्वाद प्रदान करती है, जिससे उनकी उपज काफी अच्छी होती है। यही वजह है




कि हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है।

देवांगन ने आगे बताया कि हमारे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार, हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति को जीवंत बनाए रखने, खुशियां बांटने और भाईचारा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और इसी कारण आज भी हम छत्तीसगढ़ियों ने अपनी गौरवशाली संस्कृति को संभाल कर रखा है। अंत में। देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने हमेशा की तरह आज भी उन्हें अपने पारिवारिक सदस्य की तरह मान देते हुए मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हरेली तिहार में शामिल होने पर धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार और भाजपा के एक सिपाही के रूप में जरूरतमंदों का हर संभव सहयोग करने कहा है।

# सड़क पर जमे आवारा मवेशियों से बढ़ रही दुर्घटनाएं

**नवापारा-राजिम,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के समीप ग्राम कुर्रा में हाईवे पर बैठे आवारा मवेशियों से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शहर और गांवों के मुख्य मार्ग एवं चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। देर रात मवेशी सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है। खरीफ फसल लगने की वजह से गांव के पशुपालक भी मवेशियों को शहर की दिशा में या हाईवे की ओर खदेड़ देते हैं। इसके चलते इस तरह के हादसे हो रहे हैं। शासन के लगातार निर्देशों के बावजूद आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।



**गाय को टक्कर मारते हुए पलटी बोलेरो:** जानकारी के अनुसार नवापारा से लगे ग्राम कुर्रा के आयुष्मान हॉस्पिटल के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि अभनपुर क्षेत्र 6-7 युवतियां बोलेरो वाहन में जतमई- घटारानी घूमने गई थी। देर शाम करीब 6 बजे वापस लौट रही थी, कि ग्राम कुर्रा के पास सड़क पर बैठी गाय को टक्कर मारते हुए बोलेरो पलट गई। वाहन चालक ने बताया कि अंधेरे के कारण गाय दिखाई नहीं दिया और यह हादसा हो गया। हादसे में गाय की मौत हो गई बोलेरो पलटने से युवतियाँ काफी घबरा गई और चीख पुकार मच गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की मदद से वाहन में सवार सभी को बाहर निकाला। गनिमत रहा कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। 6-7 युवतियों और चालक समेत एक युवक को हल्की चोट आई है, जिसका प्राथमिक उपचार पास के निजी अस्पताल में कराकरघर भेज दिया गया। पलटने से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसे दूसरे गाड़ी से खींच कर ले जाया गया।

**बोलेरो पलटी, सात महिलाएं घायल**

**सड़क पर मवेशियों से बढ़ रही दुर्घटनाएं:** बता दें कि हाईवे पर बैठे मवेशियों से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शहर और गांवों के मुख्य मार्ग एवं चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। देर रात मवेशी सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है। खरीफ फसल लगने की वजह से गांव के पशुपालक भी मवेशियों को शहर की दिशा में या हाईवे की ओर खदेड़ देते हैं। इसके चलते इस तरह के हादसे हो रहे हैं। शासन के लगातार निर्देशों के बावजूद आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सप्ताह भर के भीतर इस मार्ग पर तीन वाहन दुर्घटना ग्रस्त हुई है अभी 4 दिन पहले ही इसी मार्ग पर 7 किमी आगे ग्राम डोंगीतराई के पास एक कार पलटी थी ठीक इसी जगह पर 200 मीटर आगे हफ्ते भर पहले भी कार पलट कर गड्ढे में जा गिरी थी।

# स्काउट-गाइड ने धनसूली के मेंगो हिल्स में किया पौधरोपण

**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के दिशा निर्देश में जिला संघ महासमुन्द द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोद सेवन लाल चन्द्राकर पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड छग के आतिथ्य एवं दाऊ लाल चन्द्राकर जिलाध्यक्ष व येत राम साहू जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ के अगुवाई में जिला के स्काउट गाइड द्वारा नुकेश चन्द्राकर पूर्व राज्य सहायक आयुक्त के आयोजन में ग्राम धनसूली महासमुन्द के मेंगो हिल्स पथरीली भूमि पर रिमझिक फुहार में आम के साथ साथ अनेक फलदार पौंधों का रोपण कर एक अभिनव पहल करने का प्रयास किया गया। वृक्षारोपण पश्चात संक्षिप्त सभा का आयोजन भी किया गया जिसमे राज्य मुख्य आयुक्त के रूप में विनोद सेवन लाल चन्द्राकर द्वारा जिला संघ को अतुलनीय



योगदान व सहयोग प्रदान करने के लिये जिला संघ की ओर से प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह तथा आजीवन स्काउट गाइड को सेवा प्रदान करने व लंबे समय तक जिला सचिव के रूप में कार्य करने वाले सेवा निवृत्त राम कुमार साहू को जिला संघ की ओर से प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही भविष्य में मार्गदर्शन व सहयोग की अपील भी की गई। सभा को श्री विनोद सेवन लाल चन्द्राकर, दाऊ लाल चन्द्राकर एवं येत राम साहू ने सम्बोधित किया। राम कुमार साहू जिला सचिव ने आभार एवं तुलेन्द्र सागर जिल सह सचिव ने कार्यक्रम संचालन किया। उक्त विज्ञप्ति जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद कन्नौजे ने दिया। कार्यक्रम में सेजेस नयापारा, आशी बाई गोलछा शा उ मा विद्यालय, श्रीराम पाठशाला, आदर्श बालक उमाशा, महासमुन्द सेजेस हिन्दी, शा उ मा वि बेमचा के स्कॉउट्स एवं गाइड्स, रोवर रेंजर्स के साथ जनप्रतिनिधियों में नुकेश चन्द्राकर पूर्व सहायक राज्य आयुक्त, जय पवार जिलाउपाध्यक्ष, पंकज हरपाल ब्लाक अध्यक्ष स्थानीय संघ बागबाहरा, सेवन लाल चंद्राकार, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शरीर किसी का नहीं फिर भी जीव इंद्रियों के राग में फंसा रहता है, जबकि जीव अपने पुण्य और पाप के फल को स्वयं ही भोगता है : आर्यिका रत्न चर्याश्री



**नवापारा-राजिम,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के दिगंबर जैन समाज में आर्यिका रत्न 105 स्वाध्यायश्री एवम् चर्याश्री माता जी का चातुर्मास हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा हैं। आज रविवार के दिन आर्यिका रत्नों के द्वारा अनेक मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। प्रात: सदर रोड स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय में अभिषेक उपरांत माता जी के मुखारबिंद से शांतिधारा संपन्न हुई। प्रतिदिन प्रात: चल रहे कार्यक्रम में आचार्य विभव सागर एवम् विमद सागर जी महाराज जी की पूजन संपन्न कर आर्यिका स्वाध्याय श्री के द्वारा धर्म की गंगा प्रवाहित की गई।

निर्विघ्न दोनों माताजी की आहारचार्य संपन्न कराई गई। तप की साधना देखने को मिलती है, जब आर्यिका रत्न स्वाध्यायश्री माताजी के द्वारा एक दिन आहार और एक दिन उपवास कर अपने संपूर्ण जीवन को धर्म में करते देखने को मिलता है। आर्यिका रत्न चर्याश्री माताजी के द्वारा दोपहर 03:00 बजे प्रवचन में आगम वाणी में इंद्रियों के राग में फंसे जीवो में भेद बताए, पर यह नश्वर शरीर किसी का नहीं है। फिर भी जीव इंद्रियों के राग में फंसा रहता है, जबकि जीव अपने पुण्य और पाप के फल को स्वयं ही भोक्ता है। पुण्य और पाप से मुक्ति के लिए एक मात्र शरण धर्म ही है। तत्पश्चात आर्यिका रत्न स्वाध्याय श्री माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में बताया कि त्रिलोकी नाथ के केवल ज्ञान में दर्पण की तरह सब कुछ झलकता है। प्रत्येक जीव कषायो के कारण अपने भावों से विमुख हो जाता है और अपने परिणामों को बिगाड़ लेता है। व्यक्ति गरीबी में दु:ख सहन नहीं कर पाता और अमीरी में फुला नहीं समाता। भरत चक्रवर्ती इतनी संपदा और वैभव होते हुए भी, 6 खंड का राज्य जीतने के बाद भी अपने सगे भाई बाहुबली से तीन युद्ध कर लिए, परंतु बाहुबली युद्ध जीतने के बाद भी सारा राज्य वैभव छोड़ तप में लीन होकर अपना कल्याण कर लिए, क्योंकि यदि जन्म और मरण में सुख होता तो तीर्थंकर, चक्रवर्ती और अन्य महापुरुष अपना कल्याण कर मोक्ष प्राप्त करते ही नहीं, वह तो इस संसार में ही फंसे रहते। जीवन जीने का सच्चा सार मोक्ष की प्राप्ति ही है।

शाम 6:30 बजे प्रतिदिन के अनुसार आज भी ज्ञान-यात्रा दोनों माताजी के द्वारा संपन्न कराई गई। सभी कार्यक्रमों में समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने जीवन का कल्याण किया।

# टोपा में मनाया गया हरेली त्यौहार



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। आज ग्राम टोपा में छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली धूमधाम एवं आनंद के साथ मनाया गया। जिसमें गौ माता को अन्य प्रसाद जिसको छत्तीसगढ़ी में लौंडी कहते हैं उसको खिलाकर मनाया गया। हरियाली त्यौहार में गांव के किसान सुबह के समय अपने कृषि के औजार नागर हसीया, कुदली एवं ट्रैक्टर आदि कृषि यंत्रों का साफ-सफाई धोकर पूजा पाठ श्रद्धा पूर्व किया गया। इसके पश्चात गांव के बैगा के द्वारा गांव के प्रत्येक घरों में नीम का डगांल एक शुभ संकेत के रूप में प्रत्येक घरों के दरवाजा में लगाया गया। इस अवसर पर उपसरपंच रामप्रसाद, पंच सदस्य भूपेंद्र सेन, राधेश्याम विश्वकर्मा, बंसलाल ध्रुव, मन्ना यादव एवम समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छेरकापुर रासेयो द्वारा प्रारंभ किया गया वृक्षारोपण



**बलौदाबाजार,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना छेरकापुर के प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा पौध रोपण की श्रृंखला शुरू की गयी है। यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। ''एक पेड़ मां के नाम'' के अन्तर्गत आयुर्वेदिक पौधे, छायादार और फूलदार पौधे लगाए जायेंगे। साथ ही साथ जल स्त्रोतों की साफ-सफाई आदि का कार्य भी किया जायेगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी प्रमेन्द्र वर्मा वरिष्ठ व्याख्याता ने दी है।

# देवरी में आयोजित हरेली तिहार में शामिल हुए विधायक रोहित साहू

## राजिम विधायक व कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के तहत निर्मित आवास के प्रांगण में किया पौधरोपण

**गरियाबंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को हरेली तिहार के अवसर राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्राम देवरी में तथा कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्राम सोहागपुर में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के घर जाकर नव निर्मित आवास के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। विधायक साहू ने देवरी की निवासी श्रीमती सुखमत बाई के पीएम आवास और कलेक्टर ने सोहागपुर के ग्रामीण सालिक राम के पीएम जनमन आवास में पौध रोपण किया। विधायक और कलेक्टर ने हितग्राहियों के घर पौधरोपण कर शासन के सहयोग से नए घर मिलने की शुभकामनाएं देते हुए एवं उनके घर रोपित पौधे का अच्छे से देखभाल करने की बात कही। साथ ही अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। इसके बाद वे छत्तीसगढ़ की पहली तिहार हरेली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर खेती किसानी के पारंपरिक औजारों एवं उपकरणों का विधि विधान से पूजन किया। साथ ही जिले की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्राम देवरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। ज्ञात हो कि इस वर्ष राज्य सरकार ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के घर में वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया था।

सोहागपुर में आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत संपूर्णता अभियान जन चौपाल का हुआ आयोजन

हरेली के अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश में ग्राम पंचायत कस के आश्रित पीवीटीजी (विशिष्ट पिछड़ी जनजाति) ग्राम सोहागपुर में हरेली आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कस ब्लॉक गरियाबंद



मे पीएम आवास, पीएम जनमन, मुख्यमंत्री आवास योजना के आवासों में पौधारोपण कार्य किया गया। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान जन चौपाल की शुरुआत की गई। आयोजन में प्रमुख 6 संकेतक पर आकांक्षी ब्लॉक फेलो द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके बाद कलेक्टर अग्रवाल द्वारा अभियान को जनमानस तक पहुंचाने एवं लाभ दिलाने पर नागरिको का ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर अग्रवाल एवं सीईओ श्रीमती यादव ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

कलेक्टर द्वारा नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान को दिए गए समय अनुसार शत प्रतिशत छह संकेतक पूर्ण करने निर्देश दिया गया। उन्होंने लोगों को सम्पूर्णता अभियान के बारे मे जानकारी दी और सभी को अभियान से जोड़ने में योगदान देने को कहा। कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 6 गर्भवती महिलाओं को पौधा वितरण, 5 कृषकों को मृदा कार्ड वितरण , 39 जनमन आवास हितग्राहियों को पौधा वितरण, बिहान अंतर्गत समूह के चक्रीय निधि,1 जनमन आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम एवं श्रीफल व साल भेंट कर हितग्राहियों को सम्पूर्णता अभियान पर सम्मानित कर विशेष चर्चा रखी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत गरियाबंद अमजद जाफरी, सरपंच रविन्द्र कुमार ध्रुव पंच, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सिराज खान,आकांक्षी ब्लॉक फेलो प्रकृति गौतम, मिथलेश वर्मा,आवास ब्लॉक समन्वयक श्रीमति खुशबू राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश साहू, प्रफुल देवांगन,यंग प्रोफेशनल, ब्लॉक समन्वयक एवं संबंधित विभागों के ब्लॉक अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. निराला ने सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के तैयारी हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली

**बिलाईगढ़,** 4 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने जिले के समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह अपने चिकित्सीय कार्य के अलावा अतिरिक्त समय निकालकर फील्ड भ्रमण कर मैदानी क्षेत्र में अपने कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग कर अपने कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



यह डॉ निराला ने सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के कार्य की तैयारी और रूपरेखा तैयार करने स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली जिला नोडल अधिकारी (आईडीएसपी) को प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल की समीक्षा कर मौसमी बीमारियों पर सतत निगरानी करने, जिला नोडल अधिकारी (एनवीबीडीसीपी) को वर्तमान समय में आरएफएस कार्य को फोकस करने पॉजिटिव केसेज में सोर्स रिडक्शन करने, जिला नोडल अधिकारी(आयुष्मान) को जिले के निजी नर्सिंग होम पर सतत निगरानी करने, भर्ती मरीजों से पूछताछ करने व अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही करने, जिला नोडल अधिकारी(मुख कार्यक्रम) को कोटपा अधिनियम के तहत लगातार चलानी कार्यवाही करने के निर्देश सहित समस्त जिला नोडल अधिकारियों को अपने कार्यक्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वही दूसरी पारी में जिले कार्यरत चिरायु टीम की समीक्षा में ग्रीष्म काल में आंगनवाड़ी के प्रथम चरण भ्रमण के बैकलॉग को तत्काल पूर्ण कर स्कूल के साथ-साथ सेकंड चरण के स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने, उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर केसेस को प्रेरित कर तत्काल चिकित्सा लाभ दिलाने के निर्देश दिए । 06/08/2024 को प्रदेश भर के स्कूलों में आयोजित होने वाले पालक शिक्षक बैठक में उपस्थित होकर बाल केंद्रित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । उक्त बैठक में डॉ आर एल सिदार (बीएमओ सारंगढ़), डॉ एस के खूंटे(डीएनओ, पीसीपीएनडीटी), डॉ वैष्णव(बीएमओ बिलाईगढ़), डॉ संजय पटेल(बीएमओ बरमकेला), डॉ रूपेंद्र साहू(डीएनओ आयुष्मान), डीपीएम नंदलाल इजारदार, डॉ अनूप अग्रवाल(डीएनओ आरसीएच), डॉ भूषण खूंटे(डीटीओ), डॉ रितेश सेन(डीआईओ), डॉ रामजी शर्मा(डीएमओ), डॉ इंदु सोनवानी(डीएनओ,मुख स्वास्थ्य), डॉ खरे(डीएनओ चिरायु) सहित चिरायु टीम के समस्त डॉक्टर्स व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूतेश्वरनाथ में भंडारे का आयोजन




**गरियाबंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। भोले शंकर युवा भंडारा समिति द्वारा रविवार को भूतेश्वरनाथ मंदिर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं और कावड़ियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं को पुलाव हलवा और चना की सब्जी खिलाई। ज्ञात हो कि सावन के प्रत्येक रविवार को समिति भंडारे का आयोजन करती है। यह लगातार चौथा वर्ष है। इस वर्ष भी भंडारे में अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। समिति के अध्यक्ष दीप सिन्हा ने कहा कि यहां दूर दराज से कावड़िया और श्रद्धालु आते है। भंडारे के माध्यम से उनकी सेवा का अवसर मिलता है। इस वर्ष हमने मेडीकल कीट की भी सुविधा उपलब्ध की गई थी। इस अवसर पर अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, रिकी गुप्ता, प्रकाश सोनी, अनुराग केला, विक्की सिन्हा, भानु राजपूत, प्रेमचंद देवांगन, तरुण यादव, भावेश सिन्हा, युगल शर्मा, हरीश ठक्कर, रोहन सिन्हा, प्राँजल ठाकुर, गौरव पटेल, लव पांडे कुश पांडे, अमित बखारिया, विकास साहू, सुलभ यादव, जितेंद्र यादव, सुनील यादव, क्षितिज गुप्ता, आदित्य यादव, आशु राजपूत, आशु कंसारी सहित अन्य युवाओ ने सहयोग प्रदान किया।

# स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण संपन्न

**बिलाईगढ़,** 4 अगस्त (देशबंधु)। एससीईआरटी रायपुर (छत्तीसगढ)के परिपालन में अंग्रेजी प्रशिक्षण का उन्मुखीकरण कार्यक्रम विकास खंड कसडोल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जो तीन चरणों में पुरा हुआ जिसमें विकासखंड के प्रत्येक प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने के प्रति संकोच को दूर करने का प्रयास किया गया जिसमें सभी शिक्षको ने अपनी भागीदारी दिखाई और साथ ही अंग्रेजी बोलने जैसी कला को अपनी शाला में विद्यार्थी के साथ साझा करने का निर्णय भी लिया।



यह कार्य कार्यक्रम विकास खंड कसडोल के कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अतिरिक्त भवन में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे विकास खंड अधिकारी रमाकांत देवांगन, बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में नवीन कुमार वर्मा (सिमगा) राजेश पटेल (कसडोल) अजय कुमार ठाकुर (सिमगा)ने अपनी सफल सहभागिता दिखाई। एक प्रशिक्षक और सफल प्रबंधक के रूप में लोकनाथ केवडा जी का विशेष योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह मे रमाकांत देवांगन बी.ई.ओ.कसडोल और बी.आर.सी अरविंद कुमार ध्रुव द्वारा अपनी उद्बोधन मे सभी शिक्षकों,प्रशिक्षकों और इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोगी रहे सभी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और शिक्षकों के माँग के अनुसार इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वृहद रूप मे आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

# शॉर्ट सर्किट से पीएचई विभाग के दफ्तर में लगी आग



**गरियाबंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में देवभोग रोड स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के दफ्तर में रविवार शाम 7~15 को अचानक शार्ट सर्किट होने सेआग लग गई। रविवार होने की वजह से दफ्तर बंद था। वही एक कर्मचारी ने इसकी सूचना एसडीएम महाराणा को दी। जिसके बाद एसडीएम महाराणा ने तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड के मदद से आग में काबू पाया गया। आग से किसी प्रकार की जान मान की हानि नहीं हुई बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर विभाग के कमांडेड पुष्पराज ने बताया कि समय रहते आग में काबू पा लिया गया। पीएचई विभाग के ई पंकज जैन ने बताया कि आग दफ्तर के बाहर मीटर में आग लगी थी, काबू ला लिए है। दफ्तर पूरी तरह सुरक्षित है।

# नपं फिंगेश्वर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया

**फिंगेश्वर,** 4 अगस्त। शासनादेशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त तक समस्त निकायों में समस्त वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने का आदेशित है। उक्त आदेश के तारतम्य में निकाय द्वारा प्रति दिन को एक वार्ड में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है जिसमें 03.08.2024 को वार्ड क्र. 08 रंगमंच में लगाया गया जिसमें राशन कार्ड का 06, आयुष्मान कार्ड का 26 आवेदन प्राप्त हुये जिसका त्वरित निराकरण किया गया, इसीप्रकार पट्टा, निर्माण आदि सहित शिविर में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 33 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। इस शिविर में त्वरित निराकरण करते हुये वार्ड पार्षद श्री दीपक श्रीवास के माध्यम से राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। उक्त शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष कुमार विश्वकर्मा , श्री हेमंत देवांगन नोडल अधिकारी, मो. निसार शेख कुरैशी सहायक नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, श्री गोरेलाल परमार राजस्व प्रभारी, श्री शिव कुमार साहू, श्री नरेश कुमार ध्रुव, श्री संतु राम यादव, श्री लोखू साहू, श्री टकेश्वर निषाद, श्री जयप्रकाश, श्री अमित साहू राजस्व विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानित, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं नगर पंचायत के समस्त शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राचीन नगरी आरंग में एक शिवलिंग ऐसा, जिसकी पूजा तंत्र साधना में होती थी

**आरंग,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। शिवालियों की नगरी आरंग में एक शिवलिंग ऐसा है जिसकी पूजा पहले तंत्र साधना के लिए किया जाता था। जानकार बताते हैं कि इस प्रकार के शिवलिंग को धारा लिंग कहा जाता है। षोडश कोणीय वाले शिवलिंग देश भर में यदा-कदा ही दिखाई पड़ती है। वही आरंग के पंचमुखी महादेव में स्थापित एक शिवलिंग ऐसा है जिसमें 16 फलकें है।



**पंचमुखी महादेव में है नगर का एक मात्र षोडश कोणीय शिवलिंग**

यह शिवलिंग करीब ढाई फिट ऊंची और काफी बड़ा है।इसी प्रकार के षोडश कोणीय वाले शिवलिंग सिरपुर में भी होने की जानकारी मिली है। पहले इस प्रकार के शिवलिंगों की उपासना तांत्रिक लोग तंत्र साधना के लिए किया करते थे। जानकार बताते हैं कि आरंग में इस प्रकार के शिवलिंग मिलने से सातवीं - आठवीं शताब्दी में यहां तांत्रिक क्रिया कलापों से संबंधित संप्रदाय अवश्य रहा होगा।प्राचीन काल में शैव उपासक अलग-अलग संप्रदायों में विभक्त थे जैसे-पाशुपत संप्रदाय, कालामुख संप्रदाय, कापालिक संप्रदाय, वीरशैव या लिंगायत संप्रदाय एवं कश्मीरी शैव संप्रदाय।वही शास्त्रों में शिव के पांच स्वरूपों का वर्णन किया गया है।

त्रिनेत्रधारी शिव के पांच मुख से ही पांच तत्व जल, वायु, अग्नि, आकाश, पृथ्वी की उत्पत्ति हुई है। इसलिए भगवान शिव के ये पांच मुख पंचतत्व माने गए हैं। जगत के कल्याण की कामना से भगवान सदाशिव के विभिन्न कल्पों में अनेक अवतार हुए। जिनमें उनके सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान अवतार प्रमुख हैं। शिव को संगीत, नृत्य और योग का प्रणेता माना जाता है।वहीं नगर के विभिन्न शिवलिंगो की जानकारियों का संकलन व इतिहासकारों से अध्ययन कराया जा रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ हरेली त्योहार मनाया गया

**पलारी,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली पर्व रविवार को अँचल मे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।गौरतलब है कि हरेली त्योहार कृषि सँबधित त्योहार है जिसे धुमधाम मनाया गया, किसानो को इस दिन बेसब्री से इँतजार रहता है।प्रत्येक घरो मे त्योहार को मनाने के किसानों ने कृषि कार्य को बँद कर दिया और मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं तथा कृषि औजारो जैसे हल, फावड़ा, कुदाली,टँगिया आदि को पानी मे अच्छे साफ कर उसकी पूजा अर्चना की और चीला रोटी का भोग लगाया इसके अतिरिक्त घरो मे छत्तीसगढीया व्यजन बनाए गए वही बच्चो और जवानो गेड़ी का आनँद लिया महिलाएं विभिन्न खेलो के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन किया।

# दिन भर गेड़ी में चढ़कर प्रचार करते रहे पूर्व पार्षद मन्नू ठाकुर

**पिथौरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखने प्रतिवर्ष की तरह: इस वर्ष भी भाजपा नेता एवम पूर्व पार्षद मन्नूलाल ठाकुर दिन भर गेड़ी में घूमते रहे।घूमते हुए वे हरियाली के लिए एक पेड़ प्रतिव्यक्ति को लगाने का आव्हान भी किया। छत्तीसगढ़ का गौरवशाली पर्व हरेली अमावश क्षेत्र में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है।किसान अपने कृषि औजारों एवम मवेशियों की पूजा कर उन्हें खिचड़ी खिला रहे है।इसी दिन से गेड़ी चढ़ने के प्रचलन भी है जो कि पोला पर्व तक चलता है।व्यस्तता के इस युग मे गेड़ी का चलन प्राय: समाप्त सा हो रहा है।इस दौर में भी भाजपा के पूर्व पार्षद एवम वरिष्ठ नेता मन्नूलाल ठाकुर छत्तीसगढ़ की इस परंपरा को बचाने का प्रयास करते दिख रहे।वे प्रतिवर्ष गेड़ी बना कर उस पर नगर भृमण कर हरेली के दिन हरियाली लाने का प्रचार प्रसार करते दिखते है।नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर उपस्थित लोगों को वे एक एक पौधा लगाने की अपील कर रहे है।श्री ठाकुर ने बताया कि वे बचपन से ही गेड़ी बनाकर पूरा पोला पर्व कर खेलते थे।परन्तु याब बदलते समय ने गेड़ी का स्वरूप बदल गया है।आजकल के बच्चे गेड़ी



तो दूर खेलने घर के बाहर भी नही निकलते ऐसे समय मे उनका प्रयास होता है कि उन्हें बच्चे देखे गेड़ी चढ़ना सीखे और प्रदेश की परंपरा को जीवित रखने में योगदान दे।बहरहाल मन्नू की 10 फीट की गेड़ी चढ़ने का लोग भी आनन्द ले रहे है और खुद भी गेड़ी बनाने का प्रयास कर रहे है।

## निधन

### मयंक देवांगन

**राजनांदगांव,** 4 अगस्त। ननि के पूर्व एल्डरमैन मोतीपुर निवासी झमन देवांगन के बड़े पुत्र एवं मनोज, नरेंद्र एवं विक्की देवांगन के बड़े भतीजे मयंक देवांगन का आज 4 अगस्त को 32 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 5 अगस्त को उनके निज निवास मोतीपुर राजनंदगांव से मोतीपुर शमशान घाट के लिए प्रात: 11 बजे निकलेगी।



# विश्व कल्याण हेतु घर में किया पार्थिव शिवलिंग का पूजन



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबंधु)। नगर पंचायत तुमगांव में और पूरे भारत वर्ष में सावन की इस विशेष मास शिवरात्रि पर सभी महादेव की भक्तों ने पंडित आचार्य प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी ने अपने अपने घरों में पूरे विधि विधान से मन मे सच्ची श्रद्धा रख पार्थिव शिवलिंग बना कर पूजा अर्चना अभिषेक किया और विश्व कल्याण अपने समाज परिवार धन वैभव सुख समृद्धि शांति और मोक्ष के लिए महादेव का अभिषेक किया। उक्त जानकारी नगर पंचायत तुमगांव के जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने दी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### स्काउट-गाइड ने धनसूली...

मगन लाल चंद्राकर, बसंत लुनिया, चमन लाल चंद्राकर, भागवत साहू, परमानंद साहू, एच आर बघेल सर, दिलीप जैन, बाबू लाल साहू पत्रकार, सालिक राम कन्नौजे पत्रकार, लता वैष्णव ब्लाक सचिव स्थानीय संघ, भीमसेन चन्द्राकर, व्यासनारायन बंजारे स्काउटर, दिनेश घाडगे रोवर एवं स्काउट गाइड की उपस्थिति में जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सीएम आवास पर हरेली त्योहार कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार




**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबंधु)। हरेली का त्योहार पूरे छत्तीसगढ़ में धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आवास पर भी हरेली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुआ। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। गेड़ी और गाजेबाजे राउत नाचा, सुवा नृत्य, पंथी और छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों का आयोजन भी सीएम हाउस पर किया गया। पहलवानों ने भी आयोजन में अपना हुनर दिखाया। हरेली का त्योहार छत्तीसगढ़ की पुरातन लोक संस्कृति से जुड़ा है। तुषार साहू ने कहा कि मां महामाया और भोलनाथ से आग्रह है कि वो छत्तीसगढ़ की हरियाली बनाए रखें। सबके घरों में सुख और शांति का वास हो। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की बधाई दी।

## खरीफ फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 तक

**महासमुंद** 04 अगस्त (देशबंधु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं, अवर्षा की स्थिति, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या आनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 16 अगस्त की गयी है। योजनांतर्गत जिले में खरीफफसल हेतु धान.सिंचित, धान.असिंचित, मक्का, अरहर, सोयाबीन, मूँग , उड़द, मूँगफली, कोदो, कुटकी व रागी फसलें अधिसूचित हैं, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का खरीफफसल हेतु 2 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जावेगा। इस वर्ष भी बीमा के दिशा.निर्देश प्रावधान अनुसार ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में स्वेच्छा पूर्वक शामिल होंगे। जो ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में शामिल नहीं होंगे, उनको बीमा आवरण की अंतिम तिथि 16 अगस्त के सात दिवस पूर्व निर्धारित प्रपत्र में असहमति पत्र प्रदायकर्ता बैंक वित्तीय संस्थानों को अनिवार्य रूप से जानकारी प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए समस्त कृषक बंधु क्रियान्वयक बीमा कम्पनी एवं फार्म मित्र एप गुगल प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर बीमा से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही अपने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीध्सहकारी समितियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

# हरेली के उपलक्ष्य में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**खरोरा,** 4 अगस्त। एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ परंपरा के अनुसार खेती में उपयोग किए जाने वाले औजारों का पूजा अर्चना किया गया। चीला और मीठा भजिया के साथ श्रीफल तोड़कर पूजा किया गया।इस अवसर पर बच्चों का विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । नर्सरी से कक्षा दूसरी के बच्चो ने फैंसी ड्रेस में विभिन्न थीम जैसे-फल, फूल और पेड़ से अपने आपको सजाकर पर्यावरण सुरक्षा के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किए। तीसरी से कक्षा पाँचवी के छात्र छात्राओं ने हाउस वाइज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति पर आधारित सभी प्रश्नों के साथ अपने बौद्धिक क्षमताओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पर्यावरण और सोशल मीडिया विषय पर कक्षा छठवीं से दसवी के छात्र छात्राओं ने वाद- विवाद प्रतियोगिता में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने आज की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अपने विचारों का आदान प्रदान किया। निर्णायक का कार्य डायरेक्टर,सीईओ,प्राचार्य व समन्वयक द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी हाउस के मेन्टरों ने विशेष भूमिका निभाए।



# हरेली उत्सव में पहुंचे विधायक ने पीएम आवास के तहत निर्मित मकान का किया उद्घाटन, लाभार्थियों को बांटे पूर्णता प्रमाण पत्र




**राजिम,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छग का पारम्परिक त्यौहार हरेली आज क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हरेली उत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी में की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू शामिल हुए। अन्य अतिथियों में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, जनपद सदस्य विद्या साहू, होरीलाल साहू, सरपंच भागवत साहू, जेंजरा सरपंच हीरामनी साहू आदि शामिल हुए। सभी अतिथियों ने कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। सभी अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही के निर्मित मकान का फीता काटकर लोकार्पण तथा वृक्षारोपण भी किया। उपस्थित ग्रामीणों को हरेली की बधाई देते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी परम्परा और संस्कृति में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। यह छग का प्रथम त्यौहार भी है। हमारे ग्रामीण अंचल में यह त्यौहार परम्परागत रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा राज्य व केंद्र की अनेक योजनाओं का नाम गिनाते हुए सभी को योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि इसी ग्राम पंचायत में पंच के रूप में मेरी राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई थी, आप सबके आशीर्वाद से मुझे विधायक व सांसद बनने का अवसर प्राप्त हुआ। पिछली कांग्रेस सरकार ने विकास को अवरुद्ध करने का कार्य किया लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। सभी अतिथियों ने परम्परागत रूप से गेड़ी चढ़कर उत्सव का आनंद लिया एवं लाभार्थियों को पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू व मधुबाला रात्रे ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन एसडीएम अर्पिता पाठक ने की। इस दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धमनी जंगल को डीयर पार्क बनाने की मांग




**पलारी,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी से 15 किलोमीटर दूर स्थित धमनी गांव से लगा वन क्षेत्र विविध प्रजातियों से आच्छादित होकर सागौन बाहुल्य होकर विविध प्रकार से महत्वपूर्ण है। चित्रोत्पला महानदी में च्भीम बंधानज्ज विकास खंड पलारी के बाल समुद्र से सुरंग का होना रामायण काल से संबंधित च्अद्भुत जल श्रोतज्ज सीता कुंड के साथ साथ एक जमाने में सन् 1978 के दशक में विकास खंड पलारी के चौक में बड़ा विज्ञापन बोर्ड लगाया गया था कि प्राकृतिक सौंदर्य दर्शन, महानदी में नौकायन हेतु आईए! तब वनमंडल उत्तर रायपुर था मध्यप्रदेश स्टेट में होकर पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित किया गया था। तत्समय में पर्यटकों के लिए जंगल में चुल्हा बनवाया गया था। महानदी में 10 हार्सपावर के किर्लोस्कर मशीन पानी पंप से भव्य पौध नर्सरी था पपीता के पेड़ पानी क्यारी नाली के दोनों तरफ़ लगे थे। जो भी पर्यटक आते थे एक पौधा लेकर ही जाते थे। 1998 में ग्राम वन समिति धमनी जो छत्तीसगढ़ राज्य बाद अब वन प्रबंधन समिति है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद आज 23 साल हो गया धमनी को पर्यटन केंद्र के रूप में परिवर्तन करने की मांग अधुरा है। यदि धमनी जंगल को पर्यटन के क्षेत्र में विकास किया जाएगा तो वन प्रबंधन समिति के लिए आय के साधन होने के साथ-साथ बेरोजगार को रोजगार मिलेगा। कालेज के छात्र छात्राओं को विविध औषधियों के वृक्षों की जानकारी होगी अध्ययन में सुविधा होगी। समस्त नवयुवक गण धमनी, ग्राम पंचायत, वन प्रबंधन समिति वर्तमान शासन से मांग करते है कि पुस्तक मे नक्शा पर धमनी का नाम रामवनपथगमन का आ गया है अब वन विभाग के माध्यम से धमनी वन विश्राम गृह जो इतिहास में वाल्मीकि मुनी के सत्संग स्थल रहे है जहाँ श्री सीता जी सम्पर्क में आई जो आगे प्रसव सुविधा को ध्यान में रखकर तुरतुरिया ले जाया गया था। वन मंत्री जी से समस्त ग्रामवासी धमनी पर्यटन विकास के लिए निवेदन किया है। समस्त नवयुवक साथी वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव के साथ गिरीश यदु, गोलु यदु, वृज भान यदु, सरपंच श्रीमति पितर बाई पैकरा, भरत दीवान, मतुलाल कैवर्त, बिनोद निषाद, उपसरपंच मिनेंद्र कुमार यादव, दुलार सिंह, हरदयाल पैकरा, अजय यादव, हीरालाल यादव, उज्जैन कंवर, छग्गु लाल यादव, सहित सभी जन, श्री वन देवी, श्री वन दुर्गा समुह, श्री सीता समुह, सब धमनी वन क्षेत्र को डीयर पार्क के रूप मे बनाने की मांग की हैं।

**सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनेगा वन परिक्षेत्र**

# हरेली पर्व पर पूर्व सीएम बघेल को राशि ने निवास पहुंच दी बधाई



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निवास में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्व हरेली पर आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग अपने अनेक समर्थकों के साथ शामिल हुई और पर्व की श्री बघेल को बधाई दी। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा राज्य के प्रथम पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्य के कला संस्कृति से संबंधित अनेक आयोजन किया गया था। आयोजन का शुभारंभ प्रदेशभर से आई मातृ शक्तियों की उपस्थिति में छग महतारी की छायाचित्र और कृषि यंत्रों की पूजा.अर्चना के साथ की। ततपश्चात विविध छत्तीसगढ़ी पकवानों के साथ विभिन्न आयोजन किए गए जिनमे प्रमुख रूप से गेड़ी चढ़ने व सावन झूले जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के पश्चात संक्षिप्त भेट में पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग से क्षेत्र में विकास, कांग्रेस संगठन के गतिविधियों की जानकारी ली व आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुलाकात के दौरान युवा नेता चैतन्य बघेल भी उपस्थित रहें। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग के साथ, श्रीमती माया पांडे, नीरज परोहा, अरिश अनवर, सगनजोत सिंघ, सोहेल खान, लता कैलाश चंद्राकर, यशोदा ध्रुव, सती चंद्राकर, कविता अंबिलकर, ईशा टंडन, सोनम रामटेके सहित अन्य मौजूद रहें। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा नपाध्यक्ष समेत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची सभी मातृ शक्तियों को उपहार भेंट किया गया।

# अंग्रेजी बोलने की आदत विकसित करने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण



**सरायपाली,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द मोहन राव सावंत, प्राचार्य डाइट महासमुंद तथा डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चंद्राकर के संयुक्त निर्देशन एवं बीईओ प्रकाश चन्द्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में ई.एल.टी.आई. स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण का प्राथमिक शाला के शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण, शास.हाईस्कूल झिलमिला (सरायपाली) में सम्पन्न हुआ।

स्पोकन इंग्लिश शिक्षक - प्रशिक्षण में प्रतिभागी टीचर्स की सक्रियता रही और ग्रुप एक्टिविटी में उत्साह दिख रहा था। बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने औचक निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा किए जा रहे अंग्रेज़ी भाषा में कन्वर्सेशन को ध्यान से सुना और स्पोकन इंग्लिश के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस प्रशिक्षण में अंग्रेज़ी भाषा के प्रति झिझक दूर करते हुए आत्मविश्वास के साथ स्पोकन इंग्लिश एवं बहुभाषिता हेतु भाषाई क्षमता विकास पर जोर दिया। बीईओ ने कहा कि यह प्रशिक्षण तभी सार्थक है जब आप अपने स्कूलों में बच्चों के साथ इंप्लीमेंट करें।

बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल ने स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं दूरगामी परिणाम के संबंध में शिक्षकों से चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा शिक्षकों से अंग्रेज़ी बोलने, अंग्रेज़ी में वार्तालाप करने, गतिविधि करने को बढ़ावा देने प्रशिक्षण कक्ष में किए जा रहे विभिन्न एक्टिविटी को देखकर खुशी जाहिर की। प्रशिक्षण में फाइंडिंग ट्विंस, रोल प्ले, व्हाटएवर स्पीक नॉनस्टॉप, पिक एंड स्पीक, मॉक-पंचायत, कन्वर्सेशन ऑन गिवन सिचुएशन, प्रेजेंटिंग एडवरटाइजमेंट, स्टोरी ऑफ माई लाईफ, फाइंडिंग डिफेरेंटेशन, डिबेट, गेसिंग गेम आदि गतिविधियां करायी गईं। टीचर्स की भागीदारी बढ़ाने मॉड्यूल अनुसार विभिन्न गतिविधियां हुईं जिससे टीचर्स लाभान्वित हुए। हर प्रशिक्षण प्रभावी प्रशिक्षण की तर्ज पर डीआरजी/प्रशिक्षक सुब्रत प्रधान, शैलेन्द्र कुमार नायक, संजय कुमार नाग, यशवन्त कुमार चौधरी ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और प्रभावी प्रशिक्षण दिया। हाईस्कूल झिलमिला एवं बीआरसीसी स्टॉफ युगेश कुमार चौधरी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

**ईएलटीआई स्पोकन इंग्लिश शिक्षक प्रशिक्षण का दूसरा चरण आयोजित**

# एक पेड़ मां के नाम के तहत नारियल के 21 पौधे रोपकर सुरक्षा का लिया संकल्प



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम खरोरा में हरेली तिहार के अवसर पर घोड़ाडबरी, शहीद स्मारक, हनुमान मंदिर, तामकी तलाब हाईवे किनारे के आसपास रविवार को वृहद पौध रोपण किया गया। चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर के मुख्यातिथ्य में उक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर सहित 21 लोगों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 21 नारियल के पौधों का रोपण किया। तथा बड़े होते तक इन पेड़ों की देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुनीता देवदत्त चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत खरोरा ने की। यह आयोजन जन सहयोग से आयोजित की गई। जिसमें जागरूक नागरिकों ने स्वयं के खर्च पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रनाहु शिक्षण समिति अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। जंगलों की कटाई व बढ़ते शहरीकरण के चलते जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बीते कुछ सालों से बढ़ रही गर्मी ने संकेत दिया है कि पेड़.पौधे मानव जीवन सहित सभी जीवों के लिए आवश्यक है। इसलिए हमें अभी से पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना होगा। साथ ही यह संकल्प लेना होगा कि औरों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक करेंगे। पौधरोपण करने वालों में प्रमुख रूप से देवदत्त चंद्राकर, धनंजय लाला चंद्राकर, देवेश राजा चंद्राकर, पंकज डीजे चंद्राकर, उमेश छोटू चंद्राकर, उत्तम टारजन चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, नीलमाधव महासमुंद, मेमन चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, मोती चंद्राकर महासमुंद, संजय चंद्राकर, लक्की चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, राहुल चंद्राकर बेमचा, शंकर चंद्राकर भाठपारा, धैर्य उत्तम चंद्राकर खरोरा, उत्तम, भीखम, पंकजए दीनू, संजू, कौशिल्या चंद्राकर, छोटू, रामकुमार आदि शामिल थे। इस अवसर पर स्व.जगत राम चंद्राकर की स्मृति में पुत्र जितेंद्र चंद्राकर द्वारा पौधरोपण किया गया।

**चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर के मुख्यातिथ्य में पौधरोपण**

# बोलबम सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए निखिल



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास में शिव भक्तों द्वारा कांवरियों की सेवा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर जलपान की व्यवस्था की गई। शनिवार रात से शुरू सेवा कार्यक्रम रविवार दिनभर चला। इस दौरान नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू विभिन्न सेवा स्थलों में जाकर सेवा कार्यक्रम में हाथ बटाया। साथ ही आयोजित भजन संध्या में पहुंचकर सेवा समिति का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने भजन संध्या के दौरान कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में महासमुंद का स्थान अग्रणी रहता है। बम्हनी से जल लेकर कांवरिए सिरपुर तक पैदल यात्रा करते हैं। इस दौरान हजारों शिवभक्तों का चरण रज महासमुंद की पुण्य भूमि में पड़ता है। यही कारण है कि भगवान भोलेनाथ की कृपा हम सभी महासमुंद वासियों पर सदैव बनी रहती है। जो हमारे लिए बड़ी सौभाग्य की बात है। उन्होंने सेवा समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए महादेव की सेवा में अपना सहयोग हेतु तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर देवेंद्र यादव, रत्नेश साहू, विशाल मिश्रा, बिट्टू साहू, कान्हा प्रधान, आशीष सिक्का, आदेश राठौर, आयुष भोसले, ओमकार देवांगन आदि उपस्थित थे।

# पालक-शिक्षक बैठक को लेकर संकुल प्रभारी व समन्वयकों की हुई बैठक



**महासमुंद,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आगामी 6 अगस्त को संकुल स्तर पर पालक.शिक्षक मेगा बैठक के आयोजन को लेकर सभी संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयकों की एक बैठक रखी गई, जिसमें उक्त मेगा बैठक के तैयारी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर संभाग राकेश पांडे के निर्देश पर प्रमुख रूप से सहायक संचालक जाट सर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एन दीवान उपस्थित थे। 6 अगस्त को शिक्षकों एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधान कारक उपाय सुझाना, जादुई पिटारा, दीक्षा एप, डिजिटल लाइब्रेरी, मुस्कान पुस्तकालय, बालवाड़ी, नई शिक्षा नीति 2020 तथा शासन के द्वारा बच्चों के लिए संचालित हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराने के उद्देश्य से प्रदेश भर के सभी विकासखंडों में 6 अगस्त को संकुल स्तर पर शिक्षक.पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक के लिए जिले में सभी स्थानों पर विकासखंड स्तरीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो बैठक के सफलतापूर्वक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मेगा बैठक के सफल आयोजन एवं तैयारियों पर विस्तृत चर्चा के लिए पुराने साइंस कॉलेज भवन में समस्त संकुल प्रभारी एवं समन्वयकों की बैठक रखी गई, जिसमें मेगा बैठक में अधिक से अधिक पालकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो एवं अन्य सभी प्रकार की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मेगा बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी पत्र में दिए गए 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यवाही पंजी में पूरे बैठक का विवरण भी संधारित किया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित श्री जाट सर के द्वारा भी इस आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में ब्लॉक के सभी 38 संकुलों के प्रभारी एवं समन्वयक गण उपस्थित थे।

# जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा के समापन में पहुंचे विधायक अनुज शर्मा



**खरोरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा शुरू किया गया था। नगर पंचायत खरोरा में भी जन समस्या निवारण शिविर प्रारंभ किया गया था उक्त शिविर का समापन 2 अक्टूबर को मंगल भवन में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया इसका बेहतर प्रतिसाद नागरिकों को मिला। पखवाड़ा में 133 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 70 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया शेष आवेदनों का का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा।

विधायक अनुज शर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर के समापन दिवस पर उपस्थित होकर शिविर के संबंध में जानकारी ली प्राप्त शिकायत व मांग पत्रों पर तुरंत निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया एवं स्वयं जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। नगर पंचायत खरोरा में में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के शुरूआती छह दिनों में राशन कार्ड संबंधी संबंधित कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 50 का तत्काल निराकरण किया गया है। पेयजल से जुड़ी 10 आवेदनों में से 6 तथा प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 12 में से 6आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया है।

वहीं स्वच्छता संबंधि11 मे से 3 प्रकरण तुरंत निराकृत किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरणों निराकरण पर तत्काल सहमति प्रदान कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। राजस्व के 3 प्रकरणों पर भी कार्यवाही की गई है। शिविरों में शहरी लाभार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विवाह प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र शिविर में प्रदान की गई शेष 63 आवेदनों को श्रेणीवार विभाजित कर निराकरण के लिए समय-सीमा दी गई है। जनसमस्या निवारण शिविरों के साथ ही वार्डों में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के चलित वाहनों के माध्यम से चिकित्सा शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बीपी, शुगर, बुखार, सर्दी-खांसी के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज कर नि:शुल्क दवाईयां दी जा रही हैं। जन समस्या निवारण शिविर पखवाड़ा में पहुंचे विधायक ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर उपस्थित जनों को संबोधित किया तथा आह्वान करते हुए कहां की हमारे नगर पंचायत खरोरा में जन समस्या निवारण शिविर का पखवाड़ा चलाया गया जिसे बेहतर प्रतिसाद देखने को मिला कम आवेदन प्राप्त होना नगर पंचायत की सक्रियता को दर्शाता है नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षदों तथा नगर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों की सक्रिता व तटस्थता तथा समस्याओं के समाधान के लिए पंचायत खरोरा के अध्यक्ष व पार्षदों के प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर एक बार फिर से खरोरा मे विकास की गति को आगे बढ़ाना है हम सभी की जिम्मेदारी है खरोरा स्वच्छ हो स्वस्थ विकसीत हो इसके लिए आम जनों को भी नगर वासियों को भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता पर बल दिया नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार से क्षेत्र के विधायक का सहयोग नगर पंचायत को मिल रहा है निश्चित रूप से हम विकास की श्रेणी में अग्रणी रहेंगे पिछले दिनों मिले नगर पंचायत को मिले ई-रिक्शा बैटरी चलित कचरा सफाई वाहन उपलब्ध होने की भी चर्चा करते हुए विधायक अनुज शर्मा को धन्यवाद प्रदान किया नगर पंचायत खरोरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने विधायक व उपस्थित जनों को नगर पंचायत खरोरा में चल रहे जन समस्या निवारण शिविर पखवाड़ा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई व प्राप्त आवेदनों के बारे में तथा निराकरण के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई नगर पंचायत खरोरा के स्वच्छता दीदीयो को बरसात के पानी से बचने के लिए रेनकोट नगर पंचायत के द्वारा उपलब्ध कराई गई थी जिसका वितरण विधायक के द्वारा स्वच्छता दीदीयो को प्रदान की गई। शिविर में महिला स्व सहायता समूह के हितग्राहियों को आजीविका के माध्यम से आगे बढ़ने हेतु शासन की योजना का भी लाभ दिलाया गया भारतीय स्टेट बैंक खरोरा बैंक ऑफ़ बड़ोदा खरोरा के द्वारा स्वीकृत ऋण 1ज्50ज्000 रुपए व स्वनिधि निधि योजना के तहत ?10000 की राशि बैंक मैनेजर के उपस्थिति में विधायक अनुज शर्मा के हाथों हितग्राहियों को प्रदान की गई जन समस्या निवारण शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग खरोरा शिक्षा विभाग खरोरा पशु चिकित्सा विभाग खरोरा खाद्य विभाग खरोरा राजस्व विभाग खरोरा नगर पंचायत स्थित लोक सेवा केंद्र विभाग आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता सहायिका व मितानिन दीदीयो ने भाग लेकर अपनी सेवाएं प्रदान की समापन शिविर के कार्यक्रम का संचालन पार्षद तोरण ठाकुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी खरोरा के मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर पार्षद रश्मि वर्मा कांति भूपेंद्र सिंह पूर्णेन्द्र पाध्याय जुबेर अली पंचराम यादव सुरेंद्र वर्मा चंद्रकांत साहू सुनील नायक डोमार धुरंधर सुमित सेन रमेश शर्मा भूपेंद्र सेन मुकेश साहू पंचायत खरोरा के पदाधिकारी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधि आमजनों की भागीदारी के साथ शिविर का समापन हुआ।